# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-02-09-2023

# छेड़खानी का मुकदमा

**पिपराईच।** थाना क्षेत्र निवासी एक विवाहिता के तहरीर पर पुलिस ने बोधई प्रसाद के विरूद्ध छेड़खानी व जानमाल की धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। विवाहिता ने आरोप लगाया है कि वह बीते 30 अगस्त को दिन में 10 बजे अपने खेत जा रही थी। इस दौरान बोधई ने हमें खींच कर अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर वह मेरा ब्लाउज फाड़ दिया। शोर सुनकर लोग जुट गये। हमने पकड़ना चाहा लेकिन वह गाली व जानमाल की धमकी देकर भाग चला। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

# कच्ची शराब के दो कारोबारी गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गीडा पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 50 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब, दो किलोग्राम यूरिया व 250 ग्राम नौसादर व वाहन बजाज मैक्सीमा टैम्पू बरामद किया। पूछताछ में आरोपित अभियुक्तों ने अपना नाम लौहर पुत्र ओम प्रकाश निवासी बेतुऊआ थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर व जितेन्द्र प्रसाद पुत्र राजकुमार निवासी मिश्रिलिया थाना खजनी जिला गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 60 आबकारी अधिनियम व 272 आईपीसी थाना गीडा ,गोरखपुर के तहत कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

# शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापक को चप्पलों से पीटा

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सरदारनगर ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर में शुक्रवार को शिक्षिकाओं द्वारा प्रधानाध्यापक को चप्पलों से पीटने का मामला सामने आया। हाजिरी बनाने को लेकर प्रधानाध्यापक द्वारा उपस्थिति पंजिका मांगने पर विवाद हुआ। शिक्षकों के इस कृत्य पर विद्यालय में बच्चे भी हतप्रभ रह गए।

> सरदारनगर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर में हुई घटना
>
> उपस्थिति पंजिका को लेकर हुआ विवाद
>
> घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे चौरीचौरा के नायब तहसीलदार

विवाद की सूचना मिलने पर एसडीएम चौरीचौरा प्रशांत वर्मा ने नायब तहसीलदार संजय कुमार सिंह को मौके पर भेजा। स्थानीय पुलिस ने भी विद्यालय पहुंचकर घटना की जानकारी ली। प्रधानाध्यापक सुभाष शर्मा ने नायब तहसीलदार को बताया कि वे सुबह आठ बजे विद्यालय पहुंचे। मेज पर उपस्थिति पंजिका नहीं मिली। मैंने सहायक अध्यापिका वंदना मौर्य से पंजिका मांगी। प्रधानाध्यापक ने आरोप लगाया कि इस बात को लेकर सहायक अध्यापिका ने मेरे साथ दुर्व्यवहार किया। शिक्षिकाओं ने उन्हें चप्पलों से पीट दिया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि मैंने जब इसका वीडियो बनाने का प्रयास किया तो उनका मोबाइल छीनकर फेंक दिया गया। उन्हें कमरे में बंद कर दिया गया।

सहायक अध्यापिका वंदना मौर्य ने प्रधानाध्यापक के आरोपों को गलत बताते कहा कि 30 अगस्त को प्रधानाध्यापक विद्यालय नहीं आए थे। प्रधानाध्यापक उसी दिन की उपस्थिति बनाने के लिए उपस्थिति पंजिका मांग रहे थे। जब उनसे कहा गया कि उपस्थिति पंजिका की जानकारी नहीं है तो वह झगड़ा करने पर उतर आए। इस संबंध में संजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार चौरीचौरा ने बताया कि प्रधानाध्यापक सुभाष शर्मा व सहायक अध्यापिका वंदना मौर्या व पूनम मौर्या का लिखित बयान लिया गया है। इसकी रिपोर्ट एसडीएम को दी जाएगी। बीएसए रमेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों के बीच आपसी विवाद था। प्रधानाध्यापक और शिक्षकों ने आपस में बैठ कर मामले को सुलझा लिया है। उन्होंने लिखित आश्वासन दिया है कि अब वह सिर्फ पठन-पाठन का कार्य करेंगे। भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति होती है तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही होगी।

# पूर्व मेयर के चिकित्सक पुत्र की कार पर हमला

**गोरखपुर(एसएनबी)।** तिवारीपुर थाने के घासीकटरा- निजामपुर के पास रात में करीब दस बजे पूर्व मेयर सीताराम जायसवाल के चिकित्सक पुत्र डॉ. मनोज जायसवाल की कार पर घात लगाकर बैठे दो मनबढ़ों ने पथराव कर दिया। चालक ने सूझबूझ से कार तेजी से आगे बढा दिया लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गयी। इस मामले में चिकित्सक की तहरीर पर एसओ तिवारीपुर दीपक सिंह दो हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटे हैं।

> मरीज देखकर लौट रहे थे डॉ. मनोज जायसवाल
>
> निजामपुर में दो मनबढ़ों ने कार पर किया पथराव
>
> तहरीर के आधार पर केस

राजघाट थाना क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी पूर्व मेयर सीताराम जायसवाल के छोटे पुत्र डॉ. मनोज जायसवाल गुरुवार की रात लगभग 10 बजे सृजन सिद्धि विनायक कूड़ाघाट हास्पिटल से मरीजों को देखकर कार से घर वापस लौट रहे थे। वह जैसे ही तिवारीपुर थाने के




घासीकटरा के निजामपुर पहुंचे घात लगाकर बैठे हमलावरों ने कार पर ईंट-पत्थर से हमला बोल दिया। ड्राइवर ने मौके की नजाकत को देखते हुए वहां से डॉ. मनोज को सुरक्षित बाहर निकाल कर उनके आवास पर पहुंचाया। डा. मनोज जायसवाल ने घटना की सूचना तिवारीपुर पुलिस को दी। डा. मनोज जायसवाल पर हुए प्राणघातक हमले से चिकित्सक समुदाय में आक्रोश है।

उधर एसओ तिवारीपुर दीपक सिंह ने चिकित्सक द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर दो हमलावरों के खिलाफ धारा 352 व 427 के तहत केस दर्ज कर पहचान करने में जुट गए हैं। एसओ ने बताया कि घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा गया तो पता चला कि कैमरा बंद था। आसपास की फुटेज पुलिस खंगाल रही है।

# साहब ! विवेचक ने नहीं कराया मेडिकोलीगल

रकहट (एसएनबी)। गगहा थाना क्षेत्र की एक किशोरी ने थाने पर तैनात एक दारोगा व विवेचक पर मेडिकोलीगल न कराने सहित अन्य आरोप लगाया है।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर को प्रार्थना पत्र देकर पीड़ित किशोरी ने जानकारी दी है कि उसको तेवना निवासी कुलदीप शादी का झांसा देकर गोरखपुर शहर जाता था और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। इतना ही नहीं वह उसके पढ़ाई लिखाई का पूरा खर्च उठाता रहा। 4 माह पूर्व कुलदीप ने दूसरी लड़की से सगाई कर लिया। इसकी जानकारी जब उसको हुई तो उसने सारी बातें मां से बताई। जिसके उपरांत पीड़िता किशोरी ने गगहा पुलिस को तहरीर दिया।

### एसएसपी से मिलकर पीड़िता ने लगाई कार्रवाई की गुहार

पीड़िता किशोरी का आरोप है कि गगहा पुलिस मामले का अल्पीकरण करते हुए धारा 354,323,504,506 का आरोपित के विरूद्ध केस दर्ज किया। इतना ही नहीं दो दिन बाद पुलिस ने आरोपित पक्ष की तहरीर पर उसके विरूद्ध भी आईपीसी की धारा 406, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले को लेन-देन की तरफ मोड़ दिया। उसके बाद विवेचक द्वारा पीड़िता से सुलह करने का दबाव बनाया जाने लगा। पीड़िता ने सुलह करने से मना कर दिया तथा 161/164 का ब्यान दर्ज कराने के साथ ही अपनी डाक्टरी कराने की बात की तो विवेचक हिलाहवाली करते हुए डेढ़ माह व्यतीत कर दिया। उच्चाधिकारियों के पास जाकर शिकायत करने की बात कहने पर विवेचक द्वारा डेढ़ माह बाद 161/164 का ब्यान दर्ज कराया। लेकिन उसका डाक्टरी परीक्षण बार बार कहने के बावजूद विवेचक ने नहीं कराया। पीड़िता अब सोमवार को एडीजी जोन से मिलकर मामले में शिकायत दर्ज करा मुकदमे में धारा बढ़ाने व अन्य विधिक कार्रवाई की मांग करेगी।

# प्रिंसिपल ने कहा चरित्रहीन तो टीचर्स ने चप्पलों से पीटा

**प्रिंसिपल ने बुलाई थी मीटिंग इसी दौरान हुआ बवाल**

**चौरीचौरा के इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल में हुआ हंगामा**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (1 Sep):** चौरीचौरा में महिला टीचरों ने प्रिंसिपल की चप्पलों से पिटाई कर दी. आरोप है कि प्रिंसिपल ने मीटिंग बुलाई और इसी दौरान महिला टीचर को अपशब्द कह दिया. इससे नाराज महिला टीचर एकजुट हो गईं और हंगामा करने लगीं. इस दौरान कुछ महिला टीचरों ने चप्पल निकाल दिया और फिर प्रिंसिपल की पिटाई शुरू कर दी. घटना चौरीचौरा इलाके के प्राइमरी स्कूल लक्ष्मणपुर की है. सूचना पर नायब तहसीलदार और पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्षों से पूछताछ की.

### एकजुट हो गईं टीचर

सरदार नगर इलाके में प्राइमरी स्कूल लक्ष्मणपुर इंग्लिश मीडियम है. यहां पर 5 महिला टीचर तैनात हैं. शुक्रवार को प्रिंसिपल सुभाष शर्मा मीटिंग कर रहे थे. आरोप है कि इसी दौरान एक महिला टीचर को उन्होंने अपशब्द कह दिया. इसी बात से नाराज होकर महिला टीचर के एकजुट हो गईं और चप्पल निकाल कर प्रिंसिपल की पिटाई कर दी.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



हंगामा करतीं टीचर्स.

### महिला टीचर को प्रिंसिपल ने कहा चरित्रहीन

प्राथमिक विद्यालय में मौजूद अन्य स्टाफ ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया और फिर घटना की सूचना शिक्षा विभाग, नायब तहसीलदार और पुलिस को दी गई. स्कूल की टीचर वंदना मौर्या का कहना है कि प्रिंसिपल उन्हें बदतमीज और चरित्रहीन बोल रहे थे.



### फूट-फूटकर रोने लगे प्रिंसिपल

महिला टीचरों की पिटाई से आहत प्रिंसिपल सुभाष फूट-फूटकर रोने लगे. उनका कहना है कि उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप गलत हैं. वह पठन-पाठन संबंधित मीटिंग कर रहे थे, जिसमें कुछ टीचरों के काम ना करने पर उनसे पूछताछ की गई तो आरोप लगाते हुए मारपीट करने लगीं. वहीं मौके पर पुलिस ने कहा, मामले की जांच की जा रही है. अभी कोई तहरीर नहीं मिली है. तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी.

# यूनिक आईडी कोड के बिना संचालित 17 ऑटो रिक्शा का चालान

गोरखपुर (एसएनबी)। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन की अध्यक्षता में बीते 9 अगस्त-23 को गोरखपुर महानगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के संबंध में हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में 16 अगस्त-23 से महानगर में संचालित आटो रिक्शा को यूनिक आईडी कोड एलॉट करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अगले चरण में यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर न प्राप्त करने वाले ऑटो रिक्शा के विरूद्ध सघन प्रवर्तन कार्यवाही प्रारंभ की गयी है, जिसके तहत शुक्रवार को नरेन्द्र यादव सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गोरखपुर एवं वीके आनन्द यात्रीकर अधिकारी की टीम द्वारा महानगर में बिना आइडेंटिफिकेशन नंबर प्राप्त किए संचालित 17 वाहनों का चालान किया गया तथा 150 वाहन स्वामियों को सख्त चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि वे समस्त वैध प्रपत्रों के साथ यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अभियान आगे भी चलता रहेगा।



# फ्री में कुछ नहीं मिलता, फ्रॉडस्टर से रहें अलर्ट

FAKE FRIENDS

## फेक फ्रेंड कैंपेन के तहत स्टेपिंग स्टोन इंटर कॉलेज में हुई वर्कशॉप

GORAKHPUR (1 Sept): फ्री में कुछ नहीं मिलता है. हर चीज की कीमत तो चुकानी पड़ती है. अगर आपको कोई घर बैठे कमाई कराने का ऑफर दे तो सावधान हो जाएं, क्योंकि अब आपके साथ कुछ गलत होने वाला है. सोशल मीडिया पर फ्रॉडस्टर द्वारा तैयार किए कई लुभावने ऑफर बार-बार शो करते रहते हैं. जो इसमे फंसा उसकी जेब कटनी तय है. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट की ओर से चलाए जा रहे फेक फ्रेंड कैंपेन में स्टेपिंग स्टोन इंटर कॉलेज में हुई वर्कशॉप ये बातें सामने आईं. एसपी क्राइम इंदुप्रभा सिंह, साइबर थाने के एसआई उपेन्द्र कुमार सिंह और साइबर एक्सपर्ट शशिकांत जायसवाल ने बच्चों से कई इंपॉर्टेंट बातें शेयर कीं.

### कुछ ही घंटों में हजारों कमाएं

एक्सपर्ट ने बताया, सोशल मीडिया पर इन दिनों ढेरों ऑफर शो करते हैं, जैसे दो घंटे में घर बैठे 2 हजार रुपए कमाएं. इसमें बताया जाता है कि नटराज की पेंसिल पैक करनी होगी, जिसके बदले कुछ पैसे देने की बात कही जाती है. इसके बदले फ्रॉडस्टर आपसे सारी डिटेल ले लेता है. आप सही से सोचेंगे तो आपको पता चलेगा कि नटराज की पेंसिल के रेट से अधिक कमाई आखिर कोई कैसे करा सकता है. जो लोग बिना सोचे समझे ऐसे विज्ञापन के चक्कर में पड़ते हैं, उनके साथ फ्रॉड होता है.

### कोई कार जिताए तो अक्ल लगाएं

एक्सपर्ट ने बताया कि कई बार आपके नंबर पर कॉल आती है, उसमे बताया जाता है कि आप कार या पैसे जीत गए हैं. इसके बाद वह प्रॉसेस के नाम पर आपसे बैंक का डिटेल ले लेते हैं, साथ ही आपसे पैसे भी जमा करा लेते हैं. जब आप अपना पैसा गंवा देते हैं तब आपको गलती का अहसास होता है. एक्सपर्ट ने बताया कि जब आपने कोई लॉटरी खेली नहीं या फिर कहीं कोई दांव लगाया नहीं फिर आप कुछ भी कैसे जीत गए, सबसे पहले आपको यह सोचना चाहिए.

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT



बच्चों ने पूछे सवाल.

GORAKHPUR CALLING!

पेरेंट्स और स्कूल मैनेजमेंट स्टूडेंट्स के मोबाइल इस्तेमाल करने को लेकर कितना गंभीर हैं? अपने विचार लिख भेजें.

हमें व्हाट्सएप करें
9424322370



**1930** साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर

नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov in

**140** करोड़ है इंडिया की पॉपुलेशन

**90** करोड़ मोबाइल इंटरनेट यूजर

**306** मामले 2019 में दर्ज

**1102** मामले 2020 में दर्ज

**1376** मामले 2021 में दर्ज

(नोट: देशभर के बच्चों के खिलाफ दर्ज हुए साइबर अपराध नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार है.)

### इस तरह पकड़वा सकते हैं साइबर क्रिमिनल

- आपके पास कोई लिंक आता है तो उसका पेज खोलें.
- पेज पर कॉपी यूआरएल लिंक होता है उसे जरूर कॉपी करें.
- यूआरएल लिंक को नोटपैड या पैरेंट्स के आईडी में पेस्ट कर दें.
- अब यह यूआरएल लिंक साइबर सेल के एक्सपर्ट को देंगे तो क्रिमिनल्स पकड़ना आसान होगा.
- यूआरएल होगा तो आईडी बंद होने के बाद भी क्रिमिनल्स पकड़ा जाता है

### इन बिंदुओं पर चेताया

- सेक्सटॉर्शन
- सोशल मीडिया
- एआई
- फेक फ्रेंड

### ध्यान देने योग्य बातें

- अपने मोबाइल, लैपटाप में अच्छा एंटी वायरस जरूर रखें.
- ऐसी वेबसाइट पर क्लिक ना करें, जिससे आप अंजान हों.
- अंजान से फ्रेंडशिप ना करें.

# सुभाष चंद्र बोस नगर चौकी का उद्घाटन

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गोरखनाथ थाने के सुभाष चंद्र बोस नगर पुलिस चौकी का वरिष्ठ उप निरीक्षक उमेश कुमार शर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया इस अवसर पर उप निरीक्षक अजय राय, सिपाही सुनील कुमार यादव ,राजू कुमार कृष्ण गुप्ता, गोरखनाथ थाने पुलिसकर्मी मौजूद थे इस अवसर पर सुभाष नगर के लोगों में रिटायर्ड दरोगा एचएन सिंह व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष नगर नवनीत त्रिपाठी , युवा समाजसेवी रंजन त्रिपाठी,अनूप पांडे, प्रतीक प्रियदर्शी, पंकज पंकज नायक, आदि लोग मौजूद थे।



# एडीजी कार्यालय में तैनात संजय सिंह बने सीओ

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एडीजी कार्यालय में तैनात इंस्पेक्टर संजय सिंह विभागीय पदोन्नति पाकर सीओ बनने पर आज एडीजी कार्यालय में एडीजी अखिल कुमार ने संजय के कंधे पर सिल्वर स्टार लगाकर बधाई दी है। इस मौके पर कार्यालय के तमाम पुलिसकर्मी मौजूद थे।

बता दें कि संजय सिंह गोरखपुर जिले में विभिन्न थाने पर लम्बे समय तक थानेदार के पद तैनात रह चुके है। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पीआरओ के पद पर लम्बा अनुभव रहा है। वर्तमान में वह एडीजी कार्यालय में तैनात हैं।



**जोन कार्यालय में नियुक्त निरीक्षक संजय सिंह के पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति के दौरान सिल्वर स्टार लगाते एडीजी अखिल कुमार।**

# महिला ने जनसुनवाई पोर्टल पर की शिकायत

कैम्पियरगंज। क्षेत्र के वनभगलपुर वार्ड नं-7 की वंदना पुत्री रामनयन फर्जी मुकदमा से व रोजाना गाली-गलौज से परेशान होकर सीएम जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई। वंदना द्वारा बताया गया कि उसके पट्टीदार सीमा पत्नी परमानंद द्वारा आये दिन बिना वजह गली-गुप्ता देती है और फर्जी मुकदमा दर्ज करा दी। जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहती है। जिसको लेकर वह सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है।

## पंचायत भवन से पानी का मोटर चोरी

पाली। नौकी क्षेत्र बिसरी गांव के पंचायत भवन में लगा पानी का मोटर ताला तोड़कर चोर गुरुवार रात चुरा ले गये। शुक्रवार सुबह विद्यालय पहुंचे शिक्षकों ने पंचायत भवन में चोरी की सूचना सभासद प्रतिनिधि सुन्दरम त्रिपाठी को दिया। सुन्दरम ने पुलिस को सूचना दे दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोपित अभियुक्त को गगहा पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम विक्रम कुमार मद्धेशिया पुत्र निगम मद्धेशिया निवासी ग्राम हाटा बाजार शिवपुर थाना गगहा जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 406, 419, 420, 467, 471, 323, 504, 506 भादवि के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गुडवर्क टीम में एसआई जुगेश कुमार आनन्द, एसआई अनित कुमार राय थाना गगहा जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

# युवक के डूबने की सूचना पर पहुंचे एसडीएम

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गौनर के (टोला मौनहा) के पास एक 20 वर्षीय लड़का मझना नाला में डूबने की सूचना मिली। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी चौरी चौरा प्रशान्त वर्मा स्थानीय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। डूबे लड़के की तलाश में गोताखोर टीम घंटो नाले को छानती रही लेकिन लड़के की बरामदगी नहीं हो सकी। रात हो जाने के कारण सर्च आपरेशन बंद किया गया है। बताया जा रहा है कि नाले में डूबे लड़के का नाम रामसकल पुत्र सागर यादव निवासी सुकरौली(टोला बाबूराम)थाना हाटा कोतवाली जनपद कुशीनगर है। एसडीएम ने बताया कि डूबे लड़के की तलाश की जा रही है,लेकिन अभी तक लड़का मिला नही हुआ है।

# युवक पर चाकू से जानलेवा हमला,केस दर्ज

**चरगावां(एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव में पहुना कहने से तंग आकर किशोर ने बुधवार की रात गांव के युवक के गले पर चाकू से हमला कर दिया। घायल के पिता की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने बाल अपचारी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में बाल सुधार गृह भेज दिया है। क्षेत्र विकास नाम के युवक का दो वर्ष पूर्व गांव के युवती से प्रेम संबंध था। जिसके बाद युवक की शादी हो गई। प्रेम संबंध को लेकर विकास अक्सर युवती के भाई को देख पहुना कहकर परेशान करता था। इसी बात से नाराज़ युवती के भाई ने बुधवार की रात 11 बजे बनगाई गांव के क्रान्ति चौराहे के पास युवक के गले पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल के पिता की तहरीर पर आरोपित बाल अपचारी के खिलाफ धारा 307, 504, 506 आईपीसी में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।



एक्सपर्ट ने वर्कशॉप में बहुत ही इंपॉर्टेंट बातें बताईं. मोबाइल यूज करने के साथ सिक्योरिटी बहुत जरूरी है. आज सेशन में जो भी बातें बताई गईं, उसका मैं पालन करूंगा.

**शुभमन**, स्टूडेंट

---



अक्सर सोशल मीडिया पर पैसे कमाने के ऑफर आते रहते हैं. खाली टाइम में स्टूडेंट जॉब सर्च निकालने के लिए ऐसे विज्ञापन में फंस जाते हैं. एक्सपर्ट ने इससे बचने के टिप्स दिए.

**साक्षी**, स्टूडेंट

---



सोशल मीडिया और फेक फ्रॉड को लेकर एक्सपर्ट ने बहुत ही अच्छी जानकारी शेयर की. अंजान लोगों से दोस्ती करना कितना नुकसानदायक होगा. यह बातें मैं और भी लोगों को बताऊंगा.

**पुष्कर प्रताप सिंह**, स्टूडेंट

---



मेरे घर पर पेरेंट्स मोबाइल यूज करते हैं. आज जो भी सीखा, पेरेंट्स से शेयर करूंगी. उन्हें यह जानकारी भी दूंगी कि किस तरह फ्रॉड हो रहा है. अवेयर करना बहुत जरूरी है.

**जैनब सिद्दीकी**, स्टूडेंट

---



बढ़ते साइबर क्राइम को अवेयरनेस से ही रोका जा सकता है. बच्चे अवेयरनेस के लिए सबसे अच्छा माध्यम होते हैं. यहां पर जो भी बच्चा जो कुछ भी सीखा है उसे आगे भी शेयर करेगा.

**इंदुप्रभा सिंह**, एसपी क्राइम

---



स्टूडेंट मोबाइल और इंटरनेट की काफी जानकारी रखते हैं. यही सबसे अधिक एक्टिव भी रहते हैं. इसलिए स्टूडेंट को अवेयर करना सबसे अधिक जरूरी है.

**उपेन्द्र कुमार सिंह**, एसआई, साइबर क्राइम थाना

---



मोबाइल और इंटरनेट का यूज तेजी से बढ़ा है. ऐसे में खासकर बच्चों को अवेयर करना बेहद जरूरी है. हर बच्चा किसी न किसी डिजिटल प्लेटफार्म पर एक्टिव है.

**राजीव गुप्ता**, डायरेक्टर स्टैंपिंग स्टोन इंटर कॉलेज

---



साइबर अवेयरनेस की क्लासेज अब बेहद जरूरी हैं. प्रेजेंट टाइम में जब हर बच्चे के हाथ में मोबाइल है, तब ये भी जरूरी है कि वह उसे सही और सावधानीपूर्वक यूज करना भी जाने.

**अपनीत गुप्ता**, प्रिंसिपल स्टैंपिंग स्टोन इंटर कॉलेज

# बिना यूनिक आईडी कोड के मिले 17 ऑटो का चालान



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (1 Sep):** महानगर के ऑटो और ई-रिक्शा पर यूनिक आईडी कोड अंकित करने का अभियान समाप्त होने के बाद शुक्रवार को आरटीओ और ट्रैफिक विभाग की टीम ने बिना यूनिक आईडी कोड के संचालित हो रहे 17 ऑटो का चालान किया. साथ ही 150 ऑटो मालिकों को चेतावनी दी है.

एडीजी जोन अखिल कुमार की अध्यक्षता में 9 अगस्त को सिटी के ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एक बैठक में अफसरों को निर्देश देते हुए ऑटो और ई-रिक्शा पर यूनिक आईडी कोड अनिवार्य किया था. इसके लिए 16 अगस्त से 31 अगस्त तक अभियान चलाया गया. इस दौरान मात्र 980 ऑटो ड्राइवर्स ने यूनिक आईडी कोड अंकित कराया था, जबकि 2300 ऑटो का संचालन होता है और ई-रिक्शा करीब चार हजार हैं. शुक्रवार को एआरटीओ प्रवर्तन नरेंद्र यादव और पीटीओ वीके आनंद की टीम ने अभियान चलाकर कार्रवाई की. महानगर में बिना यूनिक आईडी कोड के संचालित 17 ऑटो चालान किया गया. साथ ही 150 वाहन मालिकों को सख्त चेतावनी दी गई. एआरटीओ प्रवर्तन नरेंद्र यादव ने बताया कि सभी वैध प्रपत्रों के साथ यूनिक आईडेंटिफिकेशन अंकित कराना सुनिश्चित करें. बिना यूनिक आईडी कोड के संचालित ऑटो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

# दुबई भागा जालसाज, जारी होगा लुकआउट सर्कुलर

**नौकरी दिलाने के नाम पर हड़पे थे 30.45 लाख रुपए**

**राजघाट थाने में 10 दिन पहले दर्ज हुआ था मुकदमा**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (1 Sep):** दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर नायब शहर काजी को झांसा देकर 49 बेरोजगार युवकों से 30.45 लाख रुपये ठगने वालों की सरगर्मी से तलाश चल रही है. मुख्य आरोपित के दुबई भागने की सूचना पर पुलिस अधिकारी लुकआउट सर्कुलर जारी कराने की तैयारी कर रहे हैं.

तुर्कमानपुर में रहने वाले मोहम्मद अजहर ने 28 अगस्त को राजघाट थाने पहुंच तहरीर दी थी कि वे शहर गोरखपुर के नायब काजी के पद पर हैं. कुछ जानने वालों के आग्रह पर परिचित फुकरान अली जो बस्ती जिले का रहने वाला है और वर्तमान में भिवंडी महाराष्ट्र में मैनपावर का काम करता है. उसने बताया था कि दुबई की एक कंपनी में 70 लोगों की जगह खाली है, जिसमें वह नौकरी लगवा देगा. प्रति व्यक्ति 70 हजार रुपये की मांग करते हुए उसने अपनी पत्नी के खाते में 24.30 लाख रुपये मंगा लिए. रुपये मिलने पर फुकरान ने 12 लोगों को दुबई बुलाया तो पता चला कि उनकी नौकरी नहीं लगी है. शहर काजी ने 6.15 लाख रुपये खर्च कर सभी युवकों को वापस घर बुलाया. राजघाट थाना पुलिस ने फुकरान अली, उसकी पत्नी इमराना खातून, फारुख अली और एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है. एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि फरार फुकरान के दुबई में होने की सूचना है. उसके विरुद्ध लुकआउट सर्कुलर जारी कराया जाएगा. पांच वर्ष से वांछित बड़हलगंज के जिशान के विरुद्ध लुकआउट सर्कुलर जारी करने की कार्रवाई नहीं हो पा रही है. कोतवाली व बड़हलगंज थाना पुलिस मामला एक-दूसरे के क्षेत्र का बता रही है

# पहुना कहने पर युवक पर चाकू से हमला, मुकदमा

गुलरिहा। गुलरिहा क्षेत्र के बनगाई टोला रेहरवा गांव में बुधवार की रात करीब 11 बजे एक युवक ने गांव के एक किशोर को पहुना कह दिया। किशोर ने युवक के गले पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने बाल अपचारी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में बाल सुधार गृह भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव का रहने वाले युवक का गांव की ही युवती से दो वर्ष पूर्व प्रेम संबंध था। युवक की शादी हो चुकी है। प्रेम संबध को लेकर विकास अक्सर युवती के भाई को पहुना कहकर परेशान करता था। इसी बात से नाराज़ युवती के भाई ने बुधवार की रात बनगाई गांव के क्रान्ति चौराहे के पास युवक के गले पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

गुलरिहा पुलिस पीड़ित के पिता की तहरीर पर गुरुवार को आरोपित बाल अपचारी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया

# दो लुटेरों को दबोचा 5500 रुपये बरामद

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने शुक्रवार को दो लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5500 रुपये बरामद किया। दोनों के खिलाफ लूट का केस दर्ज था और पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। खोराबार इंस्पेक्टर ने बताया कि पकड़े गए आरोपित की पहचान अमित राजभर पुत्र रामाकांत राजभर निवासी खोराबार मदरहवा टोला और आयुष उर्फ अलाउद्दीन पुत्र स्व. नागा निवासी ग्राम विसवाधूर थाना झंगहा के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक अमित पर दो और आयुष उर्फ अलाउद्दीन पर आठ केस दर्ज है।

# हत्या के प्रयास का आरोपी युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। खोराबार पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपित रवि उर्फ आर्यन चौहान पुत्र अशोक चौहान निवासी ग्राम मनहट सुरहिया टोला थाना रामगढ़ताल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# मनबढ़ों ने मारपीट कर छात्र का सिर फोड़ा

पादरी बाजार। शाहपुर के सिंघासनपुर निवासी विनीत बिछिया स्थित एक विद्यालय का छात्र है। गुरुवार की शाम डिवाइन पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले अपने दोस्त के घर से अन्य दोस्त के साथ किताब लेकर अपने घर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में पहले के किसी विवाद को लेकर आर्यन, आकाश, शिवम व तन्मय ने विनीत को ईंट-डंडे से मारपीट कर सिर फोड़ दिया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## नौकरी के नाम पर ठगी करनेवाला दबोचा

गोरखपुर। नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी करने के आरोपित विक्रम कुमार मद्धेशिया को गगहा पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

बड़गो बरईपार निवासी आशीष से नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजी की थी। आरोपित सचिवालय में अच्छा संपर्क होने का झांसा देकर नौकरी के नाम पर पैसा लिया था। पुलिस ने विक्रम कुमार मद्धेशिया पुत्र निगम मद्धेशिया निवासी ग्राम हाटा बाजार शिवपुर थाना गगहा को गिरफ्तार किया है।

# भूमि दिलाने के नाम पर 70 लाख की ठगी

- बेतियाहाता निवासी राजकुमार से हुई है यह जालसाजी
- भीटी रावत सहजनवा में जमीन दिलाने के नाम पर ठगी

सहजनवा, हिसं। बेतियाहाता निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार सिंह ने गीता प्रेस निवासी तीन लोगों पर भीटी रावत में जमीन दिलाने के नाम पर 70 लाख की ठगी करने का आरोप लगाया है। एसएसपी के निर्देश पर गीडा पुलिस ने तीनों पर जालसाजी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजकुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्हें एक भूखण्ड की जरूरत थी। इसी संबंध में उनकी मुलाकात गीता प्रेस थाना राजघाट निवासी अनूप शर्मा से हुई। उसने बताया कि उनकी एक जमीन भीटीरावत में है। वह उसे बेच रहा है। जमीन अनूप शर्मा की पत्नी श्रुति शर्मा, उसके भाई की पत्नी नेहा शर्मा के नाम से थी। राजकुमार सिंह उन लोगों के बहकावे में आ गए और दो करोड़ में सौदा तय हुआ। इसपर राजकुमार सिंह ने 25 लाख रुपये एकमुश्त अनूप शर्मा के खाते में आरटीजीएस कर दिया और एक लाख नगद दिया। इसका करार पत्र भी हुआ लेकिन कुछ दिनों के बाद भी तीनों ने जमीन बैनामा नहीं किया। कुछ दिन बाद तीनों ने कहा कि मुझे और पैसों की आवश्यकता है। उसके बाद राजकुमार सिंह ने विभिन्न तिथियों पर 44 लाख रुपये नगद दिए। इस प्रकार कुल 70 लाख रुपये देने के बाद भी जमीन की रजिस्ट्री नहीं हुई। राजकुमार सिंह ने बताया कि अंतिम बार अनूप शर्मा से उनकी मुलाकात ट्रांसपोर्टनगर में हुई। अनूप शर्मा से जब रजिस्ट्री की बात की तो अनूप शर्मा ने कहा कि अगर जमीन और पैसों की बात की तो तुम्हारी हत्या करा देंगे।

# साइबर जालसाजों को सजा दिलाने के लिए अब फास्ट पैरवी

■ विवेक पाण्डेय



- दस लाख या उससे ज्यादा के साइबर जालसाजी पर अभियोजन ने मांगा रिकॉर्ड
- अभी तक सामान्य सुनवाई के दायरे में ही आते थे साइबर जालसाजी के मामले
- जालसाजों को सजा दिलाकर इस तरह के क्राइम रोकने के साथ अब सख्ती भी

गोरखपुर। अभी तक हत्या, रेप व माफियाओं से जुड़ी मामलों पर तेज पैरवी कर सजा दिलाने का प्रयास चल रहा था लेकिन अब इसमें साइबर जालसाजी को जोड़ते हुए साइबर जालसाजों को भी जल्द सजा दिलाकर न सिर्फ वारदात रोकने का प्रयास किया जाएगा बल्कि आम जनता को राहत और साइबर जालसाजों में कानून का डर पैदा करने की भी कोशिश होगी। एडीजी अभियोजन दीपेश जुनेजा ने इस मामले में विशेष पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम को पत्र लिखकर इसकी जानकारी देने के साथ ही इससे जुड़े आंकड़े मांगे हैं।

साइबर क्राइम वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है। दूर-दराज इलाकों में बैठे साइबर फ्रॉड एक ही झटके में खाते से जीवन भर की कमाई उड़ा दे रहे हैं। जालसाजी के बाद केस दर्ज तो हो जा रहा है लेकिन समय पर कार्रवाई करने पर ही कुछ के पैसे लौट पा रहे हैं वरना ज्यादातर लोग अपना पैसा पाने के लिए सिर्फ चक्कर ही काट रहे हैं।

वहीं दूसरी तरफ जालसाजी का यह खेल दूर बैठा जालसाज इस तरह से करता है कि उसे पकड़ने में भी कई बार पुलिस नाकाम रहती है। अगर पकड़ा भी गया तो सजा दिलाने में इतना समय लग जाता है कि आम आदमी परेशान रहता है। यही वजह है कि अब इस तरह के जालसाजों को सजा दिलाने की पैरवी तेज करने की तैयारी है।

**दस लाख या उससे अधिक की साइबर ठगी पर जल्दी सजा :** साइबर क्राइम में जुड़े वे मामले जिसमें दस लाख या उससे अधिक की ठगी की गई है उनमें पैरवी कर जल्द सजा दिलाने के लिए पहले चरण में रखा गया है। एडीजी अभियोजन दिपेश जुनेजा ने एक केस का उदाहरण देते हुए बताया है कि दस लाख या उससे अधिक के वे केस जिसमें आरोपपत्र दाखिल हो गए हैं उसकी संख्या उपलब्ध कराई जाए जिससे साइबर क्राइम से जुड़े आरोपितों को सजा दिलाने के लिए तेज पैरवी की जा सके।

### 10 लाख से ज्यादा की ठगी के जिले में 15 से ज्यादा केस

साइबर क्राइम करने वाले अपराधी खुद को इस इतना स्मार्ट मानते हैं कि उन्हें लगता है कि पहले तो पुलिस उन्हें पकड़ नहीं पाएगी अगर पकड़ भी ली तो वह आसानी से छूट जाएंगे। वहीं अगर सजा होने लगी तो न सिर्फ उनके अंदर डर होगा बल्कि उनकी सजा की जानकारी के बाद अन्य लोग इस तरह के फ्राड से दूरी बनाएंगे। दस लाख से ज्यादा की साइबर ठगी से जुड़े मामलों की संख्या गोरखपुर में ही 15 से ज्यादा है। यहां की सबसे बड़ी ठगी तीन करोड़ की है जो हाल में ही पकड़ी गई थी। गोरखपुर में आम लोगों के साथ व्यापारी, विदेशी नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कर्मी भी साइबर ठगों के शिकार बने हैं। कई मामले में पुलिस ने आरोपपत्र दाखिल कर दिया है जबकि कुछ ऐसे भी मामले में जिसमें अभी तक जालसाजों को पुलिस ट्रेस ही नहीं कर पाई है।

# वीडियो बनाने पर शिक्षिकाओं ने छीना मोबाइल

**चौरीचौरा/सरदारनगर, हिन्दुस्तान टीम।** सरदारनगर के प्रथमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) लक्ष्मणपुर में शुक्रवार की सुबह कहासुनी के बाद शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापक सुभाष शर्मा की चप्पलों से पिटाई कर दी।
शिक्षिकाओं का कहना कि प्रधानाअध्यापक स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने में कोई रुचि नहीं लेते हैं। मारपीट का आरोप गलत है। प्रधानाध्यापक ने ही दुर्व्यवहार किया है।
प्रधानाध्यापक सुभाष शर्मा ने कहा कि वह उपस्थिति पंजिका मांग रहे थे। शिक्षिका वंदना मौर्य व अन्य शिक्षिकाएं उसे छुपा कर कहीं रख दी थीं। इस बात को लेकर कहासुनी होने लगी। जब उन्होंने कहासुनी का वीडियो बनाना शुरू किया तो पूनम मौर्या ने उनका मोबाइल छीन लिया। इस दौरान तू-तू मैं-मैं भी शुरू हो गई। शिक्षकाओं ने अभद्र भाषा का प्रयोग शुरू कर दिया। इसी दौरान शिक्षिकाओं ने उनके ऊपर चप्पल चला दिया। विवाद की सूचना पाकर नायब तहसीलदार संजय सिंह और बेसिक शिक्षा विभाग के बीईओ पहुंचे और दोनों पक्षों का बयान दर्ज किया। आगे की कार्रवाई के लिए विभाग के उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी गई है। बताते हैं कि मामले को मैनेज करने की भी कोशिश की गई लेकिन ग्रामीणों और मीडिया के जुटने के कारण मैनेज नहीं हो सका।

## फफक पड़े प्रधानाध्यापक

बताते हैं कि घटना के बाद प्रधानाध्यापक सुभाष शर्मा ने डायल 112 नंबर, एसडीएम चौरीचौरा और ग्राम प्रधान शांति देवी के प्रतिनिधि को इसकी जानकारी दी। पुलिस और अधिकारियो के पहुंचने पर प्रधानाध्यापक फफक पड़े। उन्होंने न्याय की गुहार लगाई।

## छह लोग करते हैं शिक्षण कार्य

इस प्रावि में कुल 226 बच्चे पंजीकृत हैं। यहां प्रधानाध्यापक सुभाष शर्मा, तीन सहायक अध्यापक बन्दना मौर्य, पूनम मौर्य, ईशान सिंह व दो शिक्षामित्र अमृता सिंह व मीरा देवी कार्यरत हैं। वहीं, प्रधानाध्यापक ने दावा किया कि सहायक अध्यापक हमेशा लेट आती हैं। बिना छुट्टी लिए ही गैरहाजिर रहती हैं।

" सरदार नगर के प्राथमिक विद्यालय का मामला संज्ञान में आया है। दोनों पक्षों की राय जानने के बाद आपस में समझौता कराया गया। भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसकी चेतावनी दी गई है।
**रमेंद्र कुमार सिंह,** बीएसए।

# डॉक्टर की कार पर फेंके ईंट-पत्थर, बाल-बाल बचे

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** अस्पताल से मरीज देखकर घर लौट रहे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मनोज जायसवाल पर गुरुवार रात तिवारीपुर थानाक्षेत्र स्थित घासीकटरा के निजामपुर में अज्ञात हमलावरों ने ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। हमले में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ड्राइवर की सूझबूझ से डॉ मनोज बच गए लेकिन हमलावर मौके से फरार हो गए।

डॉ मनोज जायसवाल रोज की तरह गुरुवार रात लगभग 10 बजे सृजन कूड़ाघाट स्थित सिद्धि विनायक हॉस्पिटल से मरीज़ देखकर कार से आवास लौट रहे थे। घासीकटरा के निजामपुर में घात लगाए हमलावरों ने उनकी कार पर ईंट-पत्थर से हमला बोल दिया।

ड्राइवर ने सूझबूझ से डॉ मनोज को सुरक्षित उनके आवास पर पहुंचाया। इसके बाद डॉ मनोज ने स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके से हमलावर फरार हो चुके थे। डॉ. मनोज पर हुए प्राणघातक हमले से चिकित्सक समुदाय में आक्रोश है। हमलावरों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है।

# सरदारनगर में शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापक को पीटा

चौरीचौरा/सरदारनगर, हिसं। सरदारनगर के प्रथमिक विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) लक्ष्मणपुर में शुक्रवार की सुबह उपस्थिति रजिस्टर को लेकर हुई कहासुनी में बवाल हो गया। शिक्षिकाओं ने प्रधानाध्यापक की चप्पलों से पिटाई कर दी। स्कूल पर पहुंचे अधिकारियों के सामने भी दोनों पक्ष हंगामा करते रहे। प्रशासन ने दोनों पक्षों का बयान दर्ज कर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट आगे बढ़ा दी है।

- उपस्थिति रजिस्टर को लेकर हुआ विवाद
- शिक्षिकाओं ने लगाया गाली देने का आरोप

सहायक अध्यापिका वंदना मौर्य के मुताबिक 30 अगस्त को बिना किसी छुट्टी के प्रधानाध्यापक विद्यालय नहीं आए थे। उसी की उपस्थिति बनाने के लिए शुक्रवार को शिक्षक उपस्थिति पंजिका मांग रहे थे। जब उनसे कहा कि रजिस्टर की जानकारी उन्हें नहीं है तो वह झगड़े पर आमादा हो गए। अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जेल भिजवाने की धमकी दी। शिक्षिकाओं का आरोप है कि वह प्रार्थना सभा में नहीं आते।

› छीना मोबाइल P05

# मामा की चोरी बाइक भांजे ने खोज निकाली

पादरी बाजार। घोसीपुरवा निवासी आमिर अली के मामा की बाइक चोरी हो गई। आमिर पुलिस को सूचना देने के बाद खुद बाइक की तलाश कर रहा था। शाम में उसे पादरी बाजार बीज गोदाम के पास अपनी बाइक लावारिस हाल में मिल गई। उस बाइक पर एक के पास कुछ युवक भी खड़े थे। युवकों से पूछ लिया कि बाइक कौन लाया है। इसी बात से नाराज युवकों ने उसे घेर लिया और बेल्ट से उसका सिर फोड़ दिया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

# जमीन के नाम पर जालसाजों ने हड़पे 71.65 लाख, मुकदमा

**2** करोड़ रुपये में तय हुआ था सौदा जमीन पसंद आने पर

- भीटीरावत में जमीन दिलाने के लिए हुआ था करार, 44 लाख लिए नकद
- 70 लाख लेने के बाद नहीं किया बैनामा तो पुलिस को दी तहरीर

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : सहजनवां के भीटीरावत और महराजगंज मुख्य मार्ग पर जमीन दिखाकर जालसाजों ने 71.65 लाख रुपये हड़प लिए। बैनामा न होने पर जब लोगों ने पैसा वापस मांगा तो जालसाज धमकी देने लगे। शाहपुर व सहजनवां थाना पुलिस ने शुक्रवार को जालसाजों पर केस दर्ज किया।

सहजनवां संवाददाता के अनुसार कैंट थाना स्थित बेतियाहाता के रहने वाले राज कुमार सिंह ने तहरीर देकर बताया कि जमीन की जरूरत थी, जिसके लिए वह राजघाट के गीताप्रेस के रहने वाले अनूप शर्मा से मिले। उसने भीटी रावत के पास 393 हेक्टेयर जमीन दिखाई। बताया कि यह जमीन पत्नी श्रुति शर्मा व भाई की पत्नी नेहा शर्मा के नाम से है। जमीन पसंद आने पर दो करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ। इसके बाद आरोपित ने 44 लाख रुपये नकद लिया और शेष रकम आनलाइन दी गई। बैनामे के लिए कहा तो आनाकानी की। थाना प्रभारी सहजनवां महेंद्र मिश्रा ने बताया कि अनूप, श्रुति और नेहा के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

पादरी बाजार संवाददाता के अनुसार शाहपुर झरना टोला के राम प्रवेश सांभर ने तहरीर में लिखा है कि उनकी पहचान महराजगंज के शिकारपुर दरौली के विजय वर्मा से हुई। जमीन खरीदने की चर्चा पर उसने निचलौल के दिनेश विश्वकर्मा से मिलवाया। इसके बाद दोनों ने निचलौल मुख्य मार्ग पर 700 वर्गफीट जमीन दिखाई और सात लाख में सौदा तय किया। 40 हजार एडवांस ले लिया। इसके बाद तीन बार में खाते में 1.25 लाख रुपये भेजा। बैनामे के लिए टालमटोल करने लगे। 20 जून को बिछिया में बुलाकर आरोपितों ने मारा-पीटा। पुलिस ने आनाकानी की तो कोर्ट जाना पड़ा। थाना प्रभारी शशिभूषण राय ने बताया कि केस दर्ज हो गया।

## चार किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

गोरखपुर : कैंट थाना पुलिस ने स्टेशन रोड से चार किलो गांजा के साथ शुक्रवार की सुबह दो तस्करों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान नौतनवां महराजगंज के विरेंद्र विश्वकर्मा और नौगढ़ सिद्धार्थनगर के फिरोज अंसारी के रूप में हुई। (जासं)

## 28 साल बाद भी नहीं मिले जीपीएफ के रुपये

गोरखपुर : बेलीपार के चारपान नगवां के शारदाशरण पांडेय कानपुर जिले में मलेरिया विभाग में एसआइ पद से 30 जून, 1995 को सेवानिवृत्त हुए। 15 साल आठ महीने बाद पेंशन तो किसी तरह शुरू हुई, लेकिन आज तक जीपीएफ के रुपये नहीं मिले। प्रेस क्लब में उन्होंने पत्रकारों को बताया कि वहां तैनात दो बाबुओं की गलती से ऐसा हो रहा है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और सीएम योगी आदित्यनाथ से जीपीएफ के रुपये दिलाने की मांग कर चुके हैं। (जासं)

## पुलिस ने दो लुटेरों को पकड़ा भेजे गए जेल

गोरखपुर : खोराबार थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह दो लुटेरों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से लूट के 5500 रुपये बरामद हुए। न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक थाना खोराबार जयंत सिंह ने बताया कि मदरहवा टोला के अमित राजभर और झंगहा, विसवाधूर के आयुष उर्फ अलाउद्दीन ने दो दिन पहले लूट की थी। (जासं)

## हत्या की कोशिश करने का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : हत्या की कोशिश करने के आरोपित मनहट सुरहिया गांव के रवि उर्फ आर्यन को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल संजय सिंह ने बताया कि दो दिन पहले हुई घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। (जासं)

# पहले दिन 17 आटो का चालान 150 चालकों को दी चेतावनी



चालान कटने के बाद खड़े आटो ● परिवहन विभाग

जासं, गोरखपुर : आटो पर यूनिक आइडी कोड को लेकर परिवहन विभाग ने शुक्रवार को वृहद अभियान शुरू किया। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) संजय कुमार झा के निर्देश पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी) गोरखपुर नरेंद्र यादव और यात्री कर अधिकारी वीके आनंद की टीम ने विभिन्न चौराहों पर दर्जनों आटो को चेक किया। इस दौरान यूनिक आइडी कोड अंकित नहीं होने पर 17 आटो का चालान काटा गया। साथ ही 150 चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

संभागीय परिवहन अधिकारी के अनुसार यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। आटो पर यूनिक आइडी कोड नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। महानगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सभी आटो पर यूनिक आइडी कोड अनिवार्य किया गया है। कोड आवंटित हो जाने से आटो और ई-रिक्शा की पहचान सुनिश्चित हो जाएगी। उनके जोन और रूट निर्धारण में भी सहूलियत मिलेगी। यहां जान लें कि 16 से 31 अगस्त तक चलाए गए अभियान में सिर्फ 980 आटो में ही यूनिक आइडी कोड लग पाया। शेष आटो वैसे ही चल रहे हैं, जबकि शहर में करीब 2300 पंजीकृत आटो और चार हजार से अधिक ई-रिक्शा हैं।

# अंधेरे में होता है खून का काला कारोबार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बीआरडी मेडिकल कालेज में खून से लेकर रोगियों की सौदेबाजी का काला कारोबार रात के समय ही होता था। पुलिस की जांच और शिकायतकर्ता के अनुसार खून के दलालों ने शाम छह बजे के बाद ही मजदूर का खून निकाला था। इसी तरह छह मई की रात में ही रेफर रोगी को निजी नर्सिंग होम ले जाने के दौरान एक दलाल व पुलिसकर्मी के बीच मारपीट हुई थी। नौ जुलाई की रात उत्तरी गेट पर खड़े एंबुलेंस माफिया को बोलने पर उसने साथियों के साथ मेडिकल चौकी प्रभारी विवेक मिश्रा के साथ हाथापाई की थी। इन सभी मामलों में पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

बीआरडी मेडिकल कालेज में शाम पांच बजे तक समस्त अधिकारी व सरकारी चिकित्सक मौजूद रहते हैं। पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि शाम छह बजे के बाद ही दलाली का खेल शुरू होता है। चर्चा यह भी है कि शाम के समय मानदेय पर तैनात कर्मचारियों की ड्यूटी सबसे अधिक होती है। कुछ दिन पूर्व एक मजदूर का वीडियो प्रसारित हुआ था, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि पैसे का लालच देकर दलालों ने उसका मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक में खून निकाला और फिर 1100 रुपये देकर भगा दिया। उसने यह भी बताया था कि दलाल उसे शाम छह बजे के बाद ले गए थे। प्रसारित वीडियो की जांच के बाद पुलिस ने दोनों दलालों को पकड़ा।



**6** बजे के बाद दलालों ने ब्लड बैंक में निकलवाया था मजदूर का खून

- रात के समय ही रोगी को ले जाने को लेकर एंबुलेंस माफिया व पुलिसकर्मी में हुई थी मारपीट
- शाम पांच बजे के बाद मेडिकल कालेज से चले जाते हैं अधिकतर अधिकारी व सरकारी चिकित्सक

"बीआरडी मेडिकल कालेज में अब तक पकड़े गए सभी मामले रात के समय के ही है। दलालो को पकड़ने के बाद उनके द्वारा बताए गए मामलों की जाच चल रही है। ब्लड बैंक की काउसलर से पूछताछ मे कोई जवाब नही मिल सका है। रजिस्टर में दर्ज लोगों के नाम मांगे गए है। मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी।

**मानुष पारीक**, एएसपी/सीओ गोरी चौरा

दलालों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। प्राचार्य का निर्देश भी है कि अगर परिसर मे कोई दलाल मिलेगा तो कर्मचारी की जिम्मेदारी भी तय होगी। शाम पांच बजे के बाद भी कुछ जिम्मेदार लोगों की तैनाती की योजना बनाई जा रही है। इस समय किसी प्रकार की कोई शिकायत नही है।

**राजेश कुमार राय**, प्रमुख अधीक्षक, नेहरू अस्पताल, मेडिकल कालेज"

**पुलिस के सवालों का जवाब नहीं दे सकी काउंसलर :** खून की दलाली की घटना के बाद जब पुलिसकर्मी ब्लड बैंक में पहुंचे और वहां की काउंसलर से पूछताछ की तो वह कोई जवाब नहीं दे सकीं। ब्लड बैंक में खून लेने के पहले काउंसलर द्वारा रक्तदाता से पूछताछ होती है। इसके बाद उसका नाम-पता समेत अन्य जानकारी रजिस्टर में दर्ज होती है। जांच के दौरान पुलिस को रजिस्टर में पीड़ित का नाम नहीं मिला, जबकि पकड़े गए दलाल व मजदूर का कहना है कि उसका खून ब्लड बैंक में ही निकलवाया गया।

# फर्जी वीजा दे कबूतरबाज ने ठगा, कुवैत एयरपोर्ट से कर दिया गया वापस

जागरण संवाददाता, झंगहा : बोहाबार लालपुर टीकर के रहने वाले गोविंद को कबूतरबाज ने ठग लिया। फर्जी वीजा देकर उसे कुवैत भेज दिया। एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद वहां के प्रशासन ने वीजा देख उसे वापस कर दिया। घर लौटने के बाद जब पीड़ित ने कबूतरबाज से शिकायत की तो उसने गाली देकर भगा दिया। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है।

गोविंद ने बताया कि क्षेत्र के एक कबूतरबाज ने कुवैत में नौकरी दिलाने के नाम 95 हजार रुपये ले लिये। एक माह पहले उसने वीजा और चिकित्सीय परीक्षण संबंधी पत्र देकर कुवैत जाने को कहा। पैसा खर्चकर जब वह कुवैत एयरपोर्ट पर पहुंचे तो वहां के प्रशासन ने यह कहते हुए रोक लिया कि वीजा व चिकित्सा पत्र फर्जी है। किसी तरह से लोगों से बातचीत करके वह घर लौटा। पीड़ित का कहना है कि घर आने के बाद जब उसने कबूतरबाज से रुपये मांगे तो उसने गाली देते हुए भगा दिया और धमकी देने लगा। थाना प्रभारी झंगहा गौरव राय कन्नौजिया ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# बिना यूनिक आईडी चल रहे 17 ऑटो का चालान

गोरखपुर। परिवहन विभाग की टीम ने शुक्रवार को बिना यूनिक आईडी के संचालित हो रहे ऑटो के विरुद्ध अभियान चलाकर 17 का चालान किया। महानगर में संचालित ऑटो रिक्शा को यूनिक आईडी कोड जारी करने के लिए 17 अगस्त से अभियान चलाया जा रहा था। इसमें सिर्फ 980 ऑटो चालकों ने ही सत्यापन कराकर यूनिक आईडी ली है, जबकि शहर में 2300 से अधिक ऑटो संचालित हो रहे हैं। शुक्रवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) नरेन्द्र यादव व यात्री कर अधिकारी वीके आनंद के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना यूनिक आईडी चल रहे 17 ऑटो का चालान किया गया। साथ ही 150 वाहन स्वामियों को यूनिक आईडी लेने के निर्देश दिए गए। संवाद

# गांजा के साथ दो युवक दबोचे गए

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिए गए। आरोपियों की पहचान महराजगंज के नीतनवां के वार्ड नंबर 14 निवासी विरेंद्र विश्वकर्मा और सिद्धार्थनगर के नौगढ़ थाना क्षेत्र के हमीदनगर निवासी फिरोज अहमद के रूप में हुई है। ब्यूरो



गिरफ्तार आरोपी।

# 50 लाख की चोरी में गोरखपुर के दारोगा का बेटा भी आरोपित

जासं, अमरोहा/गोरखपुर : डिडौली क्षेत्र में भूमि की रजिस्ट्री कराने जा रहे किसान की कार से 50.50 लाख रुपये उसके साढ़ू ने चोरी कराए थे। पुलिस ने साढ़ू समेत छह आरोपितों को गिरफ्तार कर 32.30 लाख रुपये बरामद किए। आरोपितों में एक गोरखपुर में तैनात दारोगा का बेटा भी शामिल है।

**32.3** लाख रुपये पुलिस ने किया है बरामद

**25** अगस्त को अलीगढ़ के कृषक बेचने जा रहे थे अपनी जमीन

अमरोहा-पाकबड़ा मार्ग पर 25 अगस्त को लोदीपुर के किसान फैयाज बहनोई अली हसन और साढ़ू अलीगढ़, क्वार्सी के अनूपशहर रोड के रहने वाले डा. बाबू अली के साथ भूमि बैनामा कराने जा रहे थे। कार में 50.50 लाख रुपये थे। पांयती कलां में फैयाज कार से उतरकर भूमि विक्रेता से बात करने लगे थे। कार में बैठा डा. बाबू अली बदमाशों को संदेश भेजने के बाद कार से उतर गया। इसी बीच पहुंचे बाइक सवार कार में रखा बैग लेकर फरार हो गए। सर्विलांस की मदद से तलाश में जुटी पुलिस ने शुक्रवार को डा. बाबू अली, मुरादाबाद के मुजाहिद, ताहिर, सौरभ, धर्मवीर और रामपुर के जाकिर को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया। सौरभ के पिता गोरखपुर में दारोगा है।

एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि आरोपित रियाज और इकराम फरार हैं। डा. बाबू ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि रुपये देख उसकी नीयत बिगड़ गई। उसने ताहिर से बात कर लूट की योजना बनाई। पहले फैयाज को गोली मारने की योजना थी, लेकिन रास्ते में रुकने पर योजना बदल गई।

# बीआरडी : मारपीट के मामलों में कार्रवाई न होने से बढ़ रहा मनोबल

## तीन महीने बाद भी मरीज को पीटने की नहीं शुरू हुई जांच, अब बुजुर्ग को धकियाया

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मरीजों के साथ होने वाली मारपीट की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। ताजा मामला बृहस्पतिवार को बीआरडी के वार्ड नंबर 12 वार्ड में भर्ती मरीज के बुजुर्ग पति से दुर्व्यवहार का है। इससे पहले मरीज को पीटने के मामले में जांच के लिए कमेटी तो गठित हो गई पर तीन महीने बाद भी आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन जांच समिति तो गठित कर देता है, लेकिन उसकी रिपोर्ट और कार्रवाई वहीं तक सीमित रहती है। एक जून को हुई घटना में पुलिस ने केस दर्ज किया, लेकिन तीन महीने बीतने के बाद भी आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी है।

कुशीनगर के डीपीआरओ कार्यालय के कर्मचारी और देवरिया जिले के बरहज क्षेत्र के कपरवार निवासी संदीप सिंह 30 जून की रात में बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराए गए थे। मेडिसिन वार्ड में इनका इलाज चल रहा था। अगले दिन उनके साथ मौजूद पत्नी अंकिता सिंह ने डॉक्टरों से पति को डिस्चार्ज कराने की बात कही। इस पर डॉक्टरों ने अपशब्द कहे। अंकिता ने आरोप लगाया था कि जूनियर डॉक्टरों ने उनके पति को कमरे में बंद कर तब तक पीटा, जब तक वह मरणासन्न नहीं हो गए।

### पुलिस भी लटका रही है मामले को

**केस** दर्ज करने वाली पुलिस ने भी इस मामले में अब तक कोई खास जांच नहीं की है। जांच अधिकारी गुलरिहा थाने के सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार सिंह का कहना है कि हमने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से तीन बार जूनियर डॉक्टरों की सूची मांगी, लेकिन वहां से कोई नाम नहीं मिल पाया है। अब मामले की जांच चल रही है। इससे पहले हुए एक अन्य मामले में जांच पूरी कर रिपोर्ट भेजी जा चुकी है।

### न्याय की आस में सीएम से मिल चुका है पीड़ित दंपती

**डॉक्टरों** की निर्मम पिटाई से घायल संदीप सिंह और घटना से आहत पत्नी अंकिता सिंह अपने एक रिश्तेदार के साथ गोरखनाथ मंदिर जाकर मुख्यमंत्री से भी मिल चुके हैं। जनता दरबार में पीड़ित पक्ष ने अपनी बात रखी तो मुख्यमंत्री ने भी न्याय का भरोसा दिलाया। हालांकि, अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से दंपती दुखी हैं। इनका कहना है कि इस मामले में एक डॉक्टर को निलंबित किए जाने की चर्चा हुई थी, लेकिन उसकी कोई लिखित जानकारी नहीं मिल पाई।

*मेडिकल कॉलेज में हुई एक घटना के संबंध में केस दर्ज था, जिसकी विवेचना पूरी कर रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। दूसरे की विवेचना चल रही है। घटना के लिए जो भी दोषी होंगे, उनकी रिपोर्ट कोर्ट को भेजी जाएगी।* – **मनोज अवस्थी,** एसपी नार्थ

# महिला से चेन लूटने के दो आरोपी पकड़े

गोरखपुर। खोराबार इलाके में महिला के गले से झपट्टा मारकर चेन लूटने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से पुलिस ने



गिरफ्तार आरोपी।

55 सौ रुपये भी बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान खोराबार के मदरहवा टोला निवासी अमित राजभर व झंगहा के बिसवाधूर निवासी आयुष के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, शंकर नगर खोराबार निवासी आभा मिश्रा ने 18 अगस्त को केस दर्ज कराया था। उनका कहना था कि वह स्कूल से पढ़ाकर घर लौट रही थीं। अभी वह गेट पर ही थीं कि एक युवक ने झपट्टा मारकर गले से सोने की चेन लूट ली। फिर दौड़कर बाइक सवार युवक के साथ फरार हो गया। ब्यूरो

# स्कूल में महिला शिक्षक ने प्रधानाध्यापक को चप्पल से पीटा

## शिक्षिका ने आपत्तिजनक टिप्पणी का लगाया आरोप, सरदारनगर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर का मामला

अमर उजाला ब्यूरो

**चौरीचौरा (गोरखपुर)।** सरदारनगर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर में शुक्रवार की सुबह आठ बजे एक महिला शिक्षक ने प्रधानाध्यापक सुभाष शर्मा की चप्पल से पिटाई कर दी। हालांकि बाद में महिला शिक्षक ने पिटाई से इंकार कर दिया।

आरोप है कि उपस्थित पंजिका मांगने के बाद प्रधानाध्यापक ने आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी, जिसके बाद यह घटना हुई। सूचना पर आई पुलिस ने मामले को शांत कराया। उधर, एसडीएम ने प्रकरण की जांच नायब तहसीलदार को सौंपी है। नायब तहसीलदार ने विद्यालय पहुंचकर दोनों पक्षों का बयान दर्ज किया। खबर है कि शिक्षकों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है।

### एसडीएम ने दिए जांच के निर्देश, नायब तहसीलदार ने बयान दर्ज किया

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार की सुबह प्रधानाध्यापक सुभाष शर्मा विद्यालय आए। उनका आरोप है कि मेज पर उपस्थित पंजिका नहीं थी। उन्होंने सहायक अध्यापक वंदना मौर्य से उपस्थित पंजिका मांगी। इसपर वंदना मौर्य ने दुर्व्यवहार करते हुए चप्पल से पीट दिया। जब वह वीडियो बनाने लगे तो उनका मोबाइल फोन सहायक अध्यापक पूनम ने छीनकर कमरे से बाहर फेंक दिया। इस दौरान कमरे को बंद कर दिया गया, ताकि घटना को कोई और न देख ले।

विद्यालय में मारपीट की सूचना प्रधानाध्यापक सुभाष शर्मा ने पुलिस को दी। दूसरी ओर सहायक अध्यापक वंदना मौर्य ने पिटाई के आरोप को गलत बताते हुए कहा कि प्रधानाध्यापक हमेशा उल्टा-सीधा बोलते हैं। आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। वहीं, ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि सुमित निषाद ने कहा कि पिछले दो वर्ष से यहां शिक्षकों में विवाद चल रहा है। इससे यहां पर ठीक ढंग से बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। इसकी शिकायत बच्चों के अभिभावक अक्सर करते हैं।





मारपीट के बाद रोते हेड मास्टर और विद्यालय में जांच करते नायब तहसीलदार। संवाद

### *226 बच्चों को पढ़ाते हैं छह शिक्षक*

*सरदारनगर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर में प्रधानाध्यापक सुभाष शर्मा, सहायक अध्यापक वंदना मौर्या, पूनम, ईशांक सिंहउ और शिक्षामित्र मीरा देवी व अमृता सिंह की तैनाती है। सभी शिक्षक 226 बच्चों को पढ़ाते हैं।*

एसडीएम प्रशांत वर्मा के आदेश पर मामले की जांच करने आया हूं। प्रधानाध्यापक सुभाष शर्मा, सहायक अध्यापक वंदना मौर्य व पूनम का लिखित बयान लिया गया है। इसकी रिपोर्ट एसडीएम को दी जाएगी।

**- संजय सिंह,** नायब तहसीलदार

प्रधानाध्यापक सुभाष शर्मा व सहायक अध्यापक वंदना मौर्य के बीच विवाद होने की सूचना मिली थी। इस संबंध में ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) से शिक्षकों को भेजा गया था। विवाद को सुलझा लिया गया है।

**- भारत भूषण जायसवाल,** खंड शिक्षा अधिकारी

# खजनी में महंत की रहस्यमय हालात में मौत, मठ में ही दफना दिया शव

## शिष्य ने हत्या का आरोप लगाते हुए एसपी को दी सूचना, पुलिस ने शुरु की मामले की जांच

अमर उजाला ब्यूरो

**खजनी।** क्षेत्र के खजुरी गांव में स्थित मठ संत बनहंवाबाबा संत आश्रम खजुरी पलटू अखाड़े में महंत हौशलादास की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। आरोप है कि बिना किसी को सूचना दिए ही मठ में उन्हें दफना दिया गया है। उनके एक शिष्य ने हत्या का आरोप लगाते हुए एसपी को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, सदगुरु कबीर चरण पादुका घासीकटरा के महंत हरीश चंद्र दास ने आरोप लगाया है कि खजुरी मठ के महंत रामप्रसाद दास ने लंबे अरसे से उनके गुरु महंत हौशलादास को अपने साथ बहला फुसलाकर रखा था। महंत हौशलादास की संदिग्ध परिस्थितियों में 31 अगस्त को मौत हो गई, जिसकी सूचना संत समाज में किसी को भी नहीं दी गई। आरोप है कि महंत हौशलादास के नाम पर 100 बीघा जमीन थी, जिसके लोभ में उनके साथ वारदात की गई।

फिलहाल, हौशलादास की मौत की जानकारी खजुरी गांव और आसपास के लोगों को भी नहीं है। उनके शव को कब-कहां दफनाया गया या समाधि दी गई, इसकी भी सटीक जानकारी नहीं मिली है। एसओ खजनी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



महंत हौशलादास। (फाइल फोटो)

मैं महंत हौशिलादास की लंबे समय से सेवा कर रहा था। हरीश चंद्र दास महंत नहीं हैं। 2016 में ही कबीर पंथ वाराणसी ने मुझे महंत बनाया है। सभी आरोप गलत हैं। महंत हौशिलादास के निधन के बाद उन्हें समाधि दी गई है। इस मौके पर समाज के लोग भी आए थे।

**- महंत रामप्रसाद दास, खजूरी**

मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच कराकर साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**- अरुण कुमार सिंह, एसपी साउथ**

## वाराणसी से लेकर गोरखपुर तक मठ की जमीन पर रार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** महंत हौशिलादास की मौत कैसे हुई, इसका सच तो खैर पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही पता चलेगा, लेकिन इसकी जड़ में असल विवाद 100 बीघा जमीन का है।

वाराणसी, संतकबीरनगर के महुली और गोरखपुर में इसी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और मामला न्यायालय तक भी पहुंच चुका है। जुलाई में न्यायालय के आदेश पर वाराणसी में एक केस भी दर्ज किया गया था। आरोप लगाने वाले महंत हरीश चंद्र दास भी इस बात को स्वीकार कर रहे हैं। उनका आरोप है कि जमीन के लालच में ही महंत की हत्या कर समाधि दे दी गई है।

महंत हरिशचंद्र दास का आरोप है कि रामप्रसाद ने जबरन महंत हौशिलादास को बंधक बना लिया। 20 अगस्त को ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें चारपाई पर सोए हौशिलादास खुद को घासीकटरा पहुंचाने की बात कहते सुने जा रहे हैं। हरीश चंद्र दास का आरोप है कि संत समाज को बिना बताए ही उनको समाधि दी गई है।

लेकिन आरोपों में घिरे महंत इसे सिरे से खारिज करते हैं। उनका कहना है कि महंत हौशिलादास खुद यहां आए थे। वह उनकी सेवा कर रहे थे और समाज की मौजूदगी में ही उन्हें समाधि दी गई है।

### हत्या या फिर स्वाभाविक मौत, पोस्टमार्टम होगा तब ही सच आएगा सामने



20 अगस्त को सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट।

# हिंदी बाजार के धंधेबाज पंडित को लखनऊ ले गई डीआरआई की टीम

## सुल्तानपुर में टीम ने अवैध सोने के साथ दबोचा, बड़े पैमाने पर अवैध धंधा संचालित करता है पंडित

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** हिंदी बाजार के चर्चित सोने के धंधेबाज पंडित को डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय) की टीम ने शुक्रवार की रात सुल्तानपुर में अवैध सोने के साथ दबोचा और लखनऊ ले गई।

देर रात स्थानीय जांच एजेंसियों को भी इसकी सूचना मिल गई। खबर है कि रात में हिंदी बाजार के हरबंश राम गली में एक सराफा व्यापारी की दुकान पर डीआरआई के साथ स्थानीय जांच एजेंसियों की टीम भी आई थी। बताया जा रहा है कि डीआरआई की पकड़ में आया पंडित लंबे समय से अवैध सोने की खरीद-फरोख्त का काम करता है।

सूत्रों ने बताया कि कुछ वर्ष पहले डीआरआई की टीम ने गोरखपुर से बाहर एक बड़े कारोबारी को गिरफ्तार किया था। उसके पास से भारी मात्रा में अवैध सोना बरामद किया गया था। उसी दौरान पंडित का नाम सामने आया था। व्यापारी के जेल जाने के बाद अपनी पैठ बढ़ाते हुए पंडित ने अवैध सोने को खपाने के लिए हिंदी बाजार में अपना नेटवर्क तैयार कर लिया। कुछ ही समय में पंडित का सिक्का चलने लगा।

सूत्र बताते हैं कि एक तरह से उसका नाम ही अवैध सोने की खरीद-फरोख्त में हॉलमार्क के तौर पर पहचान बन गया।

जानकार बताते हैं कि कालाबाजारी में चर्चित पंडित का नेटवर्क ऐसा है कि दो से तीन घंटे में ही वह तीन से पांच किलो तक अवैध सोना खपा देता है। पहले, पंडित खुद दूसरे धंधेबाजों से सोना लेता था, लेकिन अब उसका नेटवर्क इतना बड़ा हो गया है कि वह दूसरे को सोने की खेप पहुंचा देता है। सूत्र बताते हैं कि रक्षाबंधन त्योहार की व्यस्तता में पंडित ने बड़ी मात्रा में अवैध सोना खपाने की साजिश रची।

अवैध सोने की खेप मंगवाई और इसे सुरक्षित गोरखपुर लाने की फिराक था। इसी बीच एजेंसी को सूचना मिली और उसकी लखनऊ यूनिट ने व्यापारी को एक किलो अवैध सोने के साथ गिरफ्तार कर लिया।




अमर उजाला में 2 जून के अंक में प्रकाशित खबर।

### मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश के बाद पहली बड़ी कार्रवाई

**मुख्यमंत्री** कार्यालय से स्थानीय जांच एजेंसी को अवैध सोने के धंधेबाजों को लेकर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया था। जिस विभाग के पास से इस संबंध में सूचना मांगी गई थी, उसका पास जांच के सीमित अधिकार हैं, इसलिए उसने दूसरी एजेंसी को सतर्क कर दिया था। इसी का नतीजा रहा कि शुक्रवार की देर रात अवैध सोने का एक बड़ा खिलाड़ी जांच एजेंसी की पकड़ में आ गया।

### *बाजार के धंधेबाज एजेंसी के रडार पर*

*हिंदी बाजार में अवैध सोने के धंधे के पांच से छह बड़े खिलाड़ी अलग-अलग जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। इसमें केंद्रीय एजेंसियां भी स्थानीय नेटवर्क की जांच-पड़ताल करवाती हैं। कुछ दिन पहले जिले के बड़े अधिकारियों ने बाजार के बड़े व्यापारियों और सराफा मंडल के पदाधिकारियों से इनके व्यापार के बारे में जांच की थी।*

# छेड़खानी का केस दर्ज

**पिपराइच।** इलाके के लुहसी गांव निवासी विवाहिता ने पड़ोसी पर छेड़खानी व धमकी देने का केस दर्ज कराया है। विवाहिता ने आरोप लगाया है कि वह 30 अगस्त की सुबह करीब 10 बजे अपने खेत जा रही थी। रास्ते में आरोपी अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर ब्लाउज फाड़ दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए। आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह गाली व जानमाल की धमकी देकर भाग गया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-02-09-2023

# शिक्षक व प्रबंधक सहित तीन पर कूटरचित धोखाधड़ी का केस

**भाटपाररानी (एसएनबी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़ी बाबू स्थित पूर्वांचल जूहा स्कूल के प्रबंधक और शिक्षकतथा एक अज्ञात के विरुद्ध कूट रचित धोखाधड़ी का केस शुक्रवार की रात दर्ज कर लिया गया है । वादी निवासी पकड़ी बाबू रितुल शाही ने दज प्राथमिकी में कहा है कि उनके गांव सहायता प्राप्त पूर्वांचल जूहा स्कूल में एक शिक्षक का पद रिक्तचला आ रहा था। जिस पर प्रबंधक अभिषेक शाही तथा शिक्षक आशुतोष धर दुबे तथा एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात सरकारी अभिलेख में कूटरचित धोखाधड़ी करके नियुक्ति करली गई है।विभाग से न्याय नहीं मिलने पर वादी ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर शिक्षक आशुतोषधर दुबे, प्रबंधक अभिषेक शाही तथा एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात के विरुद्ध सरकारी अभिलेख में कूट रचित धोखाधड़ी करके नियुक्ति करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि उक्त शिक्षक का सर्विस विवरण मानव संपदा पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है।थाना अध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया है कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। दस्तावेज से जुड़ा अपराध है ।दस्तावेज की जांच की जाएगी गड़बड़ी पाए जाने पर विधि संवत कार्रवाई होगी।

# अधिवक्ताओं पर फर्जी मुकदमा वापस ले सरकार

**बरहज (एसएनबी)**। तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गत दिनों हापुड़ जनपद न्यायालय में क्षेत्राधिकारी व पुलिस द्वारा वकीलों पर किये गये बर्बर लाठी चार्ज तथा गंभीर धाराओं मेंअधिवक्ताओं के ऊपर झूठे मुकद्मे दर्ज कराने के विरोध में शुक्रवार को अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित पत्रक उपजिलाधिकारी अवधेश निगम को सौपा। अधिवक्ताओं का कहना है कि प्रदेश की पुलिस बेलगाम हो चकी है। बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सभी अधिक्ता संघ को आवाह्न किया है कि जब तक हापुड़ के जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का तबादला नही हो जाता तब तक अधिवक्ता संघ आन्दोलित रहेंगे। बार कौंसिल के आह्वान पर अधिवक्ता संघ बरहज प्रदो के विभिन्न जिलों में, कचहरी परिसर में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर किये जा रहे अत्याचार एवं उत्पीड़न की र्कावाही रोकने तथा हापुड़ जनपद के पुलिस क्षेत्राधिकारी व घटना में शामिल पुलिसकर्मियों के ऊपर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। अधिवक्ताओं ने मांग किया है कि अधिवक्ताओं का उत्पीड़न तत्काल बन्द करते हुए फर्जी मुकद्मे में फंसाये जाने से रोका जाय। इस दौरान रामायण तिवारी, चन्द्रभूषण यादव, तारकेश्वर तिवारी, नागेन्द्र मिश्र, त्रिपुरेश मिश्र, शिवदयाल सिंह, नागेन्द्र सिंह, श्रवण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



# पुलिस ने 82 के तहत की कार्रवाई



आरोपी के घर नोटिस चस्पा करती पुलिस।

कपरवार (एसएनबी)। कई मामलों में में मुकद्मा दर्ज आरोपी के घर बरहज पुलिस ने 82 के तहत कार्यवाही करते हुए उसके दरवाजे पर नोटिस चस्पा किया। थाना क्षेत्र के ग्राम खोरी निवासी वांछित अभियुक्त प्रद्युम्न पुत्र रामविचार विश्वकर्मा के विरूद्ध मु0 अपराध संख्या 223/22धारा 307 323. 452. 325, 504, 506 आईपीसी व 3(2) 5 एससी एसटी एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज है। न्यायालय में हाजिर नही होने पर पुलिस ने 82 के तहत कार्यवाही करते हुए गांव में मुनादी कराकर नोटिस चस्पा किया है। इस दौरान एसआई मनमोहन मिश्र, कां0 मुन्ना खरबार, अजय यादव, रामराज यादव आदि मौजूद रहे।

# गोरखपुर पुलिस ने चोरी के बेचे हुए सामान के मामले में एक को उठाया

रुद्रपुर (एसएनबी)। गोरखपुर की कैण्ट पुलिस ने शुक्रवार को रुद्रपुर पहुंचकर स्थानीय कोतवाली पुलिस के सहयोग से चेन स्नेचिंग व चोरी के मामले में पकड़े युवक के निशानदेही पर रुद्रपुर में पुलिस ने कुछ दुकानों पर जांच पड़ताल किया। जहां पाया गया कि पकड़े गये उक्त युवक ने एक दुकानदार के यहां चोरी का सामान बेचकर बदले में सोना भी खरीदा था। जिसको आयी गोरखपुर पुलिस टीम ने बरामद कर लिया है। तथा एक युवक को हिरासत में भी लेकर पूछताछ कर रही है। मालूम हो कि पकड़ा गया चोर रुद्रपुर में अन्य कुछ दुकानों पर भी चोरी का सामान बेचा था। पुलिस उन सामानों की भी जांच कर रही थी। पुलिस चोरी के सामान को बरामद करते हुए एक व्यक्ति को हिरास्त में ले लिया है।

# मोटरसाइकिल की चोरी, केस दर्ज

**बस्ती** । एक व्यक्ति की बाइक को किसी अज्ञात चोर चोरी कर उठा ले गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थानान्तर्गत पाऊ चौराहा स्थित विद्याराम अपनी एचएफ डिलक्स बाइक संख्या यूपी 51 एई/ 0793 को खड़ी कर किसी काम से गया हुआ था। इस दौरान उसकी बाइक पर चोरो की नजर गड़ गयी और मौके मिलते ही वह बाइक को चोरी कर फरार हो गये।

# चचेरी बहन के साथ युवक ने किया दुष्कर्म, केस दर्ज

तरकुलवा (एसएनबी)। चचेरी बहन को एक युवक ने घर में बर्तन साफ करने के बहाने बुलाकर दुष्कर्म कर दिया। रक्त स्राव होने पर किशोरी रोते हुए घर पहुंच कर परिजनों से आप बीती बताई। घर वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया। नगर पंचायत तरकुलवा के एक वार्ड के रहने वाले युवक ने अपने तेरह वर्षीय चचेरी बहन से शुक्रवार शाम को बर्तन धोने के बहाने घर बुला लिया और उसके साथ जबरिया दुष्कर्म किया। इस दौरान किशोरी को रक्त स्राव होने लगा। किसी तरह वह घर पहुंच कर जब घर वालों से आप बीती बताई तो परिजन हैरान हो गए। वे किशोरी को एक निजी चिकित्सक के यहां इलाज कराने के बाद थाने पहुंच करके आरोपित के विरुद्ध तहरीर दी।पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया। इस मामले में पुलिस ने किशोरी से पूछताछ के बाद उसकी मां की तहरीर पर आरोपी कुलदीप के विरुद्ध दुष्कर्म तथा पाक्सो एक्ट का केस दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर दिलीप सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।कल विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेजा जाएगा।

# एक दर्जन से अधिक लोगो के खिलाफ मारपीट का केस

भटनी (देवरिया )। भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम कुरमौटा ठाकुर के आधा दर्जन से अधिक लोगो के खिलाफ लूट सहित मारपीट का मुकदमा भटनी थाने मे दर्ज हुआ है । घटना के सम्बन्ध मे ग्राम कुरमौटा ठाकुर थाना भटनी निवासी अमीत सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह द्वारा थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि मेरे ही गाँव के अवधेश यादव पुत्र किशुनदेव यादव शैलेश साहनी पुत्र रामायन साहनी अल्का साहनी पुत्री रमामन साहनी इन्द्रावती पत्नी रमायन अभिषेक पुत्र मुन्ना साहनी रत्नेश पुत्र रामबडाई साहनी मुन्ना साहनी पुत्र हीरा साहनी व अज्ञात लोगो द्वारा मेरे भाई को रोक कर बाईक की चाभी छीन कर गाली देते हुए जान मारने की धमकी देने लगे ।जब मेरा भाई जान बचाकर घर की तरफ भागा लो ललकारते हुए घर मे घुसकर माता पिता को भी मारपीट कर घायल कर दिये तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा - 147323504506452352 व 392 के अन्तर्गत मुकदमा कर आरोपियों की तलाश कर रही है ।

# समिति के सदस्यों ने किया बालगृह का निरीक्षण



बालगृह के निरीक्षण केदौरान का चित्र।

देवरिया (एसएनबी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के अध्यक्षता में राजकीय बाल गृह देवरिया में आवासित बच्चों के समग्र विकास हेतु निरीक्षण कर बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में जनपद न्यायाधीश देवरिया के द्वारा गठित जनपद स्तरीय समिति के द्वारा राजकीय बाल गृह में योगा, क्रीडा,रंगमंच, चित्रकारी, बागवानी, संगीत, व्यवसायिक कार्यक्रम, सुरक्षा, आहार, स्वास्थ्य, इत्यादि बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया।

समिति के द्वारा राजकीय बाल गृह के अध्ययन कक्ष, शयन कक्ष, भोजनालय, विश्राम कक्ष, प्रसाधन गृह, का निरीक्षण कर साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री अशोक कुमार दूबे ने कहा कि मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा बालगृह में आवासित बच्चों के समग्र विकास हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होने संस्था के सुरक्षा व्यवस्था व रंगमंच के माध्यम से बच्चों के अन्दर आत्मविश्वास उत्पन्न करने, चित्रकला के द्वारा बच्चो के अन्दर रचनात्मक व क्रियात्मक विकास करने, हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप से क्रियान्वयन करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी रविन्द्र कुमार के द्वारा बच्चो हेतु पौष्टिक भोजन, बिस्तर, वस्त्र तथा मूल-भूत आवश्यकताओं की उपलब्धता का आकलन किया गया। उन्होंने कौशल विकास योजना के माध्यम से बच्चो के अन्दर रोजगारपरक कौशल विकसित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। अपर सिविल जज (जू0डी0) सिद्दी जय प्रकाश के द्वारा बच्चों के अन्दर मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु योगा एवं ध्यान की शिक्षा निरन्तर देने हेतु निर्देशित किया गया। अपर सिविल जज (जू0डी0) श्री विकास वर्मा के द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य हेतु निरन्तर परीक्षण कर उनमें उत्पन्न शारीरिक विकारों को दूर करने के लिए निदेशित किया गया। समाजिक कार्यकर्ता विजय जुआठा के द्वारा बच्चों के सर्वोत्तम हित का घ्यान रखतें हुये उनके परिवारों का खोजकर उन्हे परिवार में पुर्नवासित कराने हेतु संकल्प लिया गया।

इस बैठक में मुख्य रूप से अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अशोक कुमार दूबे, मुख्य विकास अधिकारी रविन्द्र कुमार , अपर सिविल जज (जू0डी0) सिद्दी जय प्रकाश,अपर सिविल जज (जू0डी0) विकास वर्मा, जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल सोनकर, बाल संरक्षण अधिकारी ,जय प्रकाश तिवारी गिरिजेश राव राठौर प्रशासनिक अधिकारी देवरिया, सामाजिक कार्यकर्ता विजय जुआठा, प्रभारी अधीक्षक राजकीय बाल गृह श्रीमती सावित्री देवी तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

# भाजपा नेता के बाइक का कर दिया 15 हजार का चालान, सीज

भटनी (देवरिया)। भटनी नगर पंचायत मे बाईक चोरी व रात को ट्रेन से उतर कर आये ट्रेन यात्री की मोबाईल पैन कार्ड आधार कार्ड लाईसेन्स दो हजार रुपये की चोरी के साथ तीन बाईक चोरी की घटना को लेकर बौखलाई पुलिस चोरो को गिरफ्तार व बाईक बरामद करने मे असफल पुलिस अब जनप्रतिनिधियों की बाईक सीज करके अपना नया चेहरा बृहस्पतिवार की लगभग पोने आठ बजे भरे चौराहे पर दिखा दिया ।पुलिस के रवैये से चौराहे के दुकानदार सहित ट्रेन पकडने आये ट्रेन यात्री भी भयभीत हो गये है । बताया गया कि एक सप्ताह के अन्दर केवल नगर मे एक ही रात्रि दो घटनाएं घटी । नगर के केवडा मुहल्ला निवासी रामबाबू बरनवाल की बाईक व उसी रात को ट्रेन से उतरकर बिहार का ट्रेन यात्री संजीव तिवारी पुत्र रामनरायन तिवारी ग्राम कुटिया थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज स्टेशन से केवडा स्थित हनुमान मन्दिर आये ।मन्दिर पर आते ही नींद लग गयी ।उसी समय पाकेट से मोबाईल पैन कार्ड आधार कार्ड लाईसेन्स दो हजार रुपया नकदी चोर निकाल ले गये ।यात्री बिहार का था ।जी आर पी पुलिस अपने सीमा से बाहर होने के कारण भटनी थाने पर भेज दिया । थाने की पुलिस ट्रेन यात्री को समझा बुझाकर घर भेज दिया ।घटना की प्राथमिकी दर्ज नही की ।इसी क्रम में 26 अगस्त को केवड़ा चौराहे के बगल में गोरख यादव के बरामदे में खड़ी ज्ञान प्रकाश तिवारी की बाईक चोर उठा ले गए । इसके पूर्व 7 अगस्त को रात 7-30 बजे वीरेन्द्र प्रसाद पुत्र चंद्रबली प्रसाद गोंड़ ग्राम दुल्लहछपरा के राजस्व ग्राम लक्ष्मी पुर के निवासी है जो रेलवे कर्मचारी है और भटनी में तैनात है उनके रेलवे आवास से बाईक चोर उठा ले गए एक दिन पहले उनकी साईकिल भी चोर उठा ले गए। इसी तरह के अन्य घटनाओं पर भटनी पुलिस पर्दा डालने का कार्य कर रही है ।उसी मामले मे शायद पुलिस अधिकारियों द्वारा हल्के के उपनिरीक्षक को डाँट पीलाई होगी ।जिससे बौखलाए हल्के के उपनिरीक्षक द्वारा घटना स्थल पर ट्रेन यात्रियों के परिजनों को भी बुरा भला कहा साथ ही लाठी भी भांजना शुरु किया ।केवडा के वर्फी बेचने बाले दूकानदारों को भी भद्दी -भद्दी गालियां दी ।दूकानदार पुलिस के रवैये से काफी भयभीत हैं ।उसी समय भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व अल्पसंख्यक मोर्चा के लोकसभा जिला प्रभारी वर्तमान में घोसी उपचुनाव के मुख्य संचालक व चुनाव प्रभारी रोशन जमीर कल्लू सडक के किनारे अपनी बाईक खडी कर वही मौजूद थे । उसी समय उपनिरीक्षक द्वारा पुछा कि किसकी बाईक है । रोशन जमीर कल्लू ने कहा कि मेरी बाईक है ।कागजात दिखाये ।जिस प्रर धौंस जमाते हुए लाठी उठा लिया ।सरेआम कागजात दिखाने के बाद कागजात व मुकदमें से संबंधित जरूरी दस्तावेज भी बाईक सहित थाने लेकर चले गये ।जब रोशन जमीर भाजपा नेता द्वारा यह पूछा गया कि बगल की खड़ी पल्सर बाईक बिना लक किए सड़क पर घण्टो से खड़ी है उसको भी चालान किया जाय ।जिस पर बात काफी बिगड़ गई और मेरी गाड़ी के साथ उस गाड़ी को भी ले जाने की कोशिश किये परन्तु लोगों के भारी जनविरोध के कारण घण्टो से खड़ी पल्सर बाईक को नही ले जा पायें। जब पूरे मामले की जानकारी किसी ने थानाध्यक्ष ड महेन्द्र कुमार को दी तो थानाध्यक्ष अपने हमराहियों के साथ केवड़ा चौराहे आएँ और गुस्साए दुकानदारों की एक एक बातों को सुने और आश्वासन दिया कि अब इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति चौराहे पर नही होगी। जिसपर गुस्साए दुकानदार किसी तरह से शान्त हुए और चौराहे पर खड़ी पल्सर बाईक को भी थाने ले गए। पल्सर बाईक की चौराहे पर चर्चा है कि किसकी बाईक थी जिसे सीज नही की गई और जनप्रतिनिधि की बाईक तत्काल सीज कर दी गई।अब यह पूरे नगर में पुलिसिया कार्यवाही की चर्चा खूब हो रही है। लेकिन चोरी के एक भी मामले का पर्दाफाश नही कर पाये ।पुलिस के कार्यवाही पर सवाल उठ रहा ।बाईक स्वामी जब कागजात नही दिखा पाता है तभी बाईक या वाहन सीज किया जाता है ।नियम के रखवाले ही नियम का पालन नही कर पा रहे है तो अन्य लोगो से क्या उम्मीद की जा सकती है ।इस सम्बन्ध मे रोशन जमीर कल्लू ने पुलिस के उच्चाधिकारियों को एक पत्र भेजकर सम्पूर्ण मामले की गोपनीयता से नही सरेआम चौराहे पर जाँच कराकर दोषी उपनिरीक्षक के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की माँग किया है ।चोरो के आतंक से केवडा के लोगो की नींद हराम हो गयी है ।

# प्रबंधक, शिक्षक पर धोखाधड़ी का केस

- पूर्वांचल जू. हाईस्कूल पकड़ी बाबू भाटपाररानी स्कूल का है मामला
- बिना विज्ञापन के एक शिक्षक की नियुक्ति का था मामला

देवरिया, निज संवाददाता। स्कूल में बिना विज्ञापन के एक शिक्षक की नियुक्ति के मामले में भाटपाररानी पुलिस ने प्रबंधक, शिक्षक समेत अज्ञात के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

भाटपाररानी थाना क्षेत्र के पकड़ी बाबू गांव के रहने वाले रितुल विशेन पुत्र सुशील शाही ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गाँव में पूर्वांचल जूनियर हाईस्कूल पकड़ी बाबू शासन द्वारा मान्यता एवं सहायता प्राप्त विद्यालय है। विद्यालय शासन द्वारा सहायता प्राप्त है इस कारण इस विद्यालय में समस्त शैक्षणिक स्टाफ प्रधानाध्यापक एवं अध्यापक की नियुक्ति उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त बेसिक ( जूनियर स्कूल हाईस्कूल) अध्यापकों की भर्ती एवं सेवा की शर्तों अधिनियम 1978 के तहत होती है। विद्यालय में एक सहायक अध्यापक का पद सेवानिवृति के कारण वर्ष 2016-17 में रिक्त हुआ था। नियमतः उस पद पर नियुक्ति होने से पहले विज्ञापन का प्रकाशन कर चयन प्रक्रिया जो अधिनियम द्वारा प्रावधानित है उसको अपनाया जाना चाहिये था, लेकिन विद्यालय के प्रबन्धक अभिषेक कुमार शाही ने शासन द्वारा अधिनियमित चयन प्रक्रिया को परे रखते हुए आशुतोषधर दूबे को सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त कर दिया। आशुतोषधर दूबे सहायक अध्यापक पद पर नियुक्त होने की अनिवार्य योग्यता भी पूरी नहीं करते हैं। विद्यालय के प्रबन्धक ने अन्य व्यक्तियों से षडयन्त्र कर कुटरचित दस्तावेजों के आधार पर अपने लाभ के लिए यह फर्जी नियुक्ति कर दी। मामले में पीड़ित का मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो उसने न्यायालय में गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर भाटपाररानी पुलिस ने आशुतोषधर दूबे निवासी एमआईजी 108 सिद्धार्थ इन्क्लेक तारामण्डल, गोरखपुर, अभिषेक कुमार शाही प्रबन्धक पूर्वांचल जूनियर हाईस्कूल पकड़ी बाबू, थाना भाटपाररानी और अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

देवरिया जिले के बनकटा थाना क्षेत्र की रहने वाली थी युवती

# घर से गायब युवती का बिहार में मिला शव

## हत्या का आरोप

- युवती की मां ने पड़ोस के पांच लोगों पर लगाया आरोप
- मां का आरोप हाथ-पैर बांध चाकू से गोदकर हत्या के बाद फेंका शव
- आरोपियों के खिलाफ पहले से दर्ज है युवती से छेड़खानी का केस
- बिहार प्रांत के मैरवा में रेलवे ट्रैक पर मिला कटा हुआ शव

बनकटा (देवरिया), हिन्दुस्तान टीम। बनकटा क्षेत्र से गुरुवार आधी रात में गायब हुई युवती का शव सुबह बिहार प्रांत के मैरवा में रेलवे ट्रैक पर मिला। युवती की मां का आरोप है कि पड़ोस के पांच लोगों ने युवती के हाथ-पैर बांध चाकुओं से गोदकर हत्या करने के बाद शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। आरोपियों पर तीन महीने पूर्व युवती के साथ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज हुआ था।

युवती गुरुवार की रात भोजन करने के बाद छत पर सोने चली गई। रात में वह संदिग्ध परस्थितियों में घर से गायब हो गई। शुक्रवार की सुबह उसका शव बनकटा थाना क्षेत्र के दासनरहिया गांव से करीब सौ मीटर पूरब की तरफ बिहार प्रांत के सीवान जिले के मैरवा थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिला। शव कमर के पास से दो हिस्सों में कट गया था और पूरी तरह से क्षत-विक्षत था। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे परिवारीजनों ने हत्या का आरोप लगाया। युवती की मां का आरोप है कि पड़ोसियों ने युवती को घर से ले जाकर हाथ-पैर बांधने के बाद चाकुओं से गोदकर हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। वह पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगा रही है। उसका आरोप है कि उक्त लोगों पर उसने कुछ माह पूर्व छेड़खानी का केस दर्ज कराया था, उसी खुन्नस में उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। थानाध्यक्ष बनकटा मुकेश मिश्र ने कहा कि सूचना मिलने पर वह घटनास्थल पर गए थे। शव का पोस्टमार्टम मैरवा पुलिस करा रही है।

**छेड़खानी का केस दर्ज होने पर आरोपियों ने दी थी हत्या की धमकी**

युवती ने इसी साल इंटर की परीक्षा पास की थी। परिवारीजनों के अनुसार जब वह पढ़ाई करती थी तभी से गांव के कुछ युवक उसके साथ छेड़छाड़ करते थे। करीब तीन माह पूर्व इस मामले को लेकर मारपीट भी हुई थी। जिसमें एसपी के आदेश पर पुलिस ने 21 मई को गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ छेड़खानी का केस दर्ज किया था। युवती की मां का आरोप है कि केस दर्ज होने के बाद आरोपियों ने धमकी दी थी कि अगर कोर्ट से नोटिस आई तो उसी दिन बेटी की हत्या कर देंगे।

पिछले दिनों कोर्ट से नोटिस पहुंचने पर आरोपी बौखलाए हुए थे। परिजनों का कहना है कि गुरुवार को युवती भोजन करने के बाद घर में सोई थी। रात करीब 11 बजे गर्मी होने पर वह छत पर सोने चली गई। सुबह वह वह छत पर नहीं मिली। छत की तरफ से सीढ़ी का फाटक बंद था। जब उसकी तलाश की गई तो उसका शव दासनरहिया गांव के पास रेल लाइन के किनारे मिला। उसे चाकू मारा गया था और हाथ-पैर बंधे थे।

> युवती का शव बिहार में मिला है। वहां की पुलिस छानबीन कर रही है। इसमें जिले की पुलिस भी पूरा सहयोग कर रही है। फिलहाल ट्रेन के ड्राइवर ने जो मेमो स्टेशन मास्टर को दिया है उसमें उसने युवती के कूदने की बात कही है। परिजनों के आरोपों की भी पूरी छानबीन की जाएगी।
> संकल्प शर्मा, एसपी देवरिया।

## किशोरी के गायब होने पर अपहरण का केस

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के गायब होने के मामले में पुलिस ने उसकी मां के तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को दिए तहरीर कहा है कि उसकी तबियत खराब रहती है। वह लखनऊ दवा कराने के लिए गई थी। घर पर दादी का तबियत खराब होने के कारण उसकी बेटी 25 अगस्त को कृषक एक्सप्रेस से लखनऊ से सलेमपुर आई। वह 26 अगस्त को एक शिक्षक से मिली और तभी से गायब है। पुलिस ने मां के तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण की धारा के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही हैं। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि केस दर्ज कर किशोरी के पता लगाया जा रहा है ।

# भाजपा नेता को कहा अपशब्द, मुकदमा

रामपुर कारखाना। भाजपा मंडल अध्यक्ष रामपुर कारखाना को अपशब्द कहने वाले पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में बीजेपी रामपुर कारखाना मंडल अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने बताया है कि ग्राम सभा चिरकिया के बूथ अध्यक्ष सुनील राय हैं। उनका किसी से विवाद नहीं है। वहां के ग्राम प्रधान अरुण राव तथा धर्मेंद्र मिश्रा के बीच किसी बात को लेकर विवाद है। धर्मेंद्र मिश्रा ने सुनील राय के विरुद्ध भी मुकदमा पंजीकृत करा दिया। मामला समझने के लिए उन्होंने धर्मेंद्र मिश्रा के घर के सदस्य अटल मिश्रा को फोन किया। लगभग 20 मिनट बाद अटल मिश्रा ने पुनः फोन किया और कहा कि चाचा धर्मेंद्र मिश्रा से बात कर लीजिए। फोन उठाते ही वे अपशब्दों का प्रयोग कर मुझे गाली गलौज देने लगे और ठीक करने की धमकी दी।

# प्रधानाध्यापक से बाजार में छेड़खानी, केस दर्ज

देवरिया, निज संवाददाता। परिषदीय विद्यालय की एक प्रधानाध्यापक से रास्ते से गुजरने और बाजार में जाने के दौरान एक युवक छेड़खानी किया। पीड़ित महिला की तहरीर पर बरहज पुलिस ने युवक के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बरहज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला कस्बा के एक मोहल्ला में रहती है। महिला बरहज विकास खंड के एक परिषदीय विद्यालय में प्रधानाध्यापिका के पद पर तैनात है। उन्होंने बरहज पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाई है कि एक युवक करुअना स्थित एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाता है। वह प्रधानाध्यापिका के आते जाते पीछा करता था। वह रास्ते में नजर रखना आस-पास तथा स्थानीय बाजार में प्रधानाध्यापिका बारे में पूछ-ताछ करता था। 27 अगस्त की शाम को बरहज बाजार में युवक ने छेड़खानी करने लगा।

विरोध करने पर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। प्रधानाध्यापिका की तहरीर पर बरहज पुलिस ने अमित मिश्र पुत्र स्व. चन्द्र प्रकाश मिश्रा निवासी पिपरा भुल्लि के विरुद्ध धारा 354 घ, 352, 294 और 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# प्रधान प्रतिनिधि समेत सात पर लूट-मारपीट का केस

भटनी, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के कुरमौटा ठाकुर में चार माह पहले हुए विवाद मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर ग्राम प्रधानप्रतिनिधि सहित सात के खिलाफ केस दर्ज किया है। हालांकि मारपीट के दौरान लोहे के राड से चोट लगने के कारण मौत की शिकार हुई अल्का साहनी के खिलाफ भी पुलिस ने केस दर्ज किया है।

21 अप्रैल को कुरमौटा ठाकुर गांव में इन्द्रावती साहनी तथा राजू सिंह के परिवार के बीच विवाद हो गया। मारपीट के दौरान इन्द्रावती साहनी की बेटी की मौत हो गयी। मामले में पुलिस ने राजू सिंह सहित तीन लोगों के खिलाफ मारपीट सहित हत्या का केस दर्ज किया था। जिसमें आरोपी राजू सिंह व उसके पिता अभी जेल में हैं । राजू सिंह के पक्ष का आरोप था कि घटना की सुबह इन्द्रावती देवी सहित सात अन्य लोगों ने उसके घर में घुसकर मारपीट की थी। जिसके बाद दूसरी बार मारपीट के दौरान युवती की मौत हो गई थी । पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर राजू के भाई अमित सिंह ने मामले में न्यायालय में वाद दाखिल किया किया था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि अवधेश यादव, इन्द्रावती साहनी, शैलेश साहनीआदि केस दर्ज किया है।

# चोरी की बाइक के साथ दो को दबोचा

मदनपुर। स्थानीय पुलिस चोरी की बाइक के साथ दो को दबोच थाने लाई। दोनों का शुक्रवार को चालान कर दिया गया।

मदनपुर पुलिस को चोरी की बाइक के साथ दो के बरहज जाने की सूचना मिली। पुलिस ने बरांव चौराहे पर सघन चेकिंग शुरु कर दिया। इसी बीच दोनों आरोपी बाइक से आते दिखाई दिए। लेकिन पुलिस को देख दोनों बाइक मोड़ भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने पीछा कर दबोच लिया। टीम में थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी, अंजनी कुमार यादव, ईश्वरचंद, रंजीत कुमार, विनय कुमार आदि शामिल रहे। थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि बरईपार निवासी रितेश कुमार उर्फ निरहू व शिवानंद के चोरी की बाइक से बरहज की ओर जाने की सूचना थी।

# नाबालिग चचेरी बहन से युवक ने किया दुष्कर्म

## शर्मनाक

- आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ
- नगर पंचायत तरकुलवा के वार्ड नंबर एक का रहने वाला है युवक

तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद। नाबालिग चचेरी बहन के साथ एक युवक ने शुक्रवार को दुष्कर्म कर दिया। किशोरी ने घर पहुंचकर परिजनों से आप बीती बताई तो घर वालों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया।

नगर पंचायत तरकुलवा के 1 वार्ड के रहने वाले एक युवक ने अपनी ही चचेरी बहन को शुक्रवार की शाम को बर्तन धोने के बहाने घर बुला लिया। उसी दौरान उसने मौका देख उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। इससे किशोरी की हालत गंभीर हो गई। किसी तरह घर पहुंच कर जब घर वालों से आप बीती बताई तो सुनकर परिजन हैरान हो गए। किशोरी का एक निजी चिकित्सक के यहां इलाज कराने के बाद थाने पहुंच करके आरोपित के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने पहुंच कर आरोपित को हिरासत में ले लिया। किशोरी से पूछताछ के बाद उसकी मां की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म तथा पॉक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर लिया। इंस्पेक्टर दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म एव पॉक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

**राहत** | देवरिया लोक सभा क्षेत्र में पड़ने वाले अनुआपार के लिए कई बार हो चुके थे आंदोलन

# अनुआर रेलवे लाइन के नीचे बनेगा अंडरपास, बजट जारी

देवरिया, निज संवाददाता। जल्द ही पिवकोल गांव के लोगों के साथ क्षेत्र के एक दर्जन गांव के लोगों को रेलवे ट्रैक पार कर आने जाने से मुक्ति मिल जाएगी। हाई कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल होने के बाद वर्षों से रेलवे ढाला बनाने की मांग से लोगों को राहत मिलेगी। शिवचरण ब्रम्हा धाम विकास ट्रस्ट ने लोगों की समस्या के लिए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल किया था। जिस पर रेलवे ने मानकों का हवाला देकर प्रदेश सरकार का मामला बताते हुए अंडर पास के लिए बजट की मांग की। अब पीडब्लूडी ने इसके लिए पहली किस्त जारी कर दिया है।



अनुआपार ढाला से होकर गुजरते हुए बच्चे।

भटनी वाराणसी रेलखंड पर दोहरीकरण होने की प्रक्रिया चल रही है। जहाँ भटनी और पिवकोल स्टेशन तक चार रेलवे ट्रक बिछाया जा रहा है। जिससे छपरा की तरफ से आने वाली ट्रेन भी वाराणसी के तरफ बिना इंजन बदले ही चली जाए। इसके लिए पिछले काफी समय से कार्य चल रहा है। पिवकोल गांव रेलवे लाइन के पूर्व और पश्चिम तरफ बसा हुआ है। खेती और अन्य काम से लोगों को रेलवे ट्रैक पार कर आना जाना पड़ता है। ग्रामीण रेलवे लाइन पर ढाला बनाने के लिए वर्षों से मांग कर रहे है। पहले यह गांव सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र में था, तब इसके लिए कई संगठनों ने आंदोलन चलाया। परिसिमन के बाद पिवकोल देवरिया सदर लोग सभा और रामपुर कारखाना विधानसभा में चला गया। इसके बाद भी गांव के लोग जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाते रहे, लेकिन न तो ढाला खुला और न ही अंडर पास बना। थक हार कर पिवकोल के रहने वाले गंगा सागर तिवारी ने ग्रामीणों की समस्या को देख कर शिवचरण ब्रम्हा धाम विकास ट्रस्ट का स्थापना किया। इसके बाद गंगा सागर तिवारी ने अनुआपार में अंडर पास बनाने के लिए रेलवे और प्रदेश सरकार को पार्टी बनाते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी। हाई कोर्ट ने दोनों से जवाब मांगा। रेलवे ने मामला राज्य सरकार का होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया। रेलवे ने अंडर पास बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा बजट देने पर निर्माण की बात कही। रेलवे ने अंडर पास बनाने के लिए प्रदेश सरकार से 4.24 करोड़ रुपये की मांग किया। वहीं पहुंच मार्ग के लिए पीडब्लूडी ने 2.60 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा। इसी क्रम में अब अंडर पास बनाने के लिए कुल 6.74 करोड़ रुपये में से पहली किस्त 3.37 करोड़ रुपए शासन ने पीडब्लूडी को भेज दिया है। उक्त बजट डीएम के जरिए रेलवे को भेजा जाएगा।

# मुकदमा वापस करने की मांग, अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार



एसपी से मिलने पहुंचा अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल • जागरण



सलेमपुर तहसील में प्रदर्शन करते अधिवक्ता • जागरण

विधि संवाददाता, देवरिया: दीवानी न्यायालय के अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज मुकदमा का मामला तूल पकड़ लिया है। शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया। अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी संकल्प शर्मा से मुलाकात कर मुकदमा वापस करने की मांग की। उधर, आंदोलन को देखते हुए कचहरी चौराहे से लेकर दीवानी गेट तक पुलिस छावनी में तब्दील रहा। अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के चलते वादकारियों को बिना न्याय मिले ही वापस लौटना पड़ा।

दो दिन पूर्व बुधवार को आंदोलन के दौरान कोतवाली के सिपाही को थप्पड़ मारने के मामले में दर्ज लूट व अन्य धाराओं में मुकदमे का विरोध करते हुए अधिवक्ता शुक्रवार की सुबह लामबंद हो गए। जिला अधिवक्ता संघ व जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने बैठक की। पुलिस पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए निंदा करते हुए न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने का निर्णय लिया।

इसके बाद अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, मंत्री अरुण कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में एसपी से मिला। अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की।

एसपी ने आश्वासन दिया कि आरोपित अधिवक्ता के घर पुलिस नहीं जाएगी। इस दौरान अधिवक्ता सुभाष चंद राव, सिंहासन गिरी, श्रीराम तिवारी आदि मौजूद रहे।

बरहज संवाददाता के अनुसार, बरहज तहसील के अधिवक्ता शुक्रवार को हड़ताल पर रहे। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज व संगीन आपराधिक मुकदमा दर्ज कराए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के नाम संबोधित पत्रक उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार निगम को सौंपा। इस दौरान अध्यक्ष खुर्शीद आलम, नागेंद्र मिश्र, तारकेश्वर तिवारी, रामायण तिवारी, नागेंद्र सिंह, मुरारी भारती आदि मौजूद रहे।

## डीएम से मिले अधिवक्ता

देवरिया: जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश चंद मिश्र व मंत्री ज्ञानेश्वर मिश्र के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को डीएम अखंड प्रताप सिंह से मिला। साथ ही अधिवक्ता अरुण कुमार राव पर हुए हमले की निंदा करते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की गई। बृज बांके तिवारी, आनंद राय, कृपा नारायण पांडेय, जयप्रकाश मिश्र मौजूद रहे।

## हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

जासं, सलेमपुर: हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की घटना के विरोध में तहसील के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने नारेबाजी भी की। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। अध्यक्ष रामेश्वर मिश्र ने कहा कि हापुड़ में पुलिस ने अधिवक्ताओं के साथ घोर ज्यादती की है। 40-50 अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। सरकार पुलिस वालों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं कर रही है। इस दौरान देवमोहन तिवारी, अशोक शर्मा, अवधेश कुमार मौर्य, जितेंद्र कुमार मिश्र आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# टाप 10 माफिया को सजा कराने में गोरखपुर समेत 49 जिले फिसड्डी

सतीश पांडेय • गोरखपुर

शासन व सरकार की मंशा है कि जिले के टाप 10 की सूची में शामिल माफिया को सजा हो। मानीटरिंग सेल प्रभारी व जिस क्षेत्र में माफिया का घर है वहां के थानेदार को जिम्मेदारी दी गई है कि न्यायालय में मजबूत पैरवी कर सजा दिलाएं। गोरखपुर समेत 49 जिलों में पिछले एक वर्ष के भीतर किसी माफिया को सजा नहीं हुई है। प्रमुख सचिव गृह ने इस पर नाराजगी जताते हुए डीएम-एसएसपी के साथ ही पुलिस अधिकारियों को पत्र लिख स्थिति में सुधार करने को कहा है। जिले के टाप 10 माफिया पर शिकंजा कसने के लिए शासन ने उनके विरुद्ध दर्ज मुकदमे में मजबूत पैरवी करके सजा दिलाने के लिए अभियान शुरू किया था। हर दो माह पर समीक्षा होती है कि किस जिले मजबूत साक्ष्य व गवाही की वजह से चिह्नित माफिया को सजा नहीं मिली। समीक्षा में सामने आया है कि गोरखपुर, बस्ती, संतकबीरनगर जिले के अधिकारियों को स्थिति में सुधार लाने के लिए शासन छह बार पत्र लिख चुका है, बावजूद स्थिति जस की तस है। पूरे प्रदेश में सिद्धार्थनगर जिले की स्थिति सबसे बेहतर है, यहां मजबूत साक्ष्य व पैरवी से 10 में सात बदमाशों को सजा मिल चुकी है। शेष का मामला विचाराधीन है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने जिलाधिकारी व एसएसपी को पत्र लिख कहा है कि टाप 10 अपराधियों को सजा दिलाने में जिम्मेदार रुचि नहीं ली जा रही है। यह स्थिति संतोषजनक नहीं है। माफिया के विरुद्ध दर्ज मुकदमे के साक्षी की गवाही कराके उन्हें दोष सिद्ध कराएं। **इन जिलों में माफिया को मिली सजा** सिद्धार्थनगर में सात, मेरठ में छह, कौशाम्बी में छह, उन्नाव, रायबरेली व अयोध्या में चार-चार, प्रयागराज, हापुड़, देवरिया व लखनऊ में तीन-तीन, बलरामपुर, कन्नौज, इटावा, मुरादाबाद, ललितपुर और जालौन में दो-दो, अमेठी, कुशीनगर, महराजगंज, सीतापुर, बिजनौर, बदायूं और जौनपुर में पुलिस व अभियोजन की मजबूत पैरवी से टाप 10 में शामिल एक-एक माफिया को सजा मिली है।

> जिले व प्रदेश के माफिया की सूची में शामिल बदमाशों को सजा दिलाने के लिए पुलिस न्यायालय में मजबूत पैरवी कर रही है। इसकी नियमित समीक्षा हो रही है। जोन के जिस जिले में स्थिति कमजोर है उसे ठीक कराया जाएगा।
> – अखिल कुमार, एडीजी जोन

thsti
ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
एनसीआर बायोटेक साइंस क्लस्टर, तीसरा माइलस्टोन, फरीदाबाद गुरुग्राम एक्सप्रेसवे, पी.ओ. बॉक्स न. 04, फरीदाबाद-121001
(भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग का स्वायत्त संस्थान)

# फर्जी प्रमाणपत्र पर सहायक अध्यापक के पद पर करा ली नियुक्ति, मुकदमा

## प्रबंधक, सहायक अध्यापक व एक अज्ञात पर हुई कार्रवाई

- पूर्वांचल जूनियर हाईस्कूल पकड़ी बाबू भाटपाररानी में नियुक्त में गड़बड़ी का मामला
- न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस, मची खलबली

**जासं, देवरिया:** फर्जी प्रमाणपत्र पर सहायक अध्यापक की नियुक्ति करने के मामले में भाटपाररानी पुलिस ने पूर्वांचल जूनियर हाईस्कूल पकड़ी बाबू के प्रबंधक, सहायक अध्यापक व एक अज्ञात के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर किया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

पकड़ी बाबू गांव के रहने वाले रितुल विशेन का कहना है कि पकड़ी बाबू में पूर्वांचल जूनियर हाईस्कूल विद्यालय है, जिसके प्रबंधक अभिषेक कुमार शाही हैं। 2016-17 में यहां सहायक अध्यापक का पद रिक्त हुआ। बिना किसी सूचना के प्रबंधक ने नियम ताक पर रखकर आशुतोष धर दुबे को सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त कर दिया। रितुल ने सहायक शिक्षा निदेशक व आइजीआरएस पर भी इसकी शिकायत की। सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 18 अगस्त 2022 को बताया कि जो रोल नंबर आशुतोष धर दुबे का बताया जा रहा है, आयोग की वेबसाइट व आफलाइन जांच में रोल नंबर अभिषेक के नाम नहीं मिला। रोल नंबर रामबदन यादव के नाम दर्ज है। कूटरचना कर यह नियुक्ति की गई है। उन्होंने पुलिस से शिकायत की, लेकिन संज्ञान में नहीं लिया गया। अब न्यायालय के आदेश पर भाटपाररानी पुलिस ने सहायक अध्यापक आशुतोष धर दुबे निवासी तारा मंडल एमआइजी 108 सिद्धार्थ एनक्लेव गोरखपुर, विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक कुमार शाही व एक अन्य के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# युवक ने पुलिस पर लगाया पिटाई करने का आरोप, एसपी से शिकायत

**जासं, देवरिया:** एसओजी व रुद्रपुर पुलिस पर एक युवक ने गंभीर आरोप लगाया है। भाई के अपराध पर उसकी हवालात में पिटाई और छोड़ने के नाम पर आटो बेचकर 20 हजार रुपये देने का भी आरोप लगाते हुए युवक ने एसपी से शुक्रवार को मुलाकात की। एसपी संकल्प शर्मा ने प्रकरण की जांच कराने का आश्वासन दिया।

रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से हुई लूट के मामले में पुलिस ने भलुअनी थाना क्षेत्र के कुछ युवकों को संदिग्ध माना है। शुक्रवार को एसपी कार्यालय भलुअनी के बरौली गांव के रहने वाले विनोद यादव पहुंचे। उनका कहना था कि 24 अगस्त की रात जिले की एसओजी व रुद्रपुर कोतवाली पुलिस उनके घर पहुंची। भाई के बारे में जानकारी मांगी, न देने पर पुलिस ने मेरी पत्नी के समीप से मुझे पकड़ लिया और रुद्रपुर कोतवाली लेकर चली गई। वहां हवालात में बंद कर दिया। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने पिटाई की। जिससे आंख में चोट लग गई और कान का पर्दा गड़बड़ हो गया है। पुलिस कर्मियों ने छोड़ने के लिए 20 हजार रुपये की मांग की। इसके बाद वह आटो बेच कर पुलिस कर्मियों को 20 हजार रुपये घूस दिए। विनोद का कहना है कि भाई मनबढ़ है, उससे उनका कोई संबंध नहीं है। इसके बाद भी पुलिस उनके साथ गलत व्यवहार की है।

# महिला के साथ छेड़खानी

**रामपुर कारखाना :** क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला का मकान गांव के बाहर है। आरोप है कि गांव का रहने वाला धनंजय महिला पर गलत निगाह रखता है। आए दिन अश्लील शब्द बोलता है और ईंट फेंकता है। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# मारपीट का मुकदमा

**देवरिया :** बनकटा थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग गांव में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों में उमेश मिश्र, भूपेश मिश्र, मुकेश मिश्र, विवेक मिश्र, ऋतिक, मनीष मिश्र शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस ने गांव के रिकेश मिश्र की तहरीर पर की है। (जासं)

# दो पक्षों में मारपीट, चार लोगों का चालान

**खुखुंदू :** क्षेत्र के कम्हरिया चौराहे के समीप अपशब्द बोलने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने संदीप यादव, सचिन यादव, सोनू यादव, अभिषेक यादव को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने सभी का शांतिभंग में चालान कर दिया है। (जासं)

# दुकान में आग लगने के मामले में दुकानदार समेत दो पर मुकदमा

जासं, देवरिया : गौरीबाजार उपनगर में रेडीमेड कपड़े की दुकान में लगी आग के मामले में शुक्रवार को नया मोड़ आ गया। मकान मालकिन ने दुकानदार व उसके पिता पर ही दुकान में आग लगाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस विवेचना पूरी होने के बाद ही कुछ भी कहने की बात कह रही है।

गौरीबाजार उपनगर की रहने वाली ममता जायसवाल ने वार्ड संख्या पांच के रहने वाले अनुराग जायसवाल को किराये पर दुकान दिया था। मकान मालकिन ने एडवांस का चेक वापस करने के साथ ही 30 अगस्त को दुकान खाली करने के लिए कहा। आरोप है कि अधिकांश सामान दुकानदार निकाल ले गए थे। 29 अगस्त की रात को जानबूझ कर मकान में आग लगा दिया, जिससे मकान मालकिन का सामान भी जल गया। दुकान खाली न करना पड़े, इसके लिए साजिश के तहत ऐसा किया गया। पुलिस ने मकान मालकिन की तहरीर पर दुकानदार अनुराग जायसवाल व उसके पिता ईश्वर चंद जायसवाल के बाद विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने बताया कि विवेचना की जा रही है। जांच पूरा होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# चचेरी बहन के साथ भाई ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

जासं, तरकुलवा: चचेरी बहन के साथ भाई ने शुक्रवार की शाम दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

नगर पंचायत तरकुलवा के एक वार्ड के रहने वाला युवक अपने ही मोहल्ले की चचेरी बहन को घर बुला लिया। उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। उसके बाद किशोरी शोर करने लगी। घर पहुंच कर किशोरी ने जब अपने घर वालों से आपबीती बताई। स्वजन ने थाने पहुंच कर आरोपित के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने किशोरी से पूछताछ के बाद आरोपित कुलदीप के विरुद्ध दुष्कर्म व पास्को एक्ट का मुकदमा दर्ज किया। इंस्पेक्टर दिलीप कुमार ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म एवं पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

# गोरखपुर पुलिस ने रुद्रपुर से छह सराफा कारोबारियों को उठाया

जासं, रुद्रपुर: गोरखपुर कैंट पुलिस ने छापेमारी कर छह सराफा कारोबारियों को शुक्रवार को उठा लिया। पूछताछ के बाद उन्हें गोरखपुर लेकर चली गई। पुलिस की इस कार्रवाई के चलते सराफा कारोबारियों में खलबली मची रही। गोरखपुर महानगर में चेन स्नेचिंग की इन दिनों घटनाएं बढ़ गई है। पुलिस ने एक गिरोह को पुलिस ने उठाया है, जिसमें पांच सदस्य शामिल हैं। उसमें से तीन रुद्रपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया तो बताया कि वह रुद्रपुर में सराफा दुकानदारों को आभूषण बेचते हैं। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि गोरखपुर पुलिस छापेमारी करने के लिए आई थीं।

# आरोपित प्रबंधक की गिरफ्तारी के विरोध में उतरे छात्र, एसपी से की मुलाकात

जासं, देवरिया: छठवीं की छात्रा से छेड़खानी के मामले में जेले भेजे गए प्रबंधक के समर्थन में शुक्रवार को स्कूल के अन्य छात्र उतर गए। एसपी कार्यालय पहुंचकर साजिश के तहत प्रबंधक को फंसाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। एसपी ने प्रकरण की निष्पक्ष विवेचना कराने का आश्वासन दिया।

बरियारपुर थाना के एक गांव की रहने वाली 10 वर्षीया छात्रा प्राइवेट विद्यालय में पढ़ती है। आरोप है कि बुधवार को विद्यालय के प्रबंधक विजय लाल ने छात्रा के साथ अश्लील हरकत की। गुरुवार को पुलिस ने प्रबंधक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुक्रवार को प्रबंधक की पत्नी विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ एसपी कार्यालय पहुंचीं। छात्राओं का कहना था कि आरोप लगाने वाली छात्रा की दोनों बहनों का फीस बाकी है। मंगलवार को विद्यालय प्रबंधक ने फीस के लिए दबाव बनाया तो अभिभावक ने साजिश रची व फर्जी मुकदमा दर्ज कराया।

# बिजली के पोल पर लगी आग अग्निशमन कर्मियों ने बुझाया

- आग लगने के चलते घंटों ठप रही आपूर्ति, परेशान रहे उपभोक्ता
- शहर के न्यू कालोनी दक्षिणी की घटना, मौके पर जुटी भीड़

जासं, देवरिया: शहर के न्यू कालोनी दक्षिणी में एक बिजली के पोल पर शुक्रवार को अचानक आग लग गई। लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पहुंची अग्निशमन कर्मियों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से घंटों आपूर्ति ठप रही।

न्यू कालोंनी के रामरूप सिंह के मकान के समीप बिजली पोल पर अचानक सुबह आग लग गई और केबल जलने लगी। पहले लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद लोगों ने अग्निशमन विभाग की टीम को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया।

**ट्रांसफार्मर जला, आपूति ठप:** तरकुलवा संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के मुसहरी चौराहे पर लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर शुक्रवार की दोपहर ओवरलोड के चलते जल गया। देर शाम तक ट्रांसफार्मर न बदलने के चलते आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। चौराहे पर मोहल्ले में आपूर्ति करने के लिए ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। अचानक दोपहर को जल गया। अवर अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर को बदलने की कार्यवाही चल रही है।

गौरीबाजार संवाददाता के अनुसार उपनगर के रामपुर चौराहा पर लगा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर मात्र चार घंटे में जल गया, जिससे उमस भरी गर्मी उपभोक्ताओं की मुसीबत बढ़ गई है। बुधवार की शाम ट्रांसफार्मर जल गया था। बिजली विभाग ने आनन-फानन में गुरुवार की शाम को नया 400 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवा दिया। शुक्रवार की सुबह अभी मात्र चार घंटे ही बिजली आपूर्ति हुई थी कि वह भी जल गया। ट्रांसफार्मर जल जाने से करीब तीन हजार से अधिक उपभोक्ता प्रभावित हैं। इसी से बैंक, पेट्रोल पंप के अलावा हजारों व्यवसायिक प्रतिष्ठान हैं। पिछले तीन दिनों से आपूर्ति ठप से व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है।

# देवरिया में छेड़खानी से पीड़ित युवती का शव रेलवे ट्रैक पर मिला

जासं, भाटपाररानी, देवरिया : तीन माह पहले जिस युवती के साथ मारपीट और छेड़खानी हुई थी, शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मृत्यु हो गई। युवती का शव बिहार के मैरवा में नरहिया गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर मिला। युवती देवरिया के बनकटा की रहने वाली थी। युवती की मां ने गांव के जिन लोगों पर अपहरण के बाद हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाया है, उन्हें एक दिन पहले न्यायालय से नोटिस प्राप्त हुआ है। रेलवे के लोको पायलट ने अपनी रिपोर्ट में युवती के ट्रेन के आगे कूदने की जानकारी दी है। पुलिस आरोपों को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है। सुंदरपार भटवलिया पांडेय गांव की रहने वाले भीम प्रसाद की बेटी अंशु के साथ मारपीट और छेड़खानी की घटना 21 मई को हुई थी। इस मामले में गांव की महिला समेत पांच के विरुद्ध छेड़खानी, मारपीट, लूट व बलवा का मुकदमा दर्ज हुआ था। चार लोगों के विरुद्ध न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल हो चुका है। पुलिस ने एक दिन पूर्व न्यायालय का नोटिस आरोपितों को दिया था। मृतका की मां मुन्नी देवी का आरोप है कि गुरुवार की रात खाना खाने के बाद अंशु छत पर सोने चली गई थी। सुबह जब वह सोकर उठी तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने कुंडी खोली लेकिन बेटी घर पर नहीं थी। गांव से करीब दो किलोमीटर दूर बिहार के मैरवा में नरहिया गांव के समीप रेलवे ट्रैक पर बेटी का शव मिला। मां ने आरोप लगाया कि छेड़खानी और मारपीट के आरोपितों ने नोटिस दिए जाने के चलते उसकी बेटी का घर से अपहरण कर लिया। हत्या के बाद हाथ व पैर बांधकर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। उधर, भटनी से सिवान जा रहे रेल इंजन के चालक ने मैरवा रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को जो मेमो दिया है, उसमें युवती के इंजन के सामने कूदने की बात कही है।

**युवती की मां ने हत्या का लगाया आरोप, ट्रेन चालक ने युवती के ट्रेन के आगे कूदने की रिपोर्ट दी**

रेल इंजन के चालक ने मेमो में युवती के कूदने की बात कही है। जिसके अनुसार, यह आत्महत्या का मामला है। घटनास्थल पर सबसे पहले युवती के स्वजन पहुंचे थे। ऐसे में हाथ पैर बंधा होना भी साजिश हो सकता है। तथ्यों की जांच की जा रही है। जल्द ही सच्चाई सामने आ जाएगी

**संकल्प शर्मा**, एसपी, देवरिया

# अधिवक्ताओं ने सीएम को संबोधित पत्रक सौंपा

बरहज। तहसील परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित पत्रक एसडीएम अवधेश कुमार निगम को सौंपा।

अधिवक्ता हापुड़ की घटना को लेकर नाराज थे। तहसील अध्यक्ष खुर्शेद आलम के नेतृत्व में वकीलों ने हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में कार्य का बहिष्कार करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। सभी में सौंपे गए पत्रक में कहा है कि वकीलों पर बर्बर लाठीचार्ज कराया जाना और उन पर संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज किया जाना निंदनीय है। वकीलों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। वकीलों का कहना है कि न्याय नहीं मिलने और बार काउंसिल के निर्देश पर अधिवक्ता व्यापक आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। मौके पर तारकेश्वर तिवारी, नागेंद्र मिश्र, त्रिपुरेश मिश्र, मुरारी कुमार भारती आदि मौजूद रहे। संवाद

# सात के विरुद्ध लूट व मारपीट का केस

सलेमपुर। भटनी के कुरमौटा ठाकुर गांव में अप्रैल माह में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को सात लोगों के विरुद्ध लूट, मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की गई है। भटनी थाना क्षेत्र के कुरमौटा ठाकुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। मामले में पुलिस ने एक पक्ष पर ही कार्रवाई की थी। दूसरे पक्ष ने इसके लिए न्यायालय में गुहार लगाई। कोर्ट में अमित सिंह ने बताया कि 21 अप्रैल को उनका भाई बाइक से कहीं जा रहा था तभी आरोपियों ने बाइक की चाबी छीन ली और पीटने लगे। जान बचाकर घर में भागने पर आरोपी घर में घुसकर मां-बेटे के साथ मारपीट, तोड़फोड़ और लूटपाट किए। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने अवधेश यादव, शैलेश साहनी, अलका साहनी, इंद्रावती देवी, अभिषेक कुमार, रत्नेश साहनी, मुन्ना साहनी पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया। एसओ डॉ. महेंद्र कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है। संवाद

# दरोगा ने भाजपा नेता की बाइक सीज कर 15 हजार जुर्माना लगाया

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। भटनी नगर के केवड़ा में बीच सड़क पर बाइक खड़ी कर दुकानों के सामने खड़े वाहनों का चालान कर रहे दरोगा का विरोध करना भाजपा नेता को भारी पड़ गया।

आरोप है कि दरोगा व सिपाही ने पहले तो भाजपा नेता को लाठी से मारने को दौड़ाया, फिर नेता की बाइक सीज कर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया। पीड़ित ने शुक्रवार को मामले की शिकायत एसपी से कर दरोगा और सिपाही पर कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने घटना की जांच सीओ भाटपाररानी को सौंपी है। वहीं, घटना की शिकायत मिलने पर क्षेत्रीय विधायक ने आरोपी दरोगा और सिपाही पर कार्रवाई के लिए एसपी से बात करने को कहा है।

भटनी नगर के केवड़ा चौराहे जलपान की दुकानें हैं। इन दुकानों पर रेल यात्री और स्थानीय लोग सुबह शाम बड़ी संख्या में जुटते हैं। बृहस्पतिवार की रात करीब आठ बजे



सड़क पर बाइक खड़ीकर दरोगा काट रहे थे चालान, भाजपा नेता के विरोध पर तानी लाठी

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

भटनी थाने के एसआई अंकित सिंह और सिपाही जितेंद्र यादव दुकानों के सामने खड़े वाहनों का चालान कर रहे थे।

इसी बीच भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रोशन जमीर मौके पर पहुंचे, उन्होंने एसआई से खुद की बाइक बीच सड़क में खड़ी कर दूसरे का चालान करने पर विरोध जताया। आरोप है कि यह बात दरोगा व सिपाही को नागवार लगी और दोनों ने लाठी लेकर भाजपा नेता को मारने के लिए दौड़ा लिया। इसके बाद दोनों भाजपा नेता की बाइक लेकर थाने चले गए। इससे नाराज लोगों ने बीच सड़क खड़ी दरोगा की बाइक घेर ली। सूचना पर पहुंचे एसओ ने लोगों

*भाजपा कार्यकर्ता के साथ पुलिसकर्मियों के दुर्व्यवहार करने की जानकारी मिली है। मामले में एसपी से मिलकर आरोपी दरोगा और सिपाही पर कार्रवाई कराई जाएगी।*
**– सुरेंद्र कुमार चौरसिया,** विधायक, रामपुर कारखाना

को समझा-बुझाकर नेता की बाइक वापस लौटाने की बात कही, लेकिन दरोगा ने एसओ की बात न मानते हुए पीड़ित की बाइक सीज कर 15 हजार का जुर्माना लगा दिया।

क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी। दोषी मिलने पर पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

एसआई अंकित सिंह ने बताया कि भाजपा नेता की चाबी लगी बाइक सड़क पर खड़ी थी। बाइक चोरी न हो जाए इसलिए उनको बुलाकर ऐसा नहीं करने की बात कही गई। यह बात उन्हें नागवार लगी और वह पुलिस से उलझ गए। कागजात नहीं दिखाने पर बाइक सीज करनी पड़ी।

# कोर्ट के आदेश पर दो साल बाद प्रबंधक व शिक्षक पर दर्ज हुआ केस

संवाद न्यूज एजेंसी

भाटपाररानी। न्यायालय के आदेश पर भाटपाररानी पुलिस ने पूर्वांचल जूनियर हाईस्कूल के प्रबंधक एवं एक सहायक अध्यापक पर फर्जीवाड़े का केस दर्ज किया है।

पकड़ी बाबू निवासी रितुल विशेन ने वर्ष 2021 में ही यहीं पर संचालित पूर्वांचल जूनियर हाईस्कूल के प्रबंधक पर सरकारी धन के दुरुपयोग एवं अपने विद्यालय में एक शिक्षक की फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर नियुक्ति करने की शिकायत बीएसए एवं पुलिस से की थी। इन पर कोई कार्रवाई नहीं होने से पर उन्होंने न्यायालय की शरण ली। इसके बाद न्यायालय ने उनके पक्ष में आदेश किया।

इसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक कुमार शाही व वहां तैनात एक शिक्षक आशुतोष धर दूबे निवासी तारामंडल गोरखपुर के खिलाफ सरकारी धन दुरुपयोग, कूटरचित दस्तावेज के आधार पर तैनाती किए जाने एवं जालसाजी का केस दर्ज किया है।

# बरियारपुर थाने में आग लग गई है बिजली काट दीजिए

देवरिया। बरियापुर थाना निवासी एक शराबी के घर की बिजली शुक्रवार की रात में करीब दस बजे केबल जलने से गुल हो गई। इस पर उसने लाइनमैन को फोन पर सूचना दे दी कि बरियापुर थाने में आग लग गई है और काफी संख्या में पुलिसकर्मी फंस गए है। तुरंत बिजली काट दी जाए, नहीं तो पूरा थाना जल जाएगा।

## शराबी ने दी झूठी सूचना, कटी दो सौ गांवों की बिजली

शराबी की सूचना पर लाइनमैन ने जेई को जानकारी दिया और उपकेंद्र से जुड़े करीब दो सौ गांवों की बिजली काट दी गई। जब लाइनमैन ने घटना के बारे में थाना प्रभारी से बात किया तो सूचना गलती पाई गई। इसको लेकर करीव आधे घंटे तक बिजली कटी रही। वहीं धीरे- धीरे अफवाह पूरे इलाके में फैल गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। जब लोगों को जानकारी मिली की घटना गलत है तो राहत की सांस ली। थाना प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि गलत सूचना देने वाले की तलाश की जा रही है। आग की घटना नहीं हुई है। संवाद

# एसपी ने पूछा- इतनी छोटी बच्ची क्यों लगाएगी गलत आरोप...

## छेड़खानी में फंसे प्रबंधक की पत्नी विद्यार्थियों के साथ पहुंची एसपी कार्यालय

संवाद न्यूज एजेंसी



एसपी कार्यालय पहुंचे स्कूल के बच्चे। संवाद

देवरिया। जिले के एक स्कूल के प्रबंधक के खिलाफ उसी स्कूल की छठवीं की छात्रा ने छेड़खानी का केस दर्ज कराया है। आरोपी प्रबंधक पर पाक्सो एक्ट का मामला भी दर्ज है। मामले में पुलिस उसे गिरफ्तार भी कर चुकी है।

शुक्रवार को आरोपी प्रबंधक की पत्नी स्कूल के अन्य विद्यार्थियों के साथ एसपी से मिलने पहुंची। उन्होंने पति को निर्दोष बताया, लेकिन जब एसपी ने सवाल किया कि इतनी छोटी बच्ची गलत आरोप क्यों लगाएगी तो वह निरुत्तर हो गईं। बरियारपुर थाना क्षेत्र के एक पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पर स्कूल की छठवीं की छात्रा को ऑफिस में बुलाकर छेड़खानी का आरोप छात्रा ने लगाया है।

शिकायत के आधार पर प्रबंधक पर केस दर्ज हुआ। इस मामले में जेल गए प्रबंधक की पत्नी शुक्रवार को अपने निजी वाहन से करीब बीस छात्र-छात्राओं के साथ एसपी ऑफिस पहुंचीं। उन्होंने पति को फंसाए जाने की दलील दी। उनकी बात सुनने के बाद एसपी संकल्प शर्मा ने सवाल किया कि इतनी छोटी बच्ची क्यों झूठ बोलेगी। उसकी क्या अदावत है। इस पर एक ग्राम प्रधान की पत्नी ने बताया कि कुछ बच्चों की फीस नहीं जमा है और इसकी के चक्कर में उसने फंसाया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिस छात्रा ने आरोप लगाया है उसकी फीस जमा है। जांच-पड़ताल में यह बात सामने आई है कि स्कूल के प्रबंधक के खिलाफ जब तहरीर पड़ी थी तो पुलिस ने उन्हें बुलाया भी था। पहले तो मामले में समझौता कराने का प्रयास किया गया, जब दूसरा पक्ष तैयार नहीं हुआ तो केस दर्ज कर लिया गया। एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है। पीड़िता का बयान पुलिस के लिए अहम है। इसी आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

**देवरिया : स्कूल प्रबंधक ने छात्रा के साथ की छेड़खानी, गिरफ्तार**

कक्षा छह की छात्रा बोली- जान से मारने की धमकी भी दी

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

# दुकानदार पर खुद आग लगाने का आरोप, केस दर्ज

देवरिया। गौरीबाजार कस्बा निवासी ममता जायसवाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि कस्बे के रुद्रपुर मोड़ पर उनके मकान के पीछे कटरा है। उसने ईश्वर चंद जायसवाल, अनुराग जायसवाल को किराए पर दुकान दी है। एडवांस के लिए रुपये ढाई लाख रुपये और किराए के रूप में पांच हजार रुपये प्रतिमाह अदायगी पर तय हुआ था। जब मकान खाली कराने के लिए जुलाई के अंतिम सप्ताह में उन लोगों से कहा और तीन महीने का बकाया किराया काटकर चेक से रुपये वापस कर दी। इसी दौरान 29 अगस्त को वह बाहर गईं थी तो दोनों लोगों ने द्वेषपूर्ण भावना से रात में दुकान में आग लगा दी। पुलिस ने इस मामले में ईश्वर चंद जायसवाल व अनुराग जायसवाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# 17 के खिलाफ मारपीट-बलवा का केस

देवरिया। भाटपाररानी थाना क्षेत्र के मदनचक निवासी उर्मिला देवी की तहरीर पर गांव के ही 17 लोगों के खिलाफ मारपीट, बलवा और साजिश रचने का केस दर्ज कराया है। आरोप है कि 17 अगस्त को आरोपियों नें हमला बोल दिया था। संवाद

# छेड़खानी का केस दर्ज

देवरिया। भटनी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने एक युवक पर छेड़खानी का केस दर्ज कराया है। आरोप है कि 28 अगस्त को एक युवक ने मारपीट कर छेड़खानी की। पुलिस ने इस मामले में राजू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# महिला का पर्स और आभूषण लेकर भागे जालसाज

देवरिया। शहर के रामनाथ देवरिया मोहल्ला निवासी बृजभषण पांडेय ने पुलिस को तहरीर बताया कि बुधवार को मां बिंदा कुमारी अपने भाई को राखी बांधने के लिए भिखमपुर रोड के लिए निकली थीं। ढाले पर रिक्शा से उतर कर वह आंबेडकर नगर में पैदल जा रही थीं, इसी बीच पीछे से दो युवकों ने उनके मुंह के सामने रुमाल से पाउडर जैसा पदार्थ हवा में उड़ाया। इससे मां मदहोशी की हालत में हो गईं। उसके बाद युवकों ने मां के आभूषण निकलवाकर पर्स में रखवा दिए और कुछ देर में लेकर फरार हो गए। होश आने पर परिजनों को इसकी सूचना दी। मामले में पुलिस ने जालसाजी का केस दर्ज किया है। संवाद

# नाबालिग को भगाने पर अपहरण का केस दर्ज

देवरिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री बुधवार की शाम को शौच के लिए गई थी। इसी बीच मौका देख गांव का ही एक युवक नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर बाइक से लेकर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर अपहरण का केस दर्ज किया है। संवाद

# गोरखपुर पुलिस ने दुकानदारों से की पूछताछ

रुद्रपुर। गोरखपुर में लूटे गए सोने के जनपद में बेचे जाने के मामले में गोरखपुर पुलिस ने जनपद के सोने-चांदी के तीन दुकानदारों से शुक्रवार को पूछताछ की। पुलिस ने दो दुकानदारों को छोड़ दिया, जबकि एक पुलिस हिरासत में बताया जा रहा है। घटना को लेकर कोतवाली में चर्चाओं का माहौल गर्म रहा।

सूत्रों के अनुसार कुछ दिन पहले गोरखपुर में एक लूट की घटना हुई, जिसमें नगर के मलहटोली वार्ड के मरकड़ी ढाला निवासी एक युवक का रिश्तेदार भी शामिल था। गोरखपुर पुलिस की पूछताछ में उसने चोरी का सामान रुद्रपुर कस्बे के तीन दुकानों पर बेचने की जानकारी दी थी। युवक ने बताया था कि छीने गए सोने को नगर की दुकानों पर बदलकर दूसरे जेवर खरीदे थे।

युवक की निशानदेही पर गोरखपुर पुलिस के पहुंचते ही व्यापारियों में अफरातफरी का माहौल हो गया।

प्रभारी निरीक्षक नवीन प्रताप सिंह ने बताया कि गोरखपुर में हुए छिनैती के मामले में पुलिस कुछ जांच करने आई थी, जांच में सहयोग किया जा रहा है।संवाद

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

रुद्रपुर। मदनपुर पुलिस ने चोरी के वाहन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय भेज दिया। बरामद बाइक दो दिन पहले मठिया तिवारी चौराहे से गायब बताई जा रही है। मदनपुर थाने के एसआई रंजीत सिंह बृहस्पतिवार की शाम बरांव चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान संदिग्ध हालत में दो युवक दिखाई दिए और पुलिस को देख कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस की जांच में वाहन चोरी का निकला । जिसे बेचने की फिराक में दोनों युवक कहीं जा रहे थे। पूछताछ में दोनों युवकों की पहचान रिकेश कुमार उर्फ निरहू और शिवानंद कुमार बरईयापार थाना मदनपुर के रूप में हुई। केस दर्ज कर पुलिस ने दोनों को न्यायालय भेज दिया। संवाद

## भाजपा मंडल अध्यक्ष से गाली-गलौज के मामले में केस

देवरिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष रामपुर कारखाना से गाली-गलौज करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में रामपुर कारखाना मंडल के अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने बताया है कि ग्राम सभा चिरकिया के बूथ अध्यक्ष सुनील राय हैं। जिनका किसी से विवाद नहीं है, जबकि वहां के ग्राम प्रधान अरुण राव तथा धर्मेंद्र मिश्रा के बीच विवाद है। धर्मेंद्र मिश्रा की ओर से सुनील राय के विरुद्ध भी केस दर्ज किया गया है। इसी बात को लेकर धर्मेंद्र मिश्रा के घर के सदस्य अटल मिश्रा को फोन किया तथा समझाने का प्रयास किया। संवाद

## महिला से छेड़खानी व अश्लील फोटो वायरल करने में केस

देवरिया। क्षेत्र के एक गांव की महिला के साथ घर में घुस कर छेड़खानी व उसकी अश्लील तस्वीर वायरल करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मंगलवार को एक महिला अपने घर में अकेले थी। गांव के ही दो लोग घर में घुस गए और महिला के साथ छेड़खानी करने लगे। महिला ने विरोध किया तो उसे मारा पीटा और गांव में घूम कर उसके खिलाफ अभद्र टिप्पणी की। वहीं आरोपी दोनों युवकों के विदेश में रहने वाले साथियों ने महिला का अर्द्धनग्न फोटो वायरल कर दिया। पुलिस ने चारों के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट, आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# पुलिस पर पिटाई का आरोप कार्रवाई की मांग

देवरिया। भलुअनी थाना क्षेत्र के बरौली गांव निवासी विनोद कुमार यादव ने पुलिस और एसओजी पर बेवजह पिटाई करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री और जिले के एसपी से घटना की शिकायत की है। पीड़ित का आरोप है कि एसओजी उसे घर से उठा ले गई और उसकी पिटाई की, जिससे उसके कान का पर्दा फट गया और आंख पर भी गंभीर चोटे आईं।

उन्होंने बताया है कि 24 अगस्त की रात में वह घर में सोए थे और मां ललिता देवी बरामदे में सोई थीं। इसी दौरान रात करीब 12 बजे एसओजी और रुद्रपुर कोतवाली पुलिस घर में घुस गई। उन्हें खींच कर लाने लगी तो पत्नी ने विरोध किया तो सिपाही ने थप्पड़ मार दिया। जब अपने रिश्तेदार को सूचना देने के लिए मेरी पत्नी ने प्रयास किया तो एसओजी के सिपाही ने थप्पड़ें मारते हुए उससे मोबाइल छीन लिया। इसके बाद उसे रुद्रपुर कोतवाली के लॉकअप में बंद कर दिया गया, जहां पर रात में पिटाई की गई। 27 अगस्त को एक सिपाही ने 20 हजार रुपये लेकर छोड़ा है। 28 अगस्त को जब मेडिकल कॉलेज चेकअप के लिए आया तो पता चला कि मेरे कान का पर्दा फट गया है और आंख में गंभीर चोट आई है। संवाद

# किराया खर्च हुआ, पूरे दिन का समय बर्बाद कचहरी पहुंचे तो पता चला हड़ताल है...

## सिपाही से मारपीट मामले में केस दर्ज होने से नाराज अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार, पुलिस रही चौकन्नी

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** साथी अधिवक्ता संदीप पाल पर केस दर्ज होने से नाराज अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को कार्य बहिष्कार किया। इससे दूर-दराज से किराया और वाहन का तेल फूंक कर पहुंचे वादकारियों को बैरंग लौटना पड़ा।

पहुंचे लोगों का कहना था कि हड़ताल की जानकारी होती तो न आते। रुपयों के साथ समय का भी नुकसान हुआ। वहीं, अधिवक्ताओं के विरोध को देखते हुए पुलिस चौकन्नी रही। कचहरी चौराहे से दीवानी गेट तक काफी संख्या में पुलिस के जवान तैनात रहे।

हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज की घटना के विरोध में बुधवार को अधिवक्ता प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान अधिवक्ताओं व पुलिस में झड़प हो गई थी। मामले में पुलिस ने सिपाही की तहरीर पर अधिवक्ता संदीप सिंह पाल सहित कई अन्य के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया था। इसे लेकर अधिवक्ताओं में नाराजगी है। रक्षाबंधन के अवकाश के बाद शुक्रवार को कचहरी खुलने पर अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा व मंत्री अरुण कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में एसपी से मिला। अधिवक्ताओं पर दर्ज लूट व प्राण घातक हमले के मामलों पर आपत्ति जताते हुए प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से केस वापस लेने की मांग की।

पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि आरोपी अधिवक्ता के घर पुलिस नहीं जाएगी, लेकिन मामले में अग्रिम निर्णय लेने के पूर्व उन्हें अधिकारियों से बात करनी होगी।



कचहरी चौराहे पर मुस्तैद पुलिस। संवाद

### लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**सलेमपुर।** तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने हापुड़ जिले में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज का विरोध करते हुए मुख्य मंत्री को संबोधित पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन एसडीएम सीमा पांडेय को सौंपा। अध्यक्ष ने कहा कि 29 अगस्त को हापुड़ जिले में अधिवक्ताओं पर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया। इसमें कई अधिवक्ता घायल हो गए। इसके विरोध में देवरिया के अधिवक्ता बुधवार को शांति पूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे। स्थानीय पुलिस ने अधिवक्ता संदीप सिंह सहित 50 अज्ञात अधिवक्ताओं के विरुद्ध फर्जी केस दर्ज किया है। अधिवक्ताओं ने ज्ञापन में 48 घंटे के अंदर हापुड़ के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व सीओ को निलंबित करने, दोषी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तारी करने की मांग की है। इस दौरान सचिव जितेंद्र कुमार मिश्र, अवधेश कुमार मौर्य, अरविंद त्रिपाठी, विवेक सिंह, रवि प्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे। संवाद

इसके बाद बार एसोसिएशन व जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन ने बैठक कर पुलिस के तानाशाही रवैया की निंदा करते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण शुक्रवार को भी दीवानी व कलेक्ट्रेट कोर्ट में कोई काम नहीं हुआ। वादकारियों को बैरंग लौटना पड़ा। हालांकि, अधिवक्ता संगठन मामले का पटाक्षेप कर न्यायिक कार्य सुचारू रूप से शुरू करने पर विचार कर रहा है। बैठक में सुभाष चंद्र राव, सिंहासन गिरि, श्रीराम तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

**अनिश्चितकाल तक कार्य बहिष्कार का निर्णय :** तहसील अधिवक्ता संघ की बैठक शुक्रवार को हुई। इसमें हापुड़ की घटना को लेकर जिला अधिवक्ता संघ की ओर से आंदोलन कर रहे वकीलों पर पुलिस के प्राथमिकी दर्ज करने की घटना की निंदा की गई। इसमें नामजद एक अधिवक्ता तथा 50 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। साथ ही बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के इस घटना को लेकर उठाए गए कदम की सराहना की और अग्रिम आदेश तक तहसील के सभी न्यायालयों का अनिश्चितकाल तक बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, धनंजय प्रताप मौर्य, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, चंद्रशेखर सिंह, रामप्रवेश उपाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### लोगों का दर्द



*35 किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंचा हूं। वकीलों के कार्य बहिष्कार के बारे में पता नहीं था। सौ रुपये से अधिक पेट्रोल भी खर्च हुआ और काम भी नहीं हुआ। फौजदारी का मामला चल रहा है।* - जैनुल्लाह, शेखपुरा



*भूमि विवाद के मुकदमे की पैरवी के लिए आया था। अगर पता रहता तो नहीं आता, दूसरा काम करता। अब फिर से आना पड़ेगा।*

- राधाकृष्ण, बंजरिया



*भूमि विवाद का मामला चल रहा है। इतनी दूर से आया, किराया और समय लगा। अब खाली हाथ जा रहा हूं। इसी में पूरा दिन बर्बाद हो गया।*

- रमाशंकर, साहोपार



*फौजदारी के मुकदमे की पैरवी के लिए किसी तरह किराए की व्यवस्था कर आया था। यहां कोई काम नहीं हुआ। रुपये अलग से खर्च हुए। पूरा दिन भी कचहरी में ही बीत भी गया।*

- मोतीलाल, खैरिया

### जिलाधिकारी से मिला कलक्ट्रेट बार का प्रतिनिधिमंडल

**देवरिया।** जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्र व मंत्री ज्ञानेश्वर उर्फ प्रीतम मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह से मुलाकात की। इस दौरान अधिवक्ता अरुण राव के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली की निंदा करते हुए पहल करने की मांग की। अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ता पर हमले हुए कई दिन बीत गए। प्राण घातक हमले का केस दर्ज होने के बाद भी विवेचक आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं जो ठीक नहीं है। यदि मामले में शीघ्र पहल नहीं की गई तो अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल जाएगा। डीएम ने एसपी से बात कर मामले को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में बृजबांके तिवारी, आनंद राय, जयप्रकाश मिश्रा, वीरसेन प्रताप राव, ऋषिराज मिश्रा आदि मौजूद रहे। संवाद

विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें- 1800-121-1166



पिवकोल में रेलवे लाइन क्रॉस कर जाते स्कूली बच्चे। संवाद

# राहत : जान खतरे में डाल रेल की पटरियां नहीं करनी होंगी पार

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। भटनी-वाराणसी रेल खंड पर पिवकोल गांव के पास 6,74 करोड़ की लागत से रेलवे का अंडरपास एवं संपर्क मार्ग का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार ने तीन करोड़ 37 लाख 32( हजार रुपये आवंटित कर दिए है। अंडर पास का निर्माण लोक निर्माण विभाग कराएगा।

भटनी-वाराणसी रेल खंड पर पिवकोल स्टेशन के पास पिवकोल गांव रेल ट्रैक से दो भागों में बट गया है। लाइन के दोहरीकरण के बाद गांव के लोगों की दिक्कत और बढ़ गई थी। गांव के बीच से तीन लाइनें गुजर रही हैं। ऐसे में गांव के लोगों को कृषि यंत्र व मवेशियों को लेकर जाने में काफी परेशानी हो रही थी। प्रशासन से कोई आश्वासन भी नहीं मिल रहा था। इसे लेकर पिवकोल, सेमरा, घुसरी, इनहरा गांव के लोगों ने 26 दिसंबर 2021 को अनिश्चतकालीन धरना शुरू किया था। मौके पर पहुंचे अफसरों ने निर्माण कार्य का आश्वासन दिया था।

इसी बीच श्रीशिव चरण ब्रह्म धाम विकास ट्रस्ट ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। जिसे गंभीरता से लेते हुए प्रदेश सरकार ने छह करोड़ 74 लाख 64 हजार रुपये की लागत से अंडरपास एवं पहुंच मार्ग बनाने की स्वीकृत दे दी। इसको लेकर आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रामाकांत यादव, गंगा सागर तिवारी, ग्राम प्रधान वीर बहादुर कुशवाहा, योगेश तिवारी, सीताराम यादव आदि का गांव के लोगों ने आभार जताया और उनका स्वागत किया।

## पिवकोल गांव के पास 6.74 करोड़ की लागत से बनेगा अंडरपास



*हम लोगों की मांग पूरी हुई। अंडरपास बनने से गांव के लोगों को रेल लाइन पार करने में सुविधा होगी। सुरक्षित होकर गांव के लोग अपने खेतों तक पहुंच सकेंगे।* - **वीर बहादुर कुशवाहा,** ग्राम प्रधान



*पिवकोल गांव के बीच रेल लाइनों के विस्तार के कारण उत्पन्न खतरे को टालने के लिए अंडर पास निर्माण की मांग की गई थी। याचिका की सुनवाई के दौरान 10 मई को हाईकोर्ट की ओर से रेलवे व उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश जारी किया गया था। जिसके अनुपालन में राज्य सरकार ने निर्माण की लागत 6 करोड़ 74 लाख वहन करने का शपथ पत्र 30 मई को दाखिल किया था। जिसके बाद निर्माण का रास्ता साफ हुआ था।*

**- गंगा सागर तिवारी, शिवचरण,** ब्रह्म धाम विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-02-09-2023

# पौने तीन किलो चरस के साथ दो तस्करों को दबोचा

## कार्रवाई

**पडरौना, निज संवाददाता।** सेवरही थाने की पुलिस ने बाइक सवार दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पौने तीन किलो चरस को बरामद किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों तस्करों को जेल भेज दिया। बरामद चरस की कीमत 31 लाख बताई जा रही है।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में मादक द्रव्य पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को सेवरही पुलिस ने बिनटोलिया शिवाघाट तिराहा कस्बा सेवरही के पास से चेकिंग के दौरान बाइक सवार संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर उनकी तलाशी ली। उनके पास से 2.800 किग्रा चरस व दो मोटरसाइकिल (वाहन सहित कुल कीमत लगभग 31 लाख रुपये) बरामद हुआ। पकड़े गये तस्करों की पहचान दीपक निषाद पुत्र प्रेम निषाद व हरेश निषाद पुत्र जोगिन्द्र निषाद निवासी भुआल पट्टी थाना ठकरहा जनपद पश्चिमी चम्पारण बिहार के रूप में हुई। एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस टीम में एसएचओ हर्षवर्धन सिंह, चौकी प्रभारी कस्बा इंचार्ज दीपक सिंह, सिपाही कमलेश यादव, दिलीप चौरसिया व विकास यादव आदि शामिल रहे।



शुक्रवार को चरस व बाइक के साथ पकड़े गये तस्करों के साथ पुलिस।

# पुलिस लाइन में परेड का किया निरीक्षण

**पडरौना।** रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड व समस्त थानों में शुक्रवार को परेड का आयोजन किया गया। इसमें परेड एवं बलवा ड्रिल सामग्री के साथ पुलिसकर्मियों की ड्रिल कराई गई।

रिजर्व पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में परेड का सीओ पडरौना उमेशचंद्र भट्ट ने निरीक्षण करते हुये परेड की सलामी ली। इसके बाद पुलिस बल की दौड़ लगवाई गयी। टोलीवार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के संबंध में सीओ ने जानकारी दी।

# 10 हजार की अवैध शराब नष्ट की

**पडरौना।** सीओ सदर उमेश चंद्र भट्ट के नेतृत्व में रविंद्रनगर थाने की पुलिस ने शुक्रवार को थाने परिसर में 60 शीशी देशी व 70 लीटर कच्ची शराब को नष्ट कराया, जिसकी कीमत 10 हजार है।

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल ने समस्त थाना प्रभारी को अपने मालखाने में आबकारी अधिनियम के तहत बरामद की गयी अवैध शराबों को निस्तारण करने का निर्देश दिया है। सीओ के अलावा अभियोजन अधिकारी शशिकान्त रहे।

# चेहल्लुम का ताजिया 10 को निकलेगा

पडरौना। मुहर्रम कमेटी पडरौना की बैठक नगर के मुगलपुरा छावनी स्थित कार्यालय पर हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 10 सितंबर को चेहल्लुम का ताजिया जुलूस निकलेगा। सभी ताजियादारों ने सर्वसम्मति से हामी भरी। कमेटी के अध्यक्ष मैनुद्दीन अहमद सिद्दीकी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल सभी पदाधिकारियों व ताजियादारों ने चेहल्लुम पर ताजिया जुलूस निकालने पर विचार किया।

# न्यायालय के आदेश पर नष्ट की गई शराब



रवींद्र नगर में लहन नष्ट कराते बाएं पहले सीओ उमेश चंद भट्ट • जागरण

**जासं, पडरौना** : न्यायालय के आदेश पर रवींद्रनगर धूस पुलिस द्वारा मालखाने में जमा अवैध शराब को शुक्रवार को नष्ट किया गया।

प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रथर्ना-पत्र देकर मालखाना में जमा शराब को नष्ट कराए जाने की अनुमति मांगी थी।

सीओ सदर उमेश चंद्र भट्ट, अभियोजन अधिकारी शशिकांत की मौजूदगी में गणना कर मालखाने में जमा शराब को बाहर निकाला गया। थाना परिसर में गड्ढा खोदकर 60 शीशी देसी व 70 लीटर कच्ची शराब नष्ट की गई।

# चरस के साथ दो अंतरप्रांतीय तस्कर गिरफ्तार

जासं, सेवरही: सेवरही पुलिस ने क्षेत्र के शिवाघाट तिराहा के समीप शुक्रवार शाम को चरस के साथ बाइक सवार दो अंतर प्रांतीय तस्करों को गिरफ्तार किया। दोनों की पहचान दीपक निषाद व हरेश निषाद निवासी भुआल पट्टी थाना ठकरहा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार के रूप में हुई। दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी की। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह मातहतों संग शाम को उप-नगर में वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि मादक पदार्थों के तस्कर बिहार की तरफ से उप-नगर की ओर आ रहे हैं। पुलिस टीम ने शिवाघाट तिराहा से सटे बिनटोलिया के समीप वाहनों की जांच-पड़ताल शुरू कर दी। इस बीच बिहार की ओर से बिहार राज्य की नंबर लगी दो बाइक को रोक पुलिसकर्मियों ने तलाशी ली तो बाइक की डिक्की में छिपाकर रखा गया चरस मिला। पुलिसकर्मियों ने चालकों को हिरासत में ले लिया। चरस की मात्रा 2.8 किलोग्राम पाई गई।

# सड़क पर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

## हापुड़ में लाठी चार्ज और गाजियाबाद में हत्या को लेकर सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन



कप्तानगंज तहसील के समक्ष दाएं से चौथे एसडीएम व्यास नारायण उमराव को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता ● जागरण



कसया में मोटर साइकिल जुलूस में शामिल अधिवक्ता ● जागरण

**जागरण संवाददाता, कसया :** हापुड़ में लाठी चार्ज और गाजियाबाद में अधिवक्ता को गोली मारकर हत्या के विरोध में अधिवक्ता शुक्रवार को भी सड़क पर उतरे। दीवानी न्यायालय से तहसील भवन तक मोटरसाइकिल जुलूस निकाला। विरोध में जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम योगेश्वर सिंह को सौंपा। कार्य बहिष्कार भी किया। सुबह 10.30 बजे दीवानी न्यायालय के बार संघ अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें अधिवक्ताओं ने दोनों घटना पर गहरा रोष जताया। हापुड़ और गाजियाबाद पुलिस के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया।

वक्ताओं ने दोषी पुलिस कर्मी को निलंबित करने एवं अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की। एसडीएम ने पत्रक मुख्यमंत्री को शाम तक भेज देने का आश्वासन दिया। महामंत्री दीनदयाल मल्ल, पूर्व अध्यक्ष बद्रीनारायण दूबे, राकेश तिवारी, ओंकार पांडेय, अरविंद पाठक, दिव्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, संजय बघेल, संजय सिंह, आनंद राय, अनुराग द्विवेदी, ओमप्रकाश दूबे आदि उपस्थित रहे।

**कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन : कप्तानगंज :** हापुड़ और गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में कप्तानगंज तहसील के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को प्रदर्शन व नारेबाजी की। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम व्यास नारायण उमराव को सौंप दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, परमहंस प्रसाद, विनोद कुमार मिश्र, उमेश दूबे, हीरा पांडेय, जयप्रकाश नारायण पांडेय, राजनंदन लाल श्रीवास्तव, शैलेश प्रताप सिंह, देवेंद्र लाल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## सेवा समाप्ति को लेकर अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**जासं, तमकुहीराज :** महामंत्री शंभू कुमार ठकुराई की अध्यक्षता में तमकुहीराज तहसील परिसर में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की बैठक हुई।

पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए अधिवक्ताओं ने एसडीएम विश्वास चंद्र को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं की मांग थी कि दोषी पुलिस उपाधीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सेवा समाप्त की जाए। संघ के अध्यक्ष हरिहर प्रसाद कुशवाहा, रमाकांत कुशवाहा, एडवोकेट मतीउल्लाह सिद्दीकी, विजय भारती, संतोष कुमार यादव, अखिलेश कुमार मिश्र, जयप्रकाश तिवारी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अपहरण का अभियुक्त गिरफ्तार

**पडरौना।** तमकुहीराज थाने के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय, दरोगा कपिलमुनि, सिपाही सुरेश चौहान व अविनाश प्रजापति ने अपहरण के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तमकुहीराज ओवरब्रीज के समीप से अभियुक्त गुड्डू पासवान पुत्र जगन पासवान निवासी नवानगर निजामत थाना साहबगंज जिला मुजफ्फरपुर बिहार को गिरफ्तार किया।

# भीषण जाम में फंसे लोग, रेंगते रहे वाहन

## उमस भरी गर्मी में वाहन सवारों को एक-एक कदम **बढ़ने** के लिए करनी पड़ी मशक्कत



पडरौना नगर के मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के समीप लगा जाम● जागरण

जागरण संवाददाता, पडरौना: जाम नगर के लिए बेलगाम हो गया। लगभग हर दिन लोगों को इस समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। शुक्रवार को तो सुबह 11 बजे से एक बजे तक छावनी से लेकर सुभाष चौक तक ऐसा जाम लगा कि एक-एक कदम बढ़ने के लिए लोगों को मशक्कत करनी पड़ी। इसके आगे ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त दिखी। इससे परेशान कुछ लोग तो सड़क किनारे खाली स्थान पर वाहन खड़ा कर पैदल ही नजदीक के गंतव्य तक जाते दिखे। व्यवस्था बनाने में लगे पुलिस कर्मी भी इस समस्या के आगे लाचार दिखे।

जाम में फंसे वाहन रेंगते रहे। उनको 200 मीटर की दूरी तय करने में एक से दो घंटे लगे। इस दौरान स्कूली बसों में सवार बच्चे उमस भरी गर्मी से परेशान दिखे। कुछ सरकारी वाहन भी जाम की इस समस्या के शिकार दिखे। हल्की वर्षा के बाद उमस भरी गर्मी के बीच लगा यह जाम सबको पूरी तरह से परेशान करके रख दिया।

बाइक सवार हों या फिर पैदल राहगीर, सभी पसीने से तर-बतर दिखे। जाम ने तो बच्चों को गोद में ली महिलाओं को रुलाकर रख दिया। सुभाष चौक व बड़ी गंडक के समीप चौराहे पर तो वाहनों का रेला देखने को मिला। जाम न हटता देख पडरौना कोतवाली से पुलिस टीम पहुंची और दो लेन में करा बारी-बारी से वाहनों को आगे बढ़ाने में लग गई। किसी तरह दो घंटे बाद जाम हटा तो आवागमन सामान्य हो सका। यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने बताया कि कुछ देर के लिए जाम लगा था। उसको बाद में सामान्य कराया गया। कुछ परेशानी लोगों को जरूर हुई।

# पक्की दीवार तोड़ने के मामले में हुई सुलह

**जोकवा बाजार।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के दहारीपट्टी में शुक्रवार को 50 की संख्या में पहुंचे एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों को गली गुप्ता देते हुए विवादित जमीन पर चली दीवाल को तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोगों को पकड़ कर मधुरिया चौकी पर बैठा लिया। बाद में दोनों पक्षों में आपसी सुलह होने पर छोड़ दिया।

# चार थानों के 18 सिपाही लाइन हाजिर

जासं,पडरौनाः पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कार्यों में लापरवाही पर शुक्रवार को चार थानों के 18 सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया। एक साथ इतनी संख्या में हुई कार्रवाई से लापरवाह पुलिसकर्मियों में हड़कंप मचा है।

जन समस्याओं के निराकरण की समीक्षा के दौरान थाने आए पीड़ितों की समस्या सुन समाधान के लिए सौंपी गई जिम्मेदारी में 18 पुलिसकर्मियों की लापरवाही पाई गई। चिन्हित इन सिपाहियों पर देर शाम कार्रवाई की गाज गिरी। अहिरौली बाजार में तैनात हेड कांस्टेबल श्रीनिवास सिंह, अरविंद मौर्य, कांस्टेबल आकाश पाल, अरूण कुमार, राम मिलन कसया थाने में तैनात हेड कांस्टेबल अभिषेक सिंह, सुनील यादव, कांस्टेबल संदीप सिंह यादव, कमलेश यादव, वेदप्रकाश गोस्वामी, कोतवाली हाटा में तैनात कांस्टेबल मनोज यादव, अंकुर सिंह, रवि प्रकाश यादव, रितेश कुमार व कप्तानगंज में तैनात हेड कांस्टेबल मिथिलेश सिंह, कांस्टेबल राजहंस, सचिन कौरव, राहुल त्रिपाठी को कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मी किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे।

# दीवार तोड़ी, पुलिस ने आरोपितों को छोड़ा

जासं, जोकवा बाजार: तुर्कपट्टी के गांव दहारीपट्टी में शुक्रवार की दोपहर दो पक्षों में भूमि विवाद को लेकर कहासुनी हुई। इस दौरान एक पक्ष ने भूमि पर बनी पक्की दीवार को तोड़ दिया गया। पुलिस दोनों पक्षों से छह दर्जन लोगों को पकड़ कर मधुरिया चौकी ले आई। यहां सुलह करने पर छोड़ दिया गया। विंध्याचल कुशवाहा तथा चौरा थाने के गांव सरैया के भोला पांडेय के बीच आबादी की भूमि को लेकर काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है। दोनों के घरों के बीच में ही दो थानों की सीमा भी है। एक ने दूसरे की चलाई गई पक्की दीवार को तोड़ दी।

# पढ़ने गया बालक गायब, गुमशुदगी दर्ज

**जासं, दुद्धी :** विशुनपुरा के बांसगांव जटवलिया के कक्षा चार में पढ़ने वाला बालक पांच दिन पहले स्कूल गया था। रास्ते से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच कर रहीं है। सरताज दुद्धी के जैबुन नेशा गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल पढ़ता है। सुबह आठ बजे स्कूल के लिए निकला। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

# टाप 10 माफिया को सजा कराने में गोरखपुर समेत 49 जिले फिसड्डी

सतीश पांडेय • गोरखपुर

शासन व सरकार की मंशा है कि जिले के टाप 10 की सूची में शामिल माफिया को सजा हो। मानीटरिंग सेल प्रभारी व जिस क्षेत्र में माफिया का घर है वहां के थानेदार को जिम्मेदारी दी गई है कि न्यायालय में मजबूत पैरवी कर सजा दिलाएं। गोरखपुर समेत 49 जिलों में पिछले एक वर्ष के भीतर किसी माफिया को सजा नहीं हुई है। प्रमुख सचिव गृह ने इस पर नाराजगी जताते हुए डीएम-एसएसपी के साथ ही पुलिस अधिकारियों को पत्र लिख स्थिति में सुधार करने को कहा है। जिले के टाप 10 माफिया पर शिकंजा कसने के लिए शासन ने उनके विरुद्ध दर्ज मुकदमे में मजबूत पैरवी करके सजा दिलाने के लिए अभियान शुरू किया था। हर दो माह पर समीक्षा होती है कि किस जिले मजबूत साक्ष्य व गवाही की वजह से चिह्नित माफिया को सजा नहीं मिली। समीक्षा में सामने आया है कि गोरखपुर, बस्ती, संतकबीरनगर जिले के अधिकारियों को स्थिति में सुधार लाने के लिए शासन छह बार पत्र लिख चुका है, बावजूद स्थिति जस की तस है। पूरे प्रदेश में सिद्धार्थनगर जिले की स्थिति सबसे बेहतर है, यहां मजबूत साक्ष्य व पैरवी से 10 में सात बदमाशों को सजा मिल चुकी है। शेष का मामला विचाराधीन है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने जिलाधिकारी व एसएसपी को पत्र लिख कहा है कि टाप 10 अपराधियों को सजा दिलाने में जिम्मेदार रुचि नहीं ली जा रही है। यह स्थिति संतोषजनक नहीं है। माफिया के विरुद्ध दर्ज मुकदमे के साक्षी की गवाही कराके उन्हें दोष सिद्ध कराएं। इन जिलों में माफिया को मिली सजाः सिद्धार्थनगर में सात, मेरठ में छह, कौशाम्बी में छह, उन्नाव, रायबरेली व अयोध्या में चार-चार, प्रयागराज, हापुड़, देवरिया व लखनऊ में तीन-तीन, बलरामपुर, कन्नौज, इटावा, मुरादाबाद, ललितपुर और जालौन में दो-दो, अमेठी, कुशीनगर, महराजगंज, सीतापुर, बिजनौर, बदायूं और जौनपुर में पुलिस व अभियोजन की मजबूत पैरवी से टाप 10 में शामिल एक-एक माफिया को सजा मिली है।

जिले व प्रदेश के माफिया की सूची में शामिल बदमाशों को सजा दिलाने के लिए पुलिस न्यायालय में मजबूत पैरवी कर रही है। इसकी नियमित समीक्षा हो रही है। जोन के जिस जिले में स्थिति कमजोर है उसे ठीक कराया जाएगा।
– अखिल कुमार, एडीजी जोन

## टाप 10 में शामिल है विनोद उपाध्याय, राजन व अजीत का नाम

जिले के टाप 10 माफिया की सूची में 50 हजार रुपये के इनामी विनोद उपाध्याय, पूर्व विधायक राजन तिवारी, पूर्व प्रमुख सुधीर सिंह, अजीत शाही, राकेश यादव, प्रदीप सिंह, राघवेंद्र यादव, सन्नी सिंह का नाम शामिल है।

विनोद, राजन, सुधीर और राकेश का नाम प्रदेश के 61 माफिया में भी शामिल है।

# चरस के साथ दो बाइक सवार गिरफ्तार

तमकुहीरोड। सेवरही पुलिस ने शुक्रवार की शाम 2.800 किलोग्राम चरस, जिसकी कीमत 28 लाख रुपये के लगभग के है, के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सेवरही थाने के एसएचओ हर्षवर्धन सिंह, चौकी प्रभारी दीपक सिंह शुक्रवार की शाम वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान बिनटोलिया शिवाघाट तिराहे के पास दो बाइक सवारों को संदिग्ध देखकर पुलिस ने उनसे पूछताछ की। उनकी बाइक की जांच की बाइक की डिकी में 2.800 किलोग्राम चरस बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बाइक और चरस कब्जे में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक निषाद और हरेंद्र निषाद निवासी भुआल पट्टी, थाना ठकरहा जिला पश्चिमी चंपारण के रूप में हुई है। संवाद

# सीसीटीवी कैमरा लगाने पर पुलिस ने किया सम्मानित

मंसाछापर। बिहार से सटे बांसी में दुकान पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने पर शुक्रवार की शाम को बांसी चौकी प्रभारी ने दुकानदार को सम्मानित किया। चौकी प्रभारी ने सभी दुकानदारों से दुकानों पर कैमरे लगवाने की अपील की। पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बिहार बॉर्डर पर स्थित बांसी में सोनू वर्मा ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरा लगवाया। इसकी जानकारी होने पर चौकी प्रभारी गौरव वर्मा ने दुकानदार को माला पहनाकर सम्मानित किया। चौकी प्रभारी ने कहा कि सभी दुकानदार सोनू से प्रेरित होकर अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा जरूर लगाएं। संवाद

# गंडक नहर में कूदे युवक को युवकों ने बचाया

## पिता के अवैध संबंधों से परिवार में हो रही कलह से परेशान था, बचने के बाद भी नहर में फेंकने की गुहार लगा रहा था

संवाद न्यूज एजेंसी

दुदही। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 30 वर्षीय युवक चटगांव पुल के पास गंडक नहर में कूद गया। वहां खड़े तीन युवकों ने तत्परता दिखाकर युवक को नहर से बाहर निकाल लिया। इसके बाद उसे एंबुलेंस से दुदही सीएचसी में भर्ती कराया।



नहर में कूदे युवक का बचाने वाले शरीफ, दीपक और संदीप। संवाद

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव का एक 30 वर्षीय युवक शुक्रवार की सुबह 10 बजे चटगंवा पुल पर पहुंचा। उसने पुल के पास साइकिल में ताला लगाकर चप्पल निकाली और नहर में कूद गया। उसे डूबते देखकर वहां मौजूद बांसगांव जमुआन निवासी शरीफ, पृथ्वीपुर निवासी दीपक यादव और धुसा टोला निवासी संदीप यादव तत्परता दिखाते हुए नहर में कूद गए। कुछ देर में ही डूब रहे युवक को बाहर निकाल लिए।

डूब रहे युवक ने डूबते समय पानी पी लिया था। युवकों ने उसका पेट दबा कर पानी बाहर निकाला। करीब आधे घंटे बाद युवक होश आया तो अपना नाम, पता बताते हुए पुनः नहर में फेंकने की गुहार लगाने लगा।

सूचना पर पहुंचे विशुनपुरा थाने के सिपाही अभिषेक यादव ने एंबुलेंस से युवक को दुदही सीएचसी में भर्ती कराया और उसके परिजनों को सूचना दी।

अस्पताल पहुंची मां ने बताया कि पिता का एक महिला से अवैध संबंध हो गया है। इसको लेकर हर दिन घर में विवाद हो रहा है। उसके तनाव में आकर इसने यह कदम उठा लिया है।

# पुलिस से की कार्रवाई की मांग

दुदही। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर कोठी निवासी एक 25 वर्षीय मूकबधिर युवक बीते बुधवार को कप्तानगंज से लापता हो गया। वह अपनी बहन के साथ घर आ रहा था। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बैकुंठपुर कोठी चंदन कुमार अपनी बड़ी बहन मीरा देवी के साथ पंजाब कमाने गया गया था। वह मूकबधिर है। बीते 30 अगस्त को बहन के साथ सत्याग्रह एक्सप्रेस से घर लौट रहा था। कप्तानगंज स्टेशन पर बहन ट्रेन से उतर गई। लेकिन चंदन ट्रेन से नहीं उतरा।

बहन ने उसे ट्रेन और स्टेशन पर खोजबीन की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। थानाध्यक्ष रामसहाय चौहान ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# प्रमुख मार्गों पर लग्जरी वाहनों से की जा रही शराब की तस्करी

## बीते दिनों यूपी-बिहार सीमा पर पुलिस ने कई लग्जरी वाहनों से पकड़ी अंग्रेजी शराब

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** अब तस्करों ने तस्करी के लिए रास्ता बदल दिया है। वे गांव की पगडंडियों की बजाय एनएच और प्रमुख मार्गों पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। वे अब कंटेनर, ट्रक और लग्जरी वाहनों में छिपाकर नशीली वस्तुओं की तस्करी कर रहे हैं।

बीते दिनों बिहार सीमा पर जिले की पुलिस ने कई लग्जरी वाहनों में बिहार ले जाते समय कई तस्करों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है।

कुशीनगर जिले की पडरौना कोतवाली, खड्डा, छितौनी, तरयासुजान और तमकुहीराज थाना क्षेत्र की सीमा बिहार बिहार सीमा से जुड़ी है। बीते करीब दो माह में हुई तस्करी के खिलाफ कार्रवाई को देखें तो इसमें कई लग्जरी वाहनों से अंग्रेजी शराब की खेप बरामद हुई है।

ट्रक और कंटेनर में छिपाकर गांजा समेत अन्य मादक पदार्थों को बिहार जाने से पहले ही पुलिस बरामद करने में सफल हुई है। जबकि इन दिनों पुलिस की कार्रवाई में बिहार सीमा से जुड़े गांवों में मादक पदार्थों की कार्रवाई कम हुई है। पुलिस के रिकॉर्ड को देखें तो बीते एक माह में पुलिस ने कई ऐसे मामले पकड़े हैं।



तरयासुजान पुलिस की तरफ से बरामद की शराब। (फाइल फोटो) संवाद

**केस 1** खड्डा पुलिस ने बीते 21 अगस्त को सालिकपुर चौकी के पास से एक कार में 1920 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की थी। कार की नंबर प्लेट फर्जी लगी थी। इसमें पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया था।

**केस 2** हनुमानगंज पुलिस ने बीते 20 अगस्त को पनियहवा में एक कार से बिहार ले जाई जा रही 90 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया था।

**केस 3** खड्डा पुलिस ने बीते 27 मई को सालिकपुर चौकी के पास से एक डीसीएम ट्रक से पशुआहार के बीच छिपाकर बिहार ले जाई जा रही 8892 बोतल पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब बरामद की थी। इसकी कीमत करीब 12 लाख रुपये आंकी गई थी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया था।

इस संबंध में एएसपी रितेश कुमार मिश्र ने बताया कि संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की जांच जिले में हर जगह होती है। जहां भी तस्कर पकड़े जा रहे हैं, वहां विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**केस 4** बीते नौ जुलाई को तरयासुजान पुलिस और स्वाट ने एक कार और एक स्कार्पियो से 39 पेटी बीयर व 18 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की थी। इसकी कुल कीमत 32,33,500 रुपये लगाई गई थी। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

**केस 5** तरयासुजान व स्वॉट ने बीते नौ जुलाई को ही तरयासुजान थाना क्षेत्र के सलेमगढ़ टोल प्लाजा के पास से पांच बैग अंग्रेजी शराब बरामद की थी। तस्तकर उसे किसी बस से बिहार ले जाने की तैयारी कर रहे थे।

**केस 6** बीते 23 अगस्त को अहिरौली दान के पास नारायणी नदी के रास्ते एक नाव पर 12 पेटी अंग्रेजी शराब और साढ़े चार किलोग्राम गांजा एक मोटर बोट से ले जा रहे थे। सूचना पर पहुंची तरयासुजान पुलिस ने अंग्रेजी शराब और गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया था।

# कुशीनगर के दो युवकों को चित्रकूट पुलिस ने उठाया

## चौक बाजार में अपने रिश्तेदार के घर रुके थे दोनों युवक

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** अधिक रिटर्न दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये गबन करने के आरोप में चित्रकूट पुलिस ने कुशीनगर के दो युवकों को चौक थाना क्षेत्र के ठेकी चौराहे से किराना व्यापारी रिश्तेदार के घर से उठाया। पूछताछ के लिए पुलिस रिश्तेदार को भी अपने साथ चित्रकूट ले गई।

परिजन बेटे की पैरवी के लिए चित्रकूट रवाना हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, चित्रकूट जिले में कुछ लोगों ने थाने में शिकायती पत्र देकर फर्जीवाड़ा कर करोड़ों रुपये गबन करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की तो पुलिस को हैरान करने वाली जानकारियां मिली।

कुशीनगर का युवक आकर्षक रिटर्न दिलाने के नाम पर एक फर्जी

### अधिक रिटर्न दिलाने के नाम पर लोगों ठग लिए थे करोड़ों रुपये

कंपनी चला रहा था। करीब छह करोड़ रुपये इकट्ठा होने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए थे।

चित्रकूट पुलिस आरोपियों के मोबाइल फोन के जरिए उनके गृह जनपद कुशीनगर तक पहुंची। वहां से पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी चौक बाजार में अपने रिश्तेदार के घर रुके हुए हैं। बिना देर किए बुधवार रात करीब 12 बजे चित्रकूट पुलिस चौक थाने पहुंची।

चौक पुलिस मयफोर्स चित्रकूट पुलिस को लेकर ठेकी चौराहा स्थित व्यापारी के घर पहुंची। घर के भीतर दोनों आरोपी सो रहे थे। उनके साथ व्यापारी का बेटा भी था। दोनों आरोपियों के साथ चित्रकूट पुलिस उसके रिश्तेदार युवक को भी पूछताछ के लिए अपने साथ उठा ले गई। बृहस्पतिवार सुबह व्यापारी पिता अपने बेटे के पैरवी के लिए चित्रकूट चले गए।

पिता ने बताया कि बेटे ने अपने आधार कार्ड से मोबाइल सिम निकाल कर दिया था। आधार कार्ड के पते पर जब पुलिस पहुंची तो संयोग से आरोपी भी आए थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा अपने आधार नंबर से सिम देने के लिए पूछताछ के लिए बेटे को भी साथ ले आई।

थानाध्यक्ष प्रशांत पाठक ने बताया कि ठेकी चौराहा स्थित एक किराना व्यवसायी के घर साथ में सो रहे कुशीनगर के दो युवकों को चित्रकूट पुलिस को सौंपा गया था। चित्रकूट जिले में आरोपियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज है।

# परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी का केस दर्ज

**दुदही।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बांसगांव जटवलिया निवासी 14 वर्षीय एक बालक पांच दिन पहले स्कूल जाते समय रास्ते से लापता हो गया। परिजनों ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस गुमशुदगी का केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

बांसगांव जटवलिया निवासी मुखतार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका 14 वर्षीय पुत्र सरताज दुदही जैबुन नेशा गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में बीते 28 अगस्त की करीब आठ बजे पढ़ने के लिए घर निकला।

**स्कूल जाने के लिए निकला था रास्ते से लापता**

रास्ते से ही वह लापता हो गया। शाम चार बजे तक जब सरताज घर नहीं आया तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। पांच दिन बीतने के बाद भी कहीं उसका पता नहीं चल सका है। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

इस संबंध में विशुनपुरा थानाध्यक्ष रामसहाय चौहान ने बताया कि पिता की तहरीर पर गुमशुदगी का केस दर्ज किया गया है। बालक की तलाश की जा रही है। संवाद

# रेलवे लाइन के किनारे पुलिस ने बरामद किया शव

**खड्डा।** थाना क्षेत्र के बंजारी पट्टी गांव के पास रेलवे लाइन के किनारे एक व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में विधिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

गोरखपुर-नरकटियागंज रेल खंड के खड्डा थाना क्षेत्र स्थित बंजारी पट्टी गांव स्थित मुख्य पश्चिमी गंडक रेल पुल के आगे एक व्यक्ति का शव देखकर लोगों ने खड्डा पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस पहुंची तो मृतक अर्धनग्न अवस्था में पड़ा था। उसके शरीर पर काली पैंट थी। शरीर के कई हिस्से में चोट के निशान थे। पुलिस ने अनुमान लगाया कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हुई होगी। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने पंचनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि रेलवे लाइन के किनारे शव बरामद किया गया है। संवाद

# सभासद के करीब पहुंची पुलिस रिश्तेदारों के फोन से मिला सुराग

## भाजपा सभासद बैजनाथ चौहान बीते 22 अगस्त को लापता हो गए थे

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कप्तानगंज कस्बे के वार्ड नंबर-14 के भाजपा सभासद बैजनाथ चौहान बीते 22 अगस्त को लापता हो गए थे। पत्नी की तहरीर पर पुलिस गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन में जुटी है। सूत्रों की मानें तो पुलिस लापता सभासद के करीब पहुंच गई है। रिश्तेदारों के फोन से पुलिस को सुराग मिला है।

भाजपा सभासद बीते 21 अगस्त को हाटा थाना क्षेत्र की ग्राम सभा छितौनी ससुराल गए थे। दूसरे दिन शाम को वह घर के लिए निकले, लेकिन घर नहीं पहुंचे। काफी देर तक प्रतीक्षा करने के बाद पत्नी बबिता देवी ने कप्तानगंज पुलिस को तहरीर देकर उनके लापता होने की बात कहकर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस 29 अगस्त को गुमशुदगी का केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई। पुलिस को शुक्रवार को उसके रिश्तेदार के फोन पर बात करने की जानकारी मिली है। सभासद की पत्नी बबिता ने बताया कि अपनी बहन सुनीता चौहान पत्नी नवमी नाथ चौहान जंगल औराही गजराज टोला, थाना पिपराइच गोरखपुर को 31 अगस्त को रात दस बजे के करीब रक्षाबंधन पर्व को लेकर मेरे पति ने फोन किया। वह बोले कि बहन मुझको रक्षाबंधन पर आशीर्वाद दो। अब मैं जहां भी हूं, वहां सुरक्षित हूं। ठीक हूं बबिता ने बताया कि इसकी जानकारी शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे मेरी ननद ने फोन पर दी।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने बताया कि लापता सभासद बैजनाथ चौहान की ओर से अपनी बहन को फोन करके रक्षाबंधन पर आशीर्वाद लेने की जानकारी उनकी पत्नी से मिली है। पुलिस रिश्तेदारों के मोबाइल के माध्यम से शीघ्र ही सभासद के करीब पहुंच जाएगी।



भाजपा सभासद बैजनाथ चौहान के बारे में जानकारी मिलते ही कस्बे के मां काली मंदिर में पूजा-अर्चना और आरती करते लोग। संवाद

### महिलाओं ने माता काली मंदिर में की पूजा

**बैजनाथ** चौहान की फोन से रिश्तेदारों द्वारा जानकारी मिलने पर कस्बे की कई महिलाओं ने बबिता देवी के साथ कस्बे के चकबंदी स्थित काली मंदिर जाकर पूजा-अर्चना और आरती की। महिलाओं ने प्रार्थना की कि लापता सभासद शीघ्र ही घर पहुंच जाएं। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि विजय खेतान, अमित तिवारी, संजय शर्मा, साधु चौहान, बबीता देवी, सरस्वती देवी, किशोरी देवी, गिरिजा चौहान आदि मौजूद रहीं।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-02-09-2023

बाईं आंख व सिर के पास चोट के निशान, अनहोनी की आशंका जता रहे परिजन, मौके पर पहुंचे एसपी

# डीजे देखने गए बच्चे का पोखरी में मिला शव

घुघली, हिन्दुस्तान संवाद। घुघली थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर में शुक्रवार को एक सनसनीखेज घटना हुई। गुरुवार की देर शाम डीजे देखने घर से निकले 12 वर्षीय बालक का शव शुक्रवार को गांव के दक्षिण-पश्चिम सीवान में स्थित पोखरी में मिला। परिजनों के अनुसार बालक के बाईं आंख व सिर पर चोट के निशान हैं और मुंह से कुछ निकला हुआ था।

हत्या की आशंका जताकर परिजन मामले का खुलासा करने की मांग कर रहे हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। सूचना पर एसपी डॉ. कौस्तुभ, अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह समेत पुलिस अफसरों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हर पहलू पर पुलिस की जांच शुरू हो गई है। खानपुर गांव में गुरुवार की रात डीजे का कार्यक्रम था। लोगों के अनुसार गांव निवासी सत्तन का 12



रोहन, फाइल फोटो। ● हिन्दुस्तान

वर्षीय पुत्र रोहन घर से डीजे देखने की बात कहकर बाहर निकला। देर रात तक जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उसके पता सत्तन व माता पूरी रात गांव में उसको तलाशते रहे। हर संभव जगह उसका पता लगाया, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। शुक्रवार की सुबह रोहन की मां ने फिर उसकी तलाश शुरू की। उसकी मां ने पोखरियों व ड्रेन में उसको खोजना शुरू किया। इसी क्रम में जब वह गांव के दक्षिण-पश्चिम सीवान में स्थित चिलवन

- एसपी,एएसपी ने मामले का जल्द खुलासा करने का दिया निर्देश
- पुलिस टीम मामले के हर पहलू की कर रही जांच-पड़ताल



एसपी डॉ. कौस्तुभ ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मातहतों को खुलासा करने का निर्देश दिया ● हिन्दुस्तान

पोखरी में पहुंची तो वहां रोहन का शव दिखा। घटना की सूचना पूरे गांव में फैल गई। मौके पर बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। परिजनों के चीख-पुकार के बीच शव को पोखरी से बाहर निकाला गया। पोखरी में बच्चे का शव मिलने की सूचना पर एसओ नीरज राय व जखिरा चौकी प्रभारी अमित कुमार सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचे। एएसपी आतिश कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और कुछ देर बाद एसपी डॉ. कौस्तुभ मौके पर पहुंचे। मौके पर देर तक उन्होंने बारीकी से निरीक्षण किया। मामले का शीघ्र खुलासा करने का निर्देश दिया। गांव वालों के अनुसार गांव के बाहर सीवान में अकेले रोहन नहीं पहुंच सकता था। पुलिस सूत्रों के अनुसार भी मामला बेहद संदिग्ध है। इसकी जांच के बाद ही सच्चाई सामने आ सकती है। एएसपी आतिश कुमार सिंह का कहना रहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कुछ साफ कहा जा सकता है।

> “ पोखरी में बालक का शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस हर पहलू को मद्देनजर रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों से मिले तहरीर के अनुसार आगे की कार्रवाई होगी। शव पर कोई जाहिराना चोट के निशान नहीं मिले हैं।
>
> डॉ. कौस्तुभ, एसपी

# दहेज हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**कोल्हुई।** कोल्हुई क्षेत्र के पिपरा परसौनी गांव में बीते माह विवाहिता की मौत के बाद पति सास व रिस्तेदारों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। अब पुलिस ने आरोपित पति सहरुद्दीन, सास जैबुन्निसा को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चालान कर दिया। एसओ महेंद्र यादव ने बताया कि आरोपितों की तलाश जारी थी। शुक्रवार को दोनों आरोपितों को पिपरा पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

# ईओ के चैम्बर में मारपीट मामले मे आधा दर्जन पाबंद

**चौक बाजार।** नपं चौक कार्यालय में मंगलवार को ईओ के चैम्बर में सभासदों के दो गुटों के बीच मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। इस मामले में दोनों पक्षों के छह व्यक्तियों को भारी मुचलके के साथ पाबंद किया गया है। घटना के समय कार्यालय में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए भीड़ जमा थी। इस घटना की वजह से कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई थी। घटना के बाद एक पक्ष मौके की नजाकत को समझते हुए निकल गया।

# महिला को पुलिस ने घर पहुंचाया

पुरंदरपुर। पुरंदरपुर के खालिकगढ़ टोला मंगरहिया चौराहे पर भटककर एक महिला पहुंच गई थी। पुलिस ने आधार कार्ड से उसकी पहचान कर उसे उसके घर गोपालपुर देवरिया पहुंचाया गया। एसओ पुरुषोत्तम राव ने बताया कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं लग रही थी।

# नेपाल भागने की फिराक में थे ठग

हि फॉलोअप

## आरोपितों के एक चूक से ढूंढ निकाली चित्रकूट पुलिस

पांच करोड़ के साइबर ठगी के तीन आरोपित चौक क्षेत्र के ठेकी चौराहा पर दूर की रिश्तेदारी का हवाला देते हुए पहुंचे थे। पिछले तीन दिन से वह ठेकी चौराहा पर ही शरण लिए हुए थे। कारोबारी के पुत्र को बहकावे में लेकर उसके नाम से एक सिम कार्ड खरीदा। उसी से कई जगह बातचीत किए। अनजान नंबर से बातचीत देख चित्रकूट पुलिस की एसओजी टीम मोबाइल नंबर को ट्रेस करते हुए चौक पहुंची। दोनों आरोपितों के अलावा कारोबारी के पुत्र को भी पूछताछ के लिए अपने साथ चित्रकूट ले गई।

**चौक बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** नगर पंचायत चौक बाजार से बुधवार रात चित्रकूट एसओजी के हत्थे चढ़े चार लोगों में से तीन आनलाइन ठगी के केस में आरोपित थे। चौथा आरोपित उस मकान मालिक का बेटा है, जिसके घर में आरोपित पिछले तीन दिन से ठहरे हुए थे। आरोपित कुशीनगर जिले के रामकोला के रहने वाले हैं। रिश्तेदारी जोड़ कर चौक बाजार पहुंचे थे। मकान मालिक के बेटा के मोबाइल फोन से कई जगह सम्पर्क किए थे। इससे वह पुलिस के रडार पर आ गए। लोकेशन ट्रेस करते हुए चित्रकूट पुलिस ठेकी चौराहा पर पहुंची। मकान मालिक ही चित्रकूट पुलिस को उस बेड रूम तक पहुंचाया जहां वह ठहरे हुए थे। अगर गुरुवार की रात आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़े नहीं होते तो शुक्रवार को वह नेपाल चले जाते।

चित्रकूट पुलिस ऑनलाइन पांच करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज की है। इसमें कुशीनगर जिले के रामकोला के रगड़गंज क्षेत्र के रहने वाले भी तीन आरोपित नामजद हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। लेकिन वह अपना ठिकाना बदलते रहते थे। इस वजह से पुलिस की पकड़ में नहीं आ पा रहे थे।

# छह दिन बाद बरामद हुई किशोरी, जांच जारी

निचलौल। निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी शनिवार को घर से घास काटने गई थी और तभी से घर नहीं लौटी थी। इस मामले में पुलिस ने उसके पिता की तहरीर पर किशोरी को भगाए जाने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था। किशोरी गुरुवार को घर लौटी। इसके बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

किशोरी अपने गांव के पास एक निजी विद्यालय में कक्षा सात में पढ़ती है। वह प्रतिदिन की तरह उस दिन भी अपने घर से खेत की तरफ घास काटने गई थी। ऐसा आरोप है कि एक युवक उसे बाइक पर बैठाकर लेकर भाग गया था।

# टोल प्लाजा पर वसूली का अफसरों ने लिया संज्ञान

नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद। नौतनवा के छपवा टोल प्लाजा पर हैंड मशीन के जरिए रसीद प्रिंट कर अवैध वसूली का वीडियो तीन दिन पूर्व सोशल मीडिया पर वायरल होते ही मीडिया की सुर्खियों में आ गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध वसूली का चल रहे खेल का उच्च अधिकारियों ने अब संज्ञान लिया है। डीएम ने मामले की जांच एसडीएम एवं सीओ को सौंपा है। एसडीएम ने इस मामले में प्रोजेक्ट डायरेक्टर को पत्र भेजकर जांच करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया है।

नेपाल सीमा को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थापित छपवा टोल प्लाजा इस वायरल वीडियो को लेकर इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। टोल प्लाजा कर्मी बिना फास्टैग के गुजरने वाले वाहनों से गेट पास की रसीद हैंड मशीन के जरिए प्रिंट कर दे रहे थे। साथ ही ओवरलोडिंग के नाम पर भी वसूली के आरोप लग रहे हैं। टोल प्लाजा के दो पूर्व कर्मी सूफियान अंसारी एवं दुर्गेश यादव ने टोल प्लाजा के जिम्मेदारों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर सनसनीखेज आरोप लगाया है। डीएम ने जब एसडीएम व सीओ को जांच के लिए निर्देश किया तो मामले में एसडीएम व सीओ ने शुक्रवार को एनएचएआई गोरखपुर जोन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के साथ महाप्रबंधक को पत्र जारी कर राष्ट्रीय राजमार्ग के छपवा टोल प्लाजा की इस तरह की गतिविधियों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

> डीएम के निर्देश पर स्थानीय स्तर पर जांच की जा रही है। दो पूर्व कर्मियों की शिकायत के आधार पर साक्ष्य जुटाई जा रही है। एनएचएआई द्वारा संचालित छपवा टोल प्लाजा के विभागीय जांच के लिए एनएचएआई गोरखपुर जोन प्रोजेक्ट मैनेजर व महाप्रबंधक को पत्र भेजा गया है।
>
> **आभा सिंह, सीओ, नौतनवा**

# पुलिस व एसएसबी के लिए चुनौती बना साइबर ठग

**फालोअप**

- **शिकायत व जांच के दावों के बीच भी जारी है शातिर की ठगी**
- **एक सप्ताह के भीतर तीन लोगों को बनाया ठगी का शिकार**

जासं, खनुआः भारत-नेपाल की सीमा पर तैनात एसएसबी की 66वीं बटालियन का अधिकारी बता एक साइबर ठग नौतनवा के व्यापारियों को चूना लगा रहा है। बीते एक सप्ताह में शातिर ठग ने तीन लोगों के साथ ठगी कर जांच में जुटी पुलिस व एसएसबी को खुली चुनौती दे डाली है। शातिर अब भी एसएसबी का अधिकारी प्रदीप कांबले नाम बता व्यापारियों के पास फोन कर उन्हें अपने जाल में फंसाने की कोशिश में जुटा है और लोग उसके जाल में फंस भी जा रहे हैं। बावजूद इसके, जांच में जुटी एजेंसियां ठग का सुराग नहीं लगा पा रही हैं।

31 अगस्त को नौतनवा कस्बा के गांधीनगर वार्ड निवासी हार्डवेयर दुकानदार राज जायसवाल से शातिर ने एसएसबी का अधिकारी बन हरदीडाली कैंप पर सामान मंगाने के नाम पर 10 हजार की आनलाइन ठगी कर ली।

इस मामले में ही उक्त शातिर के खिलाफ 25 अगस्त से पुलिस की टीम जांच में जुटी है। 29 अगस्त को श्री महावीर ट्रेडर्स के हार्डवेयर फर्म को ट्रैप में फंसा कर 63 हजार रुपये की ठगी कर ली। 25 अगस्त की सुबह नौ बजे प्रदीप कांबले नामक व्यक्ति ने एक व्यापारी को वाट्सएप काल पर बताया कि वह एसएसबी कैंप हरदीडाली से बोल रहा है और कैंप पर 10 क्विंटल लकड़ी की आवश्यकता है। तत्काल बिल के साथ भेजवाने को कहा। उनके फोन पर 20 हजार रुपये का मैसेज आया। एसएसबी अधिकारी ने कहा कि दो हजार रुपये की जगह 20 हजार चला गया। उन्होंने अपनी नौकरी का हवाला देते हुए 18 हजार रुपये वापस भेजने की बात कही।

उन्होंने दो बार में 18 हजार पेटीएम कर दिया। वह लकड़ी लेकर कैंप पहुंचे तो वहां के जवानों ने कहा कि उनके किसी भी अफसर ने लकड़ी नहीं मंगाई है। इसी पैटर्न पर शातिर की ठगी जारी है।

परसामलिक थाना क्षेत्र के पेडारी व महराजगंज जिला तक के तमाम व्यापारियों के पास भी शातिर साइबर ठग के फोन घनघना रहे हैं। लेकिन कई व्यापारी अब ठग को समझ चुके हैं। पुलिस अपर अधीक्षक आतिश कुमार का कहना है कि साइबर ठगी करने वाले को शीघ्र ही चिह्नित कर पकड़ लिया जाएगा।

# चार सभासद सहित छह लोग शांतिभंग में पाबंद

जासं, चौकबाजारः नगर पंचायत चौक कार्यालय में मंगलवार को सभासदों के दो गुटों के बीच हुए विवाद व कुर्सियों के तोड़ने के मामले में शुक्रवार को चौक पुलिस ने छह लोगों को शांतिभंग में पाबंद कर निजी मुचलके पर छोड़ दिया।

मंगलवार को कार्यालय में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए नगर पंचायत के लोगों की भीड जमा थी। इस दौरान कुर्सी पर बैठने को लेकर सभासदों के दो गुटों में विवाद हो गया। घटना के बाद एक पक्ष मौके की नजाकत को समझते हुए निकल गया, लेकिन दूसरा पक्ष कार्यालय परिसर में ही धरने पर बैठ गया था। सूचना मिलते ही चौक पुलिस मौके पर पहुंचकर समझा-बुझाकर सभासदों को कार्यालय परिसर से हटाया। दोनों पक्षों ने थाने में पहुंचकर मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दिया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद चार सभासद पवन वर्मा, श्रीराम गुप्ता, अजय मद्धेशिया, त्रिभुवन गुप्ता व दो अन्य सुषमा सदन पांडेय व भोला मद्धेशिया पर शांतिभंग में पाबंद कर दिया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि मामले कि जांच चल रही है।

## मारपीट के मामले में सात लोगों पर मुकदमा

जासं, सिसवा बाजार : स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चैनपुर व खेसरारी में मारपीट के मामले में स्थानीय पुलिस ने सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। चैनपुर निवासी जनार्दन ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश में गांव के ही लोगों ने उसको मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले में कोठीभार पुलिस ने उमेश, सोनी व रवि के ऊपर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एक अन्य मामले में खेसरारी निवासी बजरंगी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि बच्चों के विवाद में अकारण उसको गांव के ही लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले में कोठीभार पुलिस ने पिंटू, नन्दू, चिंटू, राकेश पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# टोल प्लाजा पर अवैध वसूली की जांच करेंगे एसडीएम व सीओ

जासं, नौतनवाः गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग के छपवा टोल प्लाजा पर अवैध वसूली की जांच एसडीएम, सीओ व एनएचआइ को सौंपी गई है। शुक्रवार को मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम सत्येंद्र कुमार व एसपी डा.कौस्तुभ के निर्देश पर नौतनवा के एसडीएम मुकेश कुमार सिंह तथा सीओ आभा सिंह ने जांच शुरू कर दी है। जिसको लेकर प्रोजेक्ट डायरेक्टर/जनरल मैनेजर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 24 को पत्राचार कर रिपोर्ट मांगी गई है। बीते एक सप्ताह से बिना फास्टैग व ओवरलोडिंग वाहनों से हैंड मशीन से रसीद जारी करते इंटरनेट मीडिया पर वीडियो प्रसारित हुआ, जिसमें ट्रक चालक कहते नजर आ रहे हैं कि टोल प्लाजा पर तौल कांटा नहीं है, बावजूद 260 रुपये की वसूली की जा रही है।

# गिरफ्तार अमेरिकी महिला को मिली जमानत

**जासं, महराजगंज**: फर्जी आधार कार्ड लेकर भारत से नेपाल जाने की कोशिश में 16 अगस्त को सोनौली सीमा पर गिरफ्तार हुई अमेरिकी नागरिक कोलीन पैट्रिक लिंच को विशेष न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने सशर्त जमानत दे दी। मुकदमे के विचारण तक उसे भारत में ही रहना होगा। उसने महोबा जनपद के फर्जी पते पर आधार कार्ड बनवाया था। जमानत के बाद महिला के प्रयागराज जाने की सूचना है।

- **केस विचारण तक भारत न छोड़ने का न्यायालय ने दिया है आदेश**
- **फर्जी आधार कार्ड के सहारे नेपाल जाने के प्रयास में पकड़ी गई थी**

सोनौली सीमा पर जांच के दौरान आव्रजन अधिकारी स्नेहाशीष राज ने कोलीन पैट्रिक लिंच को संदेह होने पर पूछताछ के लिए रोका था। पूछताछ में उसने अपना परिचय महोबा जिले के कहरा थाना क्षेत्र के बारावई की रहने वाली वंदना सिंह पुत्री रामकिशोर सिंह के रूप में दिया था।

तलाशी में उससे अमेरिकी पासपोर्ट बरामद हुआ और उस पर उसका नाम कोलीन पैट्रिंक लिंच व पता 15-मिलर स्ट्रीट रेहावोथ, एम,ए यूएसए-02769, संयुक्त राज्य अमेरिका लिखा मिला। आव्रजन अधिकारी की तहरीर पर सौनौली पुलिस ने उसके विरुद्ध विदेशी अधिनियम और कूटरचना की धारा में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया था।

कोलीन पैट्रिंक लिंच ने अमेरिकी दूतावास के माध्यम से अधिवक्ता नियुक्त कराकर जमानत के लिए आवेदन किया था। जिला कारागार अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि न्यायाल से अमेरिकी महिला बंदी को सशर्त जमानत मिली है। जिला कारागार से रिहा होने के बाद उसके प्रयागराज जाने की सूचना है।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# छपवा टोल प्लाजा पर अवैध वसूली के मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई

**नौतनवां।** गोरखपुर सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित छपवा टोल प्लाजा पर अवैध वसूली के मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले में अधिकारी कुछ भी बयान देने से परहेज कर रहे हैं।

बता दें कि छपवा टोल प्लाजा पर हैंड हेल्ड मशीन से पर्ची निकाल अवैध वसूली करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उसके बाद से टोल प्लाजा मैनेजर द्वारा दो कर्मचारियों को निकाल दिया गया। मामला उजागर होने के बाद गत शनिवार को नौतनवां थाने पर वर्तमान टोल प्लाजा मैनेजर विक्रम सिंह तथा निकाले गए दोनों पूर्व कर्मचारी उप जिलाधिकारी सिंह तथा सीओ के पास पहुंचे।

## मामले में अधिकारी कुछ भी बयान देने से कर रहे हैं परहेज

टोल प्लाजा मैनेजर और निष्कासित कर्मचारियों से बयान भी लेने की बात कही गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले में एक निष्कासित कर्मचारी द्वारा तहरीर की कापी उप जिलाधिकारी के स्टेनो के पास भेजने की बात कही जा रही है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। संवाद

# छापेमारी में 11 किलो गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार

जासं, फुलमनहाः बृजमनगंज कस्बा में शुक्रवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की गई, जहां पर 11.02 किग्रा गांजा के साथ एक महिला समेत कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

बृजमनगंज क्षेत्र में काफी समय से गांजा का धंधा की शिकायत पुलिस को मिल रही थी। शुक्रवार सुबह स्थानीय पुलिस ने एक घर में छापामारी करने का प्रयास किया, लेकिन घर के लोगों ने अंदर से ताला लगा दिया था, जिससे पुलिस छापेमारी नहीं कर पाई और वापस चली गई। कुछ देर बाद मौके पर पहुंचे सीओ के नेतृत्व में पुलिस ने ताला तोड़कर छापेमारी की तो घर के अंदर से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान गांजा बरामद करते हुए ज्ञानदास निवासी मिश्रौलिया खास, सुभाष व प्रमिला निवासी कस्बा बृजमनगंज को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेज दिया गया।

## गांजा के साथ दो युवक दबोचे गए

**गोरखपुर।** कैंट पुलिस ने गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिए गए। आरोपियों की पहचान महराजगंज के नौतनवां के वार्ड नंबर 14 निवासी विरेंद्र विश्वकर्मा और सिद्धार्थनगर के नौगढ़ थाना क्षेत्र के हमीदनगर निवासी फिरोज अहमद के रूप में हुई है। ब्यूरो

## मारपीट के मामले में दो पर केस दर्ज

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में बच्चों की बात को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि विशुनपुरा निवासी प्रमोद कुमार के तहरीर पर दो आरोपी रामनाथ और गिरिजेश निवासी विशुनपुरा के खिलाफ सबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

## गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

**फरेंदा।** मादक पदार्थो के तस्करी को लेकर पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी द्वारा गठित टीम ने मिश्रौलिया से ज्ञानदास निवासी मिश्रौलिया बृजमनगंज, सुबाष जायसवाल व प्रमिला जायसवाल निवासी बृजमनगंज के पास से 11.2 ग्राम अवैध गांजा बरामद करते हुए गिरफ्तार कर लिया। जिनके खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई। संवाद

# कार्बाइड खाने से राजू की हुई थी मौत

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** शहर के बीरबहादुर नगर के राजू पासवान की मौत कार्बाइड खाने से हुई थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम होने के बाद शव घर पहुंचा तो अंतिम संस्कार किया गया। दबंग के दहशत में पीड़ित की ओर से तहरीर नहीं दी गई है, जबकि पुलिस तहरीर का इंतजार कर रही है।

मामले को लेकर नगर चर्चाओं का बाजार गर्म है। माना जा रहा है कि मामले को रफा दफा कराने के लिए पीड़ित पर दबाव बनाया जा रहा है। इस वजह से तहरीर देने में देरी हो रही है। प्रभावशाली व्यक्ति को पुलिस के शिकंजे से बचाने के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। गरीबी से परेशान मृतक की बेटियां भी किसी नजीते पर नहीं पहुंचा पा रही हैं। सूत्र बात रहे हैं कि उनको समझाया जा रहा है कि कार्रवाई के पचड़े में बहुत परेशानी होगी।

जबकि पुलिस कह रही है कि तहरीर मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी। नगर चौकी इंचार्ज प्रवीण सिंह ने बताया की शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को दे दिया गया है। परिजनों ने देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

अमर उजाला
क्लासीफाइड
विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें-

# जमीन दिलाने के नाम पर 1.25 लाख रुपये हड़पे

**पादरी बाजार (गोरखपुर)।** जमीन के नाम पर जालसाजी का मामला फिर सामने आया है। शाहपुर इलाके के बिछिया झरना टोला निवासी एक शख्स को जालसाजों ने महराजगंज मुख्य मार्ग पर जमीन दिखाकर 1.25 लाख रुपये हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर बृहस्पतिवार को शाहपुर पुलिस ने महाराजगंज जनपद के शिकारपुर दरौली निवासी विजय वर्मा और निचलौल निवासी दिनेश विश्वकर्मा पर केस दर्ज किया।

## महराजगंज के दो युवकों पर दर्ज किया गया केस

जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के झरना टोला निवासी राम प्रवेश सांभर ने कोर्ट में दिए पत्र में लिखा है कि एक केस के सिलसिले में बराबर महराजगंज आना-जाना था। इसी दौरान विजय वर्मा से जान पहचान हो गई। रामप्रवेश ने विजय वर्मा से महराजगंज में जमीन खरीदने की चर्चा की तो विजय ने दिनेश विश्वकर्मा से मिलवाया और कहा कि यह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। आपको सड़क के किनारे सस्ते में जमीन दिला देंगे। कुछ दिन बाद दिनेश विश्वकर्मा ने राम प्रवेश को निचलौल मुख्य मार्ग पर 700 वर्ग फीट जमीन दिखाया और कीमत सात लाख रुपये बताई। जमीन पसंद आने पर एडवांस के रूप में नकद 40 हजार रुपये ले लिए। संवाद

# धड़ल्ले से खेल रहे जुआ, पुलिस खामोश

**नौतनवां।** थाना क्षेत्र में जुआ का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। इस अंकुश न होने से जुआरियों के झुंड जगह-जगह सार्वजनिक स्थलों, बगीचे, मंदिर आदि के पास देखे जा सकते हैं। लोगों की आपत्ति के बाद भी इस पर रोक नहीं लग पा रही है। लोगों का कहना है कि रामनगर में मंदिर परिसर, मिश्रवलिया रोहिन नदी तट के पास, कोहड़वल गांव के पुल के पास नहर मार्ग पर, सिरसिया खास समय माता मंदिर परिसर के अलावा अन्य स्थानों पर भी जुआ का खेल बेरोकटोक हो रहा है। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-02-09-2023

# जंगल में पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**गौर (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सांवडीह गांव के गाजेडिया जंगल में एक युवक का शव पेड़ की डाली से लटका पाया गया। परिजन युवक की हत्या की आशंका जाता रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह ग्रामीण जब शौच के लिए गांव के बाहर जंगल की तरफ गए तो देखा कि एक युवक का शव पेड़ की डाली पर गमछा के सहारे लटक रहा है। धीरे-धीरे या बात फैल गई और वहां स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। इसी बीच किसी ने शव की पहचान थाना क्षेत्र के हलुवा गांव निवासी 22 वर्षीय श्रवण कुमार उर्फ मुसे पुत्र रामअजोर चौधरी के रूप में किया। जिस जगह पर उसका शव पाया गया वही उसकी मोटरसाइकिल भी खड़ी थी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को पेड़ की डाली से नीचे उतरवाया व उसे कब्जे में ले लिया।

**घर से लगभग 3 किलोमीटर दूर गाजेड़िया जंगल की घटना**

**दिवंगत की मां गांव के दो लोगों पर ही जता रही हत्या की आशंका**

मृतक की मां महातम देवी ने बताया कि गुरुवार की शाम उसका पुत्र हलुवा चौराहे पर बिरयानी खाने गया था। वहीं कुछ लोगों से उसका विवाद हो गया। रात करीब लगभग 10 बजे वह वापस घर लौट आया। रात करीब 12:00 बजे उसके मोबाइल पर फोन आया और वह घर से बाहर अपनी मोटरसाइकिल से चला गया। रात में जब वह वापस नहीं आया तो परिजनों को अनहोनी की आशंका सताने लगी। इसी बीच सुबह उसका शव मिलने की सूचना मिली तो स्वजन दंग रह गए। मां ने पुरानी रंजिश में गांव के ही दो लोगों पर हत्या की आशंका जताया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गौर राजकुमार पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल पाएगा।

# मोटर साईकिल की चोरी, केस दर्ज

**बस्ती।** एक व्यक्ति की बाइक को किसी अज्ञात चोर चोरी कर उठा ले गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थानान्तर्गत पाऊ चौराहा स्थित विद्याराम अपनी एचएफ डिलक्स बाइक संख्या यूपी 51 एई/ 0793 को खड़ी कर किसी काम से गया हुआ था। इस दौरान उसकी बाइक पर चोरो की नजर गड़ गयी और मौके मिलते ही वह बाइक को चोरी कर फरार हो गये। मामले में पीड़ित विद्याराम पुत्र गंगाराम ग्राम बगही पोस्ट भंगुरा थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# धरना 21 को, शिक्षकों ने बैठक कर बनायी रणनीति

**बस्ती (एसएनबी)।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल की अध्यक्षता में नगर क्षेत्र कम्पोजिट विद्यालय कटेश्वर पार्क में पेंशन बहाली संयुक्त मंच एनजेसीए राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर बैठक कर संघर्ष की रणनीति तय की गई। बैठक में संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने कहा कि आगामी 21 सितम्बर को पुरानी पेंशन बहाल किये जाने के एक सूत्रीय मांग को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देकर एनपीएस का पुतला फूंकने के साथ ही ज्ञापन भेजा जाएगा। कहा कि शिक्षकों, कर्मचारियों के समक्ष करो या मरो जैसे हालात है। पुरानी पेन्शन बहाल हो इसके लिये हर स्तर पर संघर्ष की धार को मिलकर तेज करना होगा।

संघ के नगर क्षेत्र ब्लाक अध्यक्ष आनन्द सिंह, मंत्री महमूद आलम सन्तोष श्रीवास्तव आदि ने कहा कि शिक्षक और कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन जीवन का आधार है। कई राज्य सरकारों ने इसे लागू भी कर दिया है किन्तु केन्द्र की सरकार इस दिशा में गंभीर नही है। वक्ताओं ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती चरणबद्ध ढंग से आन्दोलन जारी रहेगा। पेंशन शिक्षकों, कर्मचारियों का अधिकार है, इसे लेकर रहेंगे। कहा कि पुरानी पेंशन लागू करना ही होगा। यह जानकारी देते हुये संघ के जिला प्रवक्ता सूर्यप्रकाश शुक्ल ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर आयोजित बैठक में मुख्य रूप से राजू उपाध्याय, सरिता त्रिपाठी, किरन ओझा, रश्मि श्रीवास्तव, सोनल श्रीवास्तव, चिन्तामणि, माधवी शुक्ला, शरद चन्द त्रिपाठी के साथ ही अनेक शिक्षक और संघ पदाधिकारी शामिल रहे।



बस्तीः बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल। फोटो : एसएनबी

# विद्युत मोटर चोरी

**छावनी ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तुरसी निवासी उग्रसेन सिंह पुत्र श्याम बहादुर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके खेत में सिंचाई के लिए लगा विद्युत मोटर गुरूवार की रात चोरी हो गया। उन्होने कार्रवाई की मांग किया है। खबर लिखे जाने तक मुकदमा पंजीकृत नही हो सका था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# चौपाल लगा महिलाओं को किया जागरूक

**परशुरामुपर।** थानाध्यक्ष रामेश्वर यादव के नेतृत्व में कांसटेबल अजीत यादव, महिला आरक्षी प्रगति मिश्रा व देवकी द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत कस्बे में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया। पुलिस कर्मियो ने मिशन शक्ति फेज-5 कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को 1090, 1076, 1098, 181, 112, 102, 108, 1930 सहित तमाम हेल्पलाइन नंबरो के बारे में विस्तार रूप से बताया गया।

**पांच दिनों से नहीं बदला खराब ट्रांसफार्मर**

# ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**दुबौलिया(एसएनबी)।** 33/11 विद्युत उपकेंद्र से जुड़े धर्मपुर गांव में लगा 25 केवी का ट्रान्सफार्मर पांच दिन पूर्व खराब हो गया जो शिकायत के बाद भी बदला नही गया। आपूर्ति बहाल न होने से उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। उपभोक्ताओं ने ट्रांसफार्मर बदलने के लिए जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

धर्मपुर गांव के लोगों का कहना है कि सोमवार को अचानक ट्रांसफार्मर खराब हो गया। लोगों ने टोल फ्री नंबर पर शिकायत भी दर्ज करवाया लेकिन आज पांच दिन बीतने को है लेकिन ट्रान्सफार्मर बदला नहीं गया जिससे दिन ढलते ही पूरे गांव में अंधेरा पसर जाता है। इस उमस भरी गर्मी मे दिन तो किसी तरह कट जाता है लेकिन रात नहीं कटता है। सबसे अधिक परेशानी घर के छोटे बच्चों को हो रही है। गांव के लोगों ने ट्रांसफार्मर के पास विरोध प्रदर्शन किया और चेतावनी दिया कि अगर खराब ट्रांसफार्मर को बदला नहीं गया तो वे लोग सड़क जाम करने पर मजबूर होंगे। इसी सम्बन्ध में एसडीओ मनोज ने बताया की कलच रक्षाबंधन की छुट्टी होने के कारण नहीं बदला जा सका। आज शाम तक बदल दिया जाएगा।



प्रदर्शन करते उपभोक्ता। फोटो : एसएनवी

# पुरानी रंजिश में मारपीट पर एक नामजद

बस्ती। नगर थानाक्षेत्र के अकारी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। अकारी गांव निवासी रामचंदर ने तहरीर दी है। जिसमें बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर उनके पड़ोसी अपशब्द कहने लगे। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारने-पीटने लगे। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गांव के मोल्हू प्रसाद पर केस दर्ज किया है।

# 15 वर्ष पूरा करने वाले वाहनों का पंजीकरण निरस्त

बस्ती। सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में चल रहे 15 वर्ष से अधिक समय वाले वाहन का रजिस्ट्रेशन स्वत: समाप्त हो गया है। यह जानकारी डीएम प्रियंका निरंजन ने दी। कलक्ट्रेट सभागार में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन परिवहन विभाग के पोर्टल पर जांच कर लें। इस संबंध में शासन से दिए गए निर्देश का अनुपालन करें।

# धोखाधड़ी कर ठगे पैसे, मुकदमा दर्ज

**बस्ती ।** सोशल मीडिया के माध्यम से एक व्यक्ति के पास वीडियों का लिंक भेजकर तथा उसमें दिये गये निर्देशो को पालन कराते हुए हजारो रूपये की ठगी कर ली गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर पीड़ित शशांक शुक्ल पुत्र प्रकाश शुक्ल निवासी थरौली ने बताया कि उसके व्हाटसअप नम्बर पर अभियुक्त द्वारा एक वीडियों का लिंक भेजा गया था, जिसे देखने पर रूपया मिलने की बात कही गयी। लालच में आकर उसने वीडियों में दिये गये निर्देशो का पालन करते हुए खाता धाकर शेख शलीम के खाते में चार बार में 47 हजार रूपये भेज दिये। उसके साथ फ्राड होने की आशंका में जब उसने पैसा मांगा तो अभियुक्त ने उसे 60 हजार रूपये इन्वेस्ट करने की बात बतायी। मामले में पुलिस ने आरोपी नव्या तथा शेख शलीम मलिक के विरुद्ध धारा 420 आईपीसी व 66(डी) आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बस्ती ।** पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक को अभियुक्त ने पहले गालियां दी फिर बाद में उसे मारापीटा। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थानान्तर्गत अकारी गांव में पुरानी रंजिश की बात को लेकर रामचन्द्र को आरोपी मोल्हू ने पहले गालियां दी। जिन्हे ऐसा करने से मना करने पर राम चन्दर की पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दिया गया। मामले में पीड़ित रामचन्दर पुत्र जोखू निवासी अकारी थाना नगर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मोल्हू प्रसाद पुत्र सोमई निवासी अकारी थाना नगर के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पानी भरने के विवाद में मारपीट, एफआईआर

**बस्ती ।** पानी भरने के विवाद को लेकर एक युवक को अभियुक्त ने पहले गालियां दी फिर बाद में उसे मारापीटा। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थानान्तर्गत करमा गांव में पानी भरने की बात को लेकर चन्द्रपाल को आरोपी दुर्गा प्रसाद ने पहले गालियां दी। जिन्हे ऐसा करने से मना करने पर चन्द्रपाल की पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दिया गया। मामले में पीड़ित चन्द्रपाल पुत्र गिरजाशंकर निवासी करमा थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दुर्गा प्रसाद पुत्र गिरजाशंकर निवासी करमा थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# लेदवा पहुंचे आयुक्त और आईजी, किया निरीक्षण

## तैयारी

सल्टौआ, हिन्दुस्तान संवाद। विकास खंड सल्टौआ गोपालपुर के लेदवा गांव में चार सिंतबर को प्रस्तावित राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारियों पूरी ताकत झोंक दिया है। तैयारियों की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार शाम 5.45 बजे आयुक्त अखिलेश सिंह व आईजी आरके भारद्वाज ने लेदवा स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने यहां के पंचायत भवन, अमृत सरोवर, प्रदर्शनी स्थल आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत भवन में सभा कक्ष, वाचनालय, पुस्तकालय, अमृत सरोवर व परिसर में स्थित प्रावि विद्यालय की व्यवस्थाओं को देखा। अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद्र व अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी ने सुरक्षा व्यवस्था, गाड़ी पार्किंग सहित अन्य बिंदुओं पर प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह को निर्देश दिया। एसडीएम भानपुर आशुतोष तिवारी, खंड विकास अधिकारी सल्टौआ अनिल सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यंत विक्रम सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे। इसके पूर्व डीएम, एसपी व विकास से जुड़े अधिकारियों ने लेदवा का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।

# लाठीचार्ज के विरोध में वकीलों का आंदोलन जारी

बस्ती, हिटी। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में लगातार दूसरे कार्य दिवस पर भी न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए अधिवक्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। न्यायालय के गेट नंबर पर दो पर जुटे अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए घटना के दोषी पुलिस कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, महामंत्री शिवपूजन मिश्रा, विनोद भट्ट व अन्य ने कहा कि अधिवक्ताओं पर दर्ज किए फर्जी मुकदमें वापस लेने के साथ आरोपी पुलिस कर्मी गिरफ्तार किए जाएं।



हापुड़ की घटना को लेकर शुक्रवार को न्यायालय गेट पर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

हर्रैया संवाद के अनुसार तहसील खुलते ही एकत्रित अधिवक्ताओं ने एसडीएम न्यायालय के पास जमकर नारेबाजी किया। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम गुलाब चंद्र को सौंपा। प्रशासन ने वकीलों के गुस्से को लेकर तहसील गेट पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। हर्रैया तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष उमाकांत तिवारी व मंत्री धमेंद्र सिंह की अध्यक्षता में रैली निकाली कर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमें वापस लेने, दोषी पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी, घायल वकीलों को मुआवजा और सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। अधिवक्ता महावीर दुबे, रामबली, बलराम, श्याम किशोर, मनोज सिंह, बालकृष्ण पांडेय, महिनाथ त्रिपाठी, राजेंद्र सिंह, पवन वर्मा, रामकेश शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

## न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

भानपुर। हापुड़ में लाठी चार्ज व गाजियाबाद में अधिवक्ता की हत्या को लेकर बार एसोसिएशन तहसील भानपुर के अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को एसडीएम आशुतोष तिवारी व तहसीलदार पंकज गुप्ता को प्रस्ताव देकर न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। इससे पूर्व अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में बैठक की। बैठक में इन दोनों घटनाक्रम की निंदा करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई।

# सड़क दुर्घटना रोकने के उपाय नाकाफी

**बस्ती, निज संवाददाता।** नेशनल हाईवे पर सुरक्षात्मक उपाय नहीं किए जाने पर डीएम प्रियंका निरंजन ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में कोई दुर्घटना होने पर जिम्मेदारों पर भी केस दर्ज होगा। वह कलक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित कर रही थीं। डीएम ने निर्देश दिया कि हाईवे पर मानक के विरुद्ध स्थापित शराब की दुकान के संबंध में संबंधित एसडीएम और सीओ एक सप्ताह में रिपोर्ट देंगे। डीएम ने कहा कि सुबह के समय हाईवे पर निराश्रित पशु मौजूद रहते हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत तथा खंड विकास अधिकारी इन्हें हाईवे से हटाना सुनिश्चित करें।




सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को संबोधित करतीं डीएम प्रियंका निरंजन।

समीक्षा में डीएम ने पाया कि निर्देश के बावजूद हाईवे की तरफ से टी-जंक्शन पर रम्बलिंग स्ट्रिप नहीं बनाया गया है। टोल प्लाजा के आसपास भी विकास कार्य नहीं किए गए हैं। जिला अस्पताल चौराहे पर विद्युत पोल बार-बार निर्देश के बाद भी नहीं हटा है। इस कारण वहां जाम की स्थिति बनी रहती है। संचालन अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी/समिति के सदस्य सचिव केशव लाल ने किया। सीडीओ डॉ. राजेश प्रजापति, एडीएम कमलेश चंद, सीएमओ डॉक्टर आरपी मिश्रा, एसडीएम सदर विनोद पांडेय, डीआईओएस जगदीश, एआरटीओ पंकज सिंह आदि उपस्थित रहे।

**हादसों की समीक्षा करें पुलिस व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी :** डीएम ने निर्देश दिया कि जनपद में होने वाली प्रत्येक मार्ग दुर्घटना की समीक्षा पुलिस एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी करें और रिपोर्ट दें।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर बैठक

बस्ती। प्राशि संघ में नगर क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय कटेश्वर पार्क में पेंशन बहाली संयुक्त मंच के आवाहन पर बैठक कर संघर्ष की रणनीति तय की गई। बैठक में संघ जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि आगामी 21 सितम्बर को पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग को लेकर एनपीएस का पुतला फूंकने के साथ ही ज्ञापन भेजा जाएगा।

## डीएम ने सचिव नगर विकास और एसपी विजिलेंस को भेजी आख्या

# रुधौली चेयरमैन और ईओ अनियमित भुगतान के दोषी

**शिकंजा**



- एमएलसी प्रतिनिधि की शिकायत पर डीएम ने कराई थी जांच
- रिपोर्ट में अध्यक्ष और ईओ को प्रथमदृष्टया दोषी पाए गए

बस्ती, निज संवाददाता। डीएम प्रियंका निरंजन की तरफ से शासन को भेजी गई जांच रिपोर्ट में नगर पंचायत रुधौली के अध्यक्ष और ईओ ने सफाई कर्मियों के वेतन में अनियमित भुगतान और मानदेय कम दिया है। रिपोर्ट में अध्यक्ष और ईओ को प्रथमदृष्टया दोषी पाया गया। एमएलसी प्रतिनिधि की शिकायत पर एसडीएम हर्रैया से प्रकरण की जांच कराई गई थी। डीएम ने शासन के साथ ही एसपी विजिलेंस, गोरखपुर को भी रिपोर्ट भेजी गई है।

डीएम की तरफ से विशेष सचिव नगर विकास को 26 अगस्त को भेजी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन और ईओ के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की शिकायत हुई। इसमें एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह ने 20 जुलाई 2022 को कई गंभीर आरोप लगाए। आरोप की डीएम ने जांच कराई। जांच अधिकारी के समक्ष अधिशासी अधिकारी ने 24 जनवरी 2023 को जवाब दिया। आरोप था कि बोर्ड के अधिकारों का हनन करते हुए अप्रैल 2018 में 70 के सापेक्ष 68 सफाई कर्मियों का मानदेय आरटीजीएस नहीं करके मस्टररोल पर हस्ताक्षर व अंगूठा लगवाकर दिया।

यह मजदूर ठेकेदार से लिए जाने थे, लेकिन निविदा नहीं होने के चलते अनुबंध नहीं किया गया। 2018 से सीधे मजदूरों से काम लिया गया, लेकिन ये मजदूर श्रम विभाग में पंजीकृत नहीं थे। शासन को भेजी आख्या में डीएम ने कहा है कि शिकायतकर्ता ने शपथ-पत्र नहीं दिया। सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत के लिए शासनादेश के अनुसार शपथ-पत्र आवश्यक होता है। शासनादेश के क्रम में शिकायत प्रथमदृष्टया ग्राह्य नहीं है। लेकिन एसडीएम हर्रैया की आख्या के अनुसार अनियमित भुगतान और मानदेय से कम भुगतान किये जाने की पुष्टि हुई है। ऐसे में चेयरमैन और ईओ दोषी प्रतीत होते हैं। डीएम ने यह आख्या एसपी विजिलेंस गोरखपुर को भी भेजी है।

### एजेंसी से अनुबंध नहीं होने पर सीधे लिया गया कार्य

बस्ती। जांच अधिकारी के समक्ष दिए गए वर्जन में ईओ ने बताया कि आउटसोर्स एजेन्सी के साथ अनुबंध नहीं होने के कारण मस्टर रोल पर सीधे सफाई कर्मियों से काम लिया गया। किसी प्रकार मानक का उल्लंघन नहीं किया गया है। स्ट्रीट लाइट की गुणवत्ता खराब होने के सबंध में उन्होंने कहा कि पीडब्लूडी के मानक के अनुरूप स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। जिन सफाई कर्मियों से काम लिया गया, वह सभी पहले से काम पर रखे गए थे।

# दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी से खुलेंगे कई राज

- महिलाओं को नौकरी व पैसे का प्रलोभन देने का है आरोपी
- चेयरमैन से महिलाओं को मिलाने का माध्यम था मायाराम

बस्ती, निज संवाददाता। रुधौली क्षेत्र की दुष्कर्म पीड़िता के मामले में दूसरे आरोपी तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। इसकी गिरफ्तारी के बाद ही चेयरमैन के अन्य कारनामों का राज खुल सकेगा। बलात्कार के मामले में दूसरे आरोपी मायाराम पाठक को चेयरमैन रुधौली का सबसे बड़ा राजदार बताया जा रहा है। इसी की मदद से महिलाओं को नौकरी और रुपये दिलाने का बात कही जा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष को एक माननीय का भी संरक्षण अनैतिक काम में बताया जा रहा है। गौरतलब है कि महिलाओं के शोषण में संरक्षण देने वाले माननीय की एक दशक पहले काफी छीछालेदर हो चुकी है।

**अभी नहीं मिली हुकम तहरीरी :** रेप पीड़ित महिला के केस में वांछित आरोपी मायाराम पाठक के गिरफ्तारी के सिलसिले में पूछे जाने पर एसएचओ दिनेश चन्द्र ने बताया कि इस मुकदमें की विवेचना सीओ मैडम की ओर से की जा रही है। उन्हें दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए फिलहाल हुकुम तहरीर नहीं मिली है। आदेश मिलने पर आदेश का पालन कराया जाएगा।

# जिला जेल में रातभर करवटें बदलते रहे रुधौली चेयरमैन

बस्ती। दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए नगर पंचायत रुधौली के चेयरमैन धीरसेन की पहली रात जेल के मुलाहिजा बैरक नंबर-नौ ए में पूरी रात करवटें बदलते हुए कटी। शुक्रवार की सुबह नाश्ते में जेल प्रशासन की ओर से पाव और चाय दिया गया। पहले दिन जेल के प्रथम गेट के भीतर जाते ही धीरसेन काफी बेचैन दिखे।

सुबह को जेल सुरक्षाकर्मियों से कहा कि मच्छरों ने सोने नहीं दिया। दस दिनों तक नए बंदियों को इसी बैरक में रहना होगा। जेल अफसरों का कहना है कि धीरसेन बेचैन था, सुबह सात बजे जब जेल का निरीक्षण शुरू हुआ तो वह टहल रहा था। जब उससे पूछा गया तो कहने लगा कि मच्छरों ने सोने नहीं दिया है। इस बाबत जेल अधीक्षक विवेकशील त्रिपाठी ने बताया कि जेल में चेयरमेन को भी एक सामान्य बंदी की तरह सेवाएं दी जा रही हैं।

# सपा नेता के भाई का था कुआनो नदी में मिला शव

बस्ती, निज संवाददाता। लालगंज थानाक्षेत्र के ठोकवा गांव के पास मनोरमा कुआनो नदी में मिला शव नगर थानाक्षेत्र के महरीपुर निवासी सपा नेता सुभाष यादव के भाई प्रकाश चंद्र का था। वह तीन दिन से लापता थे।

गुरुवार देरशाम ठोकवा गांव के ग्रामीणों ने नदी में शव उतराता हुआ देखकर पुलिस को सूचित किया था। पुलिस ने शव निकलवाकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया था लेकिन थाने पर प्रकाश चंद्र के पिता व अन्य लोगों ने पहचान कर पाने में असमर्थता जताई थी। अगले दिन शुक्रवार को परिवार के लोगों ने प्रकाश चंद्र के रूप में शव की पहचान की। मालूम हो कि नगर थानाक्षेत्र के महरीपुर गांव के प्रकाश चंद्र मंगलवार को घर से बाइक लेकर निकले थे, जिसके बाद लापता हो गए। इसके अगले दिन बुधवार को अमहट घाट के पास कपड़े व चप्पल मिलने के बाद आशंका होने लगी थी कि वह नदी में कूदे होंगे। पिता राम पदारथ की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर कराई थी।

# न्यायालय के आदेश पर हत्या का केस दर्ज

कप्तानगंज, हिसं। कप्तानगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक महिला के विरुद्ध एक व्यक्ति से धोखाधड़ी कर जमीन अपने नाम करा लेने और हत्या कर देने के मामले में केस दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष कप्तानगंज ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर बेटे ने पिता की हत्या का आरोप में एक महिला के विरुद्ध केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। मामला कप्तानगंज थानाक्षेत्र पयागपुर गांव का है। उक्त गांव निवासी वंश बहादुर वर्मा न्यायालय में अर्जी दाखिल कर आरोप लगाया था कि पड़ोस की महिला उर्मिला देवी ने उनके पिता के नाम अंकित जमीन को धोखाधड़ी से अपने नाम कर लिया।

# ग्रामीणों ने संभाला जंगली जानवर का सर्च अभियान

## सतर्कता

बभनान, हिसं। जंगली जानवर का सर्च अभियान ग्रामीणों ने संभाल लिया है। क्षेत्र में दहशत के कारण मनौव्वर हुसैन के मौत की घटना को लेकर जुड़े सवाल जनता को बेचैन कर रहे हैं। विगत 25 अगस्त को गौर थानाक्षेत्र के मेहदिया रामदत्त गांव निवासी मनौव्वर हुसैन की जंगली जानवर द्वारा मार देने की घटना सामने आई थी। आनन-फानन में परिजन शव उठा लाए और पीएम कराने से इन्कार कर दिया।

पुलिस भी पंचनामा कर चलती बनी। इसके बाद वन विभाग जंगली जानवर की तलाश में जुट गई। एक सप्ताह बीतने के बाद जंगली जानवर का कोई सुराग नहीं लगा तो ग्रामीणों ने सर्च अभियान की कमान संभाल ली है। जंगली जानवर का दहशत अभी भी लोगों में व्याप्त है। खेतों में खाद की बुआई का समय है। डीएफओ बस्ती नवीन कुमार शाक्य ने बताया कि क्षेत्र में जंगली जानवर नहीं है यदि जंगली जानवर होता तो एक सप्ताह के सर्च अभियान में उसके पदचिह्न, मल या उससे जुड़ा कोई सुराग जरूर मिलता।

# जालसाजों ने खाते से उड़ाए 47 हजार

बस्ती। वीडियो का लिंक शेयर करने के बहाने जालसाजों ने खाते से 47 हजार रुपये उड़ा दिए। मामला लालगंज क्षेत्र के थरौली गांव का है। गांव निवासी शशांक शुक्ल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके व्हाट्सऐप पर आए एक अज्ञात कॉल से उन्हें वीडियो का लिंक शेयर करने को कहा गया। बताया गया कि वीडियो का लिंक शेयर करने पर उनको रुपये मिलेंगे। चार बार में उनके खाते से जालसाजों ने 47 हजार रुपये उड़ा दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो व्यक्तियों नव्या और शेख सलीम मलिक पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पानी लेने को लेकर मारपीट, एक पर केस

बस्ती। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के करमा में पानी भरने की बात को लेकर मारपीट हो गई। वहां के चंद्रपाल ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि पानी भरने की बात को लेकर गांव के दुर्गा प्रसाद ने मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# ट्रांसफॉर्मर खराब, पांच दिन से अंधेरे में गांव

**आक्रोश**



शुक्रवार को बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

दुबौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। 33/11 विद्युत उपकेंद्र दुबौलिया से जुड़े धर्मूपुर गांव में लगा 25 केवीए का ट्रांसफॉर्मर पांच दिन पूर्व खराब हो गया था, जिसे अभी तक विभाग द्वारा नहीं बदला गया है। इससे गांव अंधेरे में है। यहां के ग्रामीण गर्मी से बेहाल हैं और बिलबिला रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद भी खराब ट्रांसफॉर्मर को नहीं बदला गया। जिससे करीब 50 घरों में बिजली आपूर्ति ठप है। धर्मूपुर गांव के लोगों का कहना है कि सोमवार को ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया। लोगों ने टोल फ्री नंबर पर शिकायत भी दर्ज कराई। पांच दिन बीत गए लेकिन खराब ट्रांसफॉर्मर को बदला नहीं गया। जिससे सूरज ढलते ही पूरे गांव में अंधेरा पसर जाता है। इस उमस भरी गर्मी में दिन का सुकून और रातों की नींद खराब हो गई है। सबसे अधिक परेशानी घर के छोटे बच्चों को हो रही है। गांव के लोगों ने ट्रांसफॉर्मर के पास विरोध-प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि खराब ट्रांसफॉर्मर को बदला नहीं गया तो हम लोग सड़क जाम करने पर मजबूर होंगे। इसी संबंध में एसडीओ मनोज ने बताया की कल रक्षाबंधन की छुट्टी होने के कारण ट्रांसफॉर्मर नहीं बदला जा सका। जल्द ही ट्रांसफॉर्मर बदलवाकर आपूर्ति बहाल करा दी जाएगी।

## बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

दुबौला। 33/11 विद्युत उपकेन्द्र दुबौला से संचालित चार फीडरों से जुड़े गांवों में शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। दो दिनों से भीषण कटौती की जा रही है। 24 घंटे में शायद ही चार से पांच घंटे बिजली दी जा रही है। इससे ग्रामीण परेशान हो गए हैं। गर्मी से लोग बिलबिला रहे। उपभोक्ताओं का कहना है कि शाम आठ बजे बिजली कटी तो पूरी रात नहीं दिखाई पड़ती है। गुरुवार और शुक्रवार को कटौती का सिलसिला जारी रहा।

# तीन साल से ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम खराब

## रोडवेज तिराहा, अस्पताल व कपंनीबाग चौराहे पर सोलर पैनल भी लगाया गया था

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: शहर में जाम के झाम से मुक्ति पाने के लिए सात साल पहले 20 लाख रुपये खर्च कर प्रमुख स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाए गए थे। इसके निर्बाध संचालन को सोलर पैनल भी लगा था। शुरू में तो यह ठीक ढंग से संचालित हुए, मगर बाद में इनके खराब होने का सिलसिला शुरू हो गया। वर्तमान में सभी ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम बंद पड़े हैं।

बस्ती शहर के रोडवेज तिराहा, अस्पताल और कंपनीबाग चौराहे पर हमेशा जाम लगता है। इसे देखते हुए नगर पालिका ने इन तीन स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगवाने का निर्णय लिया।

सात साल पहले इन्हें तीनों स्थानों पर लगाकर यातायात व्यवस्था को बेहतर किया गया। इन स्थानों पर लोग सिग्नल सिस्टम में लगी लाल, हरी और पीली बत्तियों के अनुसार वाहनों का संचालन करने लगे। ऐसे में यातायात व्यवस्था में दिन प्रतिदिन सुधार होता गया। मगर डेढ साल बाद ही सिग्नल सिस्टम खराब होने लगे। दो बार तो इसे ठीक कराया गया, मगर इसके बाद खराब होने पर इनकी सुधि नहीं ली गई।

तीन साल से यह सभी सिस्टम बंद पड़े हैं। नगर पालिका और यातायात पुलिस बंद हो चुके ट्रैफिक सिग्नल से बेखबर है।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि बेहतर यातायात के लिए शहर के प्रमुख जगहों पर नए सिरे से सिग्नल सिस्टम लगाए जाएंगे। इसकी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। बेहतर यातायात के लिए शहर के प्रमुख जगहों पर नए सिरे से सिग्नल सिस्टम लगाए जाएंगे। इसको लेकर आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर ली गई है।



कंपनीबाग चौराहे पर खराब पड़ा ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम • जागरण

# खेत में लगा पानी का मोटर चोरी

छावनी, बस्ती : छावनी थाना क्षेत्र के तुर्शी गांव में एक खेत में लगा पानी का मोटर चोरी हो गया है। किसान ने छावनी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तुर्शी गांव निवासी उग्रसेन सिंह ने बताया कि खेत में लगे उनके पानी के मोटर को किसी ने चुरा लिया। (जासं)

# झांसा देकर ले उड़ा बाइक, सीएम पोर्टल पर शिकायत

**जासं, कप्तानगंज**: थानाक्षेत्र के रतास उर्फ कप्तानगंज निवासी अखतर हुसैन की बाइक झांसा देकर एक व्यक्ति ले उड़ा। इसकी शिकायत उन्होंने सीएम पोर्टल सहित पुलिस अधिकारियों से की है। बताया कि वह कप्तानगंज में बाइक रिपेयरिंग की दुकान संचालित करते हैं।

गौर थाना क्षेत्र का एक व्यक्ति अक्सर उनकी दुकान पर आता था। इससे उनका उससे परिचय हो गया था। गुरुवार की देर शाम वह व्यक्ति आया और बोला कि उसे बहुत जरूरी काम है, उसके पास कोई साधन नहीं है। अपनी बाइक से एकटेकवा तक छुड़वा दीजिए।ऐसे में उन्होंने बाइक से अपने सहयोगी विकास के साथ भेज दिया। एकटेकवा पहुंचने पर आरोपित ने विकास से कहा कि वह वहीं खड़ा रहे पांच मिनट में वह बगल के गांव से आ रहा है। उनका सहयोगी उसे झांसे में आ गया। जाने के बाद आरोपित जब बाइक लेकर काफी देर तक नहीं लौटा तो उसके घर पर पता किया गया। वहां पता चला कि वह बहुत दिनों से घर से गायब है। थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने बताया कि उन्हें इस संबंध मे कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। मिलने पर प्रकरण को देखा जाएगा।

# बीएसए कार्यालय के समक्ष 21 को धरना देंगे शिक्षक

**जासं, बस्ती**: उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में कम्पोजिट विद्यालय कटेश्वर पार्क में बैठक हुई। संघर्ष की रणनीति तय की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 21 सितंबर को पुरानी पेंशन बहाल किये जाने की एक सूत्रीय मांग को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। एनपीएस का पुतला फूंकने के बाद ज्ञापन सौंपा जाएगा।

संघ के नगर क्षेत्र ब्लाक अध्यक्ष आनंद सिंह, मंत्री महमूद आलम संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक और कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन जीवन का आधार है। कई राज्य सरकारों ने इसे लागू भी कर दिया है लेकिन केन्द्र की सरकार इस दिशा में गंभीर नही है।

# मोबाइल पर लिंक शेयर करना पड़ा महंगा

बस्ती : लालगंज थाने के थरौली गांव निवासी शशांक शुक्ल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके मोबाइल के वाट्सएप पर आरोपितों ने एक वीडियो का लिंक भेजा। इसे देखने पर रुपया मिलने की बात कही। इतना ही नहीं झांसे में आकर पीड़ित ने आरोपित शेख सलीम मलिक के खाते में चार बार में 47,000 रुपया भेज दिया।

# पाऊं चौराहे से बाइक चोरी, मुकदमा

**बस्ती**: कलवारी पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी विद्याराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी बाइक पाऊं चौराहे पर से 12 अगस्त को शाम 6.35 से रात नौ बजे के बीच चोरी हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# लाइब्रेरी व स्टडी प्वाइंट का किया गया शुभारंभ

**बस्ती** : रोडवेज के निकट स्थापित एक लाइब्रेरी और स्टडी प्वाइंट का शुभारंभ शुक्रवार को कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक ने किया। संचालक संतोष चौधरी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं यहां आकर लाइब्रेरी में इंटरनेट की सुविधा के साथ ही जरूरी पुस्तकों का भी अध्ययन कर सकेंगे। एसएसआइ संतोष कुमार सिंह, रोडवेज चौकी प्रभारी राहुल गुप्ता के अलावा मनीष, प्रिंस सहित अनेक छात्र मौजूद रहे।

**पानी भरने की बात को लेकर मारा पीटा**

**बस्ती**: पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के करमा गांव निवासी चंद्रपाल ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने पानी भरने की बात को लेकर उन्हें अपशब्द कहा, मना करने पर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने गांव के ही दुर्गा प्रसाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# लाठी चार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

- जनपद न्यायालय गेट नंबर दो पर एकत्र होकर की नारेबाजी
- आक्रोशित अधिवक्ताओं ने न्याय मार्ग कर दिया अवरुद्ध

जागरण संवाददाता बस्तीः हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में शुक्रवार को जनपद के अधिवक्ता कार्य से विरत रहे। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने न्याय मार्ग अवरुद्ध कर दिया।

जनपद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद भट्ट व सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री समर्थकों के साथ जनपद न्यायालय के गेट नंबर दो पर एकत्र हुए। यहां प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। कुछ देर बाद न्याय मार्ग जाम कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ताओं के समझाने पर रास्ते का अवरोध समाप्त हुआ। आंदोलन में हनुमत शुक्ला, प्रशांत कुमार भारती, अरविंद दुबे, देवव्रत उपाध्याय, अरविंद चौधरी, एसएन दुबे, अर्पिता पांडेय, गरिमा, अनामिका, रोली त्रिपाठी मौजूद रही। हर्रैया प्रतिनिधि के अनुसार हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज व दर्ज हुए मुकदमें के विरोध में शुक्रवार को एक बार फिर अधिवक्ताओं ने



जनपद न्यायालय गेट पर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता • जागरण

प्रदर्शन किया। कार्य से विरत रहे। एसडीएम न्यायालय के पास जमकर नारेबाजी की। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम गुलाब चंद्रा को सौंपा। हर्रैया तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी व मंत्री धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में रैली निकाली गई। पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। अधिवक्ता महावीर दूबे, रामबली, बलराम, श्याम किशोर, मनोज सिंह, बालकृष्ण पांडेय, महिनाथ त्रिपाठी, राजेंद्र सिंह, पवन वर्मा, रामकेश शर्मा सहित मौजूद रहे।

# उप जिलाधिकारी ने लेखपाल को किया निलंबित

जागरण संवाददाता वस्ती: एसडीएम हरैंया गुलाब चंद्रा ने लंबे समय से गायब रहने वाले एक लेखपाल तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उसे हरैंया तहसील स्थित भूलेख कार्यालय से संबंद्ध किया गया है। एसडीएम ने बताया कि हल्का संख्या 353 रखिया में तैनात लेखपाल रविराज चौधरी 15 दिनों से बिना किसी सूचना के ड्यूटी से गायब है। इन पर शोकाज नोटिस का जवाब न देने, किसी प्रकार की रिपोर्ट उपलब्ध न कराने, आमजन का फोन भी न उठाने का आरोप है। संबंधित लेखपाल को लापरवाही, कर्तव्यों के प्रति उदासीनता बरतने व कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लघंन करने जैसे आरोप में निलंबित कर दिया गया है। आरोप सही पाए जाने पर लेखपाल के बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी।

# जंगली जानवरों के भय से गांव में दहशत

- 25 अगस्त को बुजुर्ग का खून से लथपथ मिला था शव
- तेंदुए के हमले में मौत की आशंका जता रहे ग्रामीण

जासं, वभनान, बस्तीः गौर थाने के मेहदिया रामदत्त गांव में 25 अगस्त को गांव निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग मनौव्वर की मौत के बाद ग्रामीणों में अभी भी दहशत का माहौल है। बुजुर्ग का शव दिन में ही गन्ने के खेतों के बीच से होकर गुजरे खड़ंजा मार्ग पर खून से लथपथ मिला था। गले और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे। ग्रामीणों को आशंका थी किसी जंगली जानवर के हमले में मनौव्वर की मौत हुई। अधिकांश ग्रामीण इसे तेंदुए का हमला मान रहे थे, मगर स्वजन द्वारा शव का पोस्टमार्टम न कराने और शव को दफन कर देने से मौत का राज भी दफ़न हो गया।

मनौव्वर की मौत के बाद वन विभाग ने लगातार तीन दिन महदिया रामदत्त और उसके आस पास के गांवो में कांबिंग की, मगर तेंदुआ के मौजूदगी का कोई संकेत नहीं मिला। ऐसे में विभाग ने कांबिंग रोक दी। मनौवर की मौत कैसे हुई, उसे जंगली जानवर ने मारा या मौत की वजह कुछ और थी, इस राज पर से पर्दा न उठ सका। पुलिस भी जंगली जानवर के हमले में मौत की घटना मानकर मामले में ठंडे बस्ते में डाल चुकी है। वहीं मेहदिया रामदत्त गांव के साथ ही आस के गांवों में भी ग्रामीणों के बीच जंगली जानवर को लेकर भय बना हुआ है। लोग भयवश खेतों में नहीं जा पा रहे हैं। यदि जा भी रहे हैं है तो पूरी तैयारी और समूह के साथ। कई किसानों का कहना है कि वे तेंदुए के डर से अपने खेतो में उर्वरक व दवाओं का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में सवाल यह है कि आखिर में ग्रामीण कब तक हिंसक जानवर के आशंका से भय के साए में जीने को मजबूर रहेंगे। गौर थाना क्षेत्र के मेहदिया राम दत्त गांव निवासी 60 वर्षीय मनौवर हुसैन पुत्र लाल मोहम्मद हुसैन की दोपहर करीब 12:30 बजे पैदल ही छाता लेकर मेहंदिया खड़ग बहादुर शाही मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए जा रहे थे। उसके घर से लगभग सात सौ मीटर आगे खड़ंजे के किनारे खून से सना उसका शव था।

# मंडलायुक्त व आइजी ने किया निरीक्षण

**जागरण संवाददाता, सोनहा, बस्तीः** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल सोमवार को सल्टौआ गोपालपुर विकास खंड के लेदवा गांव में आएंगी। उनके दौरे को लेकर शुक्रवार की शाम को मंडलायुक्त अखिलेश कुमार व आइजी आरके भारद्वाज ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

खंड विकास अधिकारी सल्टौआ अनिल कुमार यादव से पौधारोपण के बारे में जानकारी ली। पंचायत भवन की दीवाल पर लिखे दिन वार अधिकारियों की उपस्थिति के बारे में जाना। पंचायत भवन में सभा कक्ष, वाचनालय, पुस्तकालय, अमृत सरोवर व प्राथमिक विद्यालय लेदवा का निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द व अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी ने सुरक्षा व्यवस्था, गाड़ी पार्किंग सहित



ग्राम पंचायत लेदवा (चौकवा) में तैयारियों का जायजा लेते मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, आइजी आरके भारद्वाज, साथ में दुष्यंत विक्रम सिंह व अन्य • जागरण

अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपजिलाधिकारी भानपुर आशुतोष तिवारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि दुष्यंत विक्रम सिंह ,एडीओ पंचायत अरुणेश पाल, ग्राम विकास अधिकारी अरविंद कुमार, प्रभारी निरीक्षक सोनहा शैलेश कुमार सिंह, टीआइ कामेश्वर सिंह मौजूद रहे।

# ट्रक में हड्डियां लाद संभल जा रहे ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

जागरण संवाददाता, बस्ती: हाईवे पर कोतवाली क्षेत्र के पटेल चौक के पास से पुलिस ने संदेह के आधार पर एक डीसीएम ट्रक को पकड़ा तो उसमें बड़े जानवरों की हड्डियां मिलीं। पुलिस ने चालक से कागजात मांगे तो वह बकरों की हड्डी का मिला। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

कोतवाल विनय कुमार पाठक ने बताया कि दिन में तीन बजे के करीब पुलिस चौकी पटेल चौक के प्रभारी राजेंद्र यादव और उनकी टीम ने एक ट्रक को संदेह के आधार पर रोका और चालक से ट्रक में लदे माल की जानकारी ली। चालक ने बताया कि इसमें जानवरों की हड्डियां हैं। पुलिस ने जब ट्रक की चेकिंग की तो उसे बड़े जानवरों की हड्डियां नजर आईं। ऐसे में पुलिस ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. अनिल कुशवाहा को इसकी जानकारी देते हुए मौके पर पशु चिकित्सक भेज कर हड्डियों की जांच करने का अनुरोध किया। इस पर उन्होंने मौके पर राजकीय पशु अस्पताल सदर के पशु चिकित्साधिकारी डा.ओ.पी. मिश्र को भेजा। पशु चिकित्साधिकारी ने हड्डियों का सैंपल लिया। बताया कि इसे गोरखपुर स्थित लैब भेजा जाएगा, जिससे पता चल सकेगा कि हड्डी किस जानवर की है। कोतवाल ने बताया कि हड्डियां कोलकाता से संभल ले जाया जा रहा था।

# राज्यपाल के भ्रमण की तैयारियों का कमिश्नर-आईजी ने लिया जायजा



**सल्टौआ ।** विकास खंड सल्टौआ गोपालपुर के लेदवा गांव में चार सितंबर को प्रदेश के राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार सायं 5.45 बजे कमिश्नर अखिलेश सिंह व आईजी आरके भारद्वाज ने निरीक्षण किया इस दौरान खंड विकास अधिकारी पंचायत भवन में सभा कक्ष, वाचनालय, पुस्तकालय, अमृत सरोवर व परिसर में स्थित विद्यालय का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी हासिल की।अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी से सुरक्षा व्यवस्था, गाड़ी पार्किंग सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी हासिल की। उपजिलाधिकारी भानपुर आशुतोष तिवारी, खंड विकास अधिकारी सल्टौआ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सल्टौआ गोपालपुर दुष्यंत सिंह आदि लोग मौजूद रहे। संवाद

# सिद्धार्थनगर के बस ऑपरेटरों ने किया प्रदर्शन

## सिद्धार्थनगर में बिना रूट परमिट के दौड़ रहीं डग्गामार गाड़ियां

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** सिद्धार्थनगर के एआरटीओ व पीटीओ से त्रस्त निजी बस ऑपरेटरों ने शुक्रवार को मंडल मुख्यालय स्थित आरटीओ दफ्तर के सामने प्रदर्शन किया। आपरेटरों ने दोनों अधिकारियों को डग्गामार वाहनों को संरक्षण देकर मनमानी से संचालित करवाने का आरोप लगाया। साथ ही होने वाली क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण यानी कि आरटीए की बैठक में भी प्रदर्शन करने की चेतावनी दिया।

प्राइवेट मिनी बस कल्याण एसोसिएशन की अगुवाई में पहुंचे बस ऑपरेटर तबारक अली, रामदीप, बबलू मिश्रा, जगदीश मिश्रा व रहमतुल्ला आदि ने आरोप लगाया कि इटवा से बांसी-बिस्कोहर वाया मिश्रौलिया के तकरीबन 45 किमी के रूट पर डग्गामार बसों के अलावा अधिक संख्या में ऑटो व ई रिक्शा संचालित हो रहे हैं। यही नहीं इन्होंने तकरीबन आधा दर्जन अवैध स्टैंड भी संचालित कर रखे हैं। यह स्थिति यहां तकरीबन तीन साल से बनी हुई है। यहां से मुंबई, दिल्ली व लखनउ जैसे महानगरों के लिए अवैध रूप से सवारियां ढोई जा रही है। इससे परमिट वाली हमारी बसों का जहां भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है, वहीं परिवहन निगम की सरकारी बसों का संचालन भी प्रभावित हो रहा है।



आरटीओ कार्यालय में प्रदर्शन करते बस ऑपरेटर। संवाद

बताया कि इस रूट पर परमिट वाली बसों को होने वाले नुकसान के बारे में एआरटीओ व पीटीओ से कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। नतीजतन अवैध वाहन संचालकों का हौसला इतना बढ़ गया है कि आए दिन विवाद करते रहते हैं और मामला पुलिस तक पहुंचने के बाद सुलह-समझौता करवा दिया जाता है। एक परिवहन निगम की अनुबंधित बस का जिक्र करते हुए बताया कि उसका संचालक दबंग किस्म का व्यक्ति है और आए दिन झगड़ा करके सवारियां भरवा लेता है।

बस ऑपरेटरों ने चेतावनी दी कि अगर इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो मामले को आरटीए की बैठक में उठाया जाएगा और मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा। आरटीओ प्रशासन फरीदुद्दीन ने बताया कि सिद्धार्थनगर के एआरटीओ व पीटीओ से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पहेली बन गई मुनव्वर की मौत, उठ रहे सवाल, कहीं हत्या तो नहीं

**शव का पोस्टमार्टम न कराने को लेकर सबसे ज्यादा असंतोष, हिंसक जानवर का बताया गया हमला, कांबिंग में नहीं मिला जानवर का नामोनिशान**

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती/ बभनान।** गौर थाने के मेंहदिया गांव के मुनव्वर की मौत पहेली बन गई है। पुलिस भले ही हिंसक जानवर के हमले में मौत मानकर पल्ला झाड़ चुकी है, लेकिन क्षेत्र और गांव के लोगों को घटना अब भी कचोट रही है।

लोगों का कहना है कि घटना स्थल या उसके आसपास कहीं जंगली जानवर की चहलकदमी के निशान मिल गए होते तो मान लिया जाता। मगर चार दिन की कांबिंग के बावजूद जंगली जानवर का कोई नामोनिशान न मिलना सवाल खड़े कर रहा है।

शव का पोस्टमार्टम न कराना लोगों को सबसे ज्यादा अखर रहा है। लोग यहां तक कहते हैं कि पुलिस ने खुद ही घटना पर पर्दा

**एक सप्ताह पहले गौर थाने के मेंहदिया रामदत्त गांव के पास हुई थी घटना**

डालने के लिए शव को आनन-फानन में दफन करवा दिया। हालांकि एसएचओ राज कुमार पांडेय का कहना है कि परिवार वालों के पोस्टमार्टम न कराने के आग्रह पर ऐसा किया गया।

नमाज पढ़ने के लिए गांव के दूसरे पुरवे की मस्जिद जाते समय रास्ते में रहस्यमय तरीके से मुनव्वर की मौत हो गई थी। उस समय कहा गया कि तेंदुए के हमले में मौत हुई। मगर चार दिन तक कांबिंग के बावजूद किसी भी जंगली जानवर का नामोनिशान तक नहीं मिला। वन विभाग ने यह कहते हुए खोजबीन बंद कर दी कि यहां किसी जानवर की संभावना नहीं है।

सवाल उठता है कि अगर ऐसा है तो 65 वर्षीय मुनव्वर की मौत की वजह क्या थी ? अब लोगों में चर्चा होने लगी है कि कहीं उनकी हत्या तो नहीं कर दी गई। कारण यह कि उनके गले पर जो निशान पाए गए थे वैसे नुकीले हथियार के भी बनते हैं।

बता दें कि गौर थाना क्षेत्र के मेंहदिया रामदत्त गांव निवासी मुनव्वर हुसैन (60) पिछले शुक्रवार को दोपहर करीब 12:30 बजे पैदल ही छाता लेकर बगल के गांव मेंहदिया खड्ग बहादुर शाही मस्जिद में नमाज पढ़ने जा रहे थे। एक घंटे बाद घर से लगभग सात सौ मीटर आगे खड़ंजे के किनारे खून से सना उनका शव पड़ा मिला था। दिवंगत के चेहरे व गर्दन पर गंभीर चोट के निशान पाए गए थे। अंदाजा लगाया गया कि किसी जंगली जानवर ने उन पर हमला कर मार डाला। ग्रामीणों का कहना था कि कुछ दिन पूर्व टिनिच क्षेत्र के एक गांव के आसपास तेंदुआ जैसा जानवर दिखाई पड़ा था। ग्रामीण अंदाजा लगा रहे हैं कि तेंदुए ने ही मुनव्वर पर हमला किया। मौके पर पहुंचे परिजन ने शव को घर उठा ले गए थे।

### लोगों को कचोट रहा पुलिस का रवैया

**बभनान।** जिस तेंदुए के हमले से मुनव्वर की मौत की बात कही जा रही है, उसे न तो कांबिंग के दौरान वन विभाग की टीम पकड़ पाई और न ही उसकी मौजूदगी के कोई निशान ढूंढ पाई। घटना के एक सप्ताह बाद भी आसपास के चार-पांच गांवों में दहशत बरकरार है। फिर पूरा सिस्टम मुनव्वर की मौत का कारण जंगली जानवर के हमले से मानकर घटना को ठंडे बस्ते में डाल दिया, जबकि शुरू से ही वन विभाग के अधिकारी कहते रह गए कि जब तक शव का पोस्टमार्टम नहीं होगा तब तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं होगा। इसके बावजूद शव को दफन कर दिया गया। अस्वाभाविक मौत होने के बावजूद पुलिस की बिना छानबीन के शव को परिवार वालों को सौंपना लोगों के गले बात नहीं उतर रही है। संवाद

### डर के मारे खेतीबाड़ी का काम ठप

घटना का रहस्य बरकरार रहने की वजह से ग्रामीणों में अब भी डर बना हुआ है, जिसके चलते ग्रामीण अभी भी आशंका जता रहे हैं कि कहीं क्षेत्र में अभी भी हिंसक जानवर की मौजूदगी न हो, जिसके चलते वे खेतों में काम करने नहीं जा रहे हैं। कई किसानों का कहना है कि वे तेंदुए के डर से खेतों में उर्वरक व दवाओं का छिड़काव करने नहीं जा रहे हैं। जहां भी जाते हैं, झुंड बनाकर जा रहे हैं।

### परिवार के लोग व प्रधान भी बता रहे हमला

परिवार के लोगों ने भी मान लिया है कि जानवर के हमले में यह घटना हुई। मुनव्वर के तीन बेटों में सबसे बड़े तसव्वर ने बताया कि उस दिन बारिश के बीच उसके पिता नमाज पढ़ने जा रहे थे। रास्ते में किसी जानवर ने हमला कर दिया। खून ज्यादा बह जाने के कारण उनका इंतकाल हो गया। ग्राम प्रधान एजाज अहमद ने भी यही बताया कि घटना जानवर के हमले के कारण हुई। हालांकि गांव और क्षेत्र के लोगों ने दबी जुबान जानवर के हमले पर संदेह जताते हैं।

# पांच दिनों से खराब ट्रांसफार्मर बदलने के लिए किया विरोध प्रदर्शन

**दुबौलिया।** 33/11 विद्युत उपकेंद्र से धर्मूपुर गांव में स्थापित 25 केवी का ट्रांसफॉर्मर पांच दिन पहले खराब हो गया था।

इसे अभी तक नहीं बदला जा सकता, जिससे करीब 50 उपभोक्ताओं को बिजली नसीब नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि 1912 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा रहा है। उमस भरी गर्मी में दिन तो कट जा रहा है, लेकिन रातें काटनी मुश्किल हो रही हैं। उपखंड अधिकारी मनोज ने बताया कि रक्षा बंधन की छुट्टी के चलते ट्रांसफार्मर बदलने में देर हुई है। संवाद



**ट्रांसफार्मर जलने से नाराज उपभोक्ता प्रदर्शन करते हुए। संवाद**

# पांच दिनों से गनेशपुर में हो रही कटौती

**बस्ती।** नगर पंचायत गनेशपुर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था बेपटरी पर है। करीब पांच दिनों से उपभोक्ताओं को समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है। संवाद

# गिरफ्तार चेयरमैन की सहयोगी महिला फरार

## कई और महिलाओं के यौन शोषण की बात आ रही सामने, धीरसेन निषाद की खास है माया पाठक

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। दुष्कर्म के आरोप में जेल भेजे गए नगर पंचायत रुधौली के चेयरमैन धीरसेन निषाद की सहयोगी महिला माया पाठक अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

लोगों का कहना है कि उसके गिरफ्त में आने के बाद कई और राज खुलेंगे। बताया जा रहा है कि माया पाठक के जरिये कई अन्य महिलाओं का नौकरी दिलाने के नाम पर यौन शोषण किया जा चुका है। मगर लोकलाज और चेयरमैन के रसूख के डर से किसी ने मुंह नहीं खोला। मगर माया पाठक से अगर पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो बड़े खुलासे हो सकते हैं।

27 अगस्त को रुधौली थाना क्षेत्र की एक महिला ने धीरसेन निषाद पर नगर पंचायत में नौकरी देने के लालच में यौन शोषण, दुष्कर्म व जबरन गर्भपात कराने का गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी को प्रार्थनापत्र दिया था, जिसमें बताया गया था कि माया पाठक नाम की महिला ने उसे यह सब करने के लिए प्रेरित किया था।

गर्भवती होने पर उसी ने जबरन दवा खिलाकर गर्भपात कराया था। एसपी के आदेश पर रुधौली पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की, जिसके बाद पीड़िता के चिकित्सकीय परीक्षण के साथ अन्य प्रक्रिया पूरा करने के बाद आरोपी चेयरमैन की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी शुरू की।

बुधवार को मध्य रात्रि लगभग 12 बजे लखनऊ की तरफ जाते समय आरोपी चेयरमैन को छावनी थाने के गेट के सामने गिरफ्तार कर लिया गया। इस केस में दूसरी नामजद माया पाठक की पुलिस को तलाश है।

# वीडियो शेयर करने का झांसा देकर 47 हजार रुपये उड़ाए

## दो व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। साइबर अपराधियों ने वीडियो का लिंक शेयर करने के बहाने लालगंज थाने के थरौली गांव के एक व्यक्ति के खाते से 47 हजार रुपये उड़ा दिए। इस संबंध में शशांक शुक्ल ने लालगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके व्हाट्सएप पर एक व्यक्ति ने कॉल करके वीडियो का लिंक शेयर करने को कहा।

बताया गया कि वीडियो का लिंक शेयर करने पर उनको रुपये मिलेंगे। उसकी बातों में आकर उसके बताए निर्देशों का पालन करने लगे। इस दौरान चार बार में उनके खाते से जालसाजों ने 47 हजार रुपये उड़ा दिए। जब उन्होंने अपने रुपये वापस मांगे तो फिर जालसाजों ने उनसे साठ हजार रुपये इंवेस्ट करने की बात कही। इसके बाद उन्हें समझ में आया वह जालसाजों के चंगुल में फंस गए हैं। रुपये गंवाने के बाद थाने में तहरीर दी।

लालगंज पुलिस ने दो व्यक्तियों नव्या व शेख सलीम मलिक पता अज्ञात के विरुद्ध आईटी एक्ट व आइपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया है।

## खेत में लगा सोलर पंप चोरी

छावनी। थाना क्षेत्र के तुरसी गांव में खेत में लगा विद्युत मोटर पंप चोरी हो गया है। मामले में किसान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तुरसी गांव निवासी उग्रसेन सिंह का गांव के सिवान में सोलर पंप लगा था, जिससे वह खेतों की सिंचाई करते थे। बृहस्पतिवार की रात में चोरों ने खेत में लगा मोटर पंप चोरी कर लिया। संवाद

## रंजिश में मारपीट पर एक नामजद

बस्ती। नगर थानाक्षेत्र के अकारी में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। वहां के राम चंदर ने तहरीर दी है, जिसमें बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी उसे अपशब्द कहने लगे। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारने-पीटने लगे। पुलिस ने उसी गांव के मोल्हू प्रसाद पर केस दर्ज किया है। संवाद

## पाऊं बाजार से बाइक चोरी

बस्ती। कलवारी थाने के पाऊं बाजार से बाइक चोरी हो गई। इसी थानाक्षेत्र के भंगुरा निवासी विद्याराम ने तहरीर दी है, जिसमें बताया कि बृहस्पतिवार को शाम साढ़े छह बजे से सात बजे के बीच पाऊं चौराहे से किसी ने उसकी बाइक चोरी कर लिया। पुलिस ने चोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## पानी भरने को लेकर मारपीट, एक नामजद

बस्ती। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के करमा में पानी भरने की बात को लेकर मारपीट हो गई। वहां के चंद्रपाल ने तहरीर दी, जिसमें बताया कि पानी भरने की बात को लेकर गांव के दुर्गा प्रसाद ने मारापीटा और अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-02-09-2023

# क्राइम कंट्रोल करने में चौकीदार की भूमिका अहम

उसका बाजार(एसएनबी)। थाना क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल करने में चौकीदारों की अहम



भूमिका होती है। अगर चौकीदार सजग रहे तो क्षेत्र में कोई भी आपराधिक घटना नहीं होगी। यह बाते थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने थाना परिसर में चौकीदारो में छाता, टार्च आदि वस्तुओ के वितरण के अवसर पर कही। उन्होंने चौकीदारों से कहा कि वे सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में सक्षम है। इसके लिए उन्हें हमेशा उन्हें सतर्क रहना चाहिए। थानाध्यक्ष ने शुक्रवार को क्षेत्र के नीबर, बलिराज, पुजारी, गोरख,अनूप, विजय, हरीराम, इसरावती, संतोला, पुष्पा,सुधा, तीरथ सहित कुल 100 चौकीदारों में छाता, टार्च, आईडी कार्ड, सीटी आदि वितरित किया है। उन्होंने कहा है कि जिला मुख्यालय पर जल्द ही इन्हें सायकिल भी प्रदान की जाएगी।

# अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

बांसी (एसएनबी)। मंगल बाजार स्थित रामलीला मैदान की जमीन पर स्थानीय लोगों द्वारा वर्षो से किए गए अवैध कब्जे पर उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार व प्रभारी तहसीलदार राघवेंद्र पाण्डेय की उपस्थिति में आखिरकार बुलडोजर चल ही गया।

विदित हो कि जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों की मौजूी में बीते बुधवार को ही राजस्व टीम द्वारा पैमाइश कर रामलीला मैदान की जमीन को चिन्हित कर दिया गया था। राम लीला मैदान की जमीन के अन्दर आने वाले अवैध कब्जेदारों से स्वतरू जमीन खाली करने के निर्देश के साथ प्रशासन द्वारा मौका भी दिया गया। कब्जा न हटाए जाने पर शुक्रवार को बुलडोजर के साथ मौके पर टीम सहित पहुंचे अधिकारियों की देखरेख में 17 लोगों के अस्थायी कब्जों को बुलडोजर द्वारा हटवा दिया गया। इस बाव उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा बताया गया कि स्थाई कब्जेदारो व नोटिस ध्बेदखली के बाद हटाया जायेगा। बताया जाता है कि उक्त जमी रामलीला मैदान के रुप में आरक्षित है।और पहले यहाँ रामलीला व मंचन भी होता था। उक्त दौरान सुरक्षा के ष्टिगत भारी पुलिस बल के सा सीओ देवी गुलाम व कोतवाल अनुज सिंह भी मौजूद रहे।





बुलडोजर के साथ मौके पर टीम सहित पहुंचे अधिकारियों की देखरेख में अस्थायी कब्जों को हटाता बुलडोजर।

# महिला ने प्रधान पर लगाया छेड़खानी का आरोप

डुमरियागंज (एसएनबी)। भवानीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम वासा दरगाह निवासी महिला ने गांव के प्रधान पर ही छेड़खानी का थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया।

बीते बुधवार को थाना भवानीगंज में वासा दरगाह निवासिनी जैनब खातून पत्नी स्व. मो. जौहर ने तहरीर देकर बताया है कि दिन के 2.30 बजे हमारे घर मे घुस कर इमरान प्रधान पुत्र लौटन प्रधान ग्राम वासादरगाह पश्चिम डीह मुझे जबरन छेड़खानी करने लगे। अवकी वार मेरी वहन मौके पर पहुंच गयी तो इन्होने धमकी दिया है कि अगर किसी को बताओगी तो तुम्हे जान से मरवा दूंगा तथा तुम्हारा विडियो भी बनाया हुं वायरल कर दूंगा। पीड़िता ने एफआईआर के माध्यम से थाना अध्यक्ष से दोषियों को दंडित करने की गुहार लगाई है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष भवानीगंज में बताया कि तहरीर के आधार पर धारा 452, 354, 506 पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया कार्य बहिष्कार

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया। कचहरी परिसर में बैठक कर घटना की निंदा करते हुए आरोपित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सुरक्षा के लिहाज से सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा की अगुवाई में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सुरक्षा कारणों से कोर्ट के पैरोकारों को भी ड्युटी पर न जाने का निर्देश एसपी ने दिये थे। एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल कचहरी परिसर में चल रही गतिविधियों की जानकारी लेते रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा ने कहा कि कहा कि अधिवक्ताओं का उत्पीड़न किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हापुड़ में महिला अधिवक्ता व उनके पिता के खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि कार्रवाई होने तक हम सब चुप नहीं बैठेंगे। महामंत्री सिद्धनाथ पांडेय ने कहा कि महिला अधिवक्ता व उनके पिता के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज किया गया। इसका विरोध करने पर पुलिस ने अधिवक्ताओं के साथ मारपीट की। इसे अधिवक्ता समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।

एसोसिएशन आरपार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। इस दौरान बाल ष्ण शुक्ल,मनीष श्रीवास्तव, बृजेश प्रताप सिंह, शेषमणि प्रजापति, प्रदीप कुमार सिंह, मिथलेश कुमार मिश्रा,उमेश प्रताप सिंह, अनूप मिश्रा, हरि प्रसाद दुबे समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सीमांकन पूरा, अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

## दैनिक जागरण में खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया प्रशासन, अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कंप

**जासं, बांसी:** नगर स्थित मंगलबाजार रामलीला मैदान का सीमांकन कार्य पूर्ण होने के बाद शुक्रवार को प्रशासन हरकत में आ गया। करीब एक दर्जन से अधिक अस्थायी अतिक्रमण पर तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलवा दिया। अचानक हरकत में आए प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। डेढ़ माह पूर्व शासन के आए आदेश पर तहसील प्रशासन ने बुधवार से रामलीला मैदान का सीमांकन कार्य शुरू किया जो गुरुवार तक चला। प्रशासन की इस सुस्ती को दैनिक जागरण ने बीते शुक्रवार के अंक में शासन को डेढ़ माह बाद भी रिपोर्ट नहीं भेज सका प्रशासन



मंगल बाजार में रामलीला मैदान पर अस्थायी अतिक्रमण हटाता बुलडोजर ● जागरण



### शासन को डेढ़ माह बाद भी रिपोर्ट नहीं भेज सका प्रशासन

आदेश बेमतलब, कब्जे में रामलीला मैदान

शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया। खबर के प्रकाशित होते ही रामलीला मैदान को कब्जा मुक्त कराने के लिए एसडीएम प्रमोद कुमार सहित तहसील की राजस्व टीम व कोतवाली पुलिस एवं बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंच गई। कुल 14 अस्थाई अतिक्रमण पर जब एक-एक कर बुलडोजर चलना शुरु हुआ तो अतिक्रमणकारियों में अफरा तफरी मच गई। इस भूभाग पर करीब 26 लोगों ने अस्थायी व स्थाई कब्जा कर रखा था, जिससे साढ़े चार बीघे का यह परिसर सिमट कर आधे से भी कम दिखाई पड़ रहा था। बांसी के एसडीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि अस्थायी अतिक्रमण को हटवा दिया गया है। शेष जो बचे हैं वह स्थाई अतिक्रमण हैं। संबंधित को नोटिस देकर उसे भी अविलंब हटवा दिया जाएगा।

# 18 बोरी यूरिया समेत टेम्पो सीज

खुनुवा। एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी खुनुवा के जवानों ने 18 बोरी यूरिया सहित टेम्पो को पकड़ सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा को सुपुर्द कर दिया। चौकी के नाका दल ने अवैध तरीके से ले जा रहे 18 बोरी यूरिया के साथ टेम्पो को कमांडिग अधिकारी शक्ति सिह के निर्देश पर उपनिरीक्षक हरेन्द्र सिह पवार, मुख्य आरक्षी अशोक कुमार, आरक्षी संजय कुमार और आरक्षी अभय कुमार की टीम ने स्तम्भ संख्या 555 के समीप चेतरा गांव के पास पकड़ लिया।

# क्राइम कंट्रोल करने में चौकीदारों की भूमिका अहम

उस्का बाजार। थाना परिसर में शुक्रवार को थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने चौकीदारों को छाता, टार्च, सीटी, आईडी कार्ड का वितरण करते हुए कहा कि क्राइम कंट्रोल करने में चौकीदारों की अहम भूमिका है। अगर चौकीदार सजग रहे तो क्षेत्र में कोई भी आपराधिक घटना नहीं होगी। इस दौरान नीबर, बलिराज, पुजारी, गोरख, अनूप, विजय, हरीराम, इसरावती, संतोला, पुष्पा, सुधा, तीरथ सहित कुल 100 चौकीदारों को सामानों का वितरण किया गया।

# भारतीय मुद्रा के साथ महिला को पकड़ा

सिद्धार्थनगर। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों ने अवैध तरीके से नेपाल से भारत ला रहे भारतीय मुद्रा के साथ महिला को पकड़ा। महिला के पास से 84 हजार भारतीय मुद्रा बरामद की गई। उर्मिला पत्नी पवन कुमार निवासी जनियाजोत के पास से बरामद रुपयों संबंधी कोई साक्ष्य नहीं दे दे सकी। आरोपी महिला व बरामद रुपयों को सीमा शुल्क कार्यालय ककरहवा के सुपुर्द कर दिया गया। ये जानकारी कमांडिंग अधिकारी शक्ति सिंह ने दी।

# छह के खिलाफ हुई गुंडाएक्ट की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर : पुलिस ने छह बदमाशों के खिलाफ गुंडाएक्ट की कार्रवाई की है ।इनमें नाम गौतम निवासी मरचहवा थाना सदर, मोहम्मद इद्रीश निवासी बर्डपुर नंबर एक टोला हाजीजोत थाना कपिलवस्तु, विक्रम निवासी मझवन खुर्द उर्फ जिगनिहवा, महेंद्र व धर्मेन्द्र उर्फ पप्पू निवासी भुजराई थाना जोगिया और जैफुल्लाह निवासी डड़वा भइया थाना पथरा है। (जासं.)

# एसपी ने ली परेड की सलामी

सिद्धार्थनगर : एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। परेड का निरीक्षण कर टोलीवार ड्रिल कराई। निरीक्षण के पश्चात पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई। परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई । पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया । उन्होंने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक किया। गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये । परेड के दौरान गर्वित सिंह क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ गुप्ता समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। (जासं.)

# धारा कम करने के नाम पर रुपये मांगने वाला दारोगा निलंबित

**जागरण प्रभाव**

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर : मारपीट के एक मुकदमे में धारा कम करने के नाम पर रुपये मांगने वाले दारोगा को पुलिस अधीक्षक ने निलंबित कर दिया है। इस मामले का गुरुवार को आडियो प्रसारित हुआ था। इसमें दारोगा मुकदमे में धारा कम करने के नाम पर रुपये की मांग कर रहे थे। आडियो प्रसारित होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने सीओ डुमरियागंज से मामले की जांच कराई और दारोगा को निलंबित कर दिया। निलंबित दारोगा का नाम भीम सिंह है। वह त्रिलोकपुर थाने में तैनात था।

तेनुई गांव के प्रधान गुरु सहाय है और इनके भाई बब्बन यादव प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हैं। दो माह पहले वह ग्राम पंचायत में जेसीबी के जरिये मिट्टी खोदाई करवाकर बिक्री कर रहे थे। किसी ने इसका वीडियो बनाकर प्रसारित कर दिया। इससे खार खाए प्रधान प्रतिनिधि व प्रधान गांव निवासी रामसूरत के बीवी व बच्चों से उलझकर मारपीट कर बैठे। पीड़ित ने प्रधान व उनके प्रतिनिधि के अलावा दद्दन व रक्षाराम के खिलाफ तहरीर दी। बाद में पीड़ित की पत्नी, मां और बेटी सहित अन्य की गवाही के बाद विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की विवेचना दारोगा भीम सिंह के पास थी, जिन्होंने धाराओं को कम करने के नाम पर सौदेबाजी की। इसमें कुछ रुपये उन्हें प्रधान द्वारा पहले दे भी दिया गया। इसके बाद बकाया रुपये लेने के लिए वह प्रधान को फोन लगाकर धमकी देने लगे। प्रसारित आडियो में दारोगा उस व्यक्ति को गाली देते हुए सुने गए, जिसकी मध्यस्थता से रुपये का लेनदेन तय हुआ था। इस मामले को दैनिक जागरण ने 1 सितंबर 2023 के अंक में गंभीरता से उठाया है। दैनिक जागरण की खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस प्रशासन ने इसकी गंभीरता से जांच कराई। जांच में प्रथम दृष्टया दारोगा दोषी मिला है। उसके बाद उसे निलंबित कर दिया गया है। हालांकि आरोपति दारोगा ने प्रसारित आडियो में खुद की आवाज होने से इन्कार किया। उसने कहा कि उसकी तैनाती चार माह पहले त्रिलोकपुर थाने में हुई। इस तरह के किसी भी प्रकरण में उसकी संलिप्तता नहीं रही। उसे राजनैतिक द्वेषवश फंसाया जा रहा है।

इस संबंध में डुमरियागंज सीओ सुजीत राय ने बताया कि आरोपित दारोगा जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। उसके निलंबन की रिपोर्ट प्रेषित की गई और उन्हें निलंबित कर दिया गया है। आगे की जांच की जा रही है।

- सीओ डुमरियागंज की जांच के बाद एसपी ने की कार्रवाई
- मारपीट के मामले में धारा कम करने के नाम पर मांगे जा रहे थे रुपये

## घूस नहीं मिलने पर दारोगा ने दी प्रधान को धमकी, आडियो प्रसारित

जागरण संवाददता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर : त्रिलोकपुर थाना में तैनात एक दारोगा का घूस मांगने से संबंधित आडियो प्रसारित हो गया है। घूस का पूरा पैसा नहीं मिलने पर वह ग्राम प्रधान को धमकी देते, सुनाई दे रहे हैं। इंटरनेट मीडिया पर भी यह आडियो क्लिप तेजी से प्रसारित हो रहा है। लोग इसे सुनने के बाद अपना कमेंट भी कर रहे हैं।

प्रसारित आडियो में भनवापुर ब्लाक तेनुई गांव के प्रधान व त्रिलोकपुर थाना में कार्यरत एक दारोगा के बीच हुई बातचीत है। दारोगा की ओर से ग्राम प्रधान को घूस के रुपये कम मिलने पर विवेचना में निपटाने की धमकी दे रहे हैं।

इस पर प्रधान अलग-अलग रुपये दोगे। जिस पर प्रधान ने रुपये की व्यवस्था करके देने की बात कही है।

- प्रसारित आडियो में खुद को तेनुई प्रधान बताने वाला कर रहा अनुरोध
- दारोगा ने दो बार में नौ हजार रुपये मिलने की बात किया है स्वीकार

> मामला गंभीर है, हालांकि हमे इस संबंध में कोई प्रार्थनापत्र नहीं मिला है, फिर भी जांच के लिए एसएचओ को निर्देशित किया गया है। अगर आरोप में सत्यता मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> सुजीत राय, सीओ, डुमरियागंज

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

सिद्धार्थनगर। बांसी मंगल बाजार में स्थित रामलीला मैदान की भूमि पर किए गए अतिक्रमण पर शुक्रवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलवा दिया। इस दौरान 14 लोगों की ओर से किए गए अस्थाई कब्जा को हटवा दिया गया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर दो दिन पूर्व एसडीएम प्रमोद कुमार की देखरेख में राजस्व विभाग की टीम ने भूमि का सीमांकन किया था। अतिक्रमण न हटने पर शुक्रवार को एसडीएम प्रमोद कुमार, सीओ देवी गुलाम, नायब तहसीलदार राघवेंद्र पांडेय, कोतवाल अनुज सिंह भारी पुलिस बल, राजस्व विभाग की टीम नगर पालिका के बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंच गए। संवाद

# चौकीदारों को वितरित की सामग्री



उसका पुलिस ने चौकीदारों को टार्च, छाता, सीटी और पहचान पत्र दिए। संवाद

सिद्धार्थनगर। उसका थाना क्षेत्र उसका के विभिन्न ग्राम पंचायत में पुलिस के सूत्रधार चौकीदारों को शुक्रवार को थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने टॉर्च, छाता, सीटी और पहचान पत्र वितरित किया। एसओ ने कहा कि चौकीदार पुलिस की आंख और कान होते हैं, इनकी सूचनाएं निष्पक्ष और पुष्ट होती हैं।

इस दौरान तीरथ गुप्ता, नीवर, बलिराज, पुजारी, गोरख, अनूप, विजय, हरीराम, इसरावती, संतोला, पुष्पा, सुधा समेत 60 से अधिक चौकीदारों में सामग्री वितरित की गई। संवाद

### एसडीएम, तहसीलदार समेत पुलिस बल की मौजूदगी में हुई कार्रवाई, हटाया गया अतिक्रमण

# रामलीला मैदान की जमीन पर चला बुलडोजर

**अभियान**

- बांसी तहसील की ओर से सीमांकन के बाद चला बुलडोजर
- पक्के निर्माण के लिए पीपीएक्ट के तहत नोटिस जारी करने की कार्रवाई

बांसी, हिन्दुस्तान संवाद। बांसी तहसील प्रशासन की ओर से बाजार स्थित रामलीला मैदान का सीमांकन करने के पश्चात बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान मौके पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। कार्रवाई के समय एसडीएम, तहसीलदार समेत पुलिस बल की मौजूदगी रही।

शुक्रवार को तहसील प्रशासन टीम की ओर से कार्रवाई के समय दुकानदार अपना सामान समेटते हुए नजर आए। कुछ लोग अपने टीन टप्पर को उजाड़ते हुए दिखाई पड़े। रामलीला मैदान पर नगर पालिका के जिम्मेदारों द्वारा कामर्शियल प्लेस बनाकर सड़क को हमेशा के लिए सकरा कर दिया गया। बची हुई जमीनों में से कुछ पर लोगों ने अपना निजी कारोबार स्थल बना लिया। रामलीला कमेटी के अनुसार कुछ भू-माफियाओं ने अवैध रूप से कब्जा करके पूर्वी हिस्से में मकान बना दिया गया था। तहसीलदार राघवेन्द्र पांडेय ने कहा कि पक्के निर्माण के लिए पीपी एक्ट के तहत नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। मौके पर उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, क्षेत्राधिकारी देवी गुलाम सिंह, एसआई आनन्द कुमार टीम के साथ, भू राजस्व निरीक्षक लालकृष्ण श्रीवास्तव, लेखपाल गिरीशन चंद्र, चंदलाल, साधु सरन उपस्थित रहे। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष शम्भू कश्यप ने कहा कि लड़ाई रामलीला मैदान की जमीनों को लेकर है। जब तक पूरी तरह से मैदान अतिक्रमण मुक्त नहीं हो जाता है संघर्ष करते रहेंगे।



शुक्रवार को बांसी के मंगल बाजार स्थित रामलीला मैदान की जमीन से अवैध कब्जा हटवाता बांसी तहसील प्रशासन। • हिन्दुस्तान

# SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-02-09-2023

# हैंसर में व्यापारियों ने रोका राख लदी ट्रक, आवागमन बाधित

**सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यापारियों को समझा-बुझाकर कराया आवागमन बहाल**

**ट्रकों की आवाजाही से पूरे दिन उड़ रही राख के कारण मार्ग पर स्थित कस्बों-बाजारों में दुकानों में बैठना मुश्किल**

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा क्षेत्र में राम-जानकी मार्ग से होकर राख लदे ट्रकों की रोज आवाजाही से परेशान होकर शुक्रवार को हैंसर कस्बें में व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीण सुबह ही सड़क पर उतर गए और मार्ग पर राख लदे ट्रकों की आवाजाही के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया और मार्ग से होकर पहुंचे राख लदे ट्रकों को हैंसर में रोक दिया जिसका नतीजा रहा कि राम-जानकी मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया और सड़क पर दोनें तरफ वाहनों की लम्बी कतारें लग गयी और राम-जानकी मार्ग पूरी तरह से जाम हो गया।

राम-जानकी मार्ग के जाम होने की सूचना के बाद प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र पुलिसबल के साथ हैंसर पहुंच गए और काफी देर तक व्यापारियों को समझाया-बुझाया तब जाकर व्यापारी रोके गए राख लदे ट्रकों को आगे जाने की इजाजत दी। विदित हो कि अम्बेडकरनगर जिले के टाण्डा स्थित थर्मल पावर से राख लादकर रोज सैकड़ों की संख्या में ट्रक धनघटा क्षेत्र में राम-जानकी मार्ग से होते हुए गुजर रहे है। राख लदे ट्रकों के ओवरलोड होने के चलते चलने के दौरान सड़क पर हिचकोला लगने पर राख का ढेर जगह-जगह गिर जाता है। दूसरी तरह धनघटा क्षेत्र में राम-जानकी मार्ग को उखाड़कर उसे टू-लेन बनाने का कार्य भी इन दिनों चल रहा है जिसके चलते क्षेत्र में राम-जानकी मार्ग का अधिकांश हिस्सा उखाड़ दिया गया है और उसपर डस्ट और मिट्टी डाली जा रही है।

इन दिनों दिन में हवाएं भी चल रही है। ऐसी स्थिति में हवा के झोंकों समेत राम-जानकी मार्ग पर लगातार वाहनों की आवाजाही से मार्ग पर जगह-जगह ट्रक से गिरी राख और मार्ग निर्माण में डाली जा रही डस्ट इस कदर उड़ रही है कि मार्ग पर बाइक से सफर करना तो पूरी तरह से नामुमकिन हो गया है इतना ही नहीं राम-जानकी मार्ग पर स्थित कस्बा धनघटा और हैंसर में दुकानों तक में राख और धूल उड़ते हुए पहुंच रही है जिससे दुकानदारों की अपनी दुकानों पर बैठना कठिन चुनौती बन गया है साथ ही दुकान पर बैठने के दौरान दुकानदारों के आंखों में राख भर जा रही है जिससे आंखों में तेज जलन शुरू हो जा रही है। बीते कई दिनों से धनघटा और हैंसर कस्बे के व्यापारी राम-जानकी मार्ग के निर्माण में जुटी कार्यदाई संस्था से निर्माणाधीन सड़क पर 24 घंटे में कम से कम चार बार टैंकर से पानी गिराने की मांग करते चले आ रहे है जिससे राख और धूल न उड़े लेकिन कार्यदाई संस्था के जिम्मेदार व्यापारियों की मांग को लगातार अनसुना करते रहे जिसका नतीजा रहा कि शुक्रवार को हैंसर कस्बें के व्यापारियों का गुस्सा फूट गया और व्यापारियों ने सड़क पर उतर कर पहले प्रदर्शन किया और फिर राख लदे ट्रकों को हैंसर में रोक दिया। दर्जनों राख लदे ट्रकों को रोके जाने के बाद राम-जानकी मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी जिसका नतीजा रहा कि मार्ग पर घंटों तक आवागमन बाधित रहा।

सूचना पर पुलिसबल के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक धनघटा ने व्यापारियों को समझा-बुझाकर किसी तरह शान्त कराया तब जाकर व्यापारियों की सहमति पर राख लदे ट्रक आगे जा सके।

## राख ढुलाई में लगीं ट्रकों पर नंबर प्लेट तक नहीं



राख लदे ट्रकों की आवाजाही का विरोध करते व्यापारी।

धनघटा (एसएनबी)। अम्बेडकर नगर जिले के टाण्डा स्थित थर्मल पावर से राख की ढुलाई करने में जुटे अधिकांश ट्रकों पर नम्बर प्लेट तक नहीं लगा हुआ है। शनिवार को जब धनघटा थानान्तर्गत हैंसर कस्बें में व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए राख लदे दर्जनों ट्रकों को रोका तो देखा कि राख लदे अधिकांश ट्रकों पर नम्बर प्लेट नहीं लगा हुआ है। बगैर नम्बर प्लेट के राख लदे ट्रकों को देख प्रदशनकारी व्यापारियों का गुस्सा और बढ़ गया और व्यापारी परिवहन समेत पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राख लदे ट्रकों की आवाजाही पर जिले के जिम्मेदार अफसरों का समर्थन होने का आरोप लगाने लगे। इस दौरान व्यापारियों ने कहा कि बगैर नम्बर की बाइक और अन्य वाहनों की चालान कर जुर्माना वसूल करने वाले पुलिस और परिवहन बिभाग के अफसरों की नजर आखिर बगैर नम्बर के राख ढोने वाले ट्रकों पर काहे नहीं पड़ रही है। काफी देर तक प्रदर्शनकारी व्यापारी राख लदे ट्रकों की चालान करने के साथ-साथ अन्य कानूनी कार्रवाई करने की जिद्द पर भी अड़े रहे।

# घर में घुसकर मनबढ़ों ने वृद्धा समेत बहू और पोते को पीटा

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के स्थानीय धनघटा गांव में कुछ मनबढों द्वारा एक घर में घुस कर वृद्ध महिला समेत उसकी बहू और पोते को मारपीट कर घायल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर पीड़ित परिवार हमलावरों के उपर 20 रूपया नकदी और सोने की चेन भी छीन लेने का आरोप लगाते हुए घटना के संबंध में धनघटा पुलिस को 7 हमलावरों के विरूद्ध पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर मुकदमा दर्ज करते हुए हमलावरों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के स्थानीय धनघटा गांव निवासी प्रशान्त पाठक पुत्र रामदरश पाठक ने बताया कि वह अपने खेत में मकान निर्माण करा रहा है। कल रात करीब 8.30 बजे वह रास्ते से होकर अपने घर जा रहा था तो रास्ते के समीप स्थित पुलिया के पास गांव निवासी शिवकुमार पुत्र तिलक तथा लवकुश पुत्र शिवकुमार उसे गाली देने लगे तो वह गाली देने से मना किया और अपने घर पहुंच गया। इसी बीच उक्त शिवकुमार पुत्र तिलक, लवकुश पुत्र शिवकुमार, लौहर व प्रीतम पुत्रगण शिवकुमार, सर्वेश व श्रीकेश पुत्रगण रामदाश तथा धर्मेन्द्र पुत्र लालू उसका पीछा करते हुए उसके दरवाजे पर पहुंच गए और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे तो वह भयवस घर के भीतर घुस कर छिप गया तो उक्त सभी घर में घुस गए और उसे जमीन पर पटक कर मारने लगे। इस बीच उसकी मां सत्यभामा पाठक और दादी गायत्री देवी उसका बचाव करने लगी तो हमलावर उसके साथ-साथ मां और दादी को भी मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही उसके गले से सोने का मंगलसूत्र और मजदूरी देने के लिए जेब में रखा 20 हजार नकदी भी छीन कर हमलावर फरार हो गए। इस दौरान हमलावरों ने ज़ान से मारने की धमकी दी। घटना में उसे गंभीर चोटे आई है साथ ही मां और दादी को भी चोटे लगी है। घायल ने तहरीर के आधार पर उक्त हमलावरों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर में लूट का आरोप लगाया गया है जिसकी पुष्टि के लिए तहरीर की जांच की जा रही है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# रामशंकर की हुई पदोन्नति

संतकबीरनगर (एसएनबी)। निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक पद पर रामशंकर तिवारी का पदोन्नति प्राप्त होने पर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने उन्हें स्टार लगाया। एसपी ने रमाशंकर को मिष्ठान खिलाकर



बधाई दी। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि जनपद में नियुक्त निरीक्षक नागरिक पुलिस रामशंकर तिवारी को विभागीय प्रमोशन में निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नत होने पर उनके कंधों पर सिल्वर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी गई। एसपी ने इनके कार्यशैली की तारीफ करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान रीडर एसपी कृष्ण देव सिंह, प्रधान लिपिक उमाशंकर यादव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# उड़ रही धूल के खिलाफ ग्रामीणों का चक्का जाम

- हैंसर बाजार में दो घंटे तक रहा जाम, वाहनों की लगी लंबी कतार
- मार्ग के चौड़ीकरण से हो रही दिक्कत से लोगों में आक्रोश



हैंसर चौराहे पर सड़क निर्माण मे मानक की अनदेखी का आरोप लगाकर सड़क जाम करते लोग। जागरण

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर : राम जानकी मार्ग के चौड़ीकरण कार्य में मानक की अनदेखी से परेशान स्थानीय लोगों ने शुक्रवार को हैंसर चौराहे पर सड़क को जाम कर दिया। लोगों का आरोप है कि पिछले एक सप्ताह से सड़क पर उड़ रही धूल से राहगीरों का चलना दुश्वार हो गया है। सड़क पर पानी का छिड़काव न होने से जहां राहगीरों को उड़ती धूल के बीच सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा है वहीं सड़क किनारे दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित होने लगी है।

धनघटा तहसील में 32 किलोमीटर लंबे राम जानकी मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य पिछले तीन माह से जोर पकड़ चुका है। नियमानुसार सड़क पर धूल न उड़े इसके लिए प्रतिदिन पानी का छिड़काव किया जाना है, लेकिन कार्यदायी संस्था सड़क निर्माण के दौरान पानी का छिड़काव नहीं कर रही है। उड़ रही धूल के बीच राहगीरों के साथ दुर्घटना की संभावना बढ़ गयी है। क्षेत्रवासियों में सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही को लेकर आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को हैंसर चौराहे पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए। इसमें व्यापारी वर्ग भी शामिल हुआ। लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया।

सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गयी। लोगों ने बताया कि पानी का छिड़काव न होने से सड़क के किनारे दुकानों में धूल की परत जमा हो रही है। धनघटा के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने सड़क जाम कर रहे लोगो को समझाया। पानी छिड़काव का भरोसा मिलने पर ग्रामीणों ने चक्का जाम खत्म किया। मौके पर शिव प्रसाद मद्धेशिया, रामकुमार, कई ग्रामीण व व्यापार मंडल के सदस्य मौजूद थे।

# सभी थानों पर कराई गई शुक्रवार की परेड

संतकबीरनगर (एसएनबी)। रिजर्व पुलिस लाइन सहित जनपद के समस्त थानों पर शुक्रवार की परेड करायी गयी। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल भी करवाया गया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। एसपी ने निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल करायी। उन्होंने परेड के उपरान्त निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता, पुलिस मेस, डायल-112, बैरक आदि का निरीक्षण करते हुए पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। तत्पश्चात पुलिस लाइन के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



# जिले के सात इंस्पेक्टरों व 14 सब इंस्पेक्टरों के कार्य क्षेत्र बदले

संतकबीरनगर (एसएनबी)। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के दृष्टिगत जिले के सात इंस्पेक्टरों एवं 14 सब इंस्पेक्टरों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल हुआ है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने पत्र जारी करते हुए थाना कोतवाली खलीलाबाद को इंस्पेक्टर सर्वेश राय को पारपत्र सेल-प्र.फीडबैक सेल-प्रभारी फील्ड यूनिट-अंगुष्ठ छाप में भेजा गया है जबकि इंस्पेक्टर मेंहदावल रविन्द्र कुमार सिंह को थाना कोतवाली खलीलाबाद का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि बेलहर कला के प्रभारी निरीक्षक रामअशीष यादव को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव को थाना कोतवाली खलीलाबाद का निरीक्षक अपराध, न्यायालय सुरक्षा प्रभारी श्रीमती मंजू सिंह को अपराधा शाखा, महिला थाना की अपराध निरीक्षक श्रीमती सन्ध्यारानी तिवारी को पुलिस परामर्श केन्द्र धनघटा का प्रभारी महिला तथा पारपत्र सेल-प्र.फीडबैक-सेल-प्रभारी फील्ड यूनिट-अंगुष्ठ छाप में रहे निरीक्षक विजय कुमार को मेंहदावल थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में उ.नि. राम वशिष्ठ को चौकी प्रभारी काली जगदीशपुर को थानाध्यक्ष बेलहर कला, उ.नि. लाल बिहारी निषाद को चौकी प्रभारी कलेक्ट्रेट से थानाध्यक्ष महिला थाना, उ.नि. अशोक कुमार दूबे को वरिष्ठ उ.नि. थाना बेलहर कला से चौकी प्रभारी तामेश्वानाथ, उ.नि. मोती चन्द को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी काली जगदीशपुर और उ.नि. शशिकांत तिवारी को थाना धनघटा से प्रभारी चौकी पौली भेजा गया है। उ.नि. संजय कुमार वर्मा को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी कलेक्ट्रेट, उ.नि. अरविन्द कुमार यादव को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी बिड़हरघाट, उ.नि. अश्वनी कुमार भाष्कर को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी तितौवा, उ.नि. ओम प्रकाश यादव को चौकी प्रभारी तितौवा से वरिष्ठ उ.नि. थाना धर्मसिंहवा, उ.नि. देव प्रयाग सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी चौकी गौसपुर तथा उ.नि. प्रमेश मिश्रा को थाना महुली से थाना कोतवाली खलीलाबाद भेजा गया है।

## हापुड़ की घटना के दोषियों पर कार्रवाई की मांग का दिया पत्र



संतकबीरनगर (एसएनबी)। प्रदेश के हापुड़ सिविल कोर्ट के बाहर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरता से की गयी लाठीचार्ज के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल एवं जनपद बार के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर विरोध व्यक्त किया। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने नारेबाती करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों और पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध समुचित एक्शन नहीं लिये जाने का आरोप लगाते हुए मांग किया कि पीड़ित चोटिल अधिवक्ताओं को मुआवजा तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाय। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल, महामंत्री चतुर जी शुक्ल, कृष्ण चन्द्र पाण्डेय, संतोष कुमार राय, अनिल कुमार गौतम, राजेश कुमार मिश्र, जितेन्द्र कुमार, अनिल कुमार दूबे, उमेश कुमार श्रीवास्तव, सभाजीत मिश्र, शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अखिलेश चन्द यादव, मो. शमशाद अहमद, शैलेश कुमार व अन्य अधिवक्ताओं ने मांग किया है कि घायल वकील बंधुओं को निःशुल्क दवा ईलाज राज्य सरकार अपने खर्चे पर कराते हुए उन्हें मुआवजा दे। अधिवक्ताओं की सुरखा के दृष्टिगत रखते हुए तत्काल प्रभाव से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाय तथा अधिवक्ताओं के विरुद्ध किए गए लाठी चार्ज में शामिल दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध तत्काल प्रभारी कार्रवाई करते हुए उनकी गिरफ्तारी की जाय। अधिवक्ताओं ने कहा कि यदि हमारी मांगें पूरी नहीं हुई तो जल्द ही सभी अधिवक्तागण बृहद आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# राख लदे ट्रकों को व्यापारियों ने रोका, हैसर में चार घंटे लगाया जाम

## निर्माणाधीन राम जानकी मार्ग पर उड़ रही राख और धूल से परेशान हैं लोग



हैंसर बाजार चौराहे पर मार्ग जाम करते व्यापारी। संवाद



व्यापारियों को समझाते इंस्पेक्टर संतोष मिश्रा। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। निर्माणाधीन राम जानकी मार्ग पर राख लादकर सिकरीगंज की तरफ जा रहे ट्रकों को शुक्रवार सुबह हैसर बाजार में व्यापारियों ने चार घंटे तक रोक दिया। जिससे सड़क पर दोनों तरफ से आवागमन बंद हो गया। करीब चार घंटे बाद पहुंचे थानाध्यक्ष ने रास्ता जाम कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर मार्ग खाली कराया। उसके बाद आवागमन शुरू हो सका।

### थानाध्यक्ष ने लोगों को समझा-बुझाकर हटवाया जाम

शिवप्रसाद मद्धेशिया, हर देश अग्रहरि, हेमंत कुमार, आदित्य शुक्ला, राम भवन यादव, अरुण कुमार, मनीष कुमार, लक्ष्मी नारायण दुबे, सुशील कुमार, भालचंद्र अग्रहरि आदि का कहना है कि राम जानकी मार्ग के निर्माण का कार्य जब से शुरू हुआ, तब से सड़क पर धूल उड़ रही है। जिससे घर में रहना मुश्किल हो गया है। ऊपर से राख लादकर ट्रक जा रहे हैं तो राख उड़ रही है। शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे राख लदे ट्रक जब झुंड के झुंड में फर्राटा भरते हुए जा रहे थे तो परेशान व्यापारियों ने ट्रकों को रोक दिया। व्यापारियों का कहना था कि ट्रकों पर लादी गई राख पर पानी डाला जाए।

जिससे राख उड़े न। व्यापारियों ने कहा कि जब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी यह आश्वासन नहीं देता है कि राख पर पानी डाला जाएगा, ट्रकों को यहां से जाने नहीं दिया जाएगा।

सुबह 6:30 बजे से 10:30 बजे तक रास्ता बंद रहा। इसकी जानकारी एसओ संतोष मिश्रा को हुई तो वह मौके पर पहुंचे और व्यापारियों को समझा बुझाकर रास्ता खाली कराया। उसके बाद दोनों तरफ से आवागमन शुरू हो सका। इस दौरान अनिरुद्ध शुक्ला, धीरज कुमार, संजय कुमार, दीपक, मंगलेश और पवन आदि लोग शामिल थे।

# सपाइयों की पहल पर छात्र नेताओं का अनशन धरने में बदला

**छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र नेताओं का शुक्रवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू**



अनिश्चितकालीन धरने में शामिल होने के दौरान पूर्व विधायक व अन्य सपाइयों से वार्ता करते प्राचार्य।

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव के तिथि की घोषणा की मांग को लेकर छात्र नेता शुक्रवार की सुबह से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठ गए। जानकारी होने पर सपाइयों का प्रतिनिधिमंडल महाविद्यालय पहुंच गया। जहां छात्र नेताओं को समर्थन देते हुए सपाइयों ने कहा कि जिला प्रशासन से जल्द से जल्द चुनाव कराए जाने की मांग की जाएगी। सपाइयों की पहल पर छात्र नेताओं ने अपने आमरण अनशन की जगह अनिश्चितकालीन धरने में बदल दिया है।

सपाइयों ने आश्वासन दिया है कि चुनाव जरूर होगा। इसके लिए समाजवादी पार्टी छात्र नेताओं के साथ हर कदम पर खड़ी है। वहीं धरने पर पहुंचे प्राचार्य प्रो. डॉ. ब्रजेश कुमार त्रिपाठी तथा डॉ. पूर्णेश नरायण सिंह ने सपाइयों से वार्ता की। छात्र नेताओं को समर्थन देते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दिग्विजय नरायण चतुर्वेदी उर्फ जय चौबे, मेंहदावल के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जयराम पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव, वरिष्ठ सपा नेता राम दरस यादव और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राहुल यादव बादल व अन्य सपाइयों ने कहा कि छात्र संघ चुनाव को लेकर अनिश्चितकालीन धरने में बैठे सभी छात्र नेताओं के साथ समाजवादी पार्टी कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। जहां भी छात्र नेताओं को हमारी ज़रूरत होगी उनकी मदद करने में भरपूर सहयोग करने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चुनाव होना चाहिए। इस संबंध में प्राचार्य से बात की गई है। विद्यालय प्रशासन चुनाव कराने के लिए तैयार है लेकिन अभी जिला प्रशासन से अनुमति नहीं मिली है। पूर्व विधायक जय चौबे ने कहा कि मामले में जिलाधिकारी से भी बात की गई है।

जिला प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द छात्र संघ चुनाव कराया जाए जो छात्र हित में है। अनिश्चितकालीन धरने में छात्र नेता कन्हैया लाल यादव, अभिषेक सिंह, पंकज चौरसिया चन्दन तिवारी, उज्ज्वल सिंह, गोविन्द यादव, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, मनीष यादव, नितेन्द्र यादव, विकास गुप्ता, रजत सिंह, शिवम गुप्ता, विजय यादव, राधा शुक्ला, महक सिंह बघेल, प्रदीप यादव सहित अन्य छात्रनेता शामिल रहे।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से वसूला जुर्माना

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर पकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से 57 हजार 500 रूपए जुर्माना वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए सघन जांच अभियान चलाया।

# एक निरीक्षक, दो दरोगा को थाने की कमान



- एसपी ने सात निरीक्षक व 14 दरोगा के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव
- तीन एसओ को थाने से हटाकर दी साइड की पोस्टिंग कार्रवाइ से हड़कंप

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने गुरूवार की देर रात को जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखने के लिए सात निरीक्षक व 14 एसआई का कार्यक्षेत्र परिवर्तित किया है। एक इंस्पेक्टर एवं दो एसआई को थाने की कमान सौपा है। वहीं कोतवाली खलीलाबाद, बेलहरकला एवं महिला थाना के एसओ को हटाकर साइड पोस्टिंग दी है।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल रविंद्र कुमार सिंह को खलीलाबाद शहर का नया कोतवाल बनाया गया है। बेलहरकला एसओ रामअशीष यादव को न्यायालय सुरक्षा का प्रभारी बनाकर तैनाती दी गई है। एसओ महिला थाना बृजेश कुमार यादव को निरीक्षक अपराध थाना कोतवाली खलीलाबाद भेजा गया है। प्रभारी न्यायालय सुरक्षा मंजू सिंह को अपराध शाखा, निरीक्षक अपराध महिला थाना संध्यारानी तिवारी को प्रभारी महिला पुलिस परामर्श केंद्र धनघटा तैनात किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय को वहां से हटाकर पारपत्र सेल, फीड बैक सेल, फील्ड यूनिट, अंगुष्ठ छाप का प्रभारी बनाया गया है। वही प्रभारी पारपत्र सेल, फीड बैक सेल, फील्ड यूनिट, अंगुष्ठ छाप विजय कुमार को मेंहदावल थाना की कमान सौपी है।

चौकी प्रभारी काली जगदीशपुर एसआई राम वशिष्ठ को थाना बेलहरकला एवं कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी लालबिहारी निषाद को महिला थाना का नया एसओ बनाया गया है। इसके साथ ही एसआई अशोक कुमार दूबे एसएसआई थाना बेलहरकला से चौकी प्रभारी तामेश्वरनाथ, उदयशंकर द्विवेदी चौकी प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र से चौकी इंचार्ज जगदीशपुर, मोती चंद्र पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी काली जगदीशपुर, धर्मेंद्र यादव प्रभारी चौकी बिड़हरघाट से चौकी इंचार्ज औद्योगिक क्षेत्र, शशिकांत तिवारी थाना धनघटा से चौकी प्रभारी पीली, विरेंद्र मिश्र चौकी प्रभारी पीली से चौकी इंचार्ज राजेडीहा, पुलिस लाइन से संजय कुमार वर्मा चौकी इंचार्ज कलेक्ट्रेट, अरविंद कुमार चौकी प्रभारी बिड़हरघाट, अश्वनी कुमार चौकी प्रभारी तितौवा, ओमप्रकाश यादव चौकी प्रभारी तितौवा से एसएसआई थाना धर्मसिंहवा, देव प्रयाग सिंह पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी गौसपुर और थाना महुली पर तैनात एसआई प्रमेश मिश्र को वहां से हटाकर थाना कोतवाली खलीलाबाद में तैनात किया गया है।

# राख लदे ट्रक को व्यापारियों ने रोका

धनघटा, हिंदुस्तान संवाद। धनघटा तहसील क्षेत्र की राम जानकी मार्ग पर एनटीपीसी टांडा से जा रही ट्रकों से गिर रही राख के उड़ने से परेशान व्यापारियों ने शुक्रवार को हैंसर चौराहे विरोध किया। उधर से गुजर रही ट्रकों को रोककर उनको चेतावनी दी कि चौराहे से आराम से निकलें। तेल चलने की वजह से राख गिर रही है और उससे सभी को परेशानी हो रही है।



राख लदी ट्रक को हैंसर में रोकर विरोध करते व्यापारी और स्थानीय लोग।

व्यापारी, शिव प्रसाद ,अनिल कुमार, अनिरुद्ध शुक्ल, रामकिशोर, चंद्र किशोर, लक्ष्मी नारायण दुबे आदि लोगों का कहना है कि टांडा एनटीपीसी से ओवरलोड करके राख लाद कर जाती है। इसमें ट्रक चालक रास्ते में पानी डलवा देते हैं, जिससे उनका वजन बढ़ जाए और पानी डालने के कारण राख नीचे गिरती है। सड़क पर गिरी राख कुछ देर बाद धूल बनकर उड़ने लगती है । जब वाहनों के आवागमन से धूल उड़ती है तो उससे व्यापारियों को काफी परेशानी हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि अगर ट्रक चालक अब अपनी ट्रक में पानी डालकर सड़क पर राख गिराते हुए पाए गए तो उन्हें रोक कर कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस व विभाग के लोगों को सुपुर्द किया जाएगा ।

# रामजानकी मार्ग पर पलटा ट्रक, चालक-खलासी सुरक्षित

**हादसा**

- ओवरलोड होने के कारण अनियंत्रित हुई ट्रक
- क्रेन से ट्रक को गड्ढे से बाहर निकलवाने में जुटी पुलिस

धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद। गुरुवार की रात एक ओवरलोड ट्रक बकौली के पास अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। संयोग अच्छा रहा कि इसमें सवार चालक व खलासी दोनों सकुशल बच गए और वह अपनी जान बचाकर भाग निकले।

टांडा एनटीपीसी से ओवरलोड राख लादकर जा रही एक ट्रेलर ट्रक बकौली राम जानकी मार्ग पर गुरुवार की रात ओवरलोड होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक के पलटते ही ट्रक में सवार खलासी व चालक ट्रक से बाहर कूदकर फरार हो गए। संयोग अच्छा था कि दोनों को छोटे नहीं आए अगर ओवरलोड ट्रकों के संचालक पर सरकार के निर्देश के अनुसार परिवहन विभाग व पुलिस रोक लगाने का काम करती तो शायद इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता था।

इस संबंध में पूछने पर थानाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि घटना के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

# बालू लदा ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के भड़ारी के निकट बालू लदा हुआ ट्रक पलट गया। इस हादसे में कोई हताहत नही हुआ। क्रेन मंगाकर देर शाम तक ट्रक को गड्ढे से बाहर निकालने का काम चल रहा था।



क्रेन से ट्रक को गड्ढे से बाहर निकलवाती पुलिस।

ट्रक खलासी मोहम्मद सिराज ने बताया कि ट्रक बलिया से बालू लादकर बांसी जा रहा था। खलीलाबाद- बखिरा मुख्यमार्ग पर भड़ारी के निकट सड़क किनारे दलदल होने से बालू लदा हुआ ट्रक धंसकर पलट गया। ट्रक के चारों पहिए ऊपर हो गए। गनीमत रही किसी की जान नही गई। बताया कि ड्राइवर मौके से भाग गया, जबकि वह घटनास्थल पर मौजूद है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस क्रेन की मदद से ट्रक को बाहर निकालने में जुटी रही। महराजगंज निवासी ट्रक मालिक को सूचना दे दी गई है।

# पुलिस टीम ने लगवाया कैमरा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने जन सहयोग से तीन स्थानों पर दस सीसीटीवी कैमरा लगवाया। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर एक सीसीटीवी कैमरा और थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर पांच सीसीटीवी कैमरा लगवाया। पुलिस ने कैमरा लगवाकर सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को माल्यार्पण कर सम्मानित भी किया। इसके साथ ही अपील किया कि सभी लोग घरों, कॉलोनियों व प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं।

# सिपाही की बाइक चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात सिपाही की बाइक खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास से गायब हो गया। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद मामले में मुकदमा दर्जकर लिया। एसएसआई हरिकेश भारती ने बताया कि पीड़ित देवेंद्र कुमार गौतम निवासी मोरवन बाबू छपरा थाना रामकोला जनपद कुशीनगर ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि वह रिजर्व पुलिस लाइन में रहते हैं।

# साप्ताहिक परेड की एसपी ने ली सलामी, दिए निर्देश



शुक्रवार को एसपी के सामने पुलिस लाइन में परेड करते पुलिसकर्मी।

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया।

पुलिस जवानों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड ग्राउंड पर दौड़ लगवाया। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान गंदगी मिलने पर आरआई को बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने के लिए निर्देश दिए। एसपी ने निरीक्षण के दौरान परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए आदेश दिए। एसपी ने निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता को जांचकर सही ढंग से काम कराने को संबंधित को निर्देशित किया।

# अशांति फैलाने वाले 19 आरोपितों पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने 19 आरोपितों को पकड़कर अशांति फैलाने के मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई किया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने जगह-जगह दबिश दी। 11 आरोपितों को दबोचकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूर्ण करने के बाद संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया।

# पूजा कराने गए पंडित को मनबढ़ों ने पीटा, केस दर्ज

## धमैचा की घटना

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के धमैचा गांव में पूजा कराने गए पंडित को मनबढों ने पीट दिया। पुलिस ने मामले में तहरीर मिलने के बाद आरोपितों के विरूद्ध मुकदमा दर्जकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरूकर दिया।

एसएसआई हरिकेश भारती ने बताया कि पीडित सुतिक्षण त्रिपाठी ने अपने शिकायत में बताया कि वह पूजा पाठ का काम करते हैं। 30 अगस्त को गांव में पूजा करवा रहे थे। इसी बीच गांव के ही शिवमंगल सिह, लालबहादुर सिह, पुत्रगण विद्या सिह जबरन पूजा करने के लिए बुलाए।

उनके दरवाजे पर जाने के बाद शिवमंगल, लालबहादुर, सदानंद सिह, अखिलेश सिह चारों भाई मिलकर मारते पीटते हुए जानमाल की धमकी दी।

एसएसआई हरिकेश भारती ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर उक्त चारों आरोपितों के विरूद्ध तहरीर के आधार पर सुसंगत धारा में मुकदमा दर्जकर अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए मारपीट में घायल को मेडिकल परीक्षण एवं दवा उपचार के लिए रवानाकर दिया गया है।

# प्रमोशन मिलने पर स्टार लगा दी बधाई

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शुक्रवार एक सितंबर को जनपद में नियुक्त निरीक्षक नागरिक पुलिस रमाशंकर तिवारी को विभागीय प्रमोशन मिलने पर स्टार लगाकर बधाई दी। पुलिस कार्यालय के अनुसार एसपी ने निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर प्रोन्नत होने पर रमाशंकर तिवारी के कंधों पर सिल्वर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी।

इसके साथ ही उनके कार्यशैली की तारीफ करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस दौरान रीडर एसपी कृष्ण देव सिंह, प्रधान लिपिक उमाशंकर यादव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 49 वाहनों से 57,500 रुपये समन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से शुक्रवार को सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 49 वाहन के चालकों से 57,500 रुपये समन शुल्क की वसूली की। (विज्ञप्ति)

# दो माह में दहेज के लिए मार दी गईं चार बेटियां

- कुछ में हुई कार्रवाई तो कुछ में लीपापोती कर पीड़ितों को भटकाती रही पुलिस
- मेंहदावल में दहेज बन रहा अभिशाप, जागरूकता अभियान का भी अभाव

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर : मेंहदावल थानाक्षेत्र में पिछले दो माह में चार बेटियां दहेज के लिए मृत्यु हो गईं। किसी ने फंदे को अपने को गले लगा लिया, तो किसी की गला दबाकर हत्या कर दी गई। कुछ मामलों में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। आरोपितों को जेल भेजा गया, तो कुछ मामले में पुलिस की लीपापोती भी सामने आई। जागरूकता अभियान का भी असर समाज में नहीं दिखाई दे रहा है।

**केस एक**- मेंहदावल थाना क्षेत्र के भठवा गांव में पूनम की शादी बालकिशुन के साथ दो वर्ष पूर्व हुआ था। इस बीच पूनम को कोई बच्चा पैदा नहीं हुआ तो ससुराल के लोग ताना मारने लगे। इसके साथ ही दहेज के लिए उसको प्रताड़ित किया जाने लगा। 16 अगस्त को पूनम की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली। पूनम के पिता ने पांच आरोपितों पर दहेज हत्या का मुकदमा लिखाया।

**केस दो**- गगनई राव गांव में कुछ वर्ष पूर्व किसलावती ससुराल आई थीं। इस बीच उनको कोई बच्चा नहीं हुआ। ससुराल के लोग इसको लेकर प्रताड़ित करते थे। दहेज की मांग का भी आरोप है। जुलाई माह में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मृत्यु हो गयी। इस मामले में महिला के पिता ने पांच आरोपितों पर दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया।

**केस तीन**- मेंहदावल कस्बे के उत्तरपट्टी मोहल्ले में नवविवाहिता अनुराधा की घर में ही लाश मिली। इस मामले में अनुराधा के पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाया। मेंहदावल पुलिस मुकदमा दर्ज करने से आनाकानी करती रही। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत हुआ। सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। यह शादी महज कुछ महीने तक ही चल सकी।

**केस चार**- जुलाई माह में मेंहदावल के बैरीयहवा मोहल्ले में रानीबानो को पुत्री पैदा हुई। इनको पहले से ही तीन पुत्रियां थी। परिवार में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा था। संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मृत्यु हो गई। इस मामले में भी दहेज हत्या की चर्चा होती रही।



दहेज हत्या के मामले में पुलिस तत्काल कार्रवाई अमल में लाती है। इन सभी मामलों में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जो आरोपित फरार हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास चल रहा है। पुलिस मिशन शक्ति अभियान के तहत समाज में जागरूकता लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। लोगों को भी खुद के स्तर से जागरूक होना चाहिए, जिससे दहेज रूपी दानव को समाज से दूर किया जा सके।

अंबरीश भदौरिया, सीओ, मेंहदावल

# प्रमुख के घर में घुसने की कोशिश के दौरान दो संदिग्ध युवक पकड़े गए

धनघटा। महुली क्षेत्र के कोहरगड्डी गांव निवासी व नाथनगर ब्लॉक प्रमुख के घर में शुक्रवार को दिनदहाड़े पूर्वी गेट से घुसने की कोशिश के दौरान दो युवक पकड़े गए। पकड़े गए दोनों संदिग्धों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है। क्षेत्र के कोहरगड्डी गांव निवासी ब्लॉक प्रमुख रामवृक्ष यादव के घर के पूर्वी गेट के पास गांव की कुछ मजदूर महिलाएं काम कर रही थीं। उसी दौरान एक संदिग्ध युवक को घर में घुसने का प्रयास करता देख कर घर वालों को जानकारी दी। तब तक युवक झाड़ में छिपने का प्रयास किए, लेकिन शोर सुनकर पगडंडी के रास्ता से पैदल भागने लगे। प्रमुख राम वृक्ष यादव ने बताया कि वह मोबाइल से कुछ युवकों को जानकारी दिए। बाइक और चारपहिया वाहनों से युवकों ने हरिहरपुर-महुली मार्ग पर घेराबंदी करके भाग रहे संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। जबकि थोडी दूर स्थित बागीचे में बाइक के साथ दूसरे साथी को भी पकड़ा गया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस दोनों संदिग्ध युवकों को बाइक समेत लेकर थाने लेकर चली गई। प्रमुख के भाई राम दरस यादव ने दोनो संदिग्धों के खिलाफ चोरी की नीयत से रेकी करने की बात कहते नामजद तहरीर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। एसएसओ भगवान सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल करके आगे की कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# पुलिस ने लोगों के सहयोग से लगवाए सीसी कैमरे

संतकबीर नगर: आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत पुलिस ने शुक्रवार को दो स्थानों पर पांच सीसी कैमरे लगवाए। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर एक तथा दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसी कैमरे लगवाया है। पुलिस ने यह कैमरा लगाने वाले व्यक्तियों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि इस अभियान के तहत जनपदवासियों से लगातार अपील की जा रही है। उनसे घरों, कालोनियों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसी कैमरा लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके

**लोगों को घरों, कालोनियों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसी कैमरा लगाने के लिए किया जा रहा प्रेरित**

अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। जागरूक लोग इसमें सहयोग कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखनी चाहिए। जिससे आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए कानून व्यवस्था बेहतर बनाया जा सके। (विज्ञप्ति)

# जनता से मधुर व्यवहार करें पुलिसकर्मी : एसपी

**संतकबीर नगर**: एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस कर्मियों से कहा कि वे ड्यूटी के दौरान वर्दी पर विशेष ध्यान दें। जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करें। उनसे परिवार के सदस्यों की तरह पेश आएं। इससे वह बिना किसी हिचक के अपनी बात रख सकेंगे। इससे समाज को अच्छा संदेश मिलेगा।

एसपी ने यह बातें शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में परेड के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने पुलिस कर्मियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने के लिए कहे। शारीरिक रूप से फीट रहने के लिए पुलिस कर्मियों की दौड़ लगवाई। इसके अलावा अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन भवन की गुणवत्ता, पुलिस मेस, डायल-112, बैरक की जांच की। (विज्ञप्ति)

# तीन की गई थानेदारी, दो को मिली कमान

## कोतवाली प्रभारी सर्वेश राय हटे, रविंद्र बने नए कोतवाल व वीरेंद्र को राजेडीहा का प्रभार

जासं, संतकबीर नगर : पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सात इंस्पेक्टर (निरीक्षक) और 14 दारोगा के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। खलीलाबाद के कोतवाल को हटाकर फीडबैक सेल में भेजा गया है। मेंहदावल के थानेदार रविंद्र कुमार सिंह को कोतवाल बनाया गया है। इसके साथ ही बेलहर के थानेदार और महिला थाने के प्रभारी को भी हटा दिया गया है। काली जगदीशपुर चौकी के प्रभारी राम विशिष्ठ को बेलहर थाना और लालबिहारी निषाद को महिला थाने की कमान सौंपी गई है।

फीडबैक सेल के प्रभारी रहे इंस्पेक्टर विजय कुमार को मेंहदावल का नया थानेदार बनाया गया है।



बेलहर के थानेदार रामअशीष यादव को न्यायालय सुरक्षा का प्रभारी बनाया गया है। महिला थाना के निरीक्षक बृजेश कुमार यादव को खलीलाबाद कोतवाली के अपराध निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। न्यायालय सुरक्षा की प्रभारी मंजू सिंह को अपराध शाखा में भेजा गया है। महिला थाने की अपराध निरीक्षक संध्यारानी तिवारी को धनघटा महिला पुलिस परामर्श केंद्र का प्रभारी बनाया गया है।

- सात इंस्पेक्टर और 14 दारोगाओं के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव
- फीडबैक सेल के प्रभारी इंस्पेक्टर विजय बने मेंहदावल का थानेदार

इसके साथ ही बड़े पैमाने पर पुलिस चौकियों के प्रभारी बदले गए हैं। जिन दारोगाओं की नई तैनाती मिली है उनमें अशोक कुमार दूबे को तामेश्वरनाथ चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

उदय शंकर द्विवेदी को जगदीपुर चौकी की कमान दी गई है। पुलिस लाइन से मोती चंद्र को काली जगदीशपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। धर्मेंद्र यादव को औद्योगिक क्षेत्र का प्रभार दिया गया है। शशिकांत तिवारी को धनघटा थाने से हटाकर पौली पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया गया है। विरेंद्र मिश्र को राजेडीहा का प्रभारी बनाया गया है। संजय कुमार वर्मा को पुलिस लाइन से कलेक्ट्रेट चौकी का प्रभार दिया गया है। अरविंद कुमार को बिड़हरघाट चौकी का प्रभारी बनाया गया है। अश्वनी कुमार को पुलिस लाइन से तितौवा चौकी पर भेजा गया है। ओमप्रकाश यादव को धर्मसिंहवा थाने का वरिष्ठ उप निरीक्षक बनाया गया है। देव प्रयाग सिंह को पुलिस लाइन से गौसपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। प्रमेश मिश्रा को महुली थाने से कोतवाली खलीलाबाद में तैनात किया गया।

# अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे छात्र नेता, पूर्व विधायक ने किया समर्थन

## एचआरपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव की मांग पर अड़े छात्र नेता, पूर्व विधायक जय चौबे ने चुनाव न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

संवाद न्यूज एजेंसी



छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर धरना देते छात्र नेता। धरने में पूर्व विधायक जय चौबे भी शामिल हुए। संवाद

**संतकबीरनगर।** एचआरपीजी कॉलेज खलीलाबाद में छात्रसंघ चुनाव ने फिर जोर पकड़ लिया है। शुक्रवार को छात्र नेता कॉलेज गेट पर आमरण अनशन पर बैठ गए। सूचना पर पूर्व विधायक दिग्विजयनारायण उर्फ जय चौबे सपा नेताओं के साथ पहुंच गए और छात्रों की मांग का समर्थन किया। उन्होंने छात्रों से आमरण अनशन नहीं अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को कहा। पूर्व विधायक ने चेतावनी दी कि अगर जल्द से जल्द छात्रसंघ चुनाव नहीं कराया गया तो सपा वृहद आंदोलन करेगी।

एचआरपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव की मांग 15 दिनों से आंदोलन चल रहा है। चार दिन पूर्व छात्र नेताओं ने प्राचार्य को कमरे में बंद कर दिया था और गेट पर धरने पर बैठ गए थे। उसके बाद प्रशासन ने छात्र नेताओं को वार्ता के लिए बुलाया था। जिसके बाद एडीएम ने छात्रसंघ चुनाव नवंबर माह में कराने की बात कही थी। इधर रक्षाबंधन के चलते कॉलेज को चार दिन के लिए बंद किया गया था। शुक्रवार को कॉलेज खुला तो छात्र नेता अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठ गए। छात्र नेता शुभम सिंह, विशाल सिंह, शिवम गुप्ता, बलिराम, शैलेंद्र, देवेश सिंह, उज्जवल, राधा, अभिषेक, गोविंद आदि ने कहा कि प्रशासन चुनाव नहीं कराना चाहता है।

इससे छात्रों के हितों की अनदेखी हो रही है। कॉलेज में लोगों ने छात्रसंघ की फीस भी जमा की है। जब हर साल चुनाव होता है तो इस साल चुनाव क्यों नहीं कराया जा रहा है। जब तक चुनाव की तिथि घोषित नहीं हो जाती है, लोग आमरण अनशन से नहीं हटेंगे। छात्रों के आमरण अनशन पर बैठने की सूचना पर पूर्व विधायक दिग्विजयनारायण उर्फ जय चौबे, सपा नेता जयराम पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव, रामदरश यादव, राहुल यादव बादल पहुंच गए और छात्रों के साथ धरने पर बैठ गए। पूर्व विधायक जय चौबे ने कहाकि आमरण अनशन मत करें अनिश्चित कालीन धरना दें। जिसके बाद छात्र नेताओं ने अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया।

### छात्रों के आंदोलन से पठन-पाठन हो गया ठप

एचआरपीजी कॉलेज में छात्रों के आंदोलन के चलते पठन-पाठन ठप हो गया। छात्र नेताओं ने कक्षाओं में पहुंचकर शिक्षकों को पठन-पाठन करने पर रोक लगा दिया। जिसे लेकर छात्राओं में रोष रहा। छात्रा शिवानी, दिव्यांशा, रजनी, संजू ने कहा कि वह महाविद्यालय में पढ़ाई करने आती हैं, लेकिन छात्र नेता पढ़ाई नहीं होने दे रहे हैं। कॉलेज का माहौल खराब हो रहा है। हर छह माह पर परीक्षा होती है, ऐसे में उनकी तैयारी कैसे होगी। जब क्लास नहीं चलेगा तो सेलेबस का भी पता नहीं लगेगा। छात्राओं ने प्राचार्य से कॉलेज में पठन-पाठन सुनिश्चित करने की मांग की।



*प्रशासन ने छात्रसंघ चुनाव की अनुमति नहीं दी है. अगर अनुमति मिलती है तो छात्रसंघ चुनाव कराया जाएगा। छात्र नेताओं से अपील है कि वह लोग कॉलेज परिसर में पठन-पाठन में व्यवधान उत्पन्न न करें।*

**- प्रोफेसर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी,**
*प्राचार्य एचआरपीजी कॉलेज*

### छात्र हित में चुनाव कराया जाना जरूरी : जय

एचआरपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर धरने पर बैठे छात्र नेताओं के समर्थन में पहुंचे पूर्व विधायक दिग्विजयनारायण उर्फ जय चौबे ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव को लेकर अनिश्चितकालीन धरने में बैठे सभी छात्र नेताओं के साथ समाजवादी पार्टी कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। जहां भी छात्र नेताओं को जरूरत होगी। उनको भरपूर मदद की जाएगी। प्राचार्य से बात की गई है, उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार चुनाव कराने के लिए तैयार है, लेकिन अभी जिला प्रशासन से अनुमति नहीं मिली है। पूर्व विधायक जय चौबे ने कहा कि मामले में जिलाधिकारी से भी बात की गई है। पूर्व विधायक ने जिला प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द छात्रसंघ चुनाव कराया जाए, जो छात्र हित मे है। अगर ऐसा नही होता है तो सपा वृहद आंदोलन करेगी।

# आरोपी के खिलाफ जारी किया गिरफ्तारी वारंट

## कोर्ट ने चेक बाउंस प्रकरण में सुनाया फैसला, 82 सीआरपीसी की कार्रवाई का आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। न्यायिक दंडाधिकारी भारती तायल ने चेक बाउंस मामले में विचारण के लिए तलब किए गए आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इसके साथ ही 82 सीआरपीसी की कार्रवाई का भी आदेश कोतवाली पुलिस को दिया है।

अधिवक्ता सोनू पांडेय ने बताया कि धनघटा क्षेत्र के बैकुंठपुर निवासी श्याम नारायण ने कोर्ट में परिवाद दाखिल किया। जिसमें कहा कि उसके पास एक इंजन व धुनाई मशीन घर पर रखी थी। जिसका उपयोग न हो पाने के कारण खराब होने की आशंका को देखते हुए पीड़ित मशीन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था।

गौसपुर वर्तमान पता इंडस्ट्रियल एरिया बगहिया खलीलाबाद कोतवाली निवासी बद्दीस अहमद ने पांच नवंबर 2017 को पीड़ित से मिलकर मशीन खरीदने की इच्छा जताई।

दोनों के बीच इंजन व मशीन की कीमत 56,000 रुपये में सौदा तय हुआ। आरोपी ने नकद भुगतान न करके पांच नवंबर 2017 को 56,000 रुपये का चेक दिया। खाते में रकम न होने से चेक बाउंस हो गया। रकम की मांग करने पर आरोपी टाल मटोल करता रहा। पीड़ित परिवादी ने 18 जनवरी को पंजीकृत डाक से विपक्षी आरोपी को लिखित में अवगत कराते हुए चेक पर अंकित धन राशि की डिमांड नोटिस प्रेषित किया।

आरोपी ने न जवाब दिया और न ही रकम लौटाई और धमकी दे रहा है। पीड़ित ने कोर्ट में तहरीर देकर आरोपी को तलब कर दंडित करने का प्रार्थना पत्र दिया। कोर्ट ने आरोपी को तलब किया। आरोपी ने कोर्ट में उपस्थिति होकर अपना जमानत कराया।

दौरान विचारण आरोपी के कोर्ट में उपस्थित नहीं होने पर पीड़ित के अधिवक्ता के प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ने कोतवाली पुलिस को आरोपी बद्दीश अहमद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट के साथ 82 सीआरपीसी की कार्रवाई का आदेश दिया।

# पीड़िताओं से बनवाया जाता है भोजन

## वन स्टॉप सेंटर का मामला, आरोपियों के परिजनों से करवाई जाती है मुलाकात

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। वन स्टॉप सेंटर में संरक्षित की जाने वाली पीड़िताओं से भोजन बनवाने और आरोपियों के परिजनों से गलत पहचान पत्र पर मुलाकात कराए जाने का मामला जांच में उजागर हुआ है। इतना ही नहीं वहां तैनात महिला पुलिस कर्मियों और वन स्टॉप सेंटर में कार्यरत महिला कर्मियों में आपसी टकराव की स्थिति बनी हुई है।

वन स्टॉप सेंटर में तैनात महिला पुलिस कर्मी नीता प्रसाद, अंजनी गुप्ता, शिमला मिश्रा, ममता यादव, पूनम राय ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें वन स्टॉप सेंटर में कार्यरत महिला कर्मियों के जरिए दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत की। एसपी ने डीएम को पत्र भेजकर प्रकरण की जांच कराए जाने की जरूरत जताई।

डीएम ने प्रकरण की जांच के लिए एसडीएम सदर शैलेश दुबे, सीओ सदर दीपांशी राठौर और जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉक्टर श्वेता त्रिपाठी को जिम्मेदारी दी। इस प्रकरण में एसडीएम और सीओ ने संयुक्त रूप से जांच की और डीएम को रिपोर्ट दिया। जबकि जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अपनी अलग जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी।

### चोरी के आरोप में किशोरी की हुई थी पिटाई

जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉक्टर श्वेता त्रिपाठी की जांच रिपोर्ट में कहा गया है चोरी के आरोप में महिला सिपाहियों की ओर से किशोरी की पिटाई की गई थी। उसके बाद किशोरी को सीडब्ल्यूसी के बिना आदेश के किशोरी को उसकी मां को महिला आरक्षी पूजा चौहान व उप निरीक्षक रामचंद्र सिंह अपने साथ बिना बताए लेकर चले गए।

एसडीएम और सीओ की जांच में पाया गया कि वन स्टॉप सेंटर में बाहर की तरफ दो सीसीटीवी कैमरा लगा है, लेकिन कोई भी कैमरा चालू हालत में नहीं है। जससे यहां आने-जाने वालों की जानकारी नहीं हो सकती है।

वन स्टॉप सेंटर में कार्यरत महिला आरक्षी, महिला होमगार्ड एवं वन स्टॉप सेंटर में कार्यरत संरक्षिका व अन्य महिला कर्मियों में आपसी समन्वय नहीं है। यह एक -

> यह सच है कि वन स्टॉप सेंटर का कैमरा जांच के दौरान खराब था, लेकिन अब ठीक करा दिया गया है। दो मल्टीपरपज महिलाएं साफ-सफाई और भोजन बनाने के लिए रखी गई हैं। किशोरी एक केस वर्कर का 17,000 रुपये और पायल चोरी करके भाग गई थी और बाद में पुलिस पकड़ कर यहां लाई। पूछताछ में किशोरी ने 3,000 रुपये और पायल चोरी करने की बात स्वीकार की थी। वर्तमान में यहां तीन किशोरियां सरंक्षित हैं। यहां आपसी सामंजस्य स्थापित करके माहौल को बेहतर बनाए जाने की कोशिश की जाती है। -ऋतुका दुबे, केंद्र प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर

दूसरे पर दोषारोपण करती रहती है और आपस में विवाद की स्थिति पैदा करती है।

जांच के दौरान पता चला कि कार्यरत नर्स एक सप्ताह से ड्यूटी पर नहीं आई है। यहां कार्यरत स्टॉप नर्स ड्यूटी पर कम आती है। यहां सेवा प्रदाता के माध्यम से काम करने वाली महिलाओं को सात-आठ महीने से वेतन नहीं मिला है। जिसके कारण उनमें रोष व्याप्त है और कार्य करने में रुचि नहीं ली जाती है। वन स्टॉप सेंटर भवन में ऊपर की तरफ खुला हुआ है,जिससे बालकनी में किसी व्यक्ति के आने-जाने की संभावना बनी रहती है। फोटो लिए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जाता है।

> चार दिन पूर्व खुद वन स्टाप सेंटर की जांच कर वहां की स्थिति जानी है। वहां खामियां मिली थीं। इधर एसडीएम-सीओ की संयुक्त जांच रिपोर्ट के साथ जिला प्रोबेशन अधिकारी की अलग जांच रिपोर्ट मिली है। दोनों जांच रिपोर्ट को एडीएम राजस्व एवं वित्त जय प्रकाश को परीक्षण के लिए भेज दिया है। - संदीप कुमार,डीएम

वन स्टॉप सेंटर पर जो अपहृता मिलने के बाद यहां लाई जाती है,उनसे कार्य करवाया जाता है और भोजन बनवाया जाता है। आरोपियों के घर वालों का गलत पहचान से प्रवेश करा कर पीड़िताओं से मिलवाया जाता है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपियों से अनुचित लाभ लेकर पीड़िताओं से मिलवाया जाता है।

# तीन एसओ की छिनी कुर्सी, दो दरोगा को मिली थाने की कमान

### तबादले की जद में आए सात इंस्पेक्टर और 14 सब इंस्पेक्टर

संतकबीरनगर। एसपी ने कानून व्यवस्था के मद्देनजर बृहस्पतिवार देर शाम सात इंस्पेक्टर और 14 सब इंस्पेक्टर के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया। फेरबदल की सूची में चार एसओ भी बदले गए। इसमें शहर कोतवाल,बेलहर एसओ और महिला थाना एसओ की जहां कुर्सी छिन गई,वहीं दो दरोगा को एसओ की कमान मिली।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि शहर कोतवाल रहे सर्वेश राय को हटा कर पासपोर्ट सेल,प्रभारी फीड बैक सेल, फील्ड यूनिट में तैनाती दी गई। जबकि मेंहदावल एसओ रहे रविंद्र सिंह को शहर का नया कोतवाल बनाया है। बेलहर कला एसओ रहे राम अशीष यादव को हटा कर प्रभारी न्यायालय सुरक्षा में तैनात किया गया।

एसओ महिला थाना रहे बृजेश यादव को हटा कर इंस्पेक्टर क्राइम के पद पर कोतवाली में तैनाती दी गई। इंस्पेक्टर मंजू सिंह को क्राइम ब्रांच, इंस्पेक्टर संध्यारानी को प्रभारी महिला पुलिस परामर्श केंद्र धनघटा में तैनाती दी गई। पासपोर्ट सेल में तैनात रहे इंस्पेक्टर विजय कुमार दूबे को एसओ मेंहदावल और चौकी प्रभारी कलक्ट्रेट रहे एसआई लाल बिहारी निषाद को एसओ महिला थाना बनाया गया। जबकि कालीजगदीशपुर चौकी प्रभारी रहे एसआई राम वशिष्ठ को एसओ बेलहर कला बनाया गया।

एसआई अशोक दूबे को चौकी प्रभारी तामेश्वरनाथ, एसआई उदय शंकर द्विवेदी को चौकी प्रभारी जगदीशपुर, एसआई मोतीचंद्र को चौकी प्रभारी कालीजगदीशपुर, एसआई धर्मेंद्र यादव को चौकी प्रभारी औद्योगिकनगर,एसआई शशिकांत तिवारी को चौकी प्रभारी पौली, एसआई वीरेंद्र मिश्रा को चौकी प्रभारी राजेडीहा,एसआई संजय कुमार वर्मा को चौकी प्रभारी कलक्ट्रेट बनाया गया।

एसआई अरविंद कुमार को प्रभारी चौकी विडहर घाट, एसआई अश्वनी कुमार भास्कर को प्रभारी चौकी सिंतौवा, एसआई ओम प्रकाश को एसएसआई धर्मसिंहवा, एसआई देव प्रयाग सिंह को चौकी प्रभारी गौसपुर और एसआई प्रमेश मिश्रा को कोतवाली खलीलाबाद में तैनाती दी गई है। संवाद

# अनुशासन व एकरूपता के लिए पुलिस कर्मियों को कराया अभ्यास

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्त ने शुक्रवार को पुलिस लाइंस में परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान परेड की सलामी ली। एसपी ने परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक किया और जनता से बेहतर व्यवहार स्थापित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई। अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई। इसके बाद पुलिस लाइंस का निरीक्षण किया। जिसमें निर्माणाधीन भवनों की गुणवत्ता, पुलिस मेस, डायल-112, बैरक आदि को देखा। उन्होंने पुलिस लाइंस की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। एसपी ने पुलिस लाइंस के आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक किया और गार्द की सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों से जानकारी ली। पुलिस लाइंस के अलावा

# इंस्पेक्टर रामशंकर तिवारी बने डीएसपी

संतकबीरनगर। शासन ने प्रदेश में कई निरीक्षकों को प्रोन्नत देकर डीएसपी बनाया है। इसी क्रम में जिले में तैनात निरीक्षक रामशंकर तिवारी को डीएसपी पर प्रोन्नत दी गई है। शुक्रवार को एसपी सत्यजीत गुप्त ने उन्हें स्टार लगाकर बधाई दी। इसके साथ ही उनकी कार्यशैली की तारीफ करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान एसपी के रीडर कृष्ण देव सिंह, प्रधान लिपिक उमाशंकर यादव, पीआरओ जितेंद्र व अन्य मौजूद थे। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-02-09-2023

# फर्जी बैनामा कराने में छह पर मुकदमा

गोंडा। शहर के महराजगंज निवासी एक व्यक्ति ने डीजीपी के आदेश पर नगर पालिका की नजूल जमीन को जालसाजी कर फर्जी बैनामा कराने के आरोप में छह पर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

नगर कोतवाली अंतर्गत सर्कुलर रोड महराजगंज निवासी अजीत कुमार शर्मा पुत्र तिलक राम शर्मा ने आरोप लगाया है कि नगर पालिका क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित कीमती नजूल जमीन का बैनामा 28 अक्टूबर 2022 को अनिल कुमार शर्मा ने बिना किसी अधिकार के बानो बेगम के पक्ष में कर दिया। उनका कहना है कि नजूल जमीन के आंशिक भू भाग पर पीड़ित के पिता अपने परिवार के साथ एक मकान बनाकर रहते थे। उनकी मौत हो जाने में बाद परिवार के अन्य सदस्य उसमें रहते है। आरोप है कि उसकी भूमि को बैनामा करवाने के बाद आरोपियों ने 14 जनवरी 2023 को पहुंचकर धमकी देते हुए मकान खाली करने का दबाव बनाने लगे।

करनैलगंज में सड़क जामकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन, मनकापुर में भी अधिवक्ताओं ने की जमकर नारेबाजी

# वकील सड़क पर उतरे, लोग जाम से हलकान

**मुसीबत**

करनैलगंज/मनकापुर, हिटी। हापुड़ कांड के विरोध में शुक्रवार को जिले में अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। करनैलगंज में अधिवक्ताओं ने गोंडा-लखनऊ मार्ग पर जाम लगाकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब आधे घंटे तक लोग जाम में फंसे रहे। मनकापुर में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सीपी वर्मा व मंत्री शिव कुमार मिश्र की अगुवाई में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए राज्यपाल को सम्बोधित तीन ज्ञापन तहसीलदार परशुराम को सौंपा।



करनैलगंज में शुक्रवार को हापुड़ कांड को लेकर हाईवे जाम करते अधिवक्ता।

करनैलगंज तहसील संघ भवन में हुई आपात बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष गोपालजी तिवारी ने की। इसका संचालन सुरेंद्र कुमार द्विवेदी ने किया। अधिवक्ता त्रिलोकीनाथ तिवारी ने कहा कि हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों को बर्खास्तगी के साथ मुकदमा दर्ज कराने की मांग उठाई। इसके बाद वकीलों ने लखनऊ हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना पाकर पहुंचे एसडीएम विशाल कुमार, सीओ चंद्रपाल शर्मा को अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के मंत्री ओमप्रकाश यादव, अरविंद शुक्ल, रामसुरेश तिवारी, बाबादीन मिश्रा, अमरेश चौबे, केडी सिंह, कुंदन अवस्थी, लालबाबू मिश्र, कर्मचंद मिश्रा, हदयनारायन मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र, श्यामधर शुक्ल, संजय मिश्र, रंग बहादुर सिंह, रामबाबू पाण्डेय, उग्रसेन मिश्र, सुशील सिंह, प्रतापबली सिंह, बाबूलाल आद रहे।

पुलिस के खिलाफ हुई जमकर नारेबाजी: बार काउंसिल यूपी के निर्देश पर तहसील मनकापुर के अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। ज्ञापन में बार काउंसिल के निर्णय का समर्थन करते हुए मांग किया की हापुड के डीएम, एसपी व सीओ का तत्काल स्थानान्तरण किया जाए। इस मौके पर श्यामलाल शुक्ल, विजय कुमार मिश्र, अनिल कुमार द्विवेदी, केदार नाथ मिश्र, अवधेश कुमार मिश्र, राज कुमार मिश्र, अम्बुज मिश्र, अम्बुज तिवारी, पंकज पाठक, जेपी तिवारी, जेपी तिवारी, गोमती पाठक, राघव मणि पान्डेय, एहितियाज मोहम्मद सिद्दीकी, राजेश तिवारी, अजय कुमार, श्याम नरायन मिश्र, पीएस पान्डेय मौजूद थे।

### ग्राम न्यायालय के विरोध में अधिवक्तओं की हड़ताल

गोंडा, विधि संवाददाता। ग्राम न्यायालय की स्थापना के विरोध में संयुक्त संघों के सैंकडो वकीलों ने जुलूस प्रदर्शन करते हुए सिविल कोर्ट कैंपस मे जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। जिससे कचहरी में कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। बार एसोसिएशन अध्यक्ष महराज कुमार श्रीवास्तव व सिविल बार एसोसिएशन उपेन्द्र कुमार मिश्रा के सयुक्त नेतृत्व मे सैकड़ो वकील सुबह साढ़े दस बजे दर्शन करते हुए सिविल कोर्ट पहुंचे। जहा पर वकीलो ने जोरदार नारेबाजी व विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्राम न्यायालय की स्थापना का विरोध जताया।

# मुर्गी फॉर्म के बाहर खड़ी बाइक चोरी

बभनजोत। क्षेत्र के एक गांव मे मुर्गी फार्म के बाहर बाइक खड़ी कर सो रहे एक व्यक्त की बाइक चोरी हो गई, सुबह जागने पर घटना की जानकारी हुई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई मे जुटी हुई है। खोड़ारे थाना क्षेत्र के बनकटवा साबरपुर निवासी सफी उल्लाह की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

गोण्डा। जिला अस्पताल से बाइक चोरी के मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरु कर दी है। थाना इटियाथोक अंतर्गत दुल्हापुर निवासी भोलानाथ पाण्डेय ने बताया कि 28 अगस्त को वह दवा करने जिला अस्पताल आए थे और बाइक खड़ी कर अस्पताल के अंदर गए थे जब वापस आए तो देखा बाइक नही खड़ी थी। अज्ञात चोर उसकी बाइक चोरी करके ले गए, जिसकी काफी तलाश की गई, लेकिन पता नहीं चल सका।

# कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे ग्रामीण

**फालोअप**

गोण्डा, संवाददाता। कोतवाली देहात के सरैया चौबे गांव की दबंग महिलाओं की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़ित के भाई घनश्याम मिश्र व ग्रामीणों ने एसपी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने मामले की पुलिस कर्मियों के खिलाफ शिकायत की है। एसपी अंकित मित्तल ने मामले की जांच सीओ को सौंपी है। उन्होंने कहा कि महिला आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

कोतवाली देहात क्षेत्र के सरैया चौबे गांव में बुधवार शाम दबंग महिलाओं के हमले में गोली मिश्र, किरन मिश्रा और छोटा बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घनश्याम मिश्रा ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके भाई गोली मिश्र के खेत में विपक्षी जबरन रास्ता निकाल रहे हैं। आरोप है कि बुधवार शाम को उसके भाई को दबंग महिलाओं ने पेड़ में बांधकर धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। पति को बचाने पहुंची पत्नी किरन और चार वर्षीय बच्चे को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घनश्याम के मुताबिक धारदार हथियार के हमले से उसका भाई मरणासन्न अवस्था में अस्पताल लाया गया।

# भूमि विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट

धानेपुर। जना बनकट गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की ओर से आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर दी गई है जिस पर पुलिस ने ग्राम प्रधान पति समेत आठ लोगों के खिलाफ क्रास रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सीरबनकट के मजरा जनाकट गांव में गुरुवार को भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई। एक पक्ष की अकीलुन निशा पत्नी रफीक के मुताबिक उनके गांव के पटीदार व कुछ अन्य लोग भूमि विवाद को लेकर दरवाजे पर आकर अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर मुक्का-थप्पड़, लाठी-डंडे से मारने लगे। बचाव में आये लोगों को चोटें आई हैं।

# एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज

गोण्डा। देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने आरोपियों पर उसके बेटे से मारपीट के आरोप और एसएसी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कराया है।

पुलिस को दी तहरीर में महिला सविता पत्नी लल्लू ने बताया कि बुधवार रात गांव के दबंगो ने उसके घर आकर अभद्रता की। उसके लड़के शिवा द्वारा विरोध करने पर उसकी जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने गुरुवार को महिला की तहरीर पर गांव के ही सूरज, निराह्नू, गुड्डी, बसंती, सरोजा, मनीषा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

गोंडा। पुलिस लाइन में शुक्रवार को होने वाली साप्ताहिक परेड का एसपी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों के अभ्यास को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन स्थित अन्य विभागों का भी निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पहुंचकर परेड की सलामी ली। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस लाइन के अन्य पटल भी देखे। इस दौरान सीओ सदर शिल्पी वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# सभासद को कमरे में बंद कर नकदी समेत 20 लाख के जेवर ले गए चोर

संसू, गोंडा : आवास विकास कालोनी के रहने वाले सभासद अनूप कुमार श्रीवास्तव उर्फ डब्बू व उनके परिवारीजन को कमरे में बंद कर चोर 50 हजार रुपये समेत 20 लाख रुपये के आभूषण उठा ले गए। पुलिस मुकदमा लिखकर मामले की जांच कर रही है।

नगर कोतवाली के रहने वाले सभासद अनूप के मुताबिक बुधवार की रात व परिवार के साथ सो रहे थे। देर रात चोर छत के रास्ते घर में घुस गए। चारों ने उस कमरे में बाहर से सिटकनी लगा दी जिसमें वह सब सो रहे थे। सुबह उठने पर दरवाजा न खुलने पर फोन पर दोस्त को जानकारी देकर बुलाया। उसने बाहर से बंद दरवाजे को खोला। इसके बाद उन लोगों को चोरी होने का पता चल सका। अलमारी में रखे 50 हजार रुपये नकद व करीब 20 लाख के आभूषण गायब थे। नगर कोतवाल संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सिटी विनय कुमार ने बताया कि घटना के राजफाश के लिए टीम को लगाया गया है।

# दहेज हत्या में पति को 10 वर्ष का कारावास

संसू, गोंडा : विवाहिता की हत्या में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार ने ग्राम हरिपालपुरवा काशीपुर कोतवाली कर्नलगंज निवासी संतबक्स सिंह उर्फ अर्जुन को दस वर्ष के कारावास की और 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित पाठक ने बताया कि मुहल्ला मालवीय नगर कोतवाली नगर निवासी आशु सिंह ने अपनी बहन आकांक्षा का विवाह मई 2017 में संतबक्स सिंह के साथ किया था। दहेज के लिए 29 फरवरी 2020 को संतबक्स ने पत्नी आकांक्षा की हत्या कर दी थी।

# किसान सम्मान निधि दिलाने के बहाने करा लिया बैनामा

संसू, हलधरमऊ (गोंडा) : भैरमपुर के मजरे कलहंसन पुरवा की रहने वाली माया देवी ने कहा कि उसके पति गंगा प्रसाद तिवारी की गत वर्ष मौत हो चुकी है। ऐसे में उसके नाम गांव में खेत था। महिला का कहना है कि गत दिनों नेपाल के रहने वाले एक युवक व दो अन्य लोगों ने उसे किसान सम्मान निधि दिलाने की बात कही। कूटरचना कर उसके खेत का बैनामा करा लिया है।

महिला का कहना है कि वह बुजुर्ग है। ऐसे में वह आरोपितों की साजिश नहीं जान पाई। शिकायत उपजिलाधिकारी व कोतवाल से की गई, लेकिन कोई कार्रवाही नहीं हुई। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपितों पर मुकदमा लिख कार्रवाई किए जाने की मांग की है। महिला का आरोप है कि एसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देने से स्थानीय पुलिस कर्मी नाराज हो गए। पुलिस कर्मी धमकी दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार करुणाकर पांडेय ने कहा कि तहरीर मिली है। जांच चल रही है।

## दुष्कर्म का मुकदमा

खरगूपुर (गोंडा) : एक गांव की रहने वाली विधवा महिला का कहना है कि एक व्यक्ति ने गत 20 अप्रैल को घर में घुसकर दुष्कर्म किया था। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसकी तहरीर थाने पर दी गई, लेकिन मुकदमा नहीं लिखा गया था। इसके बाद उसने न्यायालय में अर्जी दी। पीड़िता का कहना है कि आरोपित ने 30 दिसंबर 2021 को कूटरचित इकरारनामा तैयार करा लिया था। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपित मुहम्मद अली के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य धारा में मुकदमा लिखा गया है। (संसू)

## आरोपित गिरफ्तार

आर्यनगर : जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में कौड़िया के कैथोली गांव निवासी सतीश व प्रशांत तिवारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। (संसू)

## लगे सीसी कैमरे

बभनजोत (गोंडा) : पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर आपरेशन त्रिनेत्र के तहत सार्वजनिक स्थानों पर सीसी कैमरा लगवाए जा रहे हैं। इसी के तहत कस्बा गौरा चौकी क्षेत्र में गत एक माह में जन सहयोग से 34 स्थानों पर 175 सीसी कैमरे लगवाए गए। सीसी कैमरा लगवाने में सहयोग करने वालों को सम्मानित किया गया। चौकी प्रभारी गौरा चौकी उपनिरीक्षक दिनेश राय, ग्राम प्रधान गौरा बुजुर्ग, पिपरा अदाई व ग्राम प्रधान बनगवां सहित अन्य लोग मौजूद रहे। (संसू)

# गावों में फिर बढ़ेगा लाल पगड़ी का रुतबा

धनंजय तिवारी • गोंडा

बीट (गांव) में पुलिस की पकड़ और अधिक मजबूत बनाने के लिए हाईटेक पुलिसिंग का खाका तैयार किया गया है। बीट दारोगा व आरक्षियों के साथ ग्राम प्रहरी (लाल पगड़ी वाले चौकीदार) को भी अपडेट किया जा रहा है। चौकीदार गांव की गतिविधियों और वहां रह रहे अपराधियों की जानकारी थाने से लेकर उच्च अधिकारियों को देंगे। चौकीदार संभावित विवादों की जानकारी भी पूर्व में थाने पर देंगे। एक वाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। इसमें चौकीदारों को भी जोड़ा जाएगा। इस ग्रुप में गांव के संभ्रांत नागरिकों को भी जोड़ा जाएगा। इसके लिए चौकीदारों को प्रशिक्षण देने की भी तैयारी चल रही है। दूसरी तरफ महिला आरक्षी गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण भी कराएंगी। अब चौकीदारों को बीट सिपाही व दारोगा की तर्ज पर करना कार्य करना होगा। वर्तमान में जिले में 1674 ग्राम प्रहरी हैं। अधिकांश ग्राम प्रहरी का कार्य अधिकारियों के बंगलों से लेकर थाना परिसर तक ही सिमटा रहता था। अब इस रोक लगेगी। चौकीदारों को गांव की हर विधियों की निगरानी करने के साथ उसकी जानकारी अधिकारियों को देनी होगी। इनकी सूचना पर विधिक कार्रवाई होगी। एक बार फिर गांवों में लाल पगड़ी वाले चौकीदारों का रुतवा बढ़ेगा।



अंकित मित्तल, एसपी • जागरण

**हाईटेक पुलिसिंग की तैयारी :** गांव में भ्रमण के साथ बीट की जानकारी अपडेट रखने के लिए डिजिटल डायरी बनाई जाएगी। डिजिटल बीट बुक में गांव के भ्रमण के साथ ही अपराधियों का ब्योरा भी अंकित किया जाएगा। एक क्लिक करते ही अपराधियों की कुंडली सामने होगी। इस व्यवस्था से थाने व एक ही स्थान पर बैठ कर पुलिस कर्मी गांव की रिपोर्ट तैयार नहीं कर सकेंगे। बीट दारोगा व सिपाहियों को डिजिटल डायरी में गांव भ्रमण की फोटो भी अपलोड करनी होगी। इससे ग्रामीणों में पुलिस के प्रति भरोसा बढ़ेगा। अपराधियों की गतिविधियों की निगरानी भी बढ़ेगी। गांव की सभी गतिविधियों की निगरानी के लिए पुलिस में बीट व्यवस्था लागू है। अधिकांश बीट दारोगा व सिपाही थाने व चौकी पर प्रधान व कुछ लोगों को बुलाकर पूरे गांव की रिपोर्ट तैयार कर लेते हैं। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल का कहना है कि गांव व मुहल्ले में पुलिसिंग बढ़ाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। ग्राम प्रहरी को अपडेट करने के साथ उन्हें और सक्रिय किया जा रहा है। गांव में महिला आरक्षी चौपाल लगाकर समस्याएं सुनकर उसका निस्तारण कराने का प्रयास कर रहीं हैं।

# पांच महिलाओं पर जानलेवा हमले का केस

गोंडा। देहात कोतवाली क्षेत्र के सरैय्या चौबे गांव में रास्ते के विवाद को लेकर एक महिला समेत तीन लोगों को पीट दिया गया। मामले में पांच महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सरैया चौबे निवासी घनश्याम मिश्र ने बताया कि उसका गांव के ही ननकऊ से रास्ते का विवाद चल रहा है। इसी को लेकर बृहस्पतिवार देर शाम उसके भाई गोली से ननकऊ की कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर गोली, किरन व एहम को पीटकर जख्मी कर दिया गया। तीनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि घनश्याम की तहरीर पर नानबच्ची, ननकन उर्फ ननकऊ, पूजा, गुड़िया व राधा के खिलाफ जानलेवा हमला व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# अपहृत युवती मिली, आरोपी फरार

परसपुर (गोंडा)। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली अपहृत युवती कचहरी स्टेशन के पास मिली। जबकि आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि अगवा युवती की मां ने नसीर अहमद, निसार अहमद व दिलदार खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। युवती को वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है। (संवाद)

# दो इंस्पेक्टर बने डिप्टी एसपी

गोंडा। जिले के दो इंस्पेक्टर डिप्टी एसपी पद पर प्रोन्नत किए गए हैं। एसपी अंकित मित्तल ने इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह और सतानंद पांडेय की वर्दी पर स्टार लगाने के साथ ही मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी। (संवाद)

# बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

खोड़ारे (गोंडा)। खोड़ारे के बनकटवा साबरपुर निवासी सफीउल्लाह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा मोहम्मद मुकीम कूकनगर ग्रांट पटेल नगर चौराहा स्थित मुर्गी फार्म पर रविवार को सो रहा था। वहीं से उसकी अपाचे बाइक चोरी हो गई। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# एसपी ने परेड ग्राउंड का किया निरीक्षण

गोंडा। एसपी अंकित मित्तल ने शुक्रवार को परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने शारीरिक दक्षता विकसित करने के लिए पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई तथा जवानों को शारीरिक रूप से फिट रहने का संदेश दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक समेत अन्य मौजूद रहे। संवाद

# आपसी कहासुनी में पीटा, रिपोर्ट दर्ज

वजीरगंज (गोंडा)। वजीरगंज के दुर्जनपुर गांव निवासी राजेश कुमार निषाद ने थाने पर तहरीर देकर कहा कि आपसी कहासुनी को लेकर देर शाम गांव के ही कच्चे यादव, ग्राम पहली थाना नवाबगंज निवासी राकेश व उमेश ने अभद्रता करते हुए उसे पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# पांच लोगों पर मारपीट का मुकदमा

परसपुर (गोंडा)। क्षेत्र के रामदास पुरवा रुदौली गांव निवासी अजय कुमार ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि आपसी विवाद को लेकर गांव के ही चार लोग उसे पीटने लगे। बचाने दौड़े उसके भाई रामकुमार, मां केवला व भाभी श्यामवती को भी पीट दिया। अजय की तहरीर पर मोल्हे, मुंशीलाल, टाइगर व साहबदीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दूसरी घटना में पसका उलटहवा मांझा निवासी सोमई यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव के ही राजितराम यादव उसके दरवाजे पर आकर उसके पिता रामदयाल यादव के साथ अभद्रता कर पिटाई करने लगे। शोर करने पर धमकी देकर चले गए। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि दोनों मामलों में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# घर के सामने से तीन भैंस चोरी

गोंडा। शहर के सटे पथवलिया फोरबिसगंज से अगल-अलग घरों से तीन भैंस चोरी हो गईं। फोरबिसगंज निवासी सुंदरलाल यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विगत 27 अगस्त को उनके घर के सामने से एक भैंस चोरी हो गई, जिसकी कीमत करीब 60,000 रुपये थी। पथवलिया के ही त्रिलोकीनाथ ने बताया कि उनके घर के सामने से दो भैंस चोरी हो गईं। दोनों ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। (संवाद)

# आईटीआई कर्मी की बाइक चोरी

**मनकापुर (गोंडा)।** आईटीआई स्थित संचार विहार कॉलोनी निवासी राम सजन ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि बुधवार सुबह नौ बजे वह बाइक खड़ी करके प्रशासनिक भवन के अंदर ड्यूटी पर गया था। वहीं से उसकी बाइक चोरी हो गई। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है। (संवाद)

# बैंक मित्र को पीटा, केस

**वजीरगंज (गोंडा)।** वजीरगंज के मंझारा धन्नी पुरवा निवासी मनीष कुमार शर्मा ने थाने पर तहरीर देकर कहा कि वह बैंक मित्र है। बुधवार शाम पांच बजे वह कार से चंदापुर जा रहा था। रास्ते में चंदापुर महोलिया निवासी अर्पित, उसके भाई संतोष व कमल सहित कुछ अज्ञात लोगों ने आगे बाइक खड़ी कर उसे रोक लिया और पिस्टल तान दी। वह जान बचाकर भागा तो उक्त लोगों ने पीछा कर रोका और अभद्रता करते हुए पीट दिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध बलवा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# हाईटेंशन तार टूटने से भैंस की मौत

**मुजेहना (गोंडा)।** समराही के मजरा तिवारीपुरवा में बृहस्पतिवार शाम चार हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर सचिन मौर्य की भैंस पर गिर गया। इससे करंट की चपेट में आकर भैंस की मौत हो गई। सचिन मौर्य ने थाने पर तहरीर देकर जेई व लाइनमैन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष सतेंद्र वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। एसडीओ पीयूष सिंह ने बताया कि अवर अभियंता को जांच के लिए मौके पर भेजा गया है। जर्जर लाइन को दुरुस्त कराया जाएगा। (संवाद)

# भूमि विवाद में गर्भवती की पिटाई का आरोप

**नवाबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के नवाबगंज गिर्द के अगमपुर गांव निवासी साहबदीन की पत्नी सरिता ने थाने पर तहरीर देकर कहा कि शुक्रवार सुबह सात बजे गांव के जोखू व अमित कुमार उर्फ विक्कू उसकी बैनामे की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहे थे। मना करने पर अभद्रता करते हुए उसे पीटा। सरिता ने बताया कि वह गर्भवती है। आरोपियों ने उसके पेट पर लात मार दी। इससे उसे काफी चोटें आई हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# आवास दिलाने के बहाने रजिस्ट्री करा ली दो बीघा जमीन

**तरबगंज (गोंडा)।** तरबगंज के सिंगहाचंदा गांव के रहने वाले दो भाइयों ने अधिवक्ता की मदद से एक मंदबुद्धि व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास दिलाने का झांसा देकर उसकी दो बीघा जमीन की रजिस्ट्री करा ली। मामले में अधिवक्ता समेत तीन लोगों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कराया गया है। वजीरगंज के सोनवर्षा गांव निवासी तुलाराम ने थाना तरबगंज में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसका भाई गंगाराम मंदबुद्धि है।

सत्यदेव सिंह व रामरतन सिंह ने गंगाराम को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर 10 जुलाई को उसके हिस्से की दो बीघा जमीन की रजिस्ट्री करा ली। तुलाराम के मुताबिक मामले की जानकारी होने पर उसने गंगाराम से पूछताछ की। इस पर गंगाराम ने बताया कि सत्यदेव सिंह व रामरतन सिंह ने अपने एक साथी के संग मिलकर कुछ कागजों पर उसके अंगूठे के निशान लिए थे। इंस्पेक्टर शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि एसपी के आदेश पर सत्यदेव सिंह व रामरतन सिंह निवासी सिंगहाचंदा एवं अधिवक्ता सियाराम मौर्य के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

## चार के खिलाफ जालसाजी का केस

मनकापुर (गोंडा)। कूटरचित दस्तावेज तैयार जमीन का बैनामा कराने के आरोप में डीआईजी के आदेश पर एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ मनकापुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

क्षेत्र के ग्राम मछली गांव नानकर निवासी खतूना ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि उसके नाम से कोई भूमि नहीं है। बुट्टन खां व अतर मोहम्मद खां निवासी ग्राम राजापुर ने उसके नाम से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 28 अक्तूबर वर्ष 1981 को 05 डिस्मिल भूमि का बैनामा कर लिया। इसी बैनामा के आधार पर बिना राजस्व अभिलेख में अंतरण हुए कूटरचित दस्तावेज के आधार पर एक अन्य भूमि का कुछ अंश रागिनी तिवारी निवासी ग्राम कलेनिया के पक्ष में कर दिया गया। उसी भूमि को राजस्व अभिलेख में अंकित कराए बिना सात मार्च 2021 को पुनः बेच दिया गया। फर्जी बैनामा के आधार पर मो. शरीफ उर्फ कल्लू व रागिनी तिवारी उसके वारिसान को उक्त भूमि पर काबिज नहीं होने दे रहे हैं। कोतवाल सुधीर सिंह ने बताया कि शरीफ उर्फ कल्लू, रागिनी तिवारी सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

## दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**नवाबगंज :** एक गांव की रहने वाली महिला ने कहा उसकी शादी तरबगंज के किंधौरा में हुई है। शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले पांच लाख रुपये दहेज की मांग कर रहे हैं। मांग पूरी न होने पर उसे मारापीटा जाता है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा पीड़िता की तहरीर पर ससुरालीजनों पर दहजे उत्पीड़न का मुकदमा लिखा गया है। (संसू)

## चोरी का मुकदमा

**मेहनौन :** माधवगंज के रहने वाले शिवकुमार के मुताबिक गत 26 मई को रात को सुकरौलिया गांव के रहने वाले तीन लोग उसका पांच सुअर चुरा ले गए। उसने थाने पर तहरीर दी थी, लेकिन मुकदमा नहीं लिखा गया था। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर सुकरौलिया गांव के राम आशीष, मालिक राम व नानबाबू के विरुद्ध मुकदमा लिखा गया है। (संसू)

## युवक की मौत

**रामापुर :** कौड़िया थाना के गौरवा गांव के हरिशंकर गुप्ता ब्रह्मचारी रामापुर में लोक वाणी केंद्र संचालित करता था। गत सोमवार को ट्रांसफार्मर जल गया था, इससे दुकान पर बिजली आपूर्ति ठप थी। प्रधान संजय चौबे ने बताया की इन्वर्टर को चार्ज करने लिए तार लगाते समय वह करंट की चपेट में आ गया। उसे ओएन पांडेय नर्सिंग होम ले जाया गया। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। (संसू)

# विवाद सुलझाने गईं प्रधान से अभद्रता, पति से मारपीट

धानेपुर (गोंडा)। धानेपुर थाना क्षेत्र के जना बनकट सीर बनकट गांव में दो पक्षों में विवाद सुलझाने गईं ग्राम प्रधान से लोगों ने अभद्रता की। बचाव करने पहुंचे प्रधान पति के साथ से लोगों ने मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## धानेपुर का मामला, दोनों पक्षों के आठ लोगों पर केस

गांव के याकूब अली ने बताया कि गुरुवार सुबह उसकी जमीन पर लगे बांस को गांव के ही रहने वाले कुछ लोग उखाड़ रहे थे। विवाद सुलझाने के लिए ग्राम प्रधान कृष्णा देवी को बुलाया गया था। ग्राम प्रधान लोगों को समझाने लगीं तो उनसे अभद्रता की गई। बीचबचाव करने पहुंचे ग्राम प्रधान के पति मेवालाल वर्मा के साथ मारपीट की गई।

दूसरे पक्ष की अकीलुन निशा ने जमीन विवाद को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए गांव के चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। अकीलुन निशा का आरोप है कि बीचबचाव करने आए उसके पति रफीक व जेठानी ताजरून को पीटा गया।

थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर एक पक्ष के रफीक, सद्दाम, ननके व शकील तथा दूसरे पक्ष के याकूब, मेवालाल वर्मा, लल्लन व अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (संवाद)

# अदालत के आदेश पर तीन लोगों पर चोरी का केस

मुजेहना (गोंडा)। धानेपुर थाना क्षेत्र के माधवगंज निवासी शिवकुमार ने अदालत के आदेश पर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह हरदिहवा तालाब के पास सूकर पालन करता है। आरोप है कि 26 मई की रात सुकरौलिया गांव के रहने वाले पिता-पुत्र समेत तीन लोग उसके पांच सूकर चुरा ले गए। जब वह आरोपियों के घर पर पूछताछ करने गया तो उसे पीट दिया। थानाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा ने बताया कि अदालत के आदेश पर सुकरौलिया गांव निवासी रामआशीष, उसके बेटे मालिकराम व गांव के नानबाबू के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# लखनऊ राजमार्ग जाम कर प्रदर्शन

## हापुड़ की घटना को लेकर करनैलगंज व मनकापुर में अधिवक्ताओं ने जताया आक्रोश

संवाद न्यूज एजेंसी

करनैलगंज (गोंडा)। हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज की घटना के विरोध में शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने गोंडा-लखनऊ राजमार्ग जाम करके प्रदर्शन किया। एसडीएम व सीओ ने वकीलों को समझाकर किसी तरह जाम खत्म कराकर यातायात बहाल कराया। मनकापुर में भी अधिवक्ताओं ने हापुड़ की घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए पुलिस-प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। एसडीएम को ज्ञापन देकर मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया।

संघ के अध्यक्ष गोपाल जी तिवारी की अध्यक्षता में करनैलगंज बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को तहसील संघ भवन में आपात बैठक की। इसमें वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकीनाथ तिवारी ने कहा कि हापुड़ में अधिवक्ताओं पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों को बर्खास्त किया जाए। उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए। गाजियाबाद में अधिवक्ता को उसके चैंबर में गोली



करनैलगंज में लखनऊ राजमार्ग जाम कर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

मारकर हत्या के मामले में परिजनों को मुआवजे व सुरक्षा मिले। अधिवक्ताओं के हुजूम ने देखते ही देखते लखनऊ-गोंडा राजमार्ग जाम कर नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना पाकर एसडीएम विशाल कुमार व सीओ चंद्रपाल शर्मा पहुंचे। अधिकारियों के समझाने के बाद भी अधिवक्ता एक घंटे तक राजमार्ग पर डटे रहे। पुलिस-प्रशासन मुर्दाबाद के खूब नारे लगाए।

अधिवक्ताओं ने एसडीएम व सीओ को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार द्विवेदी, ओमप्रकाश यादव, अरविंद शुक्ल, रामसुरेश तिवारी, बाबादीन मिश्र, अमरेश चौबे, केडी सिंह, कुंदन अवस्थी, लालबाबू मिश्र, कर्मचंद मिश्र, श्यामधर शुक्ल, संजय मिश्र, रंग बहादुर सिंह मौजूद रहे।

मनकापुर संवाद के मुताबिक तहसील में संघ अध्यक्ष सीपी वर्मा व मंत्री शिवकुमार मिश्र के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे तहसीलदार परशुराम को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की है।

इस मौके पर श्यामलाल शुक्ल, विजय मिश्र, केदारनाथ मिश्र, अवधेश मिश्र, दिनेश पांडेय, राजकुमार मिश्र, पंकज पाठक, जेपी तिवारी, गोमती पाठक, एहितियाज मोहम्मद सिद्दीकी, राजेश तिवारी, अजय कुमार शुक्ल, श्याम नरायन मिश्र आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### वकीलों ने हड़ताल कर कचहरी में किया प्रदर्शन

गोंडा। मनकापुर में ग्राम न्यायालय की स्थापना के विरोध में अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर कचहरी में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। वकीलों ने बैंक, नोटरी, रजिस्ट्री, आयकर व जीएसटी का काम भी नहीं किया। मनकापुर तहसील में ग्राम न्यायालय की स्थापना से नाराज मुख्यालय के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महराज कुमार श्रीवास्तव व सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में कचहरी में प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने मनकापुर तहसील में ग्राम न्यायालय स्थापना का विरोध किया और साल 2021 में नगर कोतवाली में वकीलों पर दर्ज फर्जी केस वापस लेने की मांग की। संचालन जगन्नाथ प्रसाद शुक्ल व मनीष शुक्ल ने किया। इस मौके पर रविचंद्र त्रिपाठी, बिंदेश्वरी दूबे, केके मिश्र, दीनानाथ त्रिपाठी, माधवराज मिश्र, जकी खां, गौरीशंकर चतुर्वेदी, सुनील पांडेय, मनोज मिश्र आदि उपस्थित रहे। (संवाद)

# सभासद के घर 16 लाख की चोरी

गोंडा। शहर की आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा सभासद के घर में बुधवार देर रात छत के रास्ते घुसे चोर 50 हजार रुपये नकदी समेत 16 लाख रुपये कीमत के गहने चुरा ले गए। सभासद ने नगर कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शहर की आवास विकास कॉलोनी में वारदात, छत के रास्ते घुसे चोर

आवास विकास कॉलोनी के प्रथम क्षेत्र निवासी भाजपा सभासद अनूप कुमार श्रीवास्तव उर्फ डब्बू ने बताया कि बुधवार रात वह अपनी बहन के घर राखी बंधवाने गए थे। देर रात वहां से लौटने के बाद सो गए। देर रात छत के रास्ते घर में घुसे चोर कमरे में रखी आलमारी तोड़कर 50 हजार नकदी, सोने का हार, माथबेंदी, झाला, नथुनी, कमरपेटी, सोने की चार चेन, 15 अंगूठी, चार कंगन, झुमकी, नौ जोड़ी टप्स, पायजेब व 12 जोड़ी पायल चुरा ले गए।

सभासद ने बताया कि सुबह जब उनकी नींद खुली तो उनके कमरे के दरवाजा बाहर से बंद था। आवाज लगाने पर बच्चों ने दरवाजा खोला। तब चोरी की जानकारी हुई। सभासद अनूप कुमार श्रीवास्तव ने नगर कोतवाली में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। संवाद

# कोचिंग गया छात्र लखनऊ में मिला

परसपुर (गोंडा)। क्षेत्र के पचईपुरवा बसंतपुर गांव निवासी सियाराम प्रजापति ने बताया कि उसकी बुआ का बेटा अमन प्रजापति ( 15 ) निवासी कोंड़री बेलमत्थर हाईस्कूल का छात्र है। वह बृहस्पतिवार दोपहर साइकिल से गोसाईं पुरवा कोचिंग जाने के लिए घर से निकला था। मगर देर शाम तक घर नहीं लौटा।

कोचिंग संचालक ने बताया कि वह कोचिंग नहीं आया था। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि सियाराम की तहरीर पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की गई तो अमन प्रजापति की लोकेशन लखनऊ में मेट्रो स्टेशन के पास मिली। वह अपने रिश्तेदार के यहां था। उसे लाने के लिए पुलिस टीम भेजी गई है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-02-09-2023

# जच्चा-बच्चा के मौत पर अस्पताल का पंजीकरण निरस्त

**कार्रवाई**

- जिसके नाम पर था अस्पताल का पंजीकरण वह खुद मिला गायब
- अस्पताल के चिकित्सक को हटाकर दूसरी जगह किया गया संबद्ध

बलरामपुर, संवाददाता। सादुल्लाह नगर के मनकापुर रोड पर संचालित एचएफ हेल्थ केयर हास्पिटल में हुई जच्चा-बच्चा की मौत मामले को जिला प्रशासन ने संज्ञान लिया है।

शुक्रवार को जांच कराने के बाद सीएमओ डा. सुशील कुमार ने इस निजी अस्पताल के पंजीयन को निरस्त कर दिया है। यहां पर इलाज करने वाले सीएचसी सादुल्लाह नगर में तैनात आयुर्वेद चिकित्सक डा. जमीर अहमद को हटाकर उन्हें अब गैसड़ी के मधवापुर पीएचसी में तैनात किया गया है। इस कार्रवाई से अस्पताल संचालक व अन्य लोगों में हड़कंप मच गया है।

पिछले बुधवार को हिंदुस्तान ने सादुल्लाह नगर मनकापुर रोड पर संचालित एचएफ हेल्थ केयर हास्पिटल में जच्चा-बच्चा की इलाज के दौरान मौत को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसी क्षेत्र के ग्राम मनवामद निवासिनी चांदनी पत्नी कौशल के प्रसव के लिए एचएफ हास्पिटल सादुल्लाह नगर में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि चांदनी ने 28 अगस्त को एक बच्ची को जन्म दिया, जिसके थोड़ी देर बाद उसके नवजात की मौत हो गई। कुछ ही देर बाद प्रसूता चांदनी की भी मौत यहां पर हो गई। जिसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा काटा था। साथ ही अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाया था। परिजनों का आरोप था कि प्रसूता का इलाज सीएचसी सादुल्लाह नगर में तैनात आयुर्वेद चिकित्सक डा. जमीर मनमाने तरीके से कर रहे थे। डा. जमीर इसलिए भी यहां पर इलाज करते थे क्योंकि यह अस्पताल उनके भाई डा. रिजवान के नाम से पंजीकृत था। सीएमओ ने इसकी जांच कराई। जांच अधिकारी अपर सीएमओ डा. जय प्रकाश ने जब मामले की पड़ताल शुरू की तो यह बात सामने आई कि यह अस्पताल डा. जुनैद के नाम से पंजीकृत है, जो कभी अस्पताल नहीं आते हैं। संचालक रिजवान ने खुद जांच अधिकारी को बताया कि पिछले एक माह से यहां पर संचालक नहीं आए हैं। अपर सीएमओ डा. जय प्रकाश को कई अन्य अनियमितताएं भी यहां पर मिलीं। जिस पर उन्होंने कार्रवाई की संस्तुति कर दी।

**संचालक व अन्य लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी**

सीएमओ डा. सुशील कुमार ने बताया कि सादुल्लाह नगर के एचएफ हेल्थ केयर हास्पिटल का पंजीकरण निरस्त कर दिया गया है। साथ ही सीएचसी सादुल्लाह नगर का जो संविदा चिकित्सक वहां पर काम कर रहा था, उसे वहां से तत्काल प्रभाव से हटाकर गैसड़ी के मधवापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भेजा गया है। सीएमओ ने बताया कि वह अस्पताल मानक के विपरीत संचालित होते पाया गया है। पंजीकरण को निरस्त कर अब आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। संचालक व अन्य लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी।

# हत्या के मामले में दो की गिरफ्तारी

- पुलिस ने घटना का 24 घंटे के अंदर अनावरण किया
- योजना बना आरोपियों ने रामजागे की गला घोट कर हत्या कर दी थी

बलरामपुर संवाददाता। थाना कोतवाली देहात की पुलिस ने हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। पुलिस ने अभियुक्तों के साथ आलाकत्ल भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने घटना का 24 घंटे के अंदर अनावरण किया है। यह जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने दी।

एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया ने एसपी केशव कुमार के निर्देश पर टीम बनाई गई थी। जिसकी अगुवाई क्षेत्राधिकारी बृजनंदन राय कर रहे थे। कहा कि सुहागिन पुरवा निवासी रामजागे की हत्या होने पर पुत्र मनीष कुमार ने अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दिया था। जिस पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का अभियोग पंजीकृत किया गया था। मृतक का पोस्टपार्टम कराया गया। जिसकी विवेचना थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक जयदीप दुबे को सौंपी गई थी। विवेचना के दौरान अवनीश वर्मा पुत्र अशोक कुमार वर्मा निवासी फिरोजपुर थाना महाराजगंज तराई व सलोनी वर्मा पत्नी मनीष वर्मा निवासिनी सुहागिन पुरवा का नाम प्रकाश में आया। उन्होंने बताया कि तत्परता के साथ दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार पूछताछ की गई। अभियुक्तों ने बताया कि दोनों के मध्य अवैध संबंध हैं। उनके अवैध संबंधों की जानकारी रामजागे को हो गई थी। इस पर रामजागे ने कई बार आपत्ति भी की। इसलिए उनको रास्ते से हटाने की योजना बनाकर आरोपियों ने रामजागे की गला घोट कर हत्या कर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त सलोनी के कब्जे से रामजागे का गुम मोबाइल व 35700 रुपया बरामद किया गया है। साथ ही अभियुक्त के पास से आला कत्ल के रूप में एक गमछा भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि घटना की अनावरण करने वाली टीम को 25 हजार रुपए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चार को प्रदर्शन

बलरामपुर। प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई पुरानी पेंशन बहाली सहित 18 सूत्रीय मांगों को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन करेगा। जो चार सितंबर को बेसिक शिक्षा कार्यालय कैंपस में आयोजित किया जाएगा।

धरना प्रदर्शन का कार्य संघ के जिलाध्यक्ष ज्ञान सागर पाठक की अगुवाई में होगा। इस बात की जानकारी संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय ने दी है। जिलाध्यक्ष ज्ञान सागर ने बताया कि क्रांति नेतृत्व के निर्देश पर पुरानी पेंशन बहाली सहित 18 शिक्षक संबंधी मांगों को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा।



डीएवी इंटर कॉलेज की छात्राओं को जागरूक करती महिला पुलिस टीम।

**बलरामपुर संवाददाता।** बेटियों के सम्मान के लिए सभी को आगे आना होगा। अगर बेटियों के साथ कोई छीटा काशी करता है तो राहगीर भी उन बेटियों की मदद के लिए पुलिस को कॉल करें। यह बातें क्षेत्राधिकारी सदर बृजनंद राय ने कही। शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार सिंह टीम के साथ नगर में मिशन अभियान के तहत निकले थे।

- सिविल ड्रेस में भी पुलिस बराबर क्षेत्र में मार्च करती : विमलेश कुमार
- उप निरीक्षक श्रवण चंद्र ने लोगों को हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी

उन्होंने कहा कि सभी को बेटियों के सम्मान के लिए लड़ना होगा। आज बाजार में दूसरे की बेटी के साथ छीटा काशी होती है और हम विरोध नहीं करते हैं। यदि इसी तरह लोग दर्शक बने रहे तो कल हमारी बेटी के साथ घटना घट सकती है। कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचती है तो राहगीर भी पुलिस को सूचित कर सकते हैं। थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार सिंह ने कहा कि सिविल ड्रेस में भी पुलिस बराबर क्षेत्र में मार्च करती है।

आपातकालीन पुलिस, महिला हेल्पलाइन पुलिस, महिला थाना पुलिस को विशेष कर महिलाओं व छात्राओं के विरुद्ध हो रहे अपराध को रोकने के लिए लगाया गया है। उप निरीक्षक श्रवण चंद्र वर्मा ने लोगों को हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। इस अवसर पर उप निरीक्षक अजीत कुमार त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल रमाकांत यादव, वध्यिंाचल मश्रिा, चालक संजय कुमार, शशिकांत यादव शाहिद तमाम पुलिस टीम के लोग मौजूद थे।

# योजनाओं का लाभ दिलाने को आगे आएं प्रबुद्धजन

## शक्ति की आराधना और रुद्राभिषेक कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की मंगल की कामना, गायों को खिलाया गुड़ व चारा, मंदिर भ्रमण कर लिया जायजा

**सीएम का दौरा**

बलरामपुर, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को देवीपाटन मंदिर में शक्ति की आराधना की। साथ ही परिसर में बने शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कर लोक मंगल की कामना की। सीएम योगी ने गौशाला में गायों को गुड़ व चारा खिलाने के उपरान्त मंदिर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों व खिलाड़ियों के साथ संवाद किया। संवाद कार्यक्रम ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने के लिए प्रबुद्धजन आगे आएं। उन्होंने प्रबुद्धजनों से जिले के विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान सीएम ने केजीएमयू के सेटेलाइट सेंटर को जल्द शुरू कराने व श्रावस्ती एयरपोर्ट के विस्तारीकरण तथा मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय की स्थापना बलरामपुर में करने का आश्वासन भी दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को दो दिवसीय दौरे के दौरान बलरामपुर पहुंचे थे। सीएम योगी ने बुधवार को शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर में रात्रि विश्राम किया। दूसरे दिन गुरुवार को सीएम की दिनचर्या पूजा पाठ के साथ शुरू हुई। सर्व प्रथम मुख्यमंत्री ने शक्तिपीठ के गर्भगृह में जाकर विधि विधान पूर्वक आदि शक्ति मां पाटेश्वरी देवी का विधिवत पूजन अर्चन किया। श्रावण मास के अंतिम दिन सीएम योगी ने शक्तिपीठ परिसर में स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक किया। मंदिर के पुरोहितों ने सीएम को रुद्राभिषेक कराया। सीएम ने मंदिर के गौशाला का भी भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गायों व गोवंशों को हरा चारा, गुड़ व चना खिलाया। शक्तिपीठ की विभिन्न व्यवस्थाओं के साथ सीएम ने परिसर में बने सूर्यकुंड का भी निरीक्षण किया। मंदिर के अस्पताल की व्यवस्थाओं का भी जायजा मुख्यमंत्री ने लेकर सम्बन्धित लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



शक्तिपीठ में आदि शक्ति मां पाटेश्वरी का पूजन करते सीएम योगी।



मंदिर सभागार में जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों व खिलाड़ियों से संवाद करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

इसके उपरान्त सीएम योगी ने मंदिर सभागार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों तथा खिलाड़ियों के साथ संवाद किया। सीएम योगी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है। सरकार की योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिले, इसके लिए प्रबुद्धजनों का सहयोग जरूरी है। कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रहे प्रबुद्धजन अपने कार्य के साथ कुछ समय ऐसा निकालें जो लोक कल्याण को समर्पित हो। विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर भी उन्होंने लोगों के साथ चर्चा की। लोगों का सुझाव भी सीएम ने लिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेहतर कार्य करने के लिए प्रबुद्धजनों का सुझाव आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि बलरामपुर जनपद में आने वाले दिनों में कई महत्वपूर्ण कार्य कराए जाएंगे। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी सीएम ने कहा कि इसमें नए लोगों को जोड़ते हुए सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें। संवाद कार्यक्रम में मंदिर पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी, सदर विधायक पल्टूराम, पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, नगर पालिका बलरामपुर अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, मंडलायुक्त योगेश्वर राम, डीआईजी, डीएम अरविंद सिंह, एसपी केशव कुमार, एमएलकेपीजी कॉलेज के डा. माधव राज द्विवेदी, डा. राजीव रंजन, डा. एसपी तिवारी सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल थे।

### केजीएमयू का सेटेलाइट सेंटर जल्द शुरू होगा

मुख्यमंत्री ने बलरामपुर में बनकर तैयार हुए केजीएमयू लखनऊ के सेटेलाइट सेंटर की समीक्षा की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सीएम से सेंटर के संचालन की मांग की जिस पर योगी ने कहा कि केजीएमयू प्रशासन से वार्ता कर इसका संचालन जल्द शुरू कराया जाएगा। इसी क्रम में उन्होंने श्रावस्ती एयरपोर्ट का विस्तार करने तथा मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निर्माण बलरामपुर कराए जाने की बात जनप्रतिनिधियों से कही है। सदर विधायक पल्टूराम ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सेटेलाइट सेंटर को शुरू कराने और विश्वविद्यालय स्थापना का आश्वासन दिया है।

# गन्ने के खेत से पकड़ा तेंदुआ

संवाद न्यूज एजेंसी

**हरैया सतघरवा (बलरामपुर)।** ललिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मनपुर धर्मपुर गांव में गन्ने के खेत में छिपे तेंदुए को वन विभाग की टीम ने पकड़ तो लिया मगर बीमार होने के कारण घंटे भर बाद ही उसकी मौत हो गई।

लक्ष्मनपुर धर्मपुर निवासी श्याम मनोहर, कामेश्वर नाथ, पंकज ने बताया कि गांव के आसपास कई दिन से तेंदुआ दिख रहा था। तेंदुए के डर से गांव में दहशत का माहौल था। शुक्रवार को ग्रामवासी रक्षाराम व जगन्नाथ वर्मा के गन्ने के खेत में तेंदुआ दिखने पर ग्राम प्रधान वीरेंद्र शुक्ल ने पुलिस व वन विभाग को सूचना दी।

बनकटवा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी शत्रुहन लाल ने टीम व ग्रामीणों के साथ मिलकर तेंदुए को जंगल की तरफ भगाने का प्रयास किया। तमाम कोशिशों के बाद भी तेंदुआ खेत से नहीं निकला। कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ लिया।

प्रभागीय वनाधिकारी एम सेम्मारन ने बताया कि तेंदुआ बीमार था। उसका उपचार कराया गया। मगर रेंज कार्यालय लाने के करीब एक घंटे बाद उसकी मौत हो गई। तेंदुए के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे। शनिवार को तेंदुए का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इससे उसकी मौत के कारणों का पता चल पाएगा।



**एक घंटे बाद मौत, ललिया के लक्ष्मनपुर गांव में कई दिन से दिख रहा था तेंदुआ**

**डीएफओ बोले- बीमार था तेंदुआ, आज होगा पोस्टमार्टम**

# गांव में दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में मची रही अफरा-तफरी



ललिया, संवाददाता। स्थानीय थाना क्षेत्र के लक्ष्मनपुर धर्मपुर गांव में शुक्रवार सुबह तेंदुआ दिखने से लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां आए दिन तेंदुआ निकलता रहता है। बीते चार माह पूर्व में लक्ष्मनपुर धर्मपुर निवासी 30 वर्षीय बब्लू शुक्ल व 65 वर्षीय रामफेरन को तेंदुए ने घायल कर दिया था। शुक्रवार सुबह तेंदुआ निकलने पर ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर उसे हांका लगाया तो वह एक गन्ने के खेत में जाकर छिप गया।

शुक्रवार सुबह लगभग सात बजे लक्ष्मनपुर धर्मपुर गांव में तेंदुआ दिखने से ग्रामीण भयभीत हो गए। घण्टों तक पूरे गांव में अफरा-तफरी का महौल बना रहा। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने हांका लगाकर तेंदुआ को खदेड़ा तो तेंदुआ भाग कर जगन्नाथ वर्मा के गन्ना खेत में घुस गया।

ग्राम प्रधान बीरेंद्र शुक्ल ने इसे गांव में तेंदुए दिखने की सूचना ललिया थाना पुलिस के साथ वनकटवा रेंज को दिया है।

# जच्चा-बच्चा की मौत के बाद नर्सिंग होम का पंजीकरण निरस्त

पंसंवाद न्यूज एजेंसी

## जांच टीम को अस्पताल में एलोपैथी की प्रैक्टिस करते मिले आयुष चिकित्सक

## केयर हॉस्पिटल सील करने की प्रकिया शुरू, आयुष चिकित्सक को भी हटाया

**बलरामपुर।** 28 अगस्त को एचएफ हेल्थ केयर हास्पिटल में हुई जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल का पंजीकरण निरस्त कर अस्पताल को सील करने की कार्रवाई शुरू की है। साथ ही सीएचसी सादुल्लाहनगर में तैनात आयुष चिकित्सक को भी हटा दिया गया है।


बीती 27 अगस्त को सादुल्लाहनगर थाना क्षेत्र के मनुवागढ़ निवासिनी सुमन कश्यप ने अपनी बहू चांदनी कश्यप को प्रसव पीड़ा होने पर एचएफ हेल्थ केयर हास्पिटल में भर्ती कराया था। अस्पताल में तैनात डॉ. रिजवान अहमद ने 28 अगस्त को बताया कि चांदनी ने मरे हुए बच्चे को जन्म दिया है। प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होने से चांदनी की भी शाम करीब चार बजे मौत हो गई। इस मामले में परिजनों की शिकायत एवं डीएम के निर्देश पर सीएमओ ने घटना की जांच के लिए एसीएमओ डॉ. जय प्रकाश के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की थी।

एसीएमओ के साथ प्रभारी चिकित्साधिकारी पीएचसी रेहरा बाजार डॉ. उत्कर्ष मिश्र ने 30 अगस्त को एचएफ हेल्थ केयर पहुंचकर घटना की जांच की। जांच के दौरान अस्पताल के संचालक एवं प्रभारी डॉ. रिजवान अहमद मौजूद रहे। आयुष चिकित्सक डॉ. जमील अहमद एलोपैथी की प्रैक्टिस करते हुए पाए गए। अस्पताल का पंजीकरण डॉ. जुनैद के नाम पर मिला, लेकिन वह मौके पर मौजूद नहीं मिले। उनके द्वारा संस्थान में किसी भी कार्य का कोई प्रमाण नहीं मिला। जांच में वहां अच्छे इलाज की भी कोई व्यवस्था नहीं मिली। इतना ही नहीं हालत बिगड़ने पर चांदनी को इलाज के लिए किसी दूसरे अच्छे अस्पताल भेजने का भी कोई प्रयास नहीं किया गया और न उसे हायर सेंटर रेफर किया गया।

जांच टीम ने जच्चा-बच्चा की मौत के लिए अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही की पुष्टि करते हुए कार्रवाई की संस्तुति की। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर एचएफ हेल्थ केयर का पंजीकरण निरस्त करने के साथ ही अस्पताल को सील करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। साथ ही आयुष चिकित्सक डॉ. जमील अहमद को सीएचसी सादुल्लाहनगर से हटा दिया गया है।

# पुलिस कमिश्नरेट नहीं तो डीएम करेंगे समीक्षा

**कानून-व्यवस्था**



मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र (फाइल फोटो)

- **मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने जारी किए विस्तृत दिशा-निर्देश**
- **पुलिस कमिश्नरेट वाले जिलों में पुलिस आयुक्त करेंगे समीक्षा**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने जिले की कानून-व्यवस्था की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी को जिम्मेदार बना दिया है। जिन जिलों में पुलिस कमिश्नरेट नहीं है वहां जिलाधिकारी को ही पुलिस लाइन में कानून-व्यवस्था की समीक्षा करनी होगी। अभी कई जिलों में जिलाधिकारी कानून-व्यवस्था की समीक्षा में जाते नहीं थे। पुलिस कप्तान ही अपने स्तर से इसकी समीक्षा कर लेते थे। जिन जिलों में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू है वहां कानून-व्यवस्था की समीक्षा पुलिस आयुक्त की अध्यक्षता में होगी।

वर्तमान में प्रदेश के सात जिलों में लखनऊ, कानपुर, गौतमबुद्धनगर, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा एवं गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू है। जिन जिलों में यह व्यवस्था लागू नहीं है उनमें से भी कई जिलों में डीएम कानून-व्यवस्था की समीक्षा में नहीं जा रहे थे। वहां के पुलिस कप्तान खुद ही समीक्षा बैठकें कर लेते थे। कई बार जिलाधिकारी अंत में पहुंचते थे। अब मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने जिलाधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदार बना दिया है। कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग ने सीएम-डैशबोर्ड के लिए मुख्य सचिव की ओर से प्रदेश की कानून-व्यवस्था एवं विकास कार्यों के मूल्यांकन, निगरानी एवं समीक्षा को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कराए हैं। जिलों में अब कानून-व्यवस्था व विकास कार्यों की अलग-अलग बैठकें होंगी।

आदेश में कहा गया है कि जिन जिलों में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू नहीं है, वहां कानून-व्यवस्था की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक पुलिस लाइन में की जाएगी। इसमें जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी, डीजीसी एवं सभी थानाध्यक्ष शामिल होंगे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को कानून-व्यवस्था की बैठक अपने स्तर पर भी जिलाधिकारी की बैठक से पूर्व करने के लिए भी कहा गया है। वहीं, मंडल स्तर पर कानून-व्यवस्था की समीक्षा मंडलायुक्त करेंगे। इसमें पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक एवं मंडल के अंतर्गत आने वाले जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे। पुलिस महानिरीक्षक अपराध संबंधी बैठक मंडलायुक्त की बैठक से पूर्व करें।

## सीएम-डैशबोर्ड से हर महीने 15 तारीख को जारी होगी रैंकिंग

प्रदेश सरकार विभिन्न विभागों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं, योजनाओं एवं परियोजनाओं को सीएम-डैशबोर्ड से जोड़ रही है। इसके जरिये विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं व विभागों की योजनाओं को लेकर हर महीने की 15 तारीख को रैंकिंग जारी की जाएगी। रैंकिंग में परफार्मेंस इंडेक्स, डाटा क्वालिटी इंडेक्स और फ्लैगशिप योजनाओं में हुए कामकाज को आधार बनाया जाएगा। खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियों को चिह्नित कर उनके कार्य में सुधार लाया जाएगा। शासन एवं निदेशालय स्तर पर सभी प्रोजेक्ट की प्रगति देखने के बाद रैंकिंग होगी। मंडलायुक्त व जिलाधिकारियों की रैंकिंग फ्लैगशिप प्रोजेक्ट की समीक्षा के बाद होगी। पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक के अलावा नगर निगम, विकास प्राधिकरण एवं विश्वविद्यालयों की भी रैंकिंग व ग्रेडिंग की जाएगी। प्रत्येक माह मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर मासिक रैंकिंग के प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर बैठकें आयोजित होंगी। भविष्य में विभागों द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों की रैंकिंग के आधार पर मिले गुणांक का प्रयोग कर मेरिट आधारित आनलाइन तबादले में किया जाएगा।

# देवी के चरण पखार मुख्यमंत्री ने किया रुद्राभिषेक


## जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध जन को जनमानस के हित के लिए कार्य करने को किया प्रेरित

**जासं, बलरामपुर** : दो दिवसीय दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को 51 शक्तिपीठों में शुमार देवीपाटन मंदिर के गर्भगृह में आदिशक्ति मां पाटेश्वरी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। देवी के चरण पखारने के बाद मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मंदिर परिसर में स्थित चंद्रशेखर महादेव मंदिर में महंत मिथलेश नाथ योगी के साथ रुद्राभिषेक कर लोक मंगल की कामना की। सीएम ने परंपरागत रूप से गोशाला में जाकर गायों को चना, गुड़ व चारा भी खिलाया। बछड़ों को दुलार किया। इसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजन के साथ सभाकक्ष में संवाद किया।

कहा कि सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों के विकास का काम कर रही है। जनप्रतिनिधि व समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोग आम जनमानस के हित का कार्य करें। कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी केंद्र व प्रदेश सरकार ने बेहतर काम करने का प्रयास किया है। सीएम ने जनप्रतिनिधियों से जिले के विकास कार्यों की जानकारी लेकर उसके प्रगति की समीक्षा की। साथ ही कई बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सीएम ने खिलाड़ियों के साथ भी संवाद किया। साथ ही खेलों के प्रति खिलाड़ियों को जागरूक करते हुए कहा कि उनके प्रोत्साहन में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। थारू जनजाति के छात्रों के साथ संवाद कर उन्हें भविष्य निर्माण के संबंध में टिप्स दिए। सीएम योगी की मौजूदगी के दौरान शक्तिपीठ के आसपास की सुरक्षा अभेद रही। बुधवार से ही शक्तिपीठ देवीपाटन छावनी में तब्दील नजर आया। जिले के आलाधिकारी मौके पर डटे रहे। इस दौरान सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, नगर पालिका बलरामपुर अध्यक्ष डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, डा. माधव राज, डा. राजीव, डा. एमपी तिवारी, खेल विभाग की तरफ से ताइक्वांडो खिलाड़ी दिव्या गिरि समेत अन्य प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।



तुलसीपुर के देवीपाटन मंदिर में जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध जनों से संवाद करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सौ. सूचना विभाग



चंद्रशेखर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सूचना विभाग

# संपूर्ण समाधान दिवस में आज सुनी जाएंगी समस्याएं

**बलरामपुर** : संपूर्ण समाधान दिवस में दो सितंबर को फरियादियों की शिकायतें सुनी जाएंगी। पहले चार सितंबर को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होना था। स्थानीय अवकाश में संशोधन हो जाने के कारण समाधान दिवस का आयोजन किया गया है। उतरौला तहसील में जिलाधिकारी अरविंद सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार शिकायतों का निस्तारण कराएंगे। यहां सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को उपस्थित रहेंगे। मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य तुलसीपुर तहसील में शिकायतें सुनेंगे। सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव जन शिकायतों की सुनवाई करेंगी।(संसू)

# पटाखा विस्फोट में पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा

संवादसूत्र, हरैया सतघरवा: पटाखा विस्फोट में पिता-पुत्र के खिलाफ थाना ललिया की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दोनों आरोपी फरार हैं। पुलिस तलाश कर रही है। ग्राम रामनगर रसईपुरवा में 29 अगस्त की रात में जिबरील के घर में पटाखा विस्फोट हो गया था।

प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार पांडेय ने बताया कि जिबरील मनिहार पटाखा व्यापारी है। इनके घर में विस्फोट हो गया था जिससे छत में दरार पड़ने के साथ मकान की दीवार गिर गई थी। घर के अंदर पटाखा अवैध तरीके से रखा गया था। लाइसेंस में पटाखा रखने का गोदाम मकान से 200 मीटर दूर दिखाया गया है। बताया कि जिबरील मनिहार व उसके छोटे बेटे अहमद हुसैन के विरुद्ध विस्फोटक सामग्री रखने के मामले अभियोग पंजीकृत किया गया है। दोनों अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।



श्रीदत्तगंज ब्लाक के कोल्हुई बिनोहनी गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण ● जागरण

## मंदिर के बगल में शराब की दुकान, प्रदर्शन

संवादसूत्र, श्रीदत्तगंज (वलरामपुर) : मंदिर के पास देशी शराब की दुकान खोले जाने का कोल्हुई बिनोहनी गांव के लोगों ने विरोध किया है। इसे हटवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी से इसे हटवाने की मांग की। मंदिर महंत ब्रह्मानंद, प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार, रामतीरथ, श्याम लाल, विनोद, राम व श्रवण यादव ने कहा कि मंदिर के चबूतरे पर बैठकर लोग शराब पीते हैं। आए दिन नशे में लोग गाली-गलौज व मारपीट करते रहते हैं। पहले मंदिर से कुछ दूरी पर शराब की दुकान थी। अब दुकान मंदिर के बगल में खोल दी गई है। जिला आबकारी अधिकारी एमपी सिंह ने बताया कि शीघ्र ही समस्या का निदान कराया जाएगा।



# गन्ने के खेत से पकड़े गए तेंदुए की मौत, पोस्टमार्टम से खुलेगा राज

संवादसूत्र, हरैया सतघरवा (बलरामपुर) : ललिया के लक्ष्मनपुर-धर्मपुर गांव निवासी रक्षाराम यादव व जगन्नाथ वर्मा के गन्ने के खेत में दिखे तेंदुए को हांका लगा कर वन विभाग की टीम ने पकड़ तो लिया, लेकिन उसे बचा न सके। तेंदुए की मौत से वन विभाग में अफरा-तफरी है। प्रभागीय वनाधिकारी डा. एमसेम्मारन ने बताया कि शनिवार को तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। उसके बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। तेंदुआ बीमार लग रहा था।





लक्ष्मनपुर धर्मपुर गांव में ग्रामीणों के साथ पुलिस व वनकर्मी तथा गन्ने के खेत में बैठा तेंदुआ • जागरण

ग्रामीण बब्लू शुक्ल, विनय वर्मा, प्रभूनाथ यादव, कमलेश कुमार, पंकज कुमार, कामेश्वर नाथ व श्याम मनोहर ने बताया कि तेंदुआ एक सप्ताह से गांव के आस पास देखा जा रहा था। इसके डर से लोग अकेले खेत जाने और बच्चों को स्कूल भेजने से बचते थे। ग्राम प्रधान वीरेंद्र शुक्ल ने गांव में तेंदुआ दिखाई देने की सूचना पुलिस व वन विभाग को दी। बनकटवा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी शत्रुघ्न लाल, वन दारोगा नुरुल्हुदा, उपनिरीक्षक महेंद्र प्रसाद, तुलसीपुर एसडीओ मनोज सिंह ने ग्रामीणों के साथ मिलकर तेंदुए को जंगल की तरफ खदेड़ने का प्रयास किया, लेकिन तेंदुआ गन्ने के खेत में छिपा रहा। मेहनत के बाद वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ लिया। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि पकड़ने के बाद तेंदुए का उपचार किया गया था। रेंज कार्यालय पर लाने के एक घंटे के बाद उसकी मौत हो गई। उसके शरीर पर कोई चोट नहीं दिखा है।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# वांछित को भेजा जेल

तुलसीपुर : वांछित आरोपित को थाना तुलसीपुर की पुलिस ने जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जनपद सिद्धार्थनगर के थाना चिल्हिया के ग्राम कंदवा निवासी नीरज कुमार को थाना तुलसीपुर ने गनवरिया मोड़ से गिरफ्तार किया है। (संसू)

# प्रेमी संग मिल बहू ने ससुर को मार डाला

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : 24 घंटे के अंदर कोतवाली देहात की पुलिस ने हत्या की घटना का राजफाश करने का दावा किया है। पुलिस ने मृतक की बहू सलोनी व उसके प्रेमी अविनाश को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से मृतक के 35,700 रुपये, आलाकत्ल व मोबाइल बरामद कर लिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम सुहागिनपुरवा के मजरा कोइलिहा निवासी मनीष कुमार ने 30 अगस्त को अपने पिता रामजी वर्मा उर्फ रामजागे वर्मा की संदिग्ध मौत होने की तहरीर दी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। पोस्टमार्टम में गला घोटने से मौत होने की रिपोर्ट आई। प्रभारी निरीक्षक जयदीप दूबे की विवेचना में 24 घंटे के अंदर थाना महराजगंज तराई के फिरोजपुर निवासी अवनीश वर्मा व देहात कोतवाली के कोइलिहा निवासी सलोनी वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। सलोनी के कब्जे से मृतक का गायब मोबाइल, रुपये और अवनीश वर्मा के कब्जे से एक गमछा आलाकत्ल के रूप में बरामद किया है। बताया कि अवनीश व सलोनी के बीच अवैध संबंध थे, जिसकी जानकारी मृतक को हो गई थी। मामले को छिपाने के लिए उसकी हत्या कर दी गई। टीम को पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने 25 हजार रुपये पुरस्कार दिया है।



घटना की जानकारी देतीं एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव व साथ में आरोपित ● पुलिस मीडिया सेल


**35 घंटे के अंदर राजफास –**

**गैंसड़ी** : अपहरण के मामले का गैंसड़ी कोतवाली की पुलिस ने 35 घंटे के अंदर राजफस कर दिया है। क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि तिराहे के पास से ग्राम मदरहवा निवासी अल्ताब को गिरफ्तार कर लिया गया। इस पर नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## चोरी का मुकदमा

**संसू, मेहनौन :** माधवगंज के रहने वाले शिवकुमार के मुताबिक गत 26 मई को रात को सुकरौलिया गांव के रहने वाले तीन लोग उसका पांच सुअर चुरा ले गए। उसने थाने पर तहरीर दी थी, लेकिन मुकदमा नहीं लिखा गया था। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर सुकरौलिया गांव के राम आशीष, मालिक राम व नानबाबू के विरुद्ध मुकदमा लिखा गया है।

# जरूरतमंदों की मदद करें प्रबुद्धजन: सीएम



शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर की गोशाला में गोवंशों को दुलराते सीएम। संवाद

संवाद न्यूज़ एजेंसी

## तुलसीपुर में प्रवास के दौरान योगी ने प्रबुद्धजनों से किया संवाद

### देवीपाटन मंदिर में की पूजा-अर्चना व रुद्राभिषेक, गोशाला में गायों को खिलाया गुड़ और चारा

**बलरामपुर।** रक्षाबंधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को देवीपाटन मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही गोशाला में गायों को गुड़ और चारा भी खिलाया। इसके बाद उन्होंने जिले के प्रबुद्धजनों के साथ संवाद करते हुए प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सहयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजन सरकार की योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। शासन स्तर पर जो भी योजनाएं संचालित हो रही हैं, उनके प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों के साथ संवाद करते हुए उन्होंने उनसे आग्रह किया कि वो जिस क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं, उसका लाभ आमजन तक अवश्य पहुंचाएं।

उन्होंने डॉक्टरों से संवाद कर कहा कि वो निजी प्रैक्टिस करते हुए भी जनकल्याण का कार्य करते रहें। जो लोग जरूरतमंद हैं, उनकी मदद करें। जिस किसी को भी इलाज में सरकारी योजना का लाभ दिलाने की आवश्यकता हो, उसके लिए प्रयास करें।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से

## देवी की अराधना की

**संवाद** से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुबह बलरामपुर के देवीपाटन मंदिर में मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर में देवी की अराधना की, रूद्राभिषेक भी किया। इसके बाद वे गोशाला पहुंचे और गायों को दुलार किया व गुड़ व चारा खिलाया।

मुख्यमंत्री ने अपील की कि वे न सिर्फ सरकार की योजनाओं का प्रचार करें, बल्कि अन्य लोगों को भी जोड़ें। सीएम ने सेवानिवृत्त शिक्षकों, प्रोफेसर, किसानों, खिलाड़ियों समेत 25 प्रबुद्धजनों से अपने-अपने स्तर पर समाज में योगदान देने की अपील की। इस दौरान सदर विधायक पलटूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा आदि मौजूद रहे।

# जच्चा-बच्चा की मौत के बाद नर्सिंग होम का पंजीकरण निरस्त

पंसंवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। 28 अगस्त को एचएफ हेल्थ केयर हास्पिटल में हुई जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल का पंजीकरण निरस्त कर अस्पताल को सील करने की कार्रवाई शुरू की है। साथ ही सीएचसी सादुल्लाहनगर में तैनात आयुष चिकित्सक को भी हटा दिया गया है।

बीती 27 अगस्त को सादुल्लाहनगर थाना क्षेत्र के मनुवागढ़ निवासिनी सुमन कश्यप ने अपनी बहू चांदनी कश्यप को प्रसव पीड़ा होने पर एचएफ हेल्थ केयर हास्पिटल में भर्ती कराया था। अस्पताल में तैनात डॉ. रिजवान अहमद ने 28 अगस्त को बताया कि चांदनी ने मरे हुए बच्चे को जन्म दिया है। प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होने से चांदनी की भी शाम करीब चार बजे मौत हो गई। इस मामले में परिजनों की शिकायत एवं डीएम के निर्देश पर सीएमओ ने घटना की जांच के लिए एसीएमओ डॉ. जय प्रकाश के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की थी।

एसीएमओ के साथ प्रभारी चिकित्साधिकारी पीएचसी रेहरा बाजार डॉ. उत्कर्ष मिश्र ने 30 अगस्त को एचएफ हेल्थ केयर पहुंचकर घटना की जांच की। जांच के दौरान अस्पताल के संचालक एवं प्रभारी डॉ. रिजवान अहमद मौजूद रहे। आयुष चिकित्सक डॉ. जमील अहमद एलोपैथी की

## जांच टीम को अस्पताल में एलोपैथी की प्रैक्टिस करते मिले आयुष चिकित्सक

## केयर हॉस्पिटल सील करने की प्रकिया शुरू, आयुष चिकित्सक को भी हटाया

प्रैक्टिस करते हुए पाए गए। अस्पताल का पंजीकरण डॉ. जुनैद के नाम पर मिला, लेकिन वह मौके पर मौजूद नहीं मिले। उनके द्वारा संस्थान में किसी भी कार्य का कोई प्रमाण नहीं मिला। जांच में वहां अच्छे इलाज की भी कोई व्यवस्था नहीं मिली। इतना ही नहीं हालत बिगड़ने पर चांदनी को इलाज के लिए किसी दूसरे अच्छे अस्पताल भेजने का भी कोई प्रयास नहीं किया गया और न उसे हायर सेंटर रेफर किया गया।

जांच टीम ने जच्चा-बच्चा की मौत के लिए अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही की पुष्टि करते हुए कार्रवाई की संस्तुति की। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर एचएफ हेल्थ केयर का पंजीकरण निरस्त करने के साथ ही अस्पताल को सील करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। साथ ही आयुष चिकित्सक डॉ. जमील अहमद को सीएचसी सादुल्लाहनगर से हटा दिया गया है।

# पति की मौत के बाद पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार

बलरामपुर। बलरामपुर चीनी मिल केमिकल डिवीजन के पावर प्लांट में बीते दिनों एसी कंप्रेशर में विस्फोट के कारण सीनियर इलेक्ट्रीशियन की मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी ने पति की मौत के लिए चीनी मिल अधिकारियों पर लापरवाही का बरतने का आरोप लगा डीएम से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। चेताया कि सुनवाई न होने पर वह बच्चों के साथ डीएम कार्यालय पर अनशन शुरू करने को बाध्य होगी।

चीनी मिल कॉलोनी में रहने वाली शिखा शर्मा ने शुक्रवार को डीएम को सौंपे पत्र में बताया कि उनके पति बृजेंद्र बहादुर शर्मा बलरामपुर चीनी मिल के केमिकल डिवीजन में सीनियर इलेक्ट्रीशियन के पद पर कार्यरत थे। पावर प्लांट के पैनल रूम में लगा एसी खराब चल रहा था। इसकी सूचना पावर डिवीजन के हेड तथा चीनी मिल के एचआर हेड को दी गई थी। आरोप है कि 22 अगस्त की रात अफसरों ने बाहर से अप्रशिक्षित मैकेनिक को बुलाकर एसी की कराई। मौके पर पति की ड्यूटी भी लगी थी। मरम्मत करते समय एसी के कंप्रेशर में विस्फोट से पति की मौत हो गई। संवाद

# अवैध संबंध छिपाने किया था ससुर का कत्ल

बलरामपुर। कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम सुहागिन पुरवा में बीते 29- 30 अगस्त की एक बुजुर्ग की गला काटकर हुई हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतक की बहू व मृतक के साले के लड़के को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से मृतक का मोबाइल और 35,700 रुपया के साथ हत्या में प्रयोग किया गमछा भी बरामद किया है। यह जानकारी एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने दी।

## मृतक की बहू व साले का लड़का गिरफ्तार

उन्होंने बताया कि मृतक के बेटे मनीष कुमार पुत्र रामजागे निवासी ग्राम सुहागिनपुरवा कोइलिहा, कोतवाली देहात ने बुधवार 30 अगस्त को पिता रामजागे की हत्या का केस दर्ज कराया था। पीएम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण गला घोटकर हत्या किया जाना आया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

विवेचना में सामने आया कि मृतक की बहू सलोनी वर्मा और मृतक के साले का पुत्र अवनीश वर्मा निवासी फिरोजपुर थाना महराजगंज तराई के बीच अवैध संबंध था। इसका पता चल जाने से मृतक रोकटोक कर अवैध संबंध में अवरोध पैदा कर रहा था। पुलिस ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान दोनों ने कबूला कि उन्होंने ही मृतक की हत्या गला घोंटकर की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया।

24 घंटे के भीतर हत्या का खुलासा करने पर एसपी ने देहात कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जयदीप दूबे, उपनिरीक्षक खादिम सज्जाद समेत पुलिसकर्मियों को 25 हजार का नकद इनाम देने की घोषणा की है। संवाद

# पुरानी पेंशन के लिए आंदोलन करेंगे शिक्षक

बलरामपुर। नगर के नार्मल स्कूल परिसर में यूनाईटेड टीचर्स एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलन करने की रणनीति बनाई। जिलाध्यक्ष देव कुमार मिश्र ने बताया कि सेवानिवृत्त होने के बाद कर्मचारियों के लिए पेंशन बुढ़ापे की लाठी होती है। ऐसे में हम लोग अपना हक पाने के लिए व्यापक आंदोलन करेंगे। (संवाद)

# महिलाओं को किया जागरूक

बलरामपुर। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुक्रवार को मथुरा बाजार में मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एंटी रोमियो टीम के सदस्यों ने महिलाओं को शासन की तरफ से जारी किए गए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। 1090, 112, 108 व 102 हेल्पलाइन नंबर के उपयोग के बारे में बताया गया। (संवाद)

# पदोन्नत पुलिसकर्मियों को एसपी ने दी बधाई

बलरामपुर। तुलसीपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह की निरीक्षक पद से पुलिस उपाधीक्षक तथा राकेश कुमार पाल व उमेश यादव की उपनिरीक्षक पद से निरीक्षक पद पर पदोन्नति हुई है। पदोन्नति पाने वाले इन पुलिसकर्मियों को एसपी केशव कुमार, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव व सीओ योगेश कुमार ने शुक्रवार को रैंक प्रतीक लगाकर बधाई दी। (संवाद)

# फरार अपराधी गिरफ्तार

बलरामपुर। तुलसीपुर थाने की पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सीओ राघवेंरद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त की पहचान नीरज कुमार चौरसिया निवासी ग्राम कंदवा थाना चिल्हिया जिला सिद्धार्थनगर के रूप में हुई है। (संवाद)

# अराजकता फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**उतरौला/गौरा चौराहा/पेहर बाजार(बलरामपुर)।** जन्माष्टमी, चेहल्लुम व गणेश चतुर्थी पर्व को अमन चैन के साथ संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को जिले के कई थानों व कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान सभी लोगों से त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था कायण बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही चेताया गया कि अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तय होगी। उतरौला कोतवाली, रेहरा बाजार थाना व पेहर पुलिस चौकी में आयोजित बैठक में एसडीएम अवधेश कुमार व सीओ ज्योतिश्री ने कहा कि सभी का आह्वान किया कि वह सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट व टिप्पणी करने से बचे। विषम परिस्थिति होने पर उसकी सूचना तत्काल थाने पर अथवा यूपी-112 पर दें। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सभी प्रमुख चौराहों, स्कूल, कॉलेज, पेट्रोल पंप व दुकानों पर लगाने की अपील भी लोगों से की गई। गौरा चौराहा थाने में क्षेत्राधिकारी नगर बृजनंदन राय की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। उन्होंने लोगों से त्योहार के दौरान शांति बनाए रखने की अपील करते हुए चेताया कि अराजकता फैलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। (संवाद)

# नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**गैसड़ी (बलरामपुर)।** कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को बहलाकर भगाने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाबालिग को भगा कर ले जाने के आरोपी अलताब निवासी ग्राम मदरहवा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। (संवाद)

# संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**महराजगंज तराई (बलरामपुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरानिया में पेड़ की जड़ काट रहे एक अधेड़ का शव मिला है। मृतक के बेटे ननके ने बताया शुक्रवार को पिता श्यामलाल (65) के साथ खैराहनिया गांव में बन रहे विद्यालय के पास सूखे पेड़ की जड़ काट रहे थे। इस दौरान पानी पीने जाने के बाद वापस लौटने पर पिता श्यामलाल मृत मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की छानबीन कर रही है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-02-09-2023

# अवैध खनन की बालू लदी ट्राली सीज हुई

जरवलरोड। जरवलरोड थाने के हरनी चौराहा से बालू खदान की सूचना पर राजस्व टीम ने पहुंचकर बालू लदी ट्रैक्टर- ट्राली को कब्जे में लेकर सीज करते हुए कैसरगंज थाने के सुपुर्द कर दिया है।

देर रात तहसीलदार कैसरगंज अजय यादव, नायब तहसीलदार जरवल पीपी गिरी को सूचना मिली कि कैसरगंज थाने के इलाके में सरयू नदी से बालू के अवैध खनन का अपराध किया जाता है। सूचना पर राजस्व निरीक्षक वाहिद कमाल, केके श्रीवास्तव ने राजस्व टीम के साथ पहुंच कर एक ट्रैक्टर- ट्राली जिसे रामबरन यादव चला रहा था। ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर सीज करते हुए विधिक कार्रवाई के लिए कैसरगंज पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कम्प मचा है।

# कोर्ट से गैर हाजिर आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। रुपईडीहा थाने के दरोगा कृष्ण कुमार सिंह, सिपाही सूरज सिंह, अर्जुन चौहान ने गोकुलपुर के खुशली गांव में दबिश दी। पुलिस ने कोर्ट से आपराधिक मामले मे लगातार गैरहाजिर आरोपी खुशलीगांव निवासी रामराज को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत करने पर जेल भेजा गया है।

# किशोरी से छेड़छाड़ मामले का आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। खैरीघाट थाने के दरोगा यतीन्द्र सिंह, मुख्य सिपाही प्रमोद वर्मा, सिपाही बालमुकुंद यादव ने रामपुर धोबियाहार में दविश दी। पुलिस ने किशोरी से छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट में नामजद फरार आरोपी इसी गांव निवासी बिहारी लाल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद कोर्ट पर पेश किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# दहेज हत्या मामले में एक गिरफ्तार

बहराइच। खैरीघाट थाने के दरोगा कमलेश यादव, मुख्य सिपाही अजय कुमार यादव ने बरदहा के पाठकपुरवा में दबिश देकर रामलाल गौतम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि आरोपी दहेज हत्या के मामले में नामजद फरार था।

हिन्दुस्तान

# एसपी ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी

बहराइच। रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर शुक्रवार को परेड का आयोजन किया गया। एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी ली। पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर रजिस्टर पेशी व वार किया गया। सलामी ग्रहण करने के बाद पुलिस बल की दौड़ कराई गई। टोलीवार परेड ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के संबंध में निर्देशित किया। पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश भी दिए।

# एसपी ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं

बहराइच। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने शुक्रवार सुबह अपने कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया। जिसमें आए फरियादियों की समस्याएं व शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को संबंधित अफसरों को निर्देशित किया गया।

हिन्दु

# शव की दूसरे दिन भी नहीं हो सकी पहचान

जरवलरोड। रेलवे स्टेशन जरवल रोड प्लेटफार्म नंबर - 02 के पीछे गहरे पानी में एक युवक की शव मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को निकलवाया। पहचान न होने पर फोटोग्राफी करा शव मर्च्युरी में रखवाया गया है।

एसएचओ दद्दन सिंह ने बताया कि गहरे पानी में चले जाने की वजह से पानी में डूब कर मृत्यु हो गई है। शव को पानी से निकलवा कर शिनाख्त के काफी प्रयास किए गए। शिनाख्त नहीं हो पाई है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी मृतक का फोटो व हुलिया, पहनावा वायरल करते हुए शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। शव को शहर स्थित मर्च्युरी में रखवा दिया गया है।

# हिन्दुस्तान

जिले में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन, 501 बहनें व पांच भाइयों ने जेल पहुंचकर निभाई रक्षाबंधन की परंपरा

# बंदियों को बांधे रक्षासूत्र, अपराध छोड़ने का संकल्प

**रक्षाबंधन**

बहराइच, संवाददाता। कभी के बिछुड़े हुए हम आज कहां आ के मिले। कुछ ऐसा ही नजारा गुरुवार को जेल की सलाखों की बीच दिखी। जब अटूट प्रेम की परंपरा का निर्वहन करने के लिए 501 बहनें व पांच भाई जेल पहुंचे।

खून से सने हाथों की कलाई पर रक्षासूत्र से सजाते उनकी आंखें छलक पड़ी। सलाखों की बीच रुदन से माहौल मार्मिक हो गया। एक दूसरे को देखकर हर जेल अधिकारियों की भी आंखें डबडबा गईं। बहनों ने उपहार के रूप में भाइयों से अपराध छोड़ने का संकल्प दिलाई। भाइयों ने भी बहनों को निराश नहीं किया।

जेल प्रशासन रक्षाबंधन पर्व को लेकर सक्रिय रहा। निर्धारित अवधि से पहले मुलाकात का सिलसिला शुरू हुआ। जेल के बाहर बहनें भाई से मिलने के लिए आतुर रहीं तो जेल परिसर में चटाई बिछाकर बंदी भी बहनों की आहट पाकर खुशी से इंतजार करते रहे। 10 बजे तक ही पहली मुलाकात को लेकर बहनों की टोली अंदर पहुंची तो एक दूसरे से लिपट पड़े। कुछ देर तक ऐसा लगा कि कितने दिनों बाद मिले हों। भाई-बहन के मिलन का यह सिलसिला दोपहर चार बजे तक चलता रहा।

पूरा जेल परिसर खचाखच भरा रहा। पर्याप्त समय देकर जेल अधिकारियों ने पूरी शिद्दत के साथ परंपरा निर्वहन का मौका दिया। मिठाई खिलाकर बहनों ने अपने भाइयों की जैसे ही कलाई सजाई आंखों से आंसू का जलधार निकल पड़ी। परिसर में जिधर नजर दौड़ाओ उधर ही दिख रहा था।

हर बहनें बंदियों से अपराध न करने व जल्द जेल से बाहर आने का अनुरोध करती दिखी। भाइयों ने भी बहनों का निराश नहीं किया बल्कि बाहर आने के बाद नई जिंदगी शुरू करने का भरोसा दिया।



जेल परिसर में बंदी भाई को रक्षासूत्र बांधती मुस्लिम महिलाएं।



जेल परिसर में महिला बंदियों को उपहार भेंट करते जेल अधीक्षक।

## मुस्लिम बहनों ने भी रक्षासूत्र बांधा

बहराइच। जेलर आनंद कुमार शुक्ल ने बताया कि भाई-बहन का यह पर्व न केवल हिंदू बल्कि मुस्लिम बहनों की ओर से भी निभाया गया है। बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने भी जेल पहुंचकर रक्षासूत्र बांधा। जेलर व जेल अधीक्षक ने जिला अपराध निरोधक समिति के सदस्यों के साथ महिला बंदियों को उपहार में साड़ियां भेंट किया तो बाहर भाइयों से मिलने पहुंची बहनों को जलपान भी कराया।

**सजायाफ्ता बंदियों की बहनों के नहीं रुके आंसू:** बहराइच। जेल की सलाखों में निरुद्ध उन बंदियों की बहनों के आंखों से आंसू जेल से बाहर आने पर भी नहीं थमे, जिन बंदियों को उम्रकैद की सजा हो चुकी है। वह फफकते हुए बिना रुके ही घर की राह पकड़ लीं। बाहर का नजारा देखकर राह से गुजरने वाले भी कुछ देर के लिए वाहन रोककर ठहर गए।

> अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन बेहतर माहौल में बनाया गया। 501 महिलाएं रक्षासूत्र बांधने आईं। ड्यूटी निभाते हुए जेल कर्मियों ने सभी से मुलाकात कराई।
>
> **राजेश कुमार यादव,** जेल अधीक्षक

# 120 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

रूपईडीहा (बहराइच)। प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि एसएसबी और पुलिस बल की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार किया है। अभियुक्त सलीम निवासी ग्राम व मोहल्ला काजीपुरा वार्ड नं 1 फतेहपुर जिला बाराबंकी को 120 ग्राम स्मैक के साथ नेपाल सीमा के पास से पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का केस दर्जकर शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। संवाद

# दो चोर गिरफ्तार

रूपईडीहा (बहराइच)। प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस ने दो चोर अनवर खान निवासी घसियारन मोहल्ला थाना रुपईडीहा व राजू रायरी निवासी कस्बा रुपईडीहा को बृहस्पतिवार रात पानी की टंकी रेलवे स्टेशन रूपईडीहा के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से सात हजार की नकदी व चोरी के जेवर बरामद किए गए है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

हिन्दुस्तान

# दुष्कर्मी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

## अदालत से

- एक लाख का जुर्माना, अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त जेल
- फरवरी 2020 में किशोरी के साथ हुई थी दुष्कर्म की वारदात

बहराइच, संवाददाता। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट के जज वरुण मोहित निगम ने किशोरी से रेप मामले में दोषसिद्ध होने पर अपराधी युवक को बीस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोषसिद्ध अभियुक्त पर कोर्ट ने एक लाख का जुर्माना ठोंका है। जिसे अदा न करने पर उसे एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

मटेरा थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति की 14 वर्षीय बेटी 12 फरवरी 2020 की दोपहर खेत में घास काटने गई थी। उसी दिन शाम लगभग पांच बजे जब वह घास का गठ्ठर लेकर घर जाने वाली थी। इसी दौरान मटेरा थाने के मोहरवा गांव निवासी राजू पुत्र ननकू प्रसाद पहुंचा। उसका मुंह साध कर किशोरी को खेत में खींच ले गया। वहां उसने किशोरी के साथ रेप किया। जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संत प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़िता ने घर आकर परिजनों को अपने साथ हुई वारदात की जानकारी दी। परिजन आनन -फानन में उसे लेकर थाने पहुंचे। पुलिस को वारदात की जानकारी दी।

तत्कालीन थानाध्यक्ष शेषमणि पांडे ने इस मामले में रेप व पाक्सो एक्ट में केस दर्ज कर पीड़िता को महिला सिपाही की अभिरक्षा में मेडिकोलीगल को भेजा। उसके बाद पीड़िता का कोर्ट में बयान कराया गया। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थानाध्यक्ष ने स्वयं विवेचना कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। आरोपी ने आरोपों से इनकार कर विचारण की मांग की गई। जिस पर कोर्ट में विचारण की शुरुआत हुई।

कोर्ट में इस मामले मे गवाह आदि के बयान दर्ज हुए। शुक्रवार को बचाव पक्ष व अभियोजन से डीजीसी पाक्सो संत प्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष कुमार सिंह ने अपने तर्क रख कठोर दंड की याचना की। जज ने आरोपी राजू को दोषसिद्ध पाए जाने पर बीस वर्ष का सश्रम कारावास व एक लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना की सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया गया है।

## एसपी ने कोर्ट से सजा पर पैरवी को सराहा

बहराइच। एसपी प्रशांत वर्मा ने मटेरा थाने में 12 फरवरी 2020 को मोहरवा गांव निवासी राजू पुत्र ननकू प्रसाद को नामजद कर रेप व पाक्सो एक्ट के केस में प्रभावी पैरवी को सराहा है। एसपी ने बताया कि आपरेशन कनविक्सन के तहत इस मामले में कोर्ट मोहर्रिर बृजेश साहनी, पैरोकार सत्यम कुमार मिश्रा, डीजीसी पाक्सो संत प्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष कुमार सिंह की प्रभावी पैरवी के योगदान को सराहा है।

# तहसीलदार ने सीज की बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली

संसू, जरवलरोड (बहराइच) : बीती रात तहसीलदार कैसरगंज अजय यादव व नायब तहसीलदार पीपी गिरि को सूचना मिली कि सरयू नदी सके किनारे अवैध रूप से बालू का खनन किया जा रहा है।

इसकी सूचना पर राजस्व निरीक्षक वाहिद कमाल और केके श्रीवास्तव ने पहुंच कर ट्रैक्टर-ट्राली कब्जे में लेकर सीज कर दिया, जिसे रामबरन यादव चला रहा था। टीम ने बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर थाना कैसरगंज के सुपुर्द कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसकी जानकारी पुलिस को भी है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती।

# दुष्कर्मी युवक को 20 वर्ष की सजा, एक लाख का जुर्माना

जागरण संवाददाता, बहराइच : विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट वरुण मोहित निगम ने दुष्कर्म के मामले में युवक को दोष सिद्ध करार देते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर उसे एक वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। अदालत ने आदेश में लिखा है कि यदि वह जुर्माना अदा करता है तो संपूर्ण धनराशि पीड़िता को दी जाए।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष शासकीय अधिवक्ता संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट संतोष कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि मटेरा थाने के एक व्यक्ति ने 12 फरवरी 2020 को मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी खेत में घास काटने गई थी, तभी आरोपित राजू ने उसका मुंह दबाकर बगल अरहर के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घर आकर घटना बताई। पुलिस ने मामले की जांच करने के बाद आरोपित के खिलाफ आरोप पत्र प्रस्तुत किया। अदालत ने अभियोजन और बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद आरोपित युवक को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

**पीड़िता को मिलेगी प्रतिकर धनराशि:** विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट की अदालत ने उम्र और अपराध की प्रकृति को देखते हुए पीड़िता को प्रतिकर धनराशि उपलब्ध कराने की संस्तुति की है। न्यायालय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को इस संबंध में पत्र भी भेजा है।

# कर्मचारियों को दी विदाई

**बहराइच** : पुलिस लाइन सभागार में सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, उप निरीक्षक हरिनाथ, मुख्य आरक्षी प्रेमनारायण दुबे को पुलिस उपाधीक्षक सुरेश पाल सिंह ने शाल एवं उपहार स्वरूप भगवत गीता भेंट कर विदा किया। (संसू)

## 120 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रुपईडीहा**: वरिष्ठ उप निरीक्षक रूदल बहादुर सिंह व एएसआइ विप्लव कुमार घोष की अगुवाई में पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने बाराबंकी के फतेहपुर काजीपुरा निवासी सलीम को 120 ग्राम स्मैक के साथ भारत से नेपाल जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि उसे न्यायालय भेज दिया गया है। (संसू)

## चोरी के माल संग दो दबोचे

**रुपईडीहा**: पुलिस ने उप निरीक्षक अश्वनी कुमार पांडेय की अगुआई में दबिश देकर घसियारन निवासी अनवर खान व राजू राइनी को पानी की टंकी रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी की एक पायजेब, तीन पायल, सात बिछुआ, सोने की अंगूठी, झाला व सात हजार रुपये नकद बरामद हुआ। (संसू)

# दुष्कर्मी को 20 वर्ष के कारावास की सजा

बहराइच। नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट ने दोषी मानते हुए 20 साल के सश्रम कारावास के साथ ही एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न चुकाने पर दोषी को एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगताना होगा।

## कोर्ट ने एक लाख का जुर्माना भी लगाया

शासकीय अधिवक्ता संत प्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष सिंह ने बताया कि 12 फरवरी 2020 को मटेरा थाने पर दी गई तहरीर में पीड़िता के पिता ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी शाम पांच बजे घास काट रही थी।

इसी दौरान थाना क्षेत्र के मोहरवा गांव निवासी राजू ने उसे जबरन पास के खेत में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में न्यायाधीश पॉक्सो वरुण मोहित निगम की कोर्ट ने शुक्रवार को को प्रस्तुत साक्ष्य व गवाह के आधार पर आरोपी राजू को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-02-09-2023

# वकीलों ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**संसू, इकौना(श्रावस्ती) :** गाजियाबाद में तहसील परिसर स्थित चैम्बर में घुसकर वकील की हत्या से आक्रोशित इकौना अधिवक्ता संघ ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इसमें हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की गई।

अधिवक्ता संघ अध्यक्ष वंशराज शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। वकीलों पर नित्य हमला होने से अधिवक्ता असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। महामंत्री संजय सिंह ने गाजियाबाद में वकील की हत्या व पुलिस की ओर से मृतक के शव के साथ अमानवीय बर्ताव की निंदा करते हुए हत्यारों की गिरफ्तारी व मृतक आश्रितों को 50 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की। इसके पूर्व वकीलों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर एसडीएम रामदत्त राम को ज्ञापन सौंपा। पूर्व अध्यक्ष दिलीप शर्मा, एके सिंह, सुधीर शुक्ला, आशुतोष पाठक, पंकज सैनी, शिवपाल मिश्रा, प्रभाकर त्रिपाठी, गौरव शर्मा मौजूद रहे।

**हापुड़ की घटना के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता- भिनगा :** माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन भिनगा की शुक्रवार को बार सभागार में आपात बैठक हुई। इसमें हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए बर्बर लाठीचार्ज की निंदा की गई। इसके बाद सर्व सम्मति से अधिवक्ताओं ने पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। बार अध्यक्ष ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि माडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन हापुड़ के घटना की कड़ी निंदा करता है। दोषियों पर कार्रवाई और मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते अदालतों पर कामकाज ठप रहा। वादकारी सामान्य तिथि लेकर वापस लौट गए। महामंत्री राजेंद्र, प्रकाश पांडेय मौजूद रहे।



एसडीएम रामदत्त राम ( दाएं ) को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

## वकील पर जानमाल की धमकी देने का आरोप

**संसू, इकौना (श्रावस्ती) :** इकौना तहसील क्षेत्र के मोहम्मदपुर राजा निवासी महिला ने विपक्षी के वकील पर जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत डीएम कृतिका शर्मा व एसपी प्राची सिंह से की है। मोहम्मदपुर राजा निवासी आशा देवी ने बताया कि चार वर्ष पूर्व गांव की ही लुका देवी से जरिये बैनामा उन्होंने जमीन खरीदी थी। इस मामले में आपत्ति का वाद नायब तहसीलदार की अदालत में विचाराधीन है। आपस में विवाद होने पर दोनों पक्षों में थाने पर समझौता हो गया। पीड़िता 28 अगस्त को तहसील में पेशी पर आई तो विपक्षी एक वकील की चौकी पर ले गए। यहां वकील ने समझौते के बदले में दस हजार रुपये मांगे। रुपये देने से मना करने पर आग बबूला वकील ने जानमाल की धमकी दी।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनी समस्या

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय में एसपी प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 16 प्रार्थना पत्र आए। इसमें छह भूमि विवाद, चार पारिवारिक विवाद व छह अन्य विवाद से संबंधित थे। एसपी ने शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के लिए संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है। संवाद

# तस्करी कर लाई 55 लीटर कच्ची शराब बरामद

**जासं, श्रावस्ती** : जिला आबकारी अधिकारी घनश्याम मिश्रा ने बताया कि भिनगा क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह व जमुनहा क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने टीम के साथ सिरसिया क्षेत्र के रामपुर, पसियनपुरवा, बदलपुर गांव में दबिश दी। इस दौरान बदलपुर से तस्करी कर लाई गई 88 पाउच कच्ची शराब और तस्करी में प्रयुक्त बाइक बरामद की। एक अन्य घर से 22 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। टीम ने मौके से कुल 55 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि तस्करी में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में सिरसिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों को विदाई

**श्रावस्ती।** जिले में तैनात रहे उपनिरीक्षक प्रभुनाथ राय, सुधीर कुमार शुक्ला व मुख्य आरक्षी दीनानाथ यादव बृहस्पतिवार को सेवानिवृत्त हो गए। एसपी के कैंप कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी प्राची सिंह ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों को शाल व स्मृति चिह्न भेंट किया। प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक समेत अन्य लोगों ने उन्हें विदाई दी। संवाद

# इकौना सर्किल के तीन थानों में 80 विवेचना लंबित, बिफरीं एसपी



**श्रावस्ती।** इकौना सर्किल के इकौना, गिलौला व नवीन मॉडर्न पुलिस थाना कटरा की समीक्षा शुक्रवार को एसपी ने की। तीनों थानों में 22 विवेचकों की 80 लंबित विवेचनाओं को देखकर एसपी नाराज हो गईं।

उन्होंने एक सप्ताह में लंबित विवेचनाओं को निस्तारित करने का निर्देश दिया। इकौना थाने में नौ विवेचकों की 34, गिलौला में आठ विवेचकों की 27 व नवीन मॉडर्न थाना कटरा में पांच विवेचकों की 19 विवेचनाएं लंबित मिलीं।

एसपी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि विवेचक साक्ष्य संकलित कर सात दिन में गुणवत्तापूर्ण ढंग से विवेचनाओं का निस्तारण करें। इस दौरान आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से आईं शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा एसपी ने की। इस मौके पर सीओ इकौना सतीश कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहें। संवाद

# महिलाओं को किया जागरूक

**श्रावस्ती।** महिलाओं के प्रति होने वाही हिंसा से उन्हें जागरूक करने के लिए जिले में मिशन शक्ति व ऑपरेशन डिकॉय अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को टीम ने



भिनगा नगर सहित जनता इंटर कॉलेज, शिवालिक महाविद्यालय व लव विद्यापीठ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के साथ ही वीमेन पावर लाइन, 1090, महिला हेल्पलाइन-181 सहित अन्य टोलफ्री नंबरों की जानकारी दी गई। इस दौरान पंपलेट का

# रैतिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में शुक्रवार को एसपी प्राची सिंह ने रैतिक परेड की सलामी लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़



लगवाई। वहीं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई। उन्होंने शस्त्रों सहित यूपी-112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर खमियां दूर कराने के लिए प्रभारी को निर्देश दिए। उन्होंने क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, डीसीआर, बैरक व भोजनालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आरक्षी बैरक व आरआई को सफाई रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ जमुनहा सतीश कुमार शर्मा व प्रभारी प्रतिसार निरीक्षक चौथीराम यादव सहित अन्य मौजूद रहे। संवाद

# शांतिभंग की आशंका में 21 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने बृहस्पतिवार रात अभियान चलाकर 21 लोगों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया। उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया। संवाद

# शराब के साथ एक गिरफ्तार

[illegible]

# तमंचा व कारतूस के साथ दबोचा

[illegible]

# अधिवक्ताओं ने की हड़ताल, सौंपा ज्ञापन

## हापुड़ व गाजियाबाद की घटना पर जताया विरोध, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

इकौना (श्रावस्ती)। [illegible]





इकौना तहसील में प्रदर्शन करते अधिवक्ता व इकौना तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। संवाद

## अदालती कामकाज से विरत रहे वकील

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। [illegible]



महसी में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते वकील।

[illegible]